CMYK

सूर्योदय : 5:28
सूर्यास्त : 6:38
अधिकतम तापमान : 34.0
न्यूनतम : 28.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-19 अंक-28 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 15 जुलाई 2025
19 मोहर्रम 1447 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



# कांवड़ यात्रा पर विघ्न डालने वालों पर रखें कड़ी निगाह : मुख्यमंत्री

■ महिलाओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए : योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रा की तैयारियों और व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि यात्रा पूरी तरह शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धापूर्ण वातावरण में संपन्न होनी चाहिए। इसके लिए शासन-प्रशासन पूरी सजगता, संवेदनशीलता और सक्रियता से कार्य करे। यात्रा में विघ्न डालने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा जाए।

योगी ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यात्रा मार्गों पर साफ-सफाई, चिकित्सा, पेयजल, भोजनालय, विश्रामालय और शौचालयों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालुओं के जुटने के दृष्टिगत महिला पुलिस बल की प्रभावी तैनाती हो। संवेदनशील क्षेत्रों की ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से लगातार निगरानी की जाए। खुफिया तंत्र पूरी सक्रियता से कार्य करे, ताकि घुसपैठ या अराजकता की किसी भी कोशिश को समय रहते रोका जा सके। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान श्रद्धा, मर्यादा और अनुशासन का पालन करने की अपील करते हुए कहा कि वह पवित्र नदियों से जल लेकर भोलेनाथ का जलाभिषेक करें। प्रशासन से पूर्ण सहयोग बनाए रखें।

**शिव भजन का करें प्रसारण :** उन्होंने कहा कि यात्रा मार्गों पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम के माध्यम से जरूरी सूचनाओं का प्रचार-प्रसार किया जाए और शिव भजनों का प्रसारण सुनिश्चित हो, जिससे श्रद्धालु भावनात्मक और आध्यात्मिक रूप से जुड़ाव महसूस करें। श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए प्रमुख अवसरों पर हेलिकॉप्टर से पुष्पवर्षा की व्यवस्था की जाए। सभी प्रमुख स्थलों पर चिकित्सा शिविर, प्राथमिक उपचार केंद्र और एंबुलेंस सेवाएं पूरी तरह सक्रिय रहें, ताकि किसी भी आपात स्थिति से तत्काल निपटा जा सके। वहीं खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन को निर्देशित किया कि खानपान की सामग्री की गुणवत्ता और शुद्धता की नियमित जांच सुनिश्चित करें।

### कांवड़ यात्रियों पर फूल बरसाएगी यूपी सरकार

सावन के प्रथम सोमवार से ही शिव भक्त कांवड़ियों ने भगवान शिव को गंगाजल अर्पित करना शुरू कर दिया है। इसी बीच योगी सरकार ने हर वर्ष की भांति इस बार भी कांवड़ियों पर हेलीकॉप्टर से फूल वर्षा करने का निर्णय लिया है।

# भारत-चीन के संबंध दुनिया के लिए अहम : जयशंकर

■ वांग यी के साथ बैठक में बोले विदेश मंत्री- सीमा पर कम हुआ तनाव



**बीजिंग।** विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन के दौरे पर हैं। अपने चीनी समकक्ष वांग के साथ बैठक के दौरान अपने शुरुआती वक्तव्य में जयशंकर ने कहा, आज हमारी बैठक में वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श होगा। हम शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के प्रारूप में मिलेंगे, जिसका मुख्य उद्देश्य आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से लड़ना है। यह हम सभी की साझा चिंता है और भारत को उम्मीद है कि आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को मजबूती से अपनाया जाएगा।

विदेश मंत्री के रूप में आप (वांग यी) लंबे समय से हमारे द्विपक्षीय संबंधों के लिए जिम्मेदार रहे हैं। मुझे इस समय हमारे संबंधों की स्थिति पर चर्चा करने पर खुशी हो रही है, विशेषकर ऐसे समय में जब दुनिया में बड़े बदलाव हो रहे हैं। मैं रचनात्मक और दूरदर्शी विचारों के आदान-प्रदान की उम्मीद करता हूं।

जयशंकर ने आगे कहा, पिछले नौ महीनों में हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य करने की दिशा में अच्छा प्रगति की है। यह सीमा पर तनाव के समाधान और वहां शांति बनाए रखने की हमारी क्षमता का परिणाम है। यही पारस्परिक रणनीतिक विश्वास और संबंधों के सहज विकास की बुनियाद है। अब जरूरी है कि हम सीमा से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी ध्यान दें, जिनमें तनाव कम करना भी शामिल है।

उन्होंने कहा, हमारे संबंधों के कई पहलू और आयाम हैं, क्योंकि हम पड़ोसी देश भी हैं और प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं भी। लोगों के बीच संपर्क को सामान्य बनाने की दिशा में उठाए गए कदम आपसी सहयोग को बढ़ा सकते हैं। इस संदर्भ में यह भी जरूरी है कि व्यापार में बाधाएं और प्रतिबंधात्मक कदम न उठाए जाएं। मुझे उम्मीद है कि इन मुद्दों पर और गहराई से चर्चा होगी। भारत और चीन के बीच स्थिर और रचनात्मक संबंध न केवल हमारे लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए लाभकारी हैं। यह तभी संभव है जब हम एक-दूसरे के प्रति सम्मान, साझा हित और संवेदनशीलता के आधार पर संबंधों को आगे बढ़ाएं।

**कूटनीतिक संबंधों के 75 साल पूरे :** जयशंकर ने चीनी पक्ष को एससीओ की अध्यक्षता के लिए शुभकामनाएं दीं और कहा, हम कल फिर मिलेंगे और भारत अच्छे परिणाम और फैसलों के लिए प्रतिबद्ध है। हमारे द्विपक्षीय संबंधों में हमें दूरदर्शिता अपनाने की जरूरत है। अक्टूबर 2024 में कजान में हमारे नेताओं की बैठक के बाद भारत-चीन संबंध धीरे-धीरे सकारात्मक दिशा में बढ़े हैं। हमारी जिम्मेदारी है कि इस रफ्तार को बनाए रखें।

उन्होंने कहा, हाल के समय में हमने कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में मिलकर संवाद किया है। उम्मीद है कि अब यह नियमित रूप से एक-दूसरे के देशों में होगा। इस साल भारत और चीन के बीच कूटनीतिक संबंधों के 75 साल पूरे हो रहे हैं। हमें खुशी है कि कैलाश मानसरोवर यात्रा भी पांच साल बाद फिर से शुरू हुई है। इस पर सहयोग के लिए मैं चीनी पक्ष का धन्यवाद करता हूं।

### प्रतिस्पर्धा को संघर्ष नहीं बनने देना चाहिए

जयशंकर ने कहा, हम पहले भी सहमत हो चुके हैं कि मतभेदों और प्रतिस्पर्धा को कभी भी संघर्ष नहीं बनने देना चाहिए। इसी आधार पर हम अपने संबंधों को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं।

# हथियार लाइसेंस घोटाले का भंडाफोड़

■ गुजरात एटीएस ने की कार्रवाई, यूपी से जुड़े गिरोह के सात लोग गिरफ्तार



**अहमदाबाद।** गुजरात की एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) ने हथियार लाइसेंस से जुड़े एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। यह घोटाला उत्तर प्रदेश से संचालित हो रहा था। इसके तहत एटीएस ने अहमदाबाद से सात लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से सात अवैध हथियार, 285 कारतूस और नकली हथियार लाइसेंस बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मुकेश सिंह चौहान, अभिषेक त्रिवेदी, वेदप्रकाश सिंह, राजेंद्रसिंह सांखला, अजय सेंगर, विजय सेंगर और शोलेसिंह सेंगर के रूप में हुई है। इन सभी को भारतीय न्याय संहिता और आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत केस दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

एटीएस के अनुसार, आरोपियों ने उत्तर प्रदेश के एटा जिले का फर्जी निवासी बनकर फर्जी लाइसेंस बनवाए और देसी बंदूकें हासिल कीं। इसके लिए इन्होंने यूपी के एजेंट देवकांत पांडे को कुल 53.5 लाख रुपये दिए थे। इस पैसे के बदले में उन्हें तीन रिवॉल्वर व चार पिस्टल उपलब्ध कराई गई। एटीएस की तरफ से दी गई जानकारी के अनुसार, अब तक के जांच में सामने आया है कि आरोपियों ने लाइसेंस में जो पता दिया है, वहां वे कभी रहे ही नहीं। किसी ने भी एटा के मजिस्ट्रेट के सामने इंटरव्यू नहीं दिया, जो लाइसेंस प्रक्रिया का जरूरी हिस्सा है। इसके साथ ही गन हाउस रजिस्टर पर भी किसी के हस्ताक्षर नहीं मिले, यानी हथियार मिलने की प्रक्रिया भी फर्जी तरीके से की गई। एटीएस ने दो संदिग्ध बिचौलियों श्यामसिंह ठाकुर और हिम्मतसिंह राजपूत को भी पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

# आईएसएस से पृथ्वी के लिए रवाना हुए शुभांशु शुक्ला

■ एक्सिओम-4 मिशन के तहत उनकी वापसी हो रही



**नई दिल्ली।** भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला, जिन्होंने 18 दिन अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) पर बिताए, अब उनके धरती पर वापसी की यात्रा शुरू हो गई हैं। एक्सिओम-4 मिशन के तहत उनकी वापसी हो रही है। इस कड़ी में आईएसएस से उनका स्पेसक्राफ्ट अनडॉक हो चुका हुआ है। यह मिशन भारत समेत हंगरी और पोलैंड के लिए भी अंतरिक्ष में वापसी का प्रतीक है, क्योंकि इन देशों ने चार दशकों बाद फिर से अंतरिक्ष में भागीदारी की है।

शुभांशु शुक्ला और उनकी टीम ड्रैगन स्पेसक्राफ्ट में सवार हैं और अंतरिक्ष स्टेशन से अनडॉकिंग शाम 4:50 बजे (भारतीय समयानुसार) हुआ है। इसके बाद स्पेसक्राफ्ट 22.5 घंटे की यात्रा के बाद यानी मंगलवार दोपहर कैलिफोर्निया के तट के पास समुद्र में स्प्लैशडाउन करेगा। यह पूरी प्रक्रिया स्वचालित होगी और किसी मैनुअल हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं होगी।

# यूपी में कम छात्रों वाले प्राथमिक स्कूलों के विलय को सुप्रीम कोर्ट में दी गई चुनौती

■ कोर्ट ने दिया जल्द सुनवाई का भरोसा



**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश में कम छात्रों वाले 105 प्राथमिक विद्यालयों का दूसरे विद्यालयों में विलय को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सोमवार को याचिकाकर्ता की ओर से मामले पर जल्द सुनवाई का अनुरोध किया गया जिस पर कोर्ट ने सुनवाई का भरोसा दिलाया।

हालांकि कोर्ट ने टिप्पणी में यह भी कहा कि यह सरकार का नीतिगत मामला है। तैयब खान सुलमानी ने सुप्रीम कोर्ट में विशेष अनुमति याचिका दाखिल कर इलाहाबाद हाई कोर्ट के गत सात जुलाई के आदेश को चुनौती दी है। हाई कोर्ट ने कम छात्र संख्या वाले 105 प्राथमिक स्कूलों का अन्य विद्यालयों में विलय करने के निर्णय को चुनौती देने वाली कुछ छात्रों की ओर से दाखिल याचिका खारिज कर दी थी।

अब सुलमानी ने हाई कोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल कर सुप्रीम कोर्ट से विशेष अनुमति याचिका की अनुमति मांगी है। सोमवार को याचिकाकर्ता की ओर से वकील प्रदीप यादव ने न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जोयमाल्या बाग्ची की पीठ में याचिका का जिक्र करते हुए जल्द सुनवाई का अनुरोध किया।

यादव ने कहा कि अगर प्रदेश सरकार के 16 जून के आदेश पर रोक नहीं लगाई तो सौ से ज्यादा प्राथमिक स्कूल बंद हो जाएंगे और हजारों छात्रों की पढ़ाई में व्यवधान होगा और वे दूसरे स्कूलों में जाने को बाध्य होंगे। यादव ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार के प्राथमिक स्कूल बंद करने के आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी लेकिन हाई कोर्ट ने याचिका खारिज कर दी। पीठ ने वकील प्रदीप यादव की दलीलों पर कहा कि यह सरकार का नीतिगत मामला है हालांकि सुप्रीम कोर्ट याचिका पर सुनवाई के लिए राजी हो गया।

## अशीम घोष हरियाणा तो अशोक गजपति गोवा के राज्यपाल बने

**नई दिल्ली।** पूर्व नागरिक उड्डयन मंत्री पुसापति अशोक गजपति राजू को सोमवार को गोवा का राज्यपाल और जम्मू-कश्मीर के पूर्व उपमुख्यमंत्री कविंदर गुप्ता को लद्दाख का नया उपराज्यपाल नियुक्त किया गया। इसके अलावा प्रोफेसर अशीम कुमार घोष हरियाणा के नए राज्यपाल होंगे।

राष्ट्रपति भवन की विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने लद्दाख के उपराज्यपाल पद से ब्रिगेडियर बीडी मिश्रा (सेवानिवृत्त) का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इसमें आगे कहा गया कि कविंदर गुप्ता को लद्दाख का उपराज्यपाल, राजू को गोवा का राज्यपाल और प्रोफेसर अशीम कुमार घोष को हरियाणा का नया राज्यपाल नियुक्त करते हुए राष्ट्रपति को काफी खुशी हो रही है।

# मोदी सरकार में देश ने देखी तरक्की : अमित शाह

■ मोदी सरकार के 11 साल इतिहास में सोने के अक्षरों में लिखे जाएंगे



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को भारत विकास परिषद के 63वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 11 वर्षों के कार्यकाल को ऐतिहासिक बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में बीते 11 वर्षों में हर क्षेत्र में जबरदस्त विकास हुआ है और यह दौर इतिहास में सोने के अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने विकास और भारत की सांस्कृतिक विरासत को साथ लेकर चला है। शाह ने बताया कि इस दौरान 55 करोड़ से ज्यादा लोगों के बैंक खाते खुले, 15 करोड़ से अधिक लोगों को पीने का साफ पानी मिला और 12 करोड़ घरों में शौचालय बनाए गए।

अमित शाह ने कहा कि कुछ लोग पूछते हैं राम मंदिर बनने से क्या फायदा हुआ। उन्होंने कहा कि मोदी जी ने एक ओर अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कराया और दूसरी ओर देश में 5जी और डिजिटल पेमेंट को गांव-गांव तक पहुंचाया, जिससे सब्जी बेचने वाले तक को फायदा हो रहा है। गृह मंत्री ने कहा कि मोदी सरकार ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाकर आतंकवाद को खत्म करने की दिशा में मजबूत कदम उठाया है। साथ ही नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) लाकर लाखों शरणार्थियों को भारतीय नागरिकता दी गई है।

शाह ने कहा कि देश में नई शिक्षा नीति के तहत मातृभाषा में पढ़ाई को बढ़ावा दिया जा रहा है और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, साइबर सुरक्षा, ग्रीन हाइड्रोजन और स्पेस टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में भारत तेजी से आगे बढ़ रहा है। भारत विकास परिषद की समाज सेवा की भावना की तारीफ करते हुए कहा कि यह संस्था जरूरतमंदों और सेवा करने वालों के बीच एक सेतु का काम कर रही है।

### भारत विकास परिषद पर भी बोले शाह

इसके साथ ही शाह ने भारत विकास परिषद की उन्नति पर भी जोर दिया। भारत विकास परिषद का 63वां स्थापना दिवस एक मायने में भारत का विकास, भारत के दृष्टिकोण से चाहने वाले लोगों के लिए बहुत बड़ा दिन है। उन्होंने कहा कि कोई भी संस्था 63 साल तक चलती है और निर्विवाद चलती है तो वो अपनेआप में बड़ी बात होती है। मगर सेवा की काम करने वाली संस्था 63 साल चलती है तो इसके पीछे तपस्वियों का तप होता है।

## सभी बोइंग विमानों के फ्यूल कंट्रोल स्विच की जांच के आदेश

**नई दिल्ली।** नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश में संचालित होने वाली सभी एयरलाइनों, विशेष रूप से बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों का उपयोग करने वाली कंपनियों को फ्यूल कंट्रोल स्विच की लॉकिंग मैकेनिज्म की जांच करने का निर्देश देने की योजना बनाई है।

यह कदम 12 जून, 2025 को अहमदाबाद में हुई एअर इंडिया विमान की दुर्घटना पर एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इंवेस्टीगेशन ब्यूरो (एएआइबी) की प्रारंभिक रिपोर्ट के बाद उठाया जा रहा है। उक्त रिपोर्ट में यह बात सामने आई है कि दुर्घटनाग्रस्त विमान के दोनों इंजनों में ईंधन की आपूर्ति को नियंत्रित करने वाले दोनों फ्यूल कंट्रोल स्विच रन से कटऑफ स्थिति (चालू से बंद) में चले गये थे।

# ओवैसी का इंडिया ब्लॉक पर हमला एकतरफा मोहब्बत नहीं हो सकती

■ चुनाव आयोग को नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं



**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इंडिया ब्लॉक को लेकर कहा कि एकतरफा मोहब्बत नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा, बिहार की जनता को यह समझना चाहिए कि हमारे खिलाफ जो आरोप लगाए गए थे, वे झूठ पर आधारित थे। ये आरोप इसलिए लगाए गए, क्योंकि वे नहीं चाहते कि गरीबों और कमजोर वर्गों का कोई नेता उनकी राजनीतिक अगुवाई करे। वे बिहार की जनता को अपना गुलाम बनाए रखना चाहते हैं। हम पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे।

हमारे प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने कहा है कि हमें तीसरे मोर्चे के गठन की कोशिश करनी चाहिए। यह हमारी ओर से एक प्रयास था। बिहार की जनता के सामने यह सब किसी वजह से आया है। बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर ओवैसी ने कहा, चुनाव आयोग को नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार गृह मंत्रालय और सीमा क्षेत्र के पुलिस निरीक्षक के पास है।

**योजना** — समोसे-कचौड़ी में कितना तेल-चीनी, सरकारी दफ्तरों में लगेगा बोर्ड

# मोटापे के खिलाफ केंद्र सरकार का अभियान



**नई दिल्ली।** भारत में तेजी से बढ़ते मोटापे और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों से निपटने के लिए केंद्र सरकार ने एक नई पहल की है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने सभी मंत्रालयों, विभागों और स्वायत्त संस्थानों को निर्देश दिया है कि वे समोसा, कचौड़ी, फ्रेंच फ्राइज, वड़ा पाव जैसे भारतीय नाश्तों में कितनी तेल और चीनी होती है, यह ऑयल और शुगर बोर्ड के जरिए साफ-साफ दिखाएं।

स्वास्थ्य मंत्रालय चाहता है कि दफ्तरों, स्कूलों और सार्वजनिक संस्थानों में खाने की वस्तुओं में छुपे हुए तेल और चीनीकी मात्रा की जानकारी दी जाए। इसके लिए एक बोर्ड या डिजिटल पोस्टर लगाया जाए जो लोगों को यह जानकारी दे और उन्हें स्वस्थ विकल्प चुनने के लिए प्रेरित करे।

स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश के अनुसार, ये बोर्ड कैफेटेरिया, लॉबी, मीटिंग रूम और अन्य सार्वजनिक स्थान लगाए जाएं। इसका मकसद यह है कि कर्मचारी और आम नागरिक रोजमर्रा की आदतों को सुधारें और हेल्दी खाना अपनाएं।

इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि सभी मंत्रालय अपने लेटरहेड, लिफाफे, नोटपैड, फोल्डर आदि पर भी स्वास्थ्य संबंधी संदेश छापें, जैसे- कम तेल, कम चीनी - सेहत के लिए अच्छी जिंदगी। रोज चलें कुछ कदम, सेहत रहे हरदम। यह रोजाना याद दिलाने का एक तरीका होगा कि लोग मोटापे से बचने के लिए सजग रहें। बता दें कि स्वास्थ्य सचिव पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने 21 जून को एक पत्र लिखकर चिंता जताई कि भारत में मोटापा तेजी से बढ़ रहा है। एनएफएचएस-5 (2019-21)के अनुसार, शहरी इलाकों में हर पांच में से एक वयस्क मोटापे से ग्रसित है। वहीं बच्चों में भी मोटापा बढ़ रहा है, जिसकी बड़ी वजह है गलत खानपान और कम शारीरिक गतिविधि। जबकि लैंसेट के 2025 के अध्ययन के अनुसार, भारत में मोटे वयस्कों की संख्या 2021 में 18 करोड़ थी, जो 2050 तक बढ़कर 44.9 करोड़ हो सकती है। अगर इसे नहीं रोका गया तो भारत विश्व में मोटापे का दूसरा सबसे बड़ा बोझ उठाने वाला देश बन जाएगा। मोटापे के कारण तमाम बीमारियां होती है, जिनमें डायबिटीज (मधुमेह), हाई ब्लड प्रेशर (उच्च रक्तचाप), हृदय रोग, कैंसर, मानसिक स्वास्थ्य पर भी असर, चलने-फिरने में परेशानी, जीवन की गुणवत्ता में गिरावट के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं पर अधिक खर्च और कामकाज में कमी दिख सकती है। प्रधानमंत्री मोदी ने देहरादून में 38वें राष्ट्रीय खेलों के उद्घाटन समारोह में फिट इंडिया मूवमेंट की बात करते हुए नागरिकों से अपील की थी कि वे तेल की खपत में कमी करें और स्वस्थ जीवनशैली अपनाएं। उन्होंने मन की बात में भी यह संदेश दिया था कि भारत को स्वस्थ भारत बनाना है और यह बदलाव आम लोगों की आदतों से ही आएगा।

### मंत्रालयों से गई है अपील

ऑयल व शुगर बोर्ड लगाना। स्वास्थ्य संदेशों को स्टेशनरी में शामिल करना। दफ्तरों में हेल्दी फूड उपलब्ध कराना - इसमें कम वसा वाला खाना, फल और सब्जियां ज्यादा, मीठे पेय और हाई फैट स्नैक्स की उपलब्धता सीमित करना शामिल है। शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देना - इसमें सीढ़ियों के उपयोग, छोटे-छोटे एक्सरसाइज ब्रेक लेना दफ्तर में वॉकिंग रूट बनाना शामिल है।

# मामूली बढ़त से भरेगा रेलवे का खजाना

■ ट्रेन किराए से 1500 करोड़ रुपए जुटाने का प्लान



**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने करीब पांच साल के बाद एक जुलाई से यात्री किराए में बढ़ोतरी कर दी है। हालांकि ये बढ़ोतरी मामूली है। लेकिन इससे रेलवे को जरूर थोड़ी राहत मिलेगी। इससे यात्रियों पर ज़्यादा बोझ भी नहीं पड़ेगा। वहीं किराया बढ़ाने से रेलवे को भी जबरदस्त कमाई होगी। रेलवे का मानना है कि इस छोटे से किराया संशोधन से करीब 1,500 करोड़ रुपए की अतिरिक्त कमाई हो सकती है।

रेलवे के बढ़े हुए किराए के बाद राजधानी दिल्ली से मुंबई जैसे लंबे रूट पर एसी कोच में सफर करने वाले यात्रियों को अब करीब 30 रुपए ज्यादा किराया देना पड़ रहा है, क्योंकि प्रति किलोमीटर 2 पैसे की बढ़ोतरी की गई है। जबकि वंदे भारत ट्रेन में छोटे रूट्स पर सफर करने वालों के टिकट में 10 से 14 रुपए तक की बढ़ोतरी हुई है। वहीं, मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों के नॉन एसी डिब्बों में सफर करने वालों के लिए 1 पैसा प्रति किलोमीटर का अतिरिक्त खर्च जुड़ गया है। यानी लंबी यात्रा में थोड़ा असर जरूर महसूस होगा, लेकिन यह अब भी बहुत मामूली है।

रेलवे से जुड़े सूत्रों का कहना है कि, किराए में यह बढ़ोतरी बहुत मामूली है और जरूरी भी थी। क्योंकि रेलवे को लंबे समय से यात्री सेवाओं पर घाटा उठाना पड़ रहा है, जिसकी भरपाई मालभाड़े से भरना पड़ता है। यह फेयर स्ट्रक्चर सुधार की दिशा में एक कदम है। इस बढ़े हुए किराए से रेलवे को करीब 1,500 करोड़ की अतिरिक्त कमाई हो सकती है। हालांकि विशेषज्ञों का मानना है कि, रेलवे की कमाई बढ़ाने के लिए सिर्फ यात्री किराया बढ़ाना काफी नहीं है। रेलवे को फ्रेट सेक्टर में अपनी हिस्सेदारी बढ़ानी होगी।

इससे पहले 2014-15 में जब एनडीए की सरकार ने सत्ता में आई थी तब 14.2 प्रतिशत की बड़ी बढ़ोतरी से रेलवे को 8,000 करोड़ रुपए मिले थे। 2020 में भी किराया बढ़ाया गया था, लेकिन फिर कोविड लॉकडाउन और यात्रा प्रतिबंधों की वजह से असर कम हो गया। उस वक्त रेलवे को 2,100 करोड़ रुपए की उम्मीद थी। रेलवे को वित्त वर्ष 2025-26 के बजट में यात्री सेवाओं से 92,800 करोड़ रुपए की आमदनी का अनुमान है, जो वित्त वर्ष 25 के संशोधित अनुमान 82,000 करोड़ रुपए से 11 प्रतिशत ज्यादा है। सिर्फ एसी थ्री-टियर कोच से ही रेलवे को 37,115 करोड़ रुपए की उम्मीद है।

## श्रावण के पहले सोमवार पर गोला शिव मंदिर में भक्ति और सेवा का अनूठा संगम



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी ।** श्रावण मास के पहले सोमवार को लखीमपुर खीरी की ÷छोटी काशी÷ कहे जाने वाले गोला शिव मंदिर में शिवभक्तों और कांवरियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। अलसुबह से ही हर-हर महादेव के जयघोषों के बीच मंदिर परिसर में श्रद्धा, आस्था और अनुशासन का अद्भुत दृश्य देखने को मिला अपर जिलाधिकारी नरेंद्र बहादुर सिंह ने श्रद्धालुओं का नगर पालिका परिषद अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के साथ फूल बरसाकर स्वागत किया और कांवरियों को सुरक्षा, सुविधा और श्रद्धा का भरोसा दिलाया। उन्होंने मंदिर परिसर एवं मार्ग में की गई व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया और स्वयं व्यवस्थाओं में लगे पुलिसकर्मियों एवं वालंटियर्स से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया इस अवसर पर एसडीएम युगांतर त्रिपाठी, सीओ अर्चना ओझा, नगर पालिका व स्वास्थ्य विभाग की टीमें तथा बड़ी संख्या में प्रशासनिक और स्थानीय लोग मौजूद रहे।

अधिकारियों ने साफ-सफाई, पेयजल, चिकित्सा, ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा इंतजामों की बारीकी से समीक्षा की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए श्रावण माह के बाकी सोमवारों के लिए भी प्रशासन ने सुरक्षा और सुविधा को लेकर व्यापक रणनीति तैयार की है। जिलेभर से आने वाले भक्तों के लिए समर्पण और सेवा की यह मिसाल, गोला शिव मंदिर की परंपरा को और अधिक भव्य बना रही है।

# पोषण से बनती है बुनियाद, एक भी बच्चा न छूटेः दुर्गा शक्ति नागपाल

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** संभव अभियान 5.0 के तहत लखीमपुर खीरी में कमजोर और नाटे बच्चों की पहचान और उनके पोषण स्तर के यथार्थ मूल्यांकन के लिए बड़ा कदम उठाया गया है। जिले के 100 ऐसे आंगनबाड़ी केंद्रों को चिह्नित किया गया है, जहां सर्वाधिक संख्या में स्टंटिंग नाटापन से पीड़ित 0 से 5 वर्ष तक के बच्चे हैं। इन केंद्रों पर 15 जुलाई से ग्रोथ मेजरमेंट लंबाई, ऊंचाई व वजन का कार्य शुरू किया जाएगा इससे पहले सोमवार को अटल सभागार में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल की अध्यक्षता में नोडल अधिकारियों के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें लखनऊ से ऑनलाइन माध्यम से जुड़कर मेजरमेंट प्रक्रिया के सभी बिंदुओं पर जानकारी दी गई प्रशिक्षण की अध्यक्षता करते हुए डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि पोषण ही



बच्चे के संपूर्ण विकास की बुनियाद है। अगर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस में कोई तकनीकी दिक्कत आती है, तो तुरंत दूसरी मशीन से रिप्लेस किया जाए। किसी भी हाल में अभियान की रफ्तार न रुके। हर नोडल अधिकारी समय से केंद्र पहुंचे और कोई भी बच्चा मापन से वंचित न रहे। बच्चों को केंद्र लाने की जिम्मेदारी सहायिका की होगी, जिसकी निगरानी सीडीपीओ करेंगे। डीएम ने कहा कि सभी अफसर जिम्मेदारी को निजी रुचि से निभाएं डीपीओ भारत प्रसाद ने बताया कि नोडल अधिकारी संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध कराई गई नामवार सूची के अनुसार बच्चों का वजन एवं ऊंचाई अपने सामने मापेंगे। यदि पोषण ट्रैकर पर दर्ज पुराने आंकड़ों में कोई अंतर पाया गया तो संशोधित आंकड़े पोषण ट्रैकर पर अपडेट किए जाएंगे और रिपोर्ट में इस अंतर का स्पष्ट उल्लेख भी किया जाएगा। यदि कोई बच्चा 15 जुलाई को मेजरमेंट से छूट जाता है तो उसका मापन 16 जुलाई को किया जाएगा, जिससे कोई भी बच्चा इससे वंचित न रहे जिले में ग्रोथ मेजरमेंट के लिए मजबूत इंतजाम किए गए हैं। हर आंगनबाड़ी केंद्र पर एक नोडल अधिकारी तैनात किया गया है, जबकि बच्चों के मापन की जिम्मेदारी सीएचओ को दी गई है। 4-5 केंद्रों पर एक सेक्टर अधिकारी नियुक्त किया गया है, जिनमें खंड शिक्षा अधिकारी और आपूर्ति निरीक्षक शामिल हैं। ब्लॉक स्तर पर बीडीओ को पर्यवेक्षक बनाया गया है। लॉजिस्टिक सपोर्ट के लिए सीडीपीओ और मुख्य सेविकाएं जिम्मेदार होंगी। सभी 100 केंद्रों पर ग्रोथ मॉनिटरिंग डिवाइस उपलब्ध करा दी गई हैं मापन कार्य को सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने के लिए जनपद स्तर पर एक वॉर रूम भी स्थापित किया गया है। किसी भी समस्या की स्थिति में संबंधित अधिकारी दूरभाष नंबर 05872-314989 या मोबाइल नंबर 9451564101, 9415513172 पर संपर्क कर सकते हैं।इस प्रशिक्षण कार्यशाला में सभी बीडीओ, बीईओ, आपूर्ति निरीक्षक, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी मौजूद रहे।

## घर के बाहर बंधी बछिया को बाघ ने बनाया शिकार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** तीन दिन से महरताला क्षेत्र में डेरा डाले बाघ ने शनिवार की रात गांव में घुसकर घर के बाहर बंधी बछिया को शिकार बना लिया। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जब ग्रामीणों से सतर्क रहने की बात कही तो लोग भड़क गए। इस दौरान उनकी वन विभाग की टीम से तीखी नोकझोंक हुई। इस पर टीम वापस लौट गई गोला पश्चिमी बीट के महरताला गांव में शनिवार की रात एक बाघ ने घर के बाहर खूंटे से बंधी हरि गोविंद की बछिया को अपना शिकार बना लिया। आवाज सुनकर घर के बाहर बरामदे में सो रहे हरि गोविंद की आंख खुल गयी। बाघ को देख उन्होंने शोर मचाया। शोर सुनकर पड़ोसी जाग गए और लाठी-डंडे लेकर बाहर निकल आए। तब तक बाघ वहां से भाग निकला रविवार सुबह सूचना पाकर वन दरोगागांव पहुंचे तथा ग्रामीणों को सतर्कता बरतने की सलाह दी। इस पर ग्रामीण भड़क गए। वनकर्मियों से उनकी तीखी नोकझोंक हुई। ग्रामीणों का कहना है कि अब तक हम लोगों का खेतों में काम करना दुश्वार था। हम लोग दोगुनी मजदूरी देकर मजदूरों से खेतों में काम करवा रहे थे। अब अपने घर पर भी हम सुरक्षित नहीं है। काफी देर बहस होने के बाद वन विभाग की टीम लौट गई बाघ तीन दिनों से गांव के आसपास डेरा डाले है। शुक्रवार को दिन में बंजरिया निवासी मेवा व कौशल किशोर गांव के बाहर अपनी बकरियां चरा रहे थे कि अचानक गन्ने के खेत से निकल कर बाघ उन दोनों की एक-एक बकरी खींच ले गया। वे लोग चिल्लाते ही रह गए। शनिवार शाम झंझट पुरवा निवासी पृथ्वी पाल के कुत्ते को बाघ ने मार दिया। गांव में घुसकर बाघ द्वारा हमला करने से ग्रामीण परेशान है। उनका कहना है कि बाघ यदि इसी तरह गांव के आसपास बना रहा तो बच्चों का जीवन खतरे में पड़ जाएगा। विद्यालय खुल चुके हैं तथा पढ़ाई भी शुरू हो चुकी है ऐसे में गांवों से बांकेगंज, गोला के विद्यालयों में पढ़ने जाने वाले बच्चों की सुरक्षा कैसे की जाएगी।

## गुरु नानक चैरिटेबल ब्लड बैंक के शुभारंभ पर ऑल इंडिया रहमानिया मदद ग्रुप का किया सहयोग



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** कोतवाली रोड सिद्धबली बिहार में गुरु नानक चैरिटेबल ब्लड बैंक का हुआ उद्घाटन,उद्घाटन में ऑल इंडिया रहमानिया मदद ग्रुप ट्रस्ट के सदस्यों ने भारी मात्रा में रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में नासिर कुरेशी ने 87 वी बार ब्लड डोनेट करके युवाओं को एक मैसेज दिया उन्होंने कहा अभी आपके पास वक्त है आप ब्लड दे सकते हैं जब आपके पास उम्र की सीमा खत्म हो जाएगी तो आप चाह कर भी अपनों को भी ब्लड नहीं डोनेट कर सकते। आकफि हुसैन अक्की ने चौथी बार ब्लड डोनेट करते हुए नौजवानों से यह अपील की है कि यह ब्लू यह रक्त आपकी रगों में पड़ा पड़ा बेकार हो जाना है बेहतर यह है कि हर तीन माह में एक बार आप इसको किसी न किसी जरूरतमंद के लिए दान किया करें। ऑल इंडिया रहमानिया मदद ग्रुप ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाकिर अली ने 13वीं बार ब्लड डोनेट करते हुए कहा ब्लड डोनेट करने से दिल मजबूत रहता है इससे दिल की बीमारियों का खतरा कम होता है ब्लड में आयरन अधिक होने पर हार्ट पर असर पड़ता है, राष्ट्रीय अध्यक्ष शाकिर अली ने अपील की है कि ज्यादा से ज्यादा ब्लड डोनेट करें। ऑल इंडिया रहमानिया ग्रुप ट्रस्ट की ओर से अविनाश कुमार, कपिल शर्मा, शाकिर अली, नासिर कुरेशी, आकिफ हुसैन, सूरज कुमार, अमित कुमार वर्मा, बसंता, मोहम्मद अरशद, मोहम्मद अफजाल, संजय अग्रवाल, अमित वर्मा, बसंता सिंह,फैसल, फय्याज़, विक्की, शाह राजपूत आकाश सोनू अयूब आदि लोगों ने रक्तदान कर महान कार्य किया।

## जहर खाकर विवाहिता ने दी जान सुसाइड नोट हुआ बरामद

**लखीमपुर खीरी।** सदर कोतवाली क्षेत्र में एक विवाहिता ने जहर खाकर जान दे दी। विवाहिता रविवार दोपहर ही मायके से ससुराल आई थी। बच्चों को खाना खिलाकर कमरे में गई। कुछ ही देर के बाद अचानक उसकी हालत बिगड़ने लगी। विवाहिता की हालत बिगड़ते देख परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए, जहां से उसे लखनऊ रेफर कर दिया गया। लखनऊ में इलाज के दौरान मौत हो गई विवाहिता के पास से सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उसने अपने पति को संबोधित करते हुए लिखा है कि आप मुझे समझ नहीं पाए। बस इतनी शिकायत है आशंका है कि घरेलू कलह में विवाहिता ने जान दी है। हालांकि सुसाइड नोट में किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। लिखा है कि किसी पर कोई कार्रवाई न की जाए सदर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला कमलापुर निवासी संगम की पत्नी अंजली 22 वर्ष ने रविवार की दोपहर जहरीला पदार्थ खा लिया। इसकी जानकारी होने पर परिजन उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां पर चले इलाज के दौरान हालत में कोई सुधार न होने की वजह से चिकित्सकों ने अंजली को लखनऊ रेफर कर दिया था, जहां रविवार रात तीन बजे उसने दम तोड़ दिया इसकी जानकारी परिजनों ने थाना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। मायका पक्ष का आरोप है कि विवाहिता को ससुरालियों ने जबरन जहरीला पदार्थ खिला दिया है। सुसाइड नोट में किसी तरह का आरोप नहीं लगाया गया है, लेकिन जो बातें लिखी हैं उससे प्रतीत होता है कि अंजलि और उसके पति के बीच अनबन चल रही थी। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है सुसाइड नोट में लिखा है, संगम जी, आप हमेशा कहते थे कि मेरी जिंदगी बर्बाद हो गई। आपकी जिंदगी सुधारने के लिए मैंने यह किया है।

## मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करके तथा एक अदद देशी तमंचा मय 02 जिन्दा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** थाना धौरहरा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी की घटना का सफल अनावरण करके चोरी की मोटरसाइकिल ॠङ्कस् ॠढ्ढष्ठश्वक्र नं0 क्क 31ष्ठ॥3367 तथा एक अदद देशी तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ एक नफर अभियुक्त अशरफ अली उर्फ अफसर पुत्र सैय्यद अली नि0 ग्रा0 रामनगर लहबड़ी थाना धौरहरा खीरी उम्र 22 वर्ष को गिरफ्तार किया गया थाना धौरहरा क्षेत्रान्तर्गत दिनांक 10.7.2025 को मोटर साईकिल नं0 क्क 31 ष्ठ॥ 3367 राइडर काले रंग की भारतीय स्टेट बैक शाखा धौरहरा के पास नाई मजहर की दुकान के पास से चोरी हो गई थी, जिसके संबंध में थाना हाजा पर उत्तम कुमार पुत्र शिवकुमार नि0ग्रा0 डिहुआकलां थाना धौरहरा के तहरीर के आधार पर मु0अ0सं0 368/2025 धारा 303(2)



बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत था, जिसकी विवेचना उ0नि0 विरेन्द्र सिंह द्वारा की जा रही थी, जिसकी सुरागरशी पतारशी की जा रही थी, विवेचक के नेतृत्व में टीम गठित किया गया था, विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा मय हमराही कर्मचारीगण के अभियुक्त अशरफ अली उर्फ अफसर पुत्र सैय्यद अली नि0 ग्रा0 रामनगर लहबड़ी थाना धौरहरा खीरी उम्र 22 वर्ष को हरदुआ नाले से घटना उपरोक्त में चोरी गई मोटर साईकिल ॠङ्कस् ॠढ्ढष्ठश्वक्र नं0 क्क 31ष्ठ॥3367 एवं एक अदद देशी तमंचा मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया, विधिक कार्यवाही करने के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय लखीमपुर खीरी भेजा जा रहा है।

## आसमान से बिजली गिरने से घर मे लगी आग घर में रखी नकदी कपड़ा राशन समेत सारा सामान जलकर राख

**लखीमपुर-खीरी।** तहसील क्षेत्र के गांव गजरौरा में सोमवार की तड़के की रात तेज बारिश के दौरान आसमान में तड़की बिजली एक घर पर गिर गई। इससे आग भड़क गई। पल भर में आग ने पूरे घर को अपनी आगोश में ले लिया। घर वालों ने बारिश के बीच किसी तरह से भागकर अपनी जान बचाई। आग से घर में रखी नकदी, कपड़ा, राशन समेत सारा सामान जलकर राख हो गया। घटना के बाद से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त हो गई घटना सोमवार तड़के करीब 3÷00 बजे हुई। अचानक आसमान में लपक रही बिजली के बीच बारिश शुरू हुई। कुछ ही देर में तेज कड़कड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गांव गजरौरा निवासी राम छबीला के घर के निकट खड़े एक पेड़ पर गिर गई। बिजली की चपेट में उसका घर भी आ गया, जिससे पूरा घर एकदम जल उठा। घर के सदस्य शोर मचाते हुए बारिश के बीच में ही घर से बाहर सड़क पर आ गए शोर शराबा सुनक तमाम लोग बारिश के बीच ही मौके पर आ गए और घर जलता देख उनमें हड़कंप मच गया। हादसे में किसान के घर में रखा कई क्विंटल कुंतल गेहूं, लाही, मसूर, जेवर, नकदी सहित कपड़े, बर्तन, चारपाई, तखत आदि सब जलकर नष्ट हो गया।

## दर्शन, पूजन व जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही भक्तों की जुटी भीड़

**लखीमपुर खीरी।** सावन के पहले सोमवार को गोला गोकर्णनाथ छोटी काशी के पौराणिक शिवालय में भगवान भोलेशंकर के दर्शन, पूजन व जलाभिषेक करने के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुट गई। यहां भक्तों ने लंबी कतारों में लगकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया। इस दौरान हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारे लगते रहे। इसके अलावा लखीमपुर के प्राचीन भुइफोरवानाथ मंदिर, ऐतिहासिक लिलौटीनाथ धाम, देवकली तीर्थ स्थल, ओयल के मेंढक मंदिर, मढ़िया घाट मंदिर व टेढ़े नाथ मंदिर आदि सभी शिवालयों में भक्तों ने भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के साथ उन्हें पुष्प, अक्षत, बेलपत्र और दूध अर्पित किया।

## विभिन्न मांगों को लेकर जनता देश संगठन ने सौंपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जनता देश संगठन के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर समूह सखी महिलाओं को उचित वेतन दिलाने की मांग की। जनता देश संगठन के कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन में बताया कि पिछले कई वर्षो से राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन, (एनआरएलएम) के तहत विभाग में कार्यरत समूह सखी महिलाओं को उचित वेतन नहीं मिल रहा है। जब कि इन समूह-सखी महिलाओं से हर क्षेत्र जैसे प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, पशु टीकाकरण योजना, मिशन अंत्योदय योजना आदि में कार्य कराया जाता है। इसके बावजूद इन्हें न्यूनतम वेतन महज 800 रूपए प्रतिमाह दिया जाता है। जबकि शहर में होने वाली कोई भी मिटिंग या प्रोग्रामों में होने वाला खर्च यह समूह-सखी स्वयं से निर्वहन करती है। जिस कारण समूह-सखी महिलाएँ अपना जीवन-यापन उचित रूप से नही कर पा रही है।

## निगम कार्यकारणी के लिए सर्वसम्मति से हुआ 6 सदस्यों का चुनाव

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** महापौर डॉ अजय कुमार की अध्यक्षता में हुई नगर निगम बोर्ड की बैठक में जिलाधिकारी द्वारा चुनाव के लिए चुनाव अधिकारी के रुप में मनोनीत डिप्टी कलेक्टर श्वेता पाण्डेय तथा सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी मनोज कुमार की देखरेख में कार्यकारणी समिति के 6 सदस्यों का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया। महापौर ने चुने गए सभी पार्षदों के नाम की घोषणा करते हुए उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किये। गत कार्यकारणी के दो सदस्यों मयंक गर्ग व मंसूर बदर को लगातार दूसरी बार चुना गया। महापौर डॉ. अजय कुमार, विधायक राजीव गुंबर व देवेंद्र निम, नगरायुक्त शिपू गिरि तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष शीतल विश्नोई ने कार्यकारणी के लिए नव निर्वाचित पार्षदों का माल्यार्पण कर व मिष्ठान खिलाकर स्वागत किया। गौरतलब है कि निगम कार्यकारणी के लिए वर्ष 2023 में निर्वाचित पार्षदों मुकेश गक्खड़, मंसूर बदर, मयंक गर्ग, दीपक रहेजा, नीरज शर्मा व कु. सीमा बहोत कात्यानी का कार्यकाल समाप्त होने पर कार्यकारणी के नये सदस्यों का चुनाव आज होना निर्धारित था। चुनाव प्रक्रिया निर्धारित समय साढ़े 11 बजे से आधा घण्टा विलंब से शुरु हुई। कार्यकारणी समिति में नये सदस्यों के लिए वार्ड 46 की पार्षद ज्योति अग्रवाल, वार्ड 35 के पार्षद मयंक गर्ग, वार्ड 47 के पार्षद अभिषेक अरोड़ा उर्फ टिंकू, वार्ड 16 के पार्षद सलेख चंद, वार्ड 43 के पार्षद मंसूर बदर तथा वार्ड 13 की पार्षद आरती द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किये गए। चुनाव प्रक्रिया में सहायक लेखाधिकारी मनोज त्रिपाठी व एमएनएलपी सच्चिदानंद त्रिपाठी ने घोषणा की कि जांच में उक्त सभी पार्षदों के नामांकन सही पाये गए हैं। किसी पार्षद ने अपना नाम भी वापिस नहीं लिया। चूंकि निगम कार्यकारणी के लिए 06 सदस्यों का



चुनाव किया जाना था और 06 सदस्यों ने ही नामांकन दाखिल किया था, अतः उक्त सभी 06 पार्षदों को महापौर द्वारा निर्वाचित घोषित किया गया। आवश्यकता पड़ने पर मतदान के लिए नगर विधायक राजीव गुंबर व रामपुर मनिहारान के विधायक देवेंद्र निम भी बोर्ड बैठक में पहुंचे।

इस अवसर पर नवनिर्वाचित पार्षदों से महापौर डॉ. अजय कुमार ने अपील की कि आओ हम संकल्प लें कि नगर निगम सीमा क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सुख सुविधा और जो भी उनकी अपेक्षाएं नगर निगम से हैं, उन अपेक्षाओं का ध्यान रखकर लगातार काम करेंगे और जिन लोगों को नया दायित्व मिला है, वह समर्पित भाव से अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि आज का चुनाव जहां लोकतांत्रिक व्यवस्था के प्रति हमारी आस्था का प्रतीक है वहीं सर्वसम्मति से हुआ चुनाव इस बात का भी प्रतीक है हम सब मिलकर नगर के विकास के लिए कार्य करने के प्रति दृढ़ संकल्पित हैं।

# दुग्ध व्यवसासियों ने लगाया सैंपलिंग के नाम पर उत्पीड़न का आरोप



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** क्षेत्र के दुग्ध व्यवसायियों ने प्रशासनिक अधिकारियों पर दूध की सैंपलिंग के नाम पर नियमों के उल्लंघन और उत्पीड़न का आरोप लगाया है। उन्होंने जिलाधिकारी को सौंपे गए शिकायती पत्र में सैम्पलिंग को निरस्त करने और दोषी अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई किए जाने की मांग की। दुग्ध व्यवसासियों ने जिलाधिकारी को बताया कि विगत् 8 जुलाई प्रशासन की टीम ने सलमान मलिक के प्रतिष्ठान मलिक डेयरी पर पहुंचकर दूध का सैंपल लिया। उनका आरोप है कि अधिकारियों द्वारा सैंपलिंग के दौरान फॉर्मोलिन का मानक साल्ट उपलब्ध नहीं था, बल्कि एक सेविंग लोशन की बोतल में रखा कैमिकल प्रयोग में लाया गया, जिसकी कोई पहचान, मैन्युफैक्चरिंग अथवा एक्सपायरी तिथि नहीं दिखाई गई। उन्होंने कहा कि कैमिकल की मात्रा तक अंकित नहीं की गई, जिससे सैंपल की विधिवत्ता पर सवाल खड़े होते हैं।

दुग्ध व्यापारियों का कहना है कि उनके पास पूरे घटनाक्रम के सीसीटीवी फुटेज और वीडियो रिकॉर्डिंग उपलब्ध हैं, जो अधिकारियों की कार्य प्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान है।

उन्होंने इस प्रक्रिया को पूर्णतया गलत और पूर्व नियोजित बताते हुए जिलाधिकारी से सैंपलिंग को निरस्त करने और दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

इस दौरान जिलाध्यक्ष नरेश गोयल, महानगर अध्यक्ष पंकज गुप्ता, जिला संयोजक राजीव नामदेव सहित आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## छात्र का शव मिलने से फैली सनसनी, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** बड़गांव क्षेत्र के गांव भट्टपुरा में कक्षा नौ के छात्र का शव एक बाग में पेड़ से लटका मिलने से सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस पर मामला दबाने का आरोप लगाकर ग्रामीणों के साथ मिलकर थाने का घेराव भी किया। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह गांव भटपुरा निवासी मनोज उर्फ मंजू का 15 वर्षीय बेटा आदित्य का शव जंगल में एक किसान के खेत में पेड़ पर चादर से लटका मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड से नीचे उतारकर शव को कब्जे लेकर पोस्टमार्टम पर भेजा है। परिजनों ने मृतक की हत्या कर पेड पर लटकाए जाने की आशंका जताई है। सोमवार को परिजनों ने पुलिस पर मामले को दबाने का आरोप लगाकर ग्रामीणों के साथ मिलकर थाने का घेराव पर कार्रवाई की मांग की। थानाध्यक्ष ग्रामीणों की भीड आने से पहले ही थाने से निकल गए। बाद में अधिनस्थों ने कार्रवाई का आश्वासन देकर ग्रामीणों को वापस भेज दिया। मृतक के पिता ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ बेटे की हत्या कर शव को पेड पर लटकाने का आरोप लगाकर नामजद तहरीर दी है। मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है।

## कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज होने पर भड़के कांग्रेस जन, सौंपा ज्ञापन

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के बैनर तले कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने वाराणसी में कांग्रेस नेताओं के खिलाफ मुकदमें दर्ज किए जाने के विरोध में राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ दर्ज मुकदमें निरस्त किए जाने की मांग की। जिला व महानगर कांग्रेस कमेटी के कार्यकर्ता जिलाध्यक्ष संदीप सिंह राणा के नेतृत्व में एकत्र होकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने ज्ञापन सौंपकर आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार लोकतांत्रिक आवाज को दबाने का काम कर रही है। उन्होंने मांग की कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय सहित अन्य नेताओं के खिलाफ विगत् 10 जुलाई को सिगरा थाने में दर्ज मुकदमा निरस्त किया जाए। उनका



कहना था कि काशी केवल एक नगर नहीं, बल्कि भारत की धार्मिक और सांस्कृतिक आत्मा का केंद्र है। सावन जैसे पवित्र माह में भी वहां की आम जनता और श्रद्धालु बुनियादी सुविधाओं के अभाव से परेशान हैं। जलभराव, सीवर जाम, यातायात अव्यवस्था और प्रशासनिक लापरवाही को लेकर कांग्रेसजन वाराणसी में शांतिपूर्ण पदयात्रा कर रहे थे, ताकि सरकार का ध्यान इन समस्याओं की ओर दिलाया जा सकें। उनका कहना था कि जब जनप्रतिनिधि जनता की समस्याओं को उठाते हैं, तो उनका दमन करना न केवल लोकतंत्र की हत्या है, बल्कि यह प्रशासनिक अमानवीयता का भी उदाहरण है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार जनआक्रोश और असल मुद्दों से ध्यान भटकाने के लिए अजय राय सहित कांग्रेसजनों पर फर्जी मुकदमे दर्ज करवा रही है। ज्ञापन में राज्यपाल से अनुरोध किया गया है कि वे उत्तर प्रदेश की संवैधानिक प्रमुख होने के नाते इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करें और अजय राय एवं अन्य नेताओं के विरुद्ध दर्ज मुकदमा रद्द कराएं।

# नगर आयुक्त के सराहनीय प्रशासनिक जनहित निर्णय से जल्द व्यवस्थित होगा जमालपुर वैंडिंग ज़ोन

अवधनामा संवाददाता



**अलीगढ़।** नगर निगम की बड़ी पहल के अंतर्गत सोमवार को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा ने जमालपुर वेंडिंग ज़ोन में लंबे समय से चल रहे गतिरोध को खत्म कर एक बड़ी प्रशासनिक उपलब्धि दर्ज की। पिछले लगभग एक वर्ष से यह क्षेत्र असंगठित स्ट्रीट वेंडर्स, ट्रैफिक व्यवस्था जाम और जन असंतोष का केंद्र बना हुआ था, जिससे सैकड़ों की संख्या में पात्र दुकानदारों को अपने नियत स्थानों पर दुकान लगाने में कठिनाइयाँ आ रही थीं तो वही अव्यवस्थित वेंडर्स के खड़े होने के कारण आम नागरिकों को जाम की समस्या से जूझना पड़ रहा था

नगर निगम द्वारा जमालपुर ब्लाइंड स्कूल के पास वेंडिंग ज़ोन विकसित कर लॉटरी सिस्टम के ज़रिए पात्र स्ट्रीट वेंडर्स को दुकानें आवंटित की गई थीं। यह पहल प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि योजना (क्क्रू स्छ्व्हृद्बस्त्रद्धद्ब) के अंतर्गत स्वरोज़गार के अवसर बढ़ाने हेतु की गई थी। किन्तु लॉटरी प्रक्रिया के बाद भी बड़ी संख्या में दुकानदार असंतुष्ट रहे। गैर-पात्र व्यक्तियों ने भी ज़ोन में अतिक्रमण कर दुकानें लगा लीं, जिससे वास्तविक लाभार्थियों को उनका हक नहीं मिल पा रहा था। परिणामस्वरूप वेंडिंग ज़ोन अपनी मूल अवधारणा से भटक गया और वहां अव्यवस्था का माहौल बन गया था।

सोमवार दोपहर को नगर आयुक्त प्रेम प्रकाश मीणा स्वयं जमालपुर वेंडिंग ज़ोन पहुंचे और मौके पर उपस्थित स्थानीय दुकानदारों, व्यापारियों तथा निगम अधिकारियों से बातचीत की। बिना किसी देरी के, उन्होंने समस्त पक्षों को सुना और पारदर्शी समाधान की पहल की। स्थानीय दुकानदारों ने मांग रखी कि एक परिवार के एक ही सदस्य को दुकान आवंटित की जाए ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिले और कोई भी व्यक्ति अनावश्यक रूप से कई दुकानें न ले सके। इस सुझाव पर नगर आयुक्त ने तत्काल सहमति व्यक्त की और पूर्व में की गई लॉटरी प्रणाली को निरस्त करने की घोषणा की।

नगर आयुक्त ने निर्देश दिए कि राशन कार्ड की एक यूनिट को आधार मानते हुए, प्रत्येक पात्र परिवार को एक दुकान आवंटित की जाएगी। इस निर्णय के तहत एक घर से केवल एक व्यक्ति को ही वेंडिंग ज़ोन में दुकान दी जाएगी, जिससे वितरण में समानता बनी रहे और कोई भी वंचित न रहे।

उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नए सिरे से सर्वेक्षण कर पात्र लाभार्थियों की सूची तैयार करें और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी तरीके से क्रियान्वित करें। नगर आयुक्त ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि–

नगर आयुक्त ने यह भी चेतावनी दी कि वेंडिंग ज़ोन में बिना अनुमति दुकान लगाने वालों, अतिक्रमण करने वालों या अवैध रूप से व्यापार करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि जो भी व्यक्ति निगम की निर्धारित प्रक्रिया के बाहर जाकर दुकान लगाएगा या पात्र वेंडर्स को बाधित करेगा उस पर सख़्त दंडात्मक कार्यवाही की जाएगी। नगर निगम अव्यवस्था नहीं, व्यवस्था चाहता है। नगर आयुक्त के निर्णय के बाद जमालपुर क्षेत्र के स्थानीय दुकानदारों ने संतोष व्यक्त करते हुए उनका आभार जताया।

## उपजिलाधिकारी की उपस्थिति में आयोजित हुआ सास-बहु -बेटा सम्मेलन

**उरई (जालौन)।** जनपद में मनाया जा रहे जनसंख्या नियंत्रण पखवारा कार्यक्रम के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, छीरिया सलेमपुर पर सास-बहु - बेटा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी जालौन विनय मौर्य द्वारा की गई। कार्यक्रम में अनेक ग्रामों की सास बहु और बेटों की जोड़ियों ने भाग लिया ।

कार्यक्रम के उद्देश्य के बारे में वार्ता करते हुए उपजिलाधिकारी जालौन द्वारा बताया गया कि विश्व जनसंख्या दिवस से प्रारंभ हुए कार्यक्रमों की श्रृंखला में इस सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसके द्वारा परिवारों में जनसंख्या नियंत्रण के महत्व और उपायों के बारे में जागरूकता लाई जा रही है। कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य एवं टीकाकरण के संबंध में भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शासन द्वारा चलाई जा रही मातृ शिशु स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं के बारे में सभी को जानकारी दी गई। सम्मेलन में शामिल सास बहु जोड़ियों ने आंचलिक गीतों के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बस संचालकों की बैठक हुई संपन्न

समीउल्लाह खान ब्यूरो चीफ



**फर्रूखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में स्ठकूल बस संचालकों की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में ए0आर0टी0ओ0 द्वारा अवगत कराया गया कि जनपद में 468 स्कूल वाहन पंजीकृत है, जिनमे से 118 वाहनों की फिटनेस समाप्त हो गई है, जिनमे से 40 वाहन 15 वर्ष पुराने है,जबकि स्कूली वाहनों की उम्र 15 वर्ष है, 231 वाहनों के परमिट समाप्त हो गए है,01जुलाई से 15 जुलाई तक स्कूली वाहनों के विरुध्द अभियान चलाया जा रहा है,जिसमे 62 वाहनों का चालान तथा 26 वाहनों को सीज किया गया है।

जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया कि जो वाहन 15 वर्ष पुराने है उनका पंजीकरण एक सप्ताह में निरस्त कराये व जिनकी फिटनेस खत्म हो गई है उनकी फिटनेस एक सप्ताह में कराये न कराने पर विधिक कार्यवाही की जाये, सभी विद्यालयों में विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति का गठन किया जाए, सभी ड्राइवरों का आई टेस्ट व पुलिस वेरिफिकेशन कराया जाये, सभी वाहनों में जी0पी0एस0 व गति मापक यंत्र लगवाया जाये, वाहनों को 40 किलोमीटर प्रति घंटा की गति से ज्यादा न चलाया जाये,सभी वाहनों पर स्कूल प्रिंसिपल का नंबर लिखा हो,बस में फर्स्ट एड बॉक्स हो, प्रत्येक सीट पर सीट बेल्ट लगी हो,वाहन में अग्निशमन यंत्र लगे हो,स्कूल वाहन के ड्राइवर व परिचर वर्दी में रहे व आई0कार्ड उनके पास हो, विद्यालय में सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई जाये, विद्यालय में कोई भी नाबालिग बच्चा वाहन लेकर ना आये, सभी विद्यालयों में बच्चों को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया जाये।

नाबालिग छात्रों द्वारा दो पहिया वाहन चलाने के संबंध में एआरटीओ प्रवर्तन सुभाष राजपूत द्वारा बताया गया कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 199क के अनुसार मोटर यान के स्वामी को दोषी मानते हुए 3 वर्ष तक कारावास तथा ?25000 के जुर्माने का प्रावधान है इसके अतिरिक्त वाहन का पंजीयन 1 वर्ष की अवधि के लिए निरस्त कर दिया जाएगा तथा नाबालिग का ड्राइविंग लाइसेंस 25 वर्ष की आयु पूर्ण करने के उपरांत ही बन सकेगा जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी स्कूल संचालकों को निर्देश दिए गए कि विद्यालय के मुख्य द्वार पर इस आशय के होर्डिंग लगाए जाए तथा नाबालिग से वाहन चलाने पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया जाए । एआरटीओ प्रवर्तन तथा यातायात विभाग ऐसे वाहनों पर कार्यवाही करने के साथ-साथ विद्यालयों के विरुद्ध भी कार्यवाही करें।

# एसएसपी ने खेरेश्वर मन्दिर एवं आस-पास के क्षेत्र का किया निरीक्षण




अवधनामा संवाददाता

**अलीगढ़।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजीव सुमन द्वारा ÷श्रावण मास में कावड़ियों/श्रद्धालुओं की सुविधाओं, कांवड़ यात्रा के सुगम एवं सुरक्षित आवागमन÷ व मन्दिर में श्रद्धालुओं की भीड़-भाड़ के दृष्टिगत खेरेश्वर मन्दिर एवं आस-पास के क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। एसएसपी द्वारा निर्देशित किया गया कि मन्दिर के अन्दर भीड़ एकत्रित न होने दी जाए, श्रद्धालुओं को बेरिकेटिंग लगाकर कतार में दर्शन हेतु प्रवेश कराया जाय जिससे जलाभिषेक करने में कोई परेशानी न हो। श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु पर्याप्त पुलिस प्रबन्ध किया जाए । इस दौरान क्षेत्राधिकारी गभाना संजीव कुमार, थाना प्रभारी लोधा अंकित कुमार एवं अन्य मौजूद रहे।

# उर्वरक आपूर्ति पर डीएम सख्त- खाद उपलब्ध, मूंग क्रय केंद्रों पर बिचौलियों की होगी सख्ती

अवधनामा संवाददाता



**उरई (जालौन)।** कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित वर्चुअल बैठक के माध्यम से जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने जनपद में उर्वरक की उपलब्धता तथा मूंग क्रय केंद्रों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनपद के किसी भी किसान को उर्वरक के लिए भटकना न पड़े।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक समिति पर खाद की समुचित एवं समयबद्ध आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि वर्तमान में जनपद में उर्वरक का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, जिसमें यूरिया 12,179 मीट्रिक टन, डीएपी 6,586 मीट्रिक टन, एमओपी 19 मीट्रिक टन, एसएसपी 1,110 मीट्रिक टन एवं एनपीके 2,599 मीट्रिक टन शामिल है। उन्होंने निर्देश दिए कि खाद की मांग वाले क्षेत्रों में प्राथमिकता पर आपूर्ति की जाए, जिससे किसानों को समय पर आवश्यक उर्वरक प्राप्त हो सके।कालाबाजारी की रोकथाम को लेकर जिलाधिकारी ने मध्य प्रदेश सीमा से लगे क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तस्करी एवं अवैध बिक्री को रोकने के लिए एक विशेष निगरानी दल गठित किया जाए। साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि खुदरा दुकानों पर किसानों को केवल निर्धारित दरों पर ही खाद उपलब्ध हो और ओवररेटिंग की कोई शिकायत न मिले।

मूंग क्रय केंद्रों की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि प्रत्येक केंद्र पर सत्यापन उपरांत ही मूंग की खरीद की जाए। उन्होंने बिचौलियों पर सख्त निगरानी रखने और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

- **अजय राय समेत 10 कार्यकर्ताओं पर दर्ज केस के विरोध में सौंपा ज्ञापन**



**गोरखपुर ।** सहजनवा में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने सोमवार को पद यात्रा निकाल कर तहसील परिसर में प्रदर्शन किया और दोपहर 12 बजे के करीब एसडीएम के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा।

10जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ वाराणसी के जिला एवं शहर अध्यक्ष सहित तमाम कांग्रेसजनों ने वाराणसी में जलभराव, ध्वस्त सीवर, पीड़ित दुकानदार, रोपवे, जाम से परेशान जनता, कांवड़ यात्रियों की समस्याओं के निराकरण हेतु सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु पदयात्रा निकाल रहे थे, जिस पर प्रदेश सरकार के इशारे पर वाराणसी के सिगरा थाने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री सहित 10 कांग्रेसजनों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। सहजनवा के कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने इस कार्रवाई को लोकतांत्रिक करार दिया जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष श्रवण कुमार पांडेय ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष जनहित में आवाज उठा रहे थे, जो विपक्ष का अधिकार है।

इस दौरान जिला उपाध्यक्ष श्रवण कुमार पांडेय ,जिला महासचिव एसपी सिंह, जिला सचिव सत्यप्रकाश मिश्रा ब्लॉक अध्यक्ष गब्बू लाल प्रजापति, भूपेंद्र त्रिपाठी, कुशेन्द्र चौबे, संजय सिंह, द्वारिकानाथ गुप्ता,व शैलेन्द्र कुमार, छेदी चौबे , बद्रीनाथ शुक्ल, अशोक कुमार , रणजीत पांडेय, हरिवंश पांडेय,संतोष कुमार त्रिपाठी, सुनील पांडेय, रामकेवल कनौजिया , अर्जुन प्रसाद त्रिपाठी, बलराम सिंह यादव, रामाज्ञा पासवान, बेचू प्रसाद, हरिगोविंद अजीत उपाध्याय सहित सैकड़ो का कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नगर पंचायत अध्यक्षों ने दी अपर जिलाधिकारी प्रशासन को भावभीनी विदाई

- **सेवानिवृत्ति तक प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय का भी रहा दायित्व**
- **अयोध्या में अपर जिलाधिकारी कानून व्यवस्था के दायित्व का किया निर्वहन**



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर ।** अपर जिलाधिकारी प्रशासन पुरुषोत्तम दास गुप्ता का विदाई समारोह नगर पंचायत अध्यक्षों के द्वारा स्थानीय होटल में आयोजित किया गया। सेवानिवृत्ति तक उपरोक्त पद के अतिरिक्त प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय के दायित्व का भी निर्वहन इन्होंने किया। इस दौरान इन्होंने गोरखपुर में महामहिम राष्ट्रपति के दौरे के कारण सेवानिवृत्ति की तिथि के दो दिनों बाद तक कार्य किया।

उल्लेखनीय है कि अपर जिलाधिकारी के महत्वपूर्ण पद पर रहते हुए श्री गुप्ता ने अपने कार्यव्यवहार से सबको प्रभावित किया।गोरखपुर आने से पूर्व उन्होंने तीन साल तक अयोध्या में अपर जिलाधिकारी कानून व्यवस्था के महत्वपूर्ण पद का दायित्व निभाया।

नगर पंचायत अध्यक्षों द्वारा पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र व स्मृतिचिन्ह देकर अपर जिलाधिकारी को भावभीनी विदाई दी गयी।इस अवसर पर श्री गुप्ता ने अपने कार्यकाल से जुड़े अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर कार्यक्रम में नगर पंचायत उरूवा बाजार के अध्यक्ष प्रतिनिधि नवीन कुमार सिंह ÷मुन्ना÷ ,नगर पंचायत बड़हलगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि महेश उमर,नगर पंचायत पीपीगंज अध्यक्ष लक्ष्मन विश्वकर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष घघसरा प्रभाकर दुबे, नगर पंचायत सहजनवां अध्यक्ष प्रतिनिधि जीएम सिंह, नगर पंचायत पिपराइच अध्यक्ष संजय मद्धेशिया, नगर पंचायत कैम्पियरगंज अध्यक्ष प्रतिनिधि गोपाल सिंह,नगर पंचायत उरूवा बाजार के अधिशासी अधिकारी मनोज मिश्रा, नगर पंचायत बड़हलगंज/उरूवा बाजार लिपिक सुनील कुमार, राष्ट्र चिन्ह के सम्पादक सूर्य प्रकाश गुप्ता, ठेकेदार अखिलेश यादव,अशोक कुमार मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थें।

# पुलिस लाइन में आयोजित मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम

**उरई (जालौन)।** पुलिस लाइन में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य चिकित्सा एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय एवं पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए प्रशिक्षु कांस्टेबलों को संबोधित किया।

जिलाधिकारी ने संबोधन में मानसिक स्वास्थ्य को जीवन की बुनियादी आवश्यकता बताते हुए कहा कि आज के तनावपूर्ण वातावरण में भावनात्मक



संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है, विशेष रूप से उन जवानों के लिए जो लंबे समय तक ड्यूटी पर रहते हैं और सामाजिक चुनौतियों का सामना करते हैं। उन्होंने प्रशिक्षुओं से आह्वान किया कि वे सेवा के साथ-साथ अपने मानसिक स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कहा कि स्वस्थ मन, अनुशासन और दक्षता की कुंजी है। उन्होंने प्रशिक्षु कांस्टेबलों को मानसिक रूप से मजबूत रहने, समय प्रबंधन, सकारात्मक सोच और संवाद कौशल को विकसित करने के टिप्स दिए। साथ ही तनाव से निपटने के व्यावहारिक उपायों पर भी प्रकाश डाला। कार्यक्रम के माध्यम से प्रशिक्षुओं को मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी उपयोगी जानकारियाँ प्रदान की गई, साथ ही उन्हें यह भी समझाया गया कि मानसिक स्वास्थ्य में गिरावट न केवल व्यक्तिगत जीवन को प्रभावित करती है, बल्कि कार्यक्षमता पर भी विपरीत प्रभाव डालती है। इस अवसर पर चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा भी व्याख्यान दिए गए और प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित कर प्रशिक्षुओं की जिज्ञासाओं का समाधान किया गया।

# मछलीगांव में जुलूस ए अज़ा का हुआ समापन सुरक्षा के थे कड़े बंदोबस्त



पद्मनाभि मिश्रा/दानिश मेहदी

**हजपुरा,अंबेडकरनगर।** जलालपुर तहसील क्षेत्र के मछली गांव में मुहर्रम की 16 तारीख पर शनिवार शाम को जुलूस-ए- अजा का भव्य आयोजन किया गया। यह जुलूस इमामबाड़ा वली अस्त्र से प्रारंभ हुआ और देर रात मोहल्ले की विभिन्न गलियों से होकर गुजरा। इस दौरान लब्बैक या हुसैन की सदाएं गूंजती रहीं।

जुलूस के दौरान अजादारों ने मातम और नौहाख्वानी करते हुए इमाम हुसैन की शहादत को याद किया। जुलूस में बड़ी संख्या में अंजुमनों ने भाग लिया, जिसमें प्रमुख रूप से अंजुमन असगरिया कदीम अमहट सुलतानपुर, अंजुमन गुंचे मजलूमियां फैजाबाद, अंजुमन पंजतनी सुल्तानपुर, अंजुमन दस्ते मासूमियां घोसी मऊ, अंजुमन रौनके अजा जलालपुर,अंजुमन गुलशने इस्लाम भंवरा समेत मुकामी अंजुमन सफीरे नासिरूल अजा कटघर कमाल और अंजुमन मोइनुल अजा सादात दाऊदपुर सहित आधा दर्जन से अधिक अंजुमनें शामिल रहीं। सभी अंजुमनों ने अनुशासित तरीके से जुलूस में शिरकत की और इमाम हुसैन की याद में मातम पेश किया। जुलूस के दौरान तकरीर का आयोजन भी किया गया, जिसमें मौलाना सैयद कल्बे रुशैद कुम्मी, मौलाना सैयद इमाम हैदर ने कर्बला के शहीदों की कुर्बानी और इस्लाम के लिए दिए गए उनके बलिदान पर रोशनी डाली। जुलूस में बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बेटी ने लगाया माँ के नाम एक पौधा



**गोरखपुर।** कहावत है कि पूत के पांव पालने में ही नज़र आ जाते हैं, लेकिन ये कहावत कभी कभी बेटियों पर भी फिट हो जाती है । ÷मां के नाम एक पौधा की थीम के अंतर्गत बेटी तन्वी ने अपने तीसरे जन्मदिन पर अपनी जन्म भूमि गोरखपुर के रानीडीहा में आम का पौधा लगाकर वृक्षारोपण किया। बच्ची के पिता मनीष तिवारी कहते हैं सभी को कम से कम अपने जन्मदिन पर एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। मनीष तिवारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चारगवां में वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक के पद पर तैनात है हर साल अपने बच्ची के जन्मदिन पर वृक्षारोपण करते हैं।

# भारतीय कृषक एसो. अराजनैतिक ने मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

एम ए इदरीसी संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** भारती एसोसिएशन अराजनैतिक भारत ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया जन हित में भारती कृषक एसोसिएशन अराजनैतिक भारत का मांग पत्र रामबीर जाटब राष्ट्रीय महासचिव के नेतृत्व में दिया 1- गांव भागौतीपुर तहसील कायमगंज फर्रूखाबाद में नानजेड ए जमीन पर गाटा संख्या 114रकबा0.097 हेबगाटासृख्या96रकबा0.056हे पर श्री कृष्ण गौतम पुत्रः वनवारीलाल सुदामा देवी पत्नी इतबारीलाल सतीशचन्द पुत्र गेंदनलाल निबासी गांब भगौतीपुर आदि उक्त जमीन पर दबंगई नेतागीरी के बल पर कब्जा किये हुयेहै जिसकी शिकायत ब मांग पत्र रजिस्ट्री द्वारा ब आई जी आर एस के द्वारा की गयी।

सात मह बाद उपजिलाधिकारी कायमगंज में बाद संख्या की 202503240202264 जिसमे अग्रिम तिथि15/4/2025 लगी थी हर आठबेदिन तारीख लगती है चार माह बीत जाने के बाद सिर्फ तारीख ही मिलती है आज तक इस मुक़दमे मे पर कोई कार्यवाही नहीं हुई इस जमीन की कीमत लगभग पांच करोड़ से अधिक है गायब के किनारे सड़क पुस्ता में दर्ज़ है जिस पर उप जिलाधिकारी कायमगंज कब्जा नहीं हटाना चहातेअबैध कब्जा हटाया जाये 2-जनपद फरुखाबाद में निजी प्राइवेट स्कूलों में निजी प्रकाशन की महगी किताबै चल रही है निजी स्कूलै की मनमानी रोकने के लिये उनपर शिकंजा कसा जाये यह कार्यवाही उत्तर प्रदेश बिनिमम अधिनियम 2018के तहत की जानी चाहिए अभिभावको जब विशेष दुकानै से खरीदने को मजबूर किया जाता है।

‸3-जनपद फरुखाबाद में प्रधानमंत्री सड़क योजना बनाई गयी जिसमें दूसरे दिन गिट्टी उखड़ गयी इसकी गुणवत्ता की जांच-पड़ताल की जायेगी और ठेकेदार के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाबे 4-मोहम्मदाबाद ब्लाक के अन्तर्गत गांव बररिक का मामला है जनपद फरुखाबाद में प्रधानमंत्री द्वारा जल जीबन मिशन के तहत पानी की टंकी बनायी जा रही है साठ प्रतिशत गाबो में काम अधूरा पड़ा है पाइपलाइन से गली खुदी पडी है उनको तत्काल ठीक कराया जाए 5-कम्पिल अटेना घाट ढाई घाट तक दक्षिण दिशा में गंगा का बन्दा बनाया जाये बाढ़ के कारण किसानों की हजारों बीघा फसल का नुक़सान के न हो सके।

6- तहसील कायमगंज गांवो में बिजली आने जाने का कोई समय नहीं है कब बिजली सिडडाउन लेले अधिकारी फोन नहीं उठाते अगर फोन उठा भी ले तो बदतमीजी करते हैं जिसकी ब्यबस्था ठीक की जाये और रोस्टर के अनुसार सप्लाई दी जाये 7-फरुखाबाद में डा राममनोहर लोहिया अस्पताल में पचास प्रतिशत डाक्टर नहीं बैठते हैं गरीब आदमी इलाज कराने को मजबूर प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने को मजबूर गरीब असाय व्यक्ति पैसे को एक अभाव में दम तोड़ देते हैं 8-गांव गुर ऊं शादी नगर जो कि ब्लाक मोहम्मदाबाद के अन्तर्गत आता है जिला पंचायत द्वारा लाइटें लगाई गई है जिसमें आधे से ज्यादा लाईटै खराब है अभिलम्ब सही कराया जाये 9- बंटवारा या धारा 116के अन्तर्गत फाइलौ की कार्रवाई पूर्ण होने पर और उपजिलाधिकारी का आदेश जारी होने पर पेशकार महोदय फाइलौ को महीनौ तक लटकाए रहता है और उपजिलाधिकारी के पेशकार की जांच करबायी जाये और दण्डात्मक कार्यवाही की जाये उपरोक्त वर्णित मांगों को जनहित में तत्काल हल कराया जाए अन्यथा की स्थिति में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जिलाधिकारी के कार्यालय के सामने होगा इसके लिए जिला प्रशासन स्वयं जिम्मेदार होगा।

ज्ञापन देने वाले राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील कुमार दुबे राष्ट्रीय महासचिव रामबीर जाटब स्वाती पाण्डेय रामबीर पाल रामनारायन राजपूत जन्टसिह रीता देवी अबराम बिक्रम यादव बिशाल सिंह निशान्त त्रिवेदी शिवराज सिंह उमेश सिह आदि पदाधिकारी गण मौजूद रहे।

# एजाज रिजवी ने पार्क की बदहाली को लेकर नगर आयुक्त को लिखा पत्र

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** समाजसेवी अधिवक्ता व भ्रष्टाचार निरोधक एवं समाजोत्थान समिति के अध्यक्ष एजाज़ रिज़वी ने नगर आयुक्त को पत्र लिख कर नेहरू विहार पार्क कर सम्बन्ध में शिकायत और सुझाव प्रेषित किया है।

उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि सविनय निवेदन है कि गोरखपुर शहर का एक प्रमुख सार्वजनिक स्थल ÷नेहरू विहार पार्क÷(लाल डिग्गी पार्क), जो कि नागरिकों के लिए सुबह-शाम भ्रमण, व्यायाम एवं बच्चों के मनोरंजन का मुख्य केंद्र है, वर्तमान समय में पूर्णतः उपेक्षा और अव्यवस्था का शिकार है। इसकी स्थिति अत्यंत दयनीय एवं सुरक्षा की दृष्टि से भी चिंताजनक है।

## निम्नलिखित प्रमुख समस्याओं की ओर आपका ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूँ

1. पार्क के पेड़ों की नियमित छंटाई नहीं की गई है, जिससे कई स्थानों पर रास्ते तक अवरुद्ध हो चुके हैं।
2. जगह-जगह गहरे गड्ढे हैं, जो टहलने वाले बुजुर्गों और बच्चों के लिए खतरनाक हैं।
3. शौचालय पूरी तरह से बंद, टूटे-फूटे हैं या ताले लगे हैं, जिससे आने-जाने वालों को भारी असुविधा हो रही है।
4. एक्सरसाइज उपकरण (जैसे ट्विस्टर, स्टीपर आदि) खराब पड़े हैं और लंबे समय से किसी ने मरम्मत नहीं की।
5. बच्चों के झूले और अन्य खेल उपकरण भी टूट चुके हैं, जो कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं।
6. पार्क में कोई नियमित माली या कर्मचारी उपस्थित नहीं दिखता है।
7. पुराना बना हुआ मछली घर कई वर्षों से बंद है और देखरेख के अभाव में क्षतिग्रस्त हो चुका है।
8. बिजली के तार खुले और लटकते हुए हैं, जो किसी गंभीर दुर्घटना को न्योता दे सकते हैं।
9. आवारा कुत्तों की आवाजाही आम हो गई है, जिससे छोटे बच्चों और महिलाओं में भय बना रहता है।
10. इस पार्क के रखरखाव के लिए सरकारी बजट आवंटित किया गया है, फिर भी जमीनी स्थिति बिल्कुल विपरीत है।

यह स्थिति न सिर्फ जनसुविधा के साथ अन्याय है, बल्कि नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी प्रश्नचिह्न लगाती है। अतः आपसे निवेदन है कि इस सार्वजनिक स्थल की मरम्मत, सफाई, सुरक्षा और रखरखाव की तत्काल समुचित व्यवस्था करवाई जाए।

# सावन के पहले सोमवार को शिवमय हुई रामनगरी



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** सावन के पहले सोमवार को अयोध्या शिव भक्ति में सराबोर रही। नागेश्वर नाथ, क्षीरेश्वर नाथ, कोटेश्वर नाथ सहित सभी शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। मां सरयू में स्नान कर भक्तों ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। %हर-हर महादेव% के जयकारों से पूरी रामनगरी गूंज उठी।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर कांवड़ यात्रा और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा, चिकित्सा, पेयजल, शौचालय व स्वच्छता की व्यापक व्यवस्थाएं की गईं। हाईटेक ड्रोन, छ्ष्टञ्जङ्क और 24म7 कंट्रोल रूम के जरिए शहर की निगरानी की जा रही है। श्रद्धालुओं को बिना परेशानी दर्शन मिले, इसके लिए बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, सहायता केंद्र और अलग-अलग लाइनों की व्यवस्था भी की गई।दिल्ली से आई श्रद्धालु संगीता ने कहा,अयोध्या की व्यवस्थाएं अद्भुत हैं। यह बदलाव योगी सरकार की सक्रियता का परिणाम है।सावन में शिव भक्ति के इस उल्लास और सरकारी व्यवस्थाओं की समन्वय ने श्रद्धालुओं को नई अनुभूति दी।

### श्रावण मास को लेकर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर का पैदल गश्त व निरीक्षण, सीमा सुरक्षा और थाना व्यवस्थाओं का लिया जायज़ा

**अयोध्या।** श्रावण मास के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) डॉ. गौरव ग्रोवर ने सोमवार को अयोध्या व अम्बेडकरनगर जनपद की सीमा का पैदल गश्त कर स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एसएसपी ने सीमा पर स्थापित पुलिस चौकियों और वहां तैनात पुलिस बल की तैयारियों की समीक्षा की। मौके पर मौजूद अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। इसके उपरांत, एसएसपी डॉ. ग्रोवर ने थाना गोसाईंगंज क्षेत्र अंतर्गत स्थित श्रृंगी ऋषि आश्रम का भी दौरा कर वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया और मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों को श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण अभियान के अंतर्गत थाना गोसाईंगंज का आकस्मिक निरीक्षण भी किया गया, जिसमें उन्होंने थाना कार्यालय, महिला हेल्पडेस्क, जनसुनवाई डेस्क, मालखाना, शस्त्रागार और हवालात का बारीकी से निरीक्षण किया।एसएसपी ने हेल्पडेस्क पर प्राप्त शिकायत पत्रों के निस्तारण की स्थिति, संबंधित रजिस्टरों के अद्यतन और रख-रखाव की गुणवत्ता की भी जांच की।

## नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स की इकाई गठित, पत्रकार हितों को लेकर उठाए गए अहम मुद्दे



**हैदरगंज-अयोध्या।(अवधनामा संवाददाता)** बीकापुर तहसील में नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स की नई इकाई का गठन जिलाध्यक्ष जयप्रकाश गुप्ता की अगुवाई में किया गया। यह गठन हैदरगंज कस्बे में वरिष्ठ पत्रकार रामप्रवेश दुबे के आवास पर आयोजित एक बैठक के दौरान सम्पन्न हुआ। बैठक में पत्रकार एकता और उनके हितों पर गहन चर्चा की गई ।जिलाध्यक्ष श्री गुप्ता के नेतृत्व में गठित नई कार्यकारिणी में वरिष्ठ पत्रकार बिंदेश्वर प्रसाद मिश्रा को संरक्षक, प्रदीप कुमार सोनी को तहसील अध्यक्ष, सर्वजीत दुबे को वरिष्ठ तहसील अध्यक्ष, आरपी दुबे और रामजी दुबे को तहसील उपाध्यक्ष, तथा देवेंद्र तिवारी को महामंत्री के रूप में मनोनीत किया गया।बारिश के कारण कुछ पत्रकारों की अनुपस्थिति के चलते शेष पदों पर नियुक्ति अगली बैठक में करने का निर्णय लिया गया।

कार्यकारिणी गठन के उपरांत आयोजित बैठक में नवनिर्वाचित तहसील अध्यक्ष प्रदीप सोनी ने ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत गैर मान्यता प्राप्त पत्रकारों के लिए आयुष्मान कार्ड बनवाने, पत्रकार सुरक्षा कानून लागू कराने और बीकापुर तहसील में प्रेस क्लब की स्थापना जैसे मुद्दों पर जोर दिया।

## चार वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने पर जिला पंचायत सदस्य राजा मान सिंह ने की प्रेस वार्ता, जनता को समर्पित किए विकास कार्य

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव एवं मसौधा द्वितीय से जिला पंचायत सदस्य राजा मान सिंह ने अपने चार वर्षों के कार्यकाल पूर्ण होने पर क्षेत्रीय पत्रकारों के समक्ष प्रेस वार्ता की। इस अवसर पर उन्होंने अपने जिला पंचायत क्षेत्र की 24 ग्राम सभाओं में कराए गए विकास कार्यों की विस्तार से जानकारी दी और क्षेत्र की जनता के प्रति आभार जताया। राजा मान सिंह ने कहा, यह चार साल मेरे लिए सेवा, समर्पण और विकास के रहे हैं। हमने किसी भी प्रकार के भेदभाव के बिना क्षेत्र के सभी ग्रामों में सड़कों, नालियों, खड़ंजा, स्ट्रीट लाइट व सोलर लाइट जैसी मूलभूत सुविधाओं का विस्तार कराया। कैल, पारा, अमौना, छत्तीरवा, दौलतपुर, सरियावा समेत अन्य ग्रामों में 12 से अधिक सड़कों का निर्माण कराया गया। यह कार्य केवल विकास नहीं, जनसेवा का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि वे हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर रहे हैं और रहेंगे। ÷जनता ही मेरा परिवार है और उनकी सेवा



करना मेरा धर्म, उन्होंने कहा। प्रेस वार्ता के दौरान राजा मान सिंह ने राम मंदिर निर्माण को ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा, 500 वर्षों के बाद रामलला अपने टेंट से निकलकर भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। यह अयोध्यावासियों के लिए गौरव की बात है। प्रभु श्रीराम के आशीर्वाद से समाजवादी पार्टी को अयोध्या से लोकसभा में विजय मिली। यह जीत जनता के विश्वास की जीत है। राजा मान सिंह ने यह भी कहा कि उनकी 2027 की विधानसभा चुनावों को लेकर बीकापुर से तैयारी चल रही है। अगर पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा टिकट दिया गया, तो मैं पूरी शक्ति से चुनाव लड़ूंगा। और यदि पार्टी किसी अन्य को मैदान में उतारती है, तो पूरा समर्थन भी दिया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने सुनीं जन समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निस्तारण के निर्देश

**अयोध्या।** जिले के नागरिकों की समस्याओं के समाधान हेतु जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, पेंशन, आवास, विद्युत, स्वास्थ्य और राजस्व से संबंधित शिकायतें रखीं।जिलाधिकारी ने प्रत्येक प्रार्थना पत्र को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का समाधान शीघ्रता से हो, ताकि लोगों को राहत मिल सके।जनता दर्शन कार्यक्रम में दर्जनों फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित रहे और अधिकारियों की ओर से उन्हें आश्वासन भी मिला।

## विवाहिता का शव कमरे लटकता मिला, मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगा



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सैदनपुर मे एक विवाहिता का संदिग्ध परिस्थितियों मे शव कमरे लटकता मिला मृतका के मायके के लोगो ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है पुलिस ने शव का पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सोमवार की सुबह सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सैदनपुर निवासी मो0 आरिफ की पत्नी कहकंशा उर्फ़ हिना का शव कमरे मे दुपट्टे के सहारे लटकता मिला जिसकी जानकारी होते ही पूरे गाँव मे हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंचे मृतका के भाई मो0 शकील पुत्र अब्दुल बारी निवासी एकतानगर नियर मुश्कान पीसीओ मोहिबुल्लापुर थाना मडियाव ने बताया कि वर्ष 2024 मे कहकंशा उर्फ़ हिना की शादी सफदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सैदनपुर निवासी मो0 आरिफ पुत्र सैय्यद अली के साथ हुआ था शादी के कुछ दिनों के बाद से ही पति मो0 आरिफ, सास मुन्नी, ससुर सैय्यद अली दहेज की मांग को लेकर परेशान करने लगे जिसकी शिकायत कई बार करने पर हम लोगो ने हमेशा समझा बुझाकर ससुराल भेज देते थे। आज हम लोगो को जब सूचना मिली जब मौके पर पहुंचे तो पता चला कि दहेज को लेकर हिना के पति मो0 आरिफ, सास मुन्नी, ससुर सैय्यद अली, देवर साजिद अली, साहिल, मुन्ना एव चचेरे ससुर उस्मान सुभान पुत्र अकबर अली ने हिना को मार कर लटका दिया है। थानाध्यक्ष अमरनाथ चौरसिया ने बताया कि मौके से फारसेंसिक टीम ने साक्ष्य संकलित किया है शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया हो रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जायेगी।

## बारिश के मौसम गंदे पानी में भीगने से बचें, पहने सूखे कपड़ेः डॉ गोविंद पांडेय

## चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्र छात्राओं का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*



**बाराबंकी।** बनीकोडर शिक्षा क्षेत्र के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा निःशुल्क संचालित चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्र छात्राओं का लोहिया अस्पताल एवं हीलिंक अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं आवश्यक उपचार किया। संस्था के अध्यक्ष रत्नेश कुमार के अनुरोध पर लोहिया अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ गौरव सिंह(एमबीबीएस एमडी केजीएमयू) एवं हीलिंक अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ गोविन्द पांडेय (एमबीबीएस एमडी केजीएमयू) ने स्कूल में पंजीकृत 160 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। करीब एक दर्जन बच्चों को फुन्सी व सर्दी जुकाम की समस्या पाई गई जिन्हें आवश्यक दवाएं दी गई। एक छात्र के दोनों कान बचपन से ही बह रहे है उसके अभिभावक की काउंसिलिंग की गई, ऑपरेशन कर इलाज किये जाने की सलाह दी गई। इस अवसर पर डॉ गोविंद पांडेय ने छात्रों को बताया कि व्यक्तिगत साफ सफाई पर विशेष ध्यान दें, बारिश में गंदे पानी से बचें। गीले व नम कपड़े न पहनें। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान अवकाश प्राप्त स्काउट प्रशिक्षक राम आसरे, कर्मचारी नेता विजय अम्बेडकर भी बच्चों को स्वस्थ्य रहने के लिए बताया। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने स्वास्थ्य परीक्षण में दवाएं आदि की व्यवस्था की। रत्नेश कुमार ने चिकित्सकों के प्रति आभार व्यक्त किया। शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, सरिता यादव, प्रिया मौर्या, पूनम रत्नाकर, अर्चना प्रिंसी वर्मा, पलक कनौजिया शिक्षणेत्तर कर्मी जियालाल, सरोज, सरस्वती सहित अनेक अभिभावक उपस्थित रहे।

## सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग सुधार को लेकर डीएम ने की समीक्षा दिए निर्देश

**बाराबंकी। (अवधनामा संवाददाता)** जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट स्थित लोक सभागार में सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार को लेकर एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में उन विभागीय परियोजनाओं की समीक्षा की गई जो गत माह 'ए ग्रेड' से नीचे दर्ज की गई थीं। डीएम ने विभागवार अधिकारियों से इस माह की प्रगति, लक्ष्यों की पूर्ति और रैंकिंग में सुधार के लिए उठाए गए कदमों की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि शासन स्तर पर रैंकिंग के माध्यम से विकास कार्यों की सघन मॉनिटरिंग हो रही है, ऐसे में सभी विभाग अपने कार्यों की गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखें।

## उप जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय का निरीक्षण किया

**मिठौरा महराजगंज।(अवधनामा संवाददाता)** विकास खंड मिठौरा क्षेत्र ग्राम सभा लेदवा के प्राथमिक विद्यालय का सोमवार को उप जिलाधिकारी शैलेंद्र गौतम ने निरीक्षण किया। जानकारी के अनुसार विद्यालय के प्रधानाध्यापक संजय सिंह व सहायक अध्यापक जयप्रकाश राय अनुपस्थित चल रहे थे। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जिलाधिकारी व बेसिक शिक्षा अधिकारी को किया था जिस क्रम में सोमवार विद्यालय का निरीक्षण किया गया जिसमें विद्यालय में मात्र 23 छात्र उपस्थित मिलें। लाइब्रेरी व खेलकूद का सामान व नहीं मिला। मौके पर एक शिक्षामित्र व एक सहायक अध्यापक उपस्थित मिलें। अपर जिलाधिकारी शैलेश गौतम ने बताया कि निलम्बन हेतु संस्तुति कर बेसिक शिक्षा अधिकारी को भेजा गया है।

## ताइक्वांडो खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित



**सिसवा बाजार महराजगंज ।(अवधनामा संवाददाता)** सिसवा के श्रीराम जानकी मंदिर के प्रांगण में ताइक्वांडो खिलाड़ियों को सिसवा ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर के इंचार्ज राहुल राय द्वारा बेल्ट प्रमोशन प्रमाण पत्र देकर खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। यह बेल्ट टेस्ट बीते माह महराजगंज डिस्ट्रिक ताइक्वांडो एसोसिएशन के सचिव अभिषेक कुमार विश्वकर्मा नेत्तृत्व में संपन्न हुआ था । जिसमें 50 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया । जिनमें 38 खिलाड़ी उत्तीर्ण हुआ । व्हाट्स टू येलो बेल्ट में सरफराज मंसूरी, कृष्ण कुमार , सौर प्रताप मल, आरोही सिंह ,सौम्या, लक्ष्य येलो टू ग्रीन बेल्ट में राजेश गौड़, नंदिनी ,अनुराग, प्रवीण ,शाहिमा परवीन , शाहिना परवीन, सकीना खातून ग्रीन टू ग्रीन वन बेल्ट में विनायक , तृषा जायसवाल, अनन्या अग्रवाल, आर्या शर्मा , पार्थवी अग्रवाल ग्रीन वन टू ब्लू बेल्ट में आराध्या मल ,यशस्वी जयसवाल, परिधि अग्रवाल ,आकांक्ष अग्रवाल , स्निग्धा गुप्ता ब्लू टू ब्लू वन बेल्ट में शकील मंसूरी,पूर्वी अग्रवाल, सोनम शर्मा ब्लू वन टू रेड बेल्ट में आरुषि शर्मा,सात्विक मद्धेशिया, हयात रेड टू रेड वन बेल्ट में अनन्या यादव,जागृति सिंह,तृप्ति जयसवाल ,इशानी पाठक, सांवि पाठक,सृष्टि शुक्ला,प्रिंस जयसवाल, सत्यम,सृजन शुक्ला ,।

इस दौरान उत्सव शर्मा ,हर्षिता सिंह,विशाल चौधरी, आरती रावत हर्षिता चौधरी के नाम शामिल हैं। इन सभी ताइक्वांडो खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## डीएम ने की 50 लाख से अधिक लागत वाली परियोजनाओं की समीक्षा

### पूर्ण कार्यों के तत्काल हस्तांतरण और शेष कार्यों को तय समयसीमा में पूर्ण करने के निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जनपद में संचालित 50 लाख से अधिक लागत वाली निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन विभिन्न विभागों के अभियंता, नोडल अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम पूर्ण हो चुकी परियोजनाओं के हस्तांतरण की स्थिति की समीक्षा की। विद्यालयों के निर्माण कार्यों के पूर्ण होने के उपरांत हस्तान्तरण में देरी पर नाराजगी जताते हुए उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड के संबंधित सहायक अभियंता के विरुद्ध कार्यवाही हेतु पत्र भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य पूर्ण होते ही विभागीय हस्तांतरण की प्रक्रिया तत्काल शुरू की जाए और संबंधित विभाग संचालन की पूर्व योजना बनाए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी एजेंसियों, विभागों और परियोजना पर्यवेक्षण से जुड़े नोडल अधिकारियों से एक-एक कर फीडबैक लिया। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं मानक अनुरूप हों, तथा तय समयसीमा में पूर्ण किए जाएं। कार्यों में लापरवाही मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई। बैठक में सड़क निर्माण और अनुरक्षण की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने गड्ढामुक्त सड़कों को प्राथमिकता देने, साथ ही नगर निकायों को नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए। प्रोजेक्ट अलंकार व अन्य योजनाओं की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए जिलाधिकारी ने कार्यों में तेजी लाने के साथ कार्यों में धीमी प्रगति वाली निर्माण एजेंसियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इस दौरान कई महत्त्वपूर्ण निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई, जिनमें बनीकोडर एवं सिरौलीगौसपुर में निर्माणाधीन आईटीआई, रामसनेहीघाट में स्थित कल्याण मंडप, राजकीय पॉलिटेक्निक में छात्रावास का निर्माण, सतरिख की राजकीय पौधशाला, आईटीआई जहांगीराबाद का भवन, जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय तीरगांव में ट्रांजिट हॉस्टल, तथा राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत सरकारी कृषि फार्म का निर्माण शामिल रहे।

इन सभी परियोजनाओं को तय समय में पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए गए। बैठक में जिला अर्थ एवं सांख्यिकी अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, सीडी-1, सीडी-3, जल निगम, बाढ़ खंड, नेडा, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, उद्यान अधिकारी सहित अन्य विभागों के तकनीकी व नोडल अधिकारी उपस्थित रहे।

## पंचमुखी शिवमंदिर में आस्था का सैलाब, भोर से ही श्रद्धालु कतारबद्ध




**महराजगंज।(संवाददाता अवधनामा)** सावन माह के पहले सोमवार को महराजगंज जनपद के प्रसिद्ध इटहिया पंचमुखी शिवमंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह भोर से ही बाबा भोलेनाथ के दर्शन को लंबी कतारें लग गईं। भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा, भांग और गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक किया।

मंदिर परिसर ? नमः शिव ओंकारा के मंत्रोच्चार, घंटे-घड़ियाल और नगाड़ों की गूंज से आध्यात्मिक रंग में रंगा नजर आया। महिलाओं ने मंगलगीत गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। नेपाल के नवलपरासी, सोनवल, बरघाट, खैरहनी से लेकर बिहार, गोरखपुर, बस्ती, सिद्धार्थनगर और देवरिया तक से हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर परिसर में लगे मेले में भी भारी भीड़ रही। सुरक्षा व्यवस्था के लिहाज से पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। ठूठीबारी कोतवाली प्रभारी महेंद्र मिश्र और मेला प्रभारी राजनरायन सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था की कमान संभाली। एसडीएम डॉ. नंद प्रकाश मौर्य, सीओ अनुज कुमार सिंह, नायब तहसीलदार पीयूष जायसवाल समेत भारी पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा।

## खाद वितरण शुरू होते ही उमड़ी किसानों की भीड़

### किसान बोले - समय पर खाद मिलना खेती के लिए संजीवनी




**महराजगंज। (अवधनामा संवाददाता)** खेमपिपरा (सतभरिया) सहकारी संघ लि. खेमपिपरा (सतभरिया) में सोमवार को जैसे ही खाद का स्टॉक पहुंचा, किसानों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। लंबे समय से खाद की प्रतीक्षा कर रहे किसान तड़के सुबह से ही केंद्र पर पहुंचने लगे। भीड़ को देखते हुए संघ द्वारा व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए अतिरिक्त कर्मचारियों की तैनाती की गई। स्थानीय किसानों ने बताया कि खेतों में धान की रोपाई जोरों पर है, ऐसे में समय से खाद का मिलना राहत देने वाला है। सहकारी संघ के सचिव प्रभंस यादव ने जानकारी दी कि किसानों की मांग को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में खाद की व्यवस्था की गई है और सभी को क्रमवार खाद वितरण किया जा रहा है। वही जिला प्रशासन भी जगह जगह अधिक दामो पर विक्री करने वालो पर शख्त कार्यवाही करने में जुटी हुई तो कई जगह अनियमितता पाए जाने पर शील की गई है ताकि किसानों को कोई परेशानी न हो ।

## भारत-नेपाल सीमा सुरक्षा को लेकर उच्चस्तरीय बैठक संपन्न

### सीमावर्ती क्षेत्रों में तस्करी रोकथाम, सुरक्षा समन्वय और साझा गश्त पर बनी सहमति



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** इंडो-नेपाल क्रॉस बॉर्डर ज्वाइंट सिक्योरिटी कोऑर्डिनेशन कमेटी की ऑनलाइन बैठक सोमवार को भारत के महराजगंज और सिद्धार्थनगर जनपदों के वरिष्ठ अधिकारियों तथा नेपाल के रूपनदेही, कपिलवस्तु व नवलपरासी जिलों के अधिकारियों के बीच संपन्न हुई। बैठक में सीमा पर कानून-व्यवस्था बनाए रखने, सीमाद्योतक चिन्हों के सुदृढ़ीकरण, नो-मैंस लैंड के सौंदर्यीकरण, मानव तस्करी, नशीली दवाओं, शराब, खाद और अन्य वस्तुओं की अवैध तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। जिलाधिकारी महराजगंज ने नेपाली प्रशासन के साथ सीमापारीय वैध व्यापार को बढ़ावा देने और अवैध व्यापार में लिप्त तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की आवश्यकता जताई। उन्होंने सीमारेखा की संवेदनशीलता को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता और सीमा से सटे क्षेत्रों में सत्यापन अभियान चलाने का अनुरोध भी किया। पुलिस अधीक्षक महराजगंज ने नेपाल प्रशासन से भारत की ओर से साझा की गई वांछित अपराधियों की सूची पर कार्रवाई का अनुरोध करते हुए सीमावर्ती तस्करी की रोकथाम हेतु संयुक्त गश्त (ज्वाइंट पेट्रोलिंग) की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में दोनों पक्षों ने परस्पर महत्वपूर्ण सूचनाओं के त्वरित आदान-प्रदान, सीमा क्षेत्र में समन्वित निगरानी तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने पर सहमति व्यक्त की। नेपाल के रूपनदेही के मुख्य जिला अधिकारी ने बैठक में सहभागिता के लिए भारतीय अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत बनाए रखने का आश्वासन दिया। बैठक में डीएफओ निरंजन सुर्वे राजेंद्र, 66वीं और 22वीं बटालियन के कमांडेंट, अपर जिलाधिकारी (वि/रा) डॉ. प्रशांत कुमार, उपजिलाधिकारी नौतनवा, उपजिलाधिकारी निचलौल एवं सीओ नौतनवा सहित दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सपाइयों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** समाजवादी पार्टी के तत्वावधान में सोमवार को जिला मुख्यालय पर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। जिसमें उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्राइमरी विद्यालयों को मर्ज करने व जिले में यूरिया खाद की काला बाजारी के खिलाफ बात कही है। सपाइयों ने कहा कि महराजगंज को खेती के मामले में पंजाब कहा जाता है। लेकिन किसान को दर दर भटकना पड़ रहा है। जिस पर तत्काल अंकुश लगाया जाए। साथ ही उन्होंने इस बात का भी जिक्र किया है कि जनपद में बहुत ज्यादा बिजली कटौती की जा रही है बिजली व्यस्था में सुधार करने की मांग की है।




जनपद में लगातार पीडीए समाज का उत्पीड़न हो रहा है। जिसे तत्काल रोकने की बात कही है। सोशल मीडिया पर राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजवादी पार्टी अखिलेश यादव पर अमर्यादित टिप्पणी की जा रही है मगर जनपद की पुलिस चुप बैठी है ऐसे लोगों को चिन्हित कर उन पर कठोर कार्रवाई किया जाए एवं बढ़ती महंगाई से आम जन का जीना मोहाल हो गया है । बेरोजगारी से नौजवान परेशान हाल हैं महंगाई पर रोक लगाया जाए एवं बेरोजगारों को रोजगार दिया जाए उन्होंने मांग किया इस दौरान अमरजीत साहनी, महात्म यादव, विजय कुमार यादव, बबलू सिंह,शमसुद्दीन सिद्दीकी, देवेंद्र प्रताप शाही,राधेश्याम मौर्य,डॉ कृष्णभान सिंह,रमेश सिंह यादव , कुंवर यज्ञ दत्त पासवान , भीम यादव,दीनबंधु उर्फ दीपू यादव, प्रणय गौतम , जितेंद्र यादव,सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## हर हर महादेव से गूंज उठा जनपद, मसौली में मंदिरों में श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

**मसौली बाराबंकी।(अवधनामा संवाददाता)** सावन महीने के पहले सोमवार को क्षेत्र के शिवालयों में हर-हर महादेव, जय ओम शिवकारा की गूंज सुनाई दी। सुबह से ही श्रद्धालुओं की मंदिरों में खासी भीड़ रही। वहीं शिव मंदिरों के साथ अन्य मंदिरों पर भी दिनभर भक्तों को तांता लगा रहा है। गौरतलब है कि सावन माह के पहले सोमवार के दिन शिवलिंगों का दूध, जल से अभिषेक किया गया। शिवलिंगों को पुष्प, बेल पत्र, आंक, धतूरे से सजाकर महाआरती की गई। इस दौरान मंदिरों में घंटी, घडियाल, शंख व झालर के बीच भोलेनाथ के उद्घोष से माहौल भक्तिमय बना रहा। क्षेत्र के ग्राम सिसवारा स्थित दिगंबरनाथ मंदिर, कस्बा मसौली बाजार शिव मंदिर, प्रेमश्वर महादेव मंदिर बड़ागांव सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्र मे स्थित शिव मंदिरो , शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। कई लोगों ने पंडितों की मौजूदगी में शिव महाभिषेक किया। कस्बा सफदरगंज स्थित निधेश्वर महादेव मंदिर पर महामृत्युंजय के जाप के साथ शिवभक्त अवधेश वर्मा, कमलाकांत गुप्ता, मयंक मिश्रा, अनिल कुमार राठौर, मोहित गुप्ता, संजय तिवारी, दिनेश वर्मा, रामप्रसाद ,सीताराम, चंदन राठौर, भानु प्रकाश वर्मा, गुल्लू, सोमनाथ राठौर, हरिराम जयसवाल, बिंद्रा प्रसाद मौर्य, तुषार कौशल, राजकुमार शुक्ला ने रुद्राभिषेक किया।

# मिनी स्टेडियम उद्घाटन : खेल का मैदान उपलब्ध होने से युवाओं के लिए सुनहरा अवसर : विधायक विनय वर्मा

- प्रतिभाओं को मिलेगा मंच ब्लाक प्रमुख सूर्यमती पाण्डेय
- इटवा में युवाओं को मिला प्रतिभा दिखाने का मौका

**एजाज़ सिद्दीक़ी**



**इटवा सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र इटवा के ब्लाक अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलहसा सिकरी में मिनी स्टेडियम व इटवा ब्लाक के बन्दुआरी में पार्क का भव्य उद्घटन हुआ। कुल मिलाकर, अब सिद्धार्थनगर में खेल सुविधाओं में सुधार के लिए छोटे लेकिन पूरी तरह से विकसित स्टेडियम बन चुके हैं और ग्रामीण बच्चों के लिए खेल-कूद के अवसर बेहतर हो रहे हैं। इस उद्घाटन में शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा व इटवा ब्लाक प्रमुख सूर्य मती पाण्डेय सहित पीडी नागेन्द्र मोहन बीडीओ अनिशि मणि पाण्डेय की गरीमायी उपस्थिति रही।

विधायक शोहरत गढ़ विनय वर्मा ने कहा कि इस पिछड़े क्षेत्र में खेल का मैदान उपलब्ध होने से युवाओं के लिए सुनहरा अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि पहले यहां के युवा अन्य शहरों में जाकर जिम और खेलों का अभ्यास करते थे, लेकिन अब उन्हें बाहर जाने की आवश्यकता नहीं होगी। यह नया स्टेडियम युवाओं को खेलों के प्रति जागरूक करेगा और स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देगा।

**प्रतिभाओं को मिलेगा मंच- ब्लाक प्रमुख :** ब्लाक प्रमुख सूर्यमती पाण्डेय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में अपार प्रतिभाएं छिपी होती हैं, लेकिन संसाधनों की कमी के कारण ये प्रतिभाएं दम तोड़ देती हैं। इस मिनी स्टेडियम के निर्माण से युवाओं को अपने कौशल को निखारने और प्रतिस्पर्धा के क्षेत्र में आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

ब्लाक प्रमुख ने गरीब व किसान बच्चों को खेल प्रशिक्षण देने की बात कही और आशा जताई कि इससे जिले व देश का नाम रोशन होगा।

**सुविधाओं के साथ निर्माण- बीडीओ इटवा :** खण्ड विकास अधिकारी अनिशि मणि पाण्डेय ने जानकारी दी कि मिनी स्टेडियम में ओपन जिम, चेंजिंग रूम, शौचालय, बाउंड्री और अन्य खेल सुविधाएं उपलब्ध हैं जिससे क्षेत्र के युवाओं को लाभ होगा। उद्घाटन समारोह में पीडी नागेन्द्र मोहन, सचिव विजय साहनी, शोभित पाण्डेय, एडीओ पंचायत बृजेश कुमार गुप्ता, एपीओ अमित कुमार, सुमित वास्तव, आज्ञा राम, प्रधान जैसराम सहित लोग मौजूद रहे।

## जलालपुर नगर पालिका क्षेत्र में अतिक्रमण पर चलेगा बुलडोजर

**दानिश मेहदी/ इब्ने अली जाफरी**

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** जलालपुर नगर में अतिक्रमण पर अब प्रशासन का बुलडोजर चलने जा रहा है। जलालपुर-अकबरपुर मार्ग और बसखारी मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा चिन्हित अतिक्रमण को हटाने के लिए 16 जुलाई की तारीख निर्धारित की गई है। इसके लिए संबंधित दुकानदारों और भवन स्वामियों को 15 जुलाई तक अपने निर्माण स्वेच्छा से हटाने का अंतिम अल्टीमेटम दिया गया है।

लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी नोटिस के अनुसार, सड़क के मध्य से तय मानकों के भीतर आने वाले 53 दुकानों और मकानों को खाली करने का निर्देश दिया गया है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि यदि तय समयसीमा में अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो प्रशासन बुलडोजर लगाकर जबरन हटाने की कार्रवाई करेगा। नगर के बसखारी मार्ग पर पक्के पुल के पास बने एक मकान को भी चिन्हित किया गया है।

# मंदिर प्रांगण में इंटरलॉकिंग सड़क का विधि विधान से हुआ लोकार्पण

- समाजसेवी हरेंद्र विक्रम सिंह ने अपने निजी खर्चे से बनवायी तीन मीटर चौड़ी इंटरलॉकिंग सड़क

**अवधनामा संवाददाता**



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** तहसील क्षेत्र के ऐतिहासिक सिद्ध पीठ वट वासनी महाकाली स्थान गालापुर में भगवान शिव का मंदिर का निर्माण हुआ और कुछ महीने पहले स्थापना भी हो चुकी है लोगों की भारी भीड़ हो रही है बरसात के मौसम में कीचड़ हो जाने के कारण लोगों को दिक्कतें हो रही थी जिसके चलते समाजसेवी हरेंद्र विक्रम सिंह उर्फ हरि सिंह ने अपने खर्चे से इंटरलॉकिंग सड़क बनवाया है जिसका उन्होंने आज विधि विधान से लोकार्पण किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सड़क बन जाने से लोगों को आवागमन में दिक्कत नहीं होगी। इस समय सावन का महीना चल रहा है जिससे भगवान भोलेनाथ को जल चढ़ाने के लिए और रुद्राभिषेक करने के लिए लोगों की भीड़ होगी इंटरलॉकिंग सड़क बन जाने से लोगों को काफी सुविधा होगी। इस बारे में हरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि उन्होंने अपने खर्चे से इंटरलॉकिंग सड़क बनवाने का निर्णय लिया ताकि किसी को दिक्कत न हो उन्होंने कहा कि महाकाली उनकी कुलदेवी है और उनके प्रांगण में भगवान शिव मंदिर का निर्माण हुआ है स्थापना भी हुआ है लोगों की भीड़ भी हो रही है बारिश के मौसम में कीचड़ होने से लोगों को दिक्कत हो रही थी जिस पर उन्होंने इंटरलॉकिंग करने का फैसला किया है। तीन मीटर चौड़ा इंटरलॉकिंग सड़क बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सड़क का कार्य पूरा करने के लिए दिन रात मजदूर लगाकर काम कराया गया और आज सावन महीने के पहले सोमवार को इसका लोकार्पण किया गया है। इस अवसर पर संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह , संजीव सिंह उर्फ बब्बू सिंह, अमरेश सिंह, राम धीरज प्रधान, राम मूरत यादव, पप्पू दुबे, राकेश चौधरी, परमात्मा प्रधान, विनोद मिश्रा, राकेश दुबे, चिंकू, निखिल पांडे, दुर्गेश पांडे, सुग्रीव विश्वकर्मा, मुन्नीलाल सहित व्यवस्थापक ठाकुर प्रसाद मिश्रा भी उपस्थित रहे।

## बच्चों ने निकाली स्कूल चलो अभियान व संचारी रोग दस्तक अभियान की रैली




**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** ब्लाक संसाधन केन्द्र शोहरतगढ़ क्षेत्र में खण्ड शिक्षा अधिकारी शोहरतगढ़ संजय कुमार के दिशा-निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय महथा व लेदवा माफी में सोमवार को स्कूल चलो अभियान,संचारी रोग नियंत्रण व दस्तक अभियान की रैली निकाली गई।

रैली पूरे गांव के गली गली भ्रमण के बाद रैली स्कूल वापस लौटी। रैली में शामिल बच्चों ने नारा लगाया पढ़ लो बिटिया पढ़ लो बहना,ये है जीवन का गहना। पढ़ी लिखी लड़की, रोशनी है घर की। सर्व शिक्षा अभियान अनूठा नहीं लगेगा, कही अंगूठा। बुखार में देरी, पड़ेगी भारी। हर रविवार मच्छर पर वार । चूहा, मच्छर और छुछंदर, आने न दो घर के अन्दर आदि नारों को लगाकर व जगह जगह गाँव में रुककर लोगों के साथ स्वच्छता को अपनाने, शिक्षा की मुख्यधारा से वंचित बच्चों का नामांकन विद्यालय में कराने का किया अनुरोध। रैली के दौरान प्रीति मिश्रा, नागेन्द्र कुमार, नीधि सिंह, क्षमा अग्निहोत्री, सरिता देवी, संजय, मोहन, सुनील गुप्ता व अभिभावक गण आदि लोग मौजूद रहें।

## सिंह स्टेशनरी में लगी आग बुझने का नहीं ले रही, बचाव कार्य जारी

**टाण्डा अम्बेडकरनगर।** नगर के मोहल्ला छज्जापुर स्थित एचडीएफसी बैंक के पास संचालित प्रसिद्ध स्टेशनरी गोदाम 'सिंह ट्रेडर्स' में रविवार सुबह लगभग 4 बजे अचानक आग लग गई, देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और गोदाम की तीनों मंजिलें आग की चपेट में आ गई।

आग की लपटें और धुएं का गुबार उठते देख स्थानीय लोगों में हड़कंप मच गया, सूचना पर टाण्डा, अकबरपुर, एनटीपीसी सीआईएसएफ समेत बस्ती, फैज़ाबाद और आज़मगढ़ से भी फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं, सिंह ट्रेडर्स का गोदाम अंडरग्राउंड समेत तीन मंजिला विशाल भवन में संचालित होता था जहां भारी मात्रा में कॉपी, किताब और स्टेशनरी का सामान भरा हुआ था, आग इतनी भीषण थी कि दमकल विभाग को आग बुझाने के लिए 300 से अधिक टैंकर पानी की मदद लेनी पड़ी।

## पुलिस द्वारा जानलेवा हमला करने के आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**



**गोंडा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर आनन्द कुमार राय के नेतृत्व में थाना को0 देहात पुलिस द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0स0-318/2025 धारा 109, 352, 351(3) बीएनएस से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त -01. गोलू तिवारी उर्फ हरी भूषण तिवारी को गोण्डा उत्तरौला मार्ग पर सोनी गुमटी ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया तथा अभियुक्त के निशादेही पर उसके घर से घटना में प्रयुक्त 01 अदद अवैध बंदूक बरामद किया गया।

वादी राजेश कुमार तिवारी पुत्र संतोष कुमार तिवारी निवासी ग्राम पिपरी सागर थाना को0देहात जनपद गोण्डा द्वारा थाना कोतवाली देहात को सूचना दिये कि वह जिला अस्पताल गोण्डा में खाना देकर वापस घर आ रहे थे तभी विपक्षीगण पुरानी रंजीश को लेकर जान मारने के नियत से फायर कर दिये व गाली गुप्ता देते हुए भद्दी भद्दी गालियाँ देते हुए जान मारने की धमकी देते हुए चले गये। लिखित तहरीर पर के आधार पर थाना कोतवाली देहात पर मु0अ0स0-318/2025 धारा 109, 352, 351(3) बीएनएस बनाम महेश्वरी तिवारी व गोलू तिवारी के अभियोग पंजीकृत किया गया। थाना को0 देहात पुलिस द्वारा विवेचना के दौरान दोषी पाये गये आरोपी अभियुक्त -01. गोलू तिवारी उर्फ हरी भूषण तिवारी को गोण्डा उत्तरौला मार्ग पर सोनी गुमटी ओवर ब्रिज के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।

## पूमाशिसं ने की शोक सभा और मृतकों को दी श्रद्धांजलि

**सिद्धार्थनगर।** पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ जिला मुख्यालय स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय परसा शाह आलम में एक शोक सभा आयोजित कर बाबा धामा से लौट रहे राजस्व निरीक्षक राम कारन गुप्ता, ग्राम विकास अधिकारी सुजीत जायसवाल, शिक्षक कैलाश मणि त्रिपाठी व मनोज सिंह के सड़क हादसे में हुई मौत पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए दो मिनट का मौन धारण कर मृतक आत्मा की शान्ति और परिजनों को इस अपार की दुख के सहन हेतु ईश्वर से शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

सभी वक्ताओं ने एक स्वर से मृतक शिक्षक कर्मचारियों के इस असामयिक मृत्यु पर शैक्षिक, सामाजिक और सांस्कृतिक की अपूर्णीय क्षति बताया। शोक सभा के दौरान जिला अध्यक्ष रमेश चन्द्र मिश्र, महामंत्री कलीमुल्लाह कोषाध्यक्ष मस्त राम चौधरी, राम सेवक, अब्दुल अज़ीज़, आरिफ उस्मानी, बालाजीत, संजय आनन्द, कुमार कमलेश्वर सिंह, राजेश यादव, रणंजय मिश्र आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## बसपा कार्यकर्ता हर बूथ 5 यूथ अभियान में मजबूती से करें काम : शमीम अहमद



**अवधनामा संवाददाता**

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री बहन कु मायावती जी के दिशा-निर्देश पर हर बूथ पर पांच यूथ अभियान शुरू किया गया है समस्त कार्यकर्ता अपने अपने बूथों पर अभियान चलायें मजबूत साथियों को पार्टी का सदस्य बनायें।

उक्त बातें बसपा नेता पूर्व जिला महासचिव शमीम अहमद ने डुमरियागंज विधानसभा क्षेत्र के भगगोभार में आयोजित चौपाल में ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में मंहगाई हत्या लोट आम बात हो गई है। कानून नाम की कोई चीज नहीं है उक्त दौरान बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिनेश चन्द्र गौतम ने कहा कि दलितों पिछड़ों और खास तौर अल्पसंख्यकों पर अत्याचार किए जा रहे हैं जिसका जीता जागता उदाहरण है।

बाराबंकी में बसपा जिलाध्यक्ष की बेटी को गोलियों से भून डाला गया मगर प्रदेश सरकार मौन है। कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर संगठन को मजबूत करने में लग जायें। विधानसभा प्रभारी इन्द्रजीत गौतम ने कहा कि बसपा सरकार में सब मिल कर सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय पर काम कर बहन कु मायावती को पांचवीं बार मुख्यमंत्री बनाने वाले हैं।

## 24 घंटे के भीतर बाइक चोरी का खुलासा चोरी की मोटर साईकिल बरामद

**अम्बेडकरनगर।** अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अहिरौली थाना पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, जहां पुलिस टीम ने मात्र 24 घंटे के भीतर बाइक चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर ली, घटना के संबंध में थाना अहिरौली पर मुकदमा अपराध संख्या 194/2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस 2023 दर्ज किया गया था, जिसके अनावरण हेतु गठित पुलिस टीम ने 14 जुलाई 2025 को मुखबिर की सूचना पर मिझौड़ा के पास चेकिंग के दौरान दो अभियुक्त अंकित वर्मा पुत्र फत्तेबहादुर वर्मा और कुलदीप यादव पुत्र स्व. राममूरत, दोनों निवासी ग्राम मरथुआ सरैंया थाना अहिरौली, जनपद अम्बेडकरनगर उम्र करीब 20 वर्ष को समय करीब 01¬25 बजे गिरफ्तार किया, पकड़े गए अभियुक्तों के पास से मुकदमे से संबंधित चोरी की एक हीरो डीलक्स मोटरसाइकिल बरामद की गई।

# चनरैया प्राथमिक विद्यालय पर हुआ वृक्षारोपण

- विद्यालय के कार्यों में सहयोग करने के लिए किया गया आग्रह

**अवधनामा संवाददाता**




**लोटन सिद्धार्थनगर।** उच्च प्राथमिक विद्यालय चनरैया मे अभिभावक व शिक्षक बैठक के दौरान विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के इंचार्ज प्रधानाध्यापक शैलेष कुमार ने सभी अभिभावकों का स्वागत करते हुए विद्यालय के कार्यों में सहयोग करने के लिए आग्रह किया।

नए छात्रों के नामांकन के लिए भी प्रेरित किया कि अपने आस पास के बच्चों का नामांकन सरकारी विद्यालय में करवाएं। साथ ही साथ पर्यावरण के प्रति जागरूक करते हुए सभी से उन्होंने आग्रह किया की कम से कम प्रति वर्ष एक पौधा अवश्य लगाएं तभी इस बढ़ते हुए गर्मियों से छुटकारा पाया जा सकता है। ह्यूमाना पीपुल टू पीपुल इंडिया से सिद्धार्थ त्रिवेदी ने भी अभिभावकों से चर्चा करते हुए कहा कि विद्यालय के महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में अभिभावकों की महत्वपूर्ण भूमिका है। विद्यालय के कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने में सभी से सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। वर्तमान समय की स्थिति को देखते हुए पर्यावरण के बारे में भी जागरूक किया।

पेड़ों के महत्व के बारे में चर्चा किया और कहा कि वर्तमान समय में होने वाली गर्मी और कम वर्षा को नियंत्रित करने के लिए अधिक से अधिक मात्रा में पौधों की रोपाई करने तथा उनका देख-भाल करने की आवश्यकता है।

कार्यक्रम के अंत में सभी अभिभवकों व छात्रों को एक-एक पौधा भी दिया गया जिसको सभी लोग अपने अपने घरों पर लगाये व उनका देखभाल करंगे। कार्यक्रम के दौरान राकेश सिंह, दिनेश कुमार व जनक नन्दनी पाठक, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद,शारदा देवी, शान्ति देवी, नागेंद्र मिश्र सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## छात्रवृत्ति परीक्षा हेतु मेधावी बच्चों को चिन्हित कर प्रमाणपत्र तैयार कराये

**लोटन सिद्धार्थनगर।** सरकारी स्कूलों मे कक्षा 8 मे अध्ययनरत कमजोर आय वर्ग के छात्र छात्राओं हेतु संचालित राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्र वृत्ति परीक्षा के आवेदन प्रारम्भ होने वाले है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेश कुमार ने पत्र जारी कर सभी खंड शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षकों को अभी से सारी तैयारी शुरू करने हेतु निर्देशित किया है जिससे लक्ष्य के सापेक्ष अधिक से अधिक आवेदन कराया जा सके।

उक्त परीक्षा के जनपद नोडल एवं राज्य पुरस्कृत शिक्षक दयाशंकर पाण्डेय ने बताया कि जल्दी ही आवेदन प्रारम्भ हो जायेगा इसलिए सभी शिक्षकों से अनुरोध है कि अपने विद्यालय के कक्षा 8 के मेधावी बच्चों को चिन्हित कर आय एवं जाति प्रमाण पत्र बनवाने के लिए अभिभावक संघ बैठक आयोजित कर अपने पाल्यों के प्रमाण पत्र बनवाने हेतु सबको प्रेरित करें एवं इस योजना से अवगत कराएं कि उक्त परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले बच्चों को कुल 48000 हजार रूपए मिलेंगे जिससे बच्चा आगे की पढ़ाई आसानी से कर सकता है।

# बस्ती में गूंजा नारा, शिक्षा अधिकार हमारा

- सर्व शिक्षा अभियान के तहत शत-प्रतिशत नामांकन के लिए निकली रैली

**अवधनामा संवाददाता**




**उस्का बाजार सिद्धार्थनगर।** सर्व शिक्षा अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय सेखुई से स्कूल चलो अभियान रैली निकाली गई। रैली को उपजिलाधिकारी सदर कल्याण सिंह मौर्य ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली गांधीनगर वार्ड के विभिन्न मार्गो व गलियों से होकर गुजरी। इसमें शत-प्रतिशत नामांकन के लिए हर घर में चिराग जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा, बच्चे मांगें प्यार दो, शिक्षा का अधिकार दो जैसे स्लोगन लिखी तख्तियां लिए बच्चे चल रहे थे। बच्चे नारे लगा रहे थे। पूरे बस्ती में गूंजा नारा, शिक्षा है अधिकार हमारा रैली वापस विद्यालय आकर समाप्त हुई।

उपस्थित अभिभावकों को संबोधित करते हुए एसडीएम ने कहा कि बच्चों की शिक्षा के प्रति अभिभावक गंभीर बनें और नामांकन कराकर नियमित विद्यालय भेजें। उन्होनें अभिभावकों से बच्चों के नामांकन या बीच में पढ़ाई छोड़ने के कारणों पर चर्चा किया। इसके पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी ओम प्रकाश मिश्र ने विभाग की ओर दी जा रही सुविधाओं जैसे डीबीटी के माध्यम से 12 सौ रुपये उपलब्ध कराना, बच्चों को एमडीएम, निःशुल्क पुस्तकें, विद्यालय में पुस्तकालय एवं खेलने की सुविधा के साथ-साथ स्मार्ट युक्त सुविधाओं के विषय बताया।

इस अवसर पर सभासद प्रतिनिधि अभिषेक त्रिपाठी सहित कासिम, रूपेश सिंह, अभय श्रीवास्तव, इंद्रजीत जायसवाल, अवनींद्र बहादुर सिंह, दिनेश मिश्रा, सुभाष जायसवाल, गुलाब चंद, अभिषेक मिश्रा, बालजीत, बालगोविंद पटेल, संतोष, वेद, प्रतिभा, सीमा, माहेजबी, राजेश आदि उपस्थित रहे।

### जन्म प्रमाणपत्र बनने में मिलेगी सहूलियत

अभिभावकों व शिक्षकों की मांग पर उपजिलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्य ने जन्मप्रमाणपत्र बनवाने के दो गवाहों के शपथ पत्र की अनिवार्यता में छूट देने की घोषणा किया बशर्ते बच्चा विद्यालय में नामांकित हो और आवेदन पत्र के साथ प्रधानाध्यापक द्वारा जारी जन्मतिथि संलग्न हो।

## मेडिकल कालेज के ब्लड केंद्र में उच्च तकनीक से होगी जांच



**अवधनामा संवाददाता**

**टांडा अम्बेडकरनगर।** महामाया राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कॉलेज के रक्त केंद्र में आज उच्च तकनीकी केमीलूमिनेसेंस के द्वारा रक्तदाताओं की जांच शुरू किया गया। ये तकनीकी एलिसा जांच का उच्चीकृत स्वरूप है। सामान्य तौर पर रैपिड कार्ड से होने वाली जांचे जल्दी ही हुए संक्रमण को नहीं परख पाते, जबकि केमीलूमिनेसेंस तकनीकी इस तरह के संक्रमण को पता कर लेते हैं।

पहले ये जांच के लिए भूतल पर स्थापित पैथोलॉजी लैब द्वारा किया जा रहा था, जिसमें अधिक समय लगता था। अब रक्तकेंद्र में मशीन उपलब्ध हो जाने पर रक्तदाताओं की जांच 3 से 4 घंटे में पूरी हो जाएगी। इसका मुख्य फायदा डेंगू महामारी के समय मिलेगा, जब प्लेटलेट यूनिट को मरीज को जल्दी उपलब्ध कराना होता है। मशीन का शुभारंभ प्रधानाचार्य डॉ मुकेश यादव द्वारा किया गया साथ में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा अमित पटेल और प्रभारी डॉ मनोज कुमार गुप्ता उपस्थित रहे।

# शिक्षा समाज व देश की अनिवार्य आवश्यकता : जावेद

**अवधनामा संवाददाता**




**सिद्धार्थनगर।** शिक्षा, किसी भी व्यक्ति समाज और देश की अनिवार्य आवश्यकता है। देश के गांव गरीब के बच्चों को बेहतर माहौल में शिक्षा मिल सके, इसलिए क्षेत्र के समस्त विद्यालय को मूलभूत सुविधाओं आवश्यकताओं और भौतिक संसाधनों से सुसज्जित किया जा रहा है। क्षेत्रीय जनता को चाहिए कि अपने बच्चों का शत प्रतिशत परिषदीय विद्यालय में नामांकन कराएं, देश के नौनिहाल बच्चों का भविष्य बेहतर बनाएं।

उपरोक्त आशय का विचार नगर पंचायत कपिलवस्तु के अध्यक्ष प्रतिनिधि जावेद अहमद ने कंपोजिट विद्यालय सूर्यकुडिया में स्कूल चलो एवं विशेष नामांकन अभियान की रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली विद्यालय से होकर सूर्यकुडिया मदारीपुर, देवरिया होते हुए पुनः विद्यालय पर आकर सभा में तब्दील हो गई। खण्ड विकास अधिकारी विजय सिंह ने छात्र छात्राओं और अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा आप सब अपने बच्चों को शत प्रतिशत परिषदीय विद्यालयों में नामांकन कराएं, और नामांकन के बाद बच्चों को बराबर विद्यालय भेजें, तभी नामांकन और उनके गुणवत्तायुक्त शिक्षा की सार्थकता सिद्ध होगी।

खण्ड शिक्षा अधिकारी रामू प्रसाद ने कहां कि बच्चों का शत प्रतिशत नामांकन और नामांकन के बाद गुणवत्तायुक्त शिक्षा देना आप सब की नैतिक जिम्मेदारी है।परिषदीय विद्यालय में योग्य शिक्षक है। इसलिए अन्य किसी विद्यालय के बहकावे में न आएं, और अपने बच्चों का परिषदीय विद्यालय में नामांकन अवश्य कराएं।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने कहा कि शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग और विकास विभाग के समेकित सहयोग से ही शत प्रतिशत नामांकन संभव है। उन्होंने सभी से सहयोग का आह्वान किया। कार्यक्रम के अन्त में मुख्य अतिथि जावेद अहमद ने सड़क सुरक्षा से संबंधित चित्र कला, भाषण क्विज प्रतियोगित में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को प्रमाण पत्र, तथा नव प्रवेश बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित किया। कार्यक्रम के दौरान पूर्व माध्यमिक विद्यालय बर्डपुर की बालिकाओं द्वारा सरस्वती बंदना एवं स्वागत गीत तथा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर सबका दिल जीत लिया और कार्यक्रम का सफल संचालन शमशुल हक़ ने किया, कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से ब्लॉक समन्वयक गुणवत्ता आशीष कुमार सिंह, प्राथमिक शिक्षक संघ बर्डपुर के अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार मिश्र, अब्दुल अज़ीज़, सुशील कुमार, सिंह, विजय चौधरी, राम प्रकाश, अभिषेक यादव, बलवंत चौधरी, केशव मणि मिश्र, सेराज अहमद, आराधना चौधरी, सरिता गौतम, सुनीता, रेनू यादव आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## पहले सोमवार को निकाली गई विशाल कावड़ यात्रा



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** सावन मास के पहले सोमवार को संस्कार मित्र मंडली बांसी की तरफ से सुरसा हनुमान मंदिर से विशाल कावड़ यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भक्ति का माहौल रहा चारों तरफ हर हर महादेव गूंजता रहा।

नगर में कावड़ यात्रा सुरसा मंदिर से भगवान शिव की प्रतिमा झांकी के साथ रानी मोहभक्त लक्ष्मी स्नान घाट पर पहुंची जहां से पवित्र जल कलश में भरने के बाद सभी श्रद्धालु बांसी कस्बे के सभी मंदिरों और शिवालयों पर जाकर जलाभिषेक किया। डीजे और बैंड बाजा के साथ सभी भक्त नाचते गाते हर मंदिर पर पहुंचे और जलाभिषेक करने के बाद मन्नतें मांगी। कोतवाली तिराहे पर कावड़ यात्रा का विशाल स्वागत किया गया जहां श्रद्धालुओं में मिठाई पानी फल आदि का वितरण किया गया। कावड़ यात्रा में अरविंद गुप्ता, सूरज अग्रहरी, गोविंद गुप्ता, गोलू चौधरी, आकाश, त्रिभुवन सैनी, धर्मेंद्र कुमार, विशाल सोनी, विपुल लवकुश, रवि सैनी, सुनील श्रीवास्तव, अंगद वर्मा, प्रमोद कुमार हिन्दू सहित काफी संख्या में शिवभक्त शामिल हुए।

## नितीश की मुशकिलें

बिहार को लालू राज में बाहर निकाल कर नितीश ने लालू के तथा कथित जंगल राज का खात्मा कर दिया। लालू के राज में लोग टेऊने अपने घर के सामने चेन खीच कर रोक लेते थे। जंगलराज के समय के भ्रष्टाचार में फंसा लालू का पूरा परिवार भ्रष्टाचार के मुकदमें झेल रहे है। अब अपने पुत्र को सीएम बनवाने के जुगाड़ में है। यह सच है नितीश ने लालू का जंगल राज समाप्त कर दिया। नितीश पर किसी प्रकार के अत्याचार या भ्रष्टाचार का अभी तक कोई आरोप नहीं लगा है। लालू अपने जंगल राज के समय कहा करते थे। बिहार में विकास की कोई जरूरत नहीं है।

अब बिहार के एक पाश कालोनी में व्यापारी गोपाल खेमका का राजधानी में हत्या की गई उससे सरकार के क्राइम कन्ट्रोल पर उगंलियां उठ रही है। फ़िलहाल चुनावी फ़ायदे के लिये कोशिशे शुरू हो गई है। डीएम और एसपी के आवास के सामने हत्या बता रहा है अपराधी बे खौफहो गये है। संगठित अपराध फ़िर सर उठा रहा है। तीन दिन पहले ही सीवान में तीन लोगों की सरेआम हत्या कर दी गयी। पिछले महीने 10 साल के रेप विक्टिम की मौत ने सरकार को बैकफुट पर ला दिया है। बिहार में हो रहे अपराध नितीश की मुशकिलें बढ़ा रही है। आरजेडी के बिना या उसके साथ पहुचे तो क्राइम कन्ट्रोल के वादा पर लोगों को विश्वास था। नितीश क्राइम पर कन्ट्रोल लगा सकते है। बिहार सरकार अपने समर्थन में नेशनल क्राइम रिपोर्ट का ब्यौरा दिखाती है। जिसके हिसाब से अपराध के मामले में कई राज्य बिहार से भी ऊपर है। जेडीयू ने इस साल मई के आखीर में बताया था। एनसीआरबी के मारफ़त बताया था कि देश में अपराध की दर 422.2 प्रति लाख है। जबकि बिहार में 277.1 प्रति लाख है।

यह तो सभी को मालुम है आंकडे पूरी सच्चाई नही बयां करते है। जरूरत के मुताबिक इसमें सपोर्ट प्राप्त करने के लिये जोड़तोड़ किये जाते है। प्रायः विभाग अपनी जरूरतें बताते है तब उसी के अनुसार आंकड़े तैयार किये जाते है। इसका एक अलग विभाग है जो सरकार की जरूरतों के मुताबिक आंकड़े तैयार करते है। इस पर जनता पूरी तरह विश्वास नही करती है। बिहार में बढ़ते अपराध विपक्ष को हमला करने का मौका दे रहे है। आरजेडी और कांग्रेस आरजेडी सरकार को घेरने में लगे है। आगमी चुनाव तक यह मुद्दा नितीश का पीछा नहीं छोड़ने वाले है। आकड़ों से अलग उनको बिहार के लोगो का विश्वास जीतना होगा। उन्हें लोगो को विश्वास दिलाना होगा कि के उनके शासन में बिहार ज्यादा सुरक्षित रहेगा।

बिहार का मसला भाजपा के लिये भी महत्वपूर्ण है क्योकि अगले साल आम चुनाव होना है। बिहार भाजपा और नितीश की मिली जुली सरकार है। अभी वहां की सरकार ने जातीय सर्वे कराया है जिसे लेकर कई तरह की सवाल उठ रहे है। बिहार में भाजपा कमजोर दिखी तो यह भाजपा के हित में नहीं होगा। अभी महाराष्ट्र का मसला चल ही रहा है। जिससे भाजपा चिन्तित है। अन्य प्रदेश भी इसका फ़ायदा उठा कर भाजपा को बदनाम करने उसे निरंकुश साबित करने में लगे हुये है। हालाकि विपक्ष बिखरा हुआ है पर ऐसे मुद्दो में एक हो जाते है अपना वर्चस्व साबित करने में लगे रहते है।

## पब्लिक को बुड़बक मानता है क्या चुनाव आयोग?

**योगेंद्र यादव**

वही हुआ जिसका अंदेशा था। दिल्ली से एक तुगलकी फरमान जारी हो गया। जब फरमान बिहार की ज़मीन पर पंहुचा तो रायता फ़ैल गया। उसे समेटा तो जा नहीं सकता, इसलिए अब रायता ढँकने की कोशिश हो रही है। सुबह अखबार में चुनाव आयोग का विज्ञापन छपता है। शाम को चुनाव आयोग उसका खंडन करता है। बिहार के कोने कोने से आ रही खबर तकलीफदेह हैं। इसलिए जमीनी स्थिति को ठीक करने की बजाय चुनाव आयोग खबर देने वालों की खबर ले रहा है। अविश्वसनीय आंकड़े उछाल रहा है। वो संस्था जो 20 साल पहले तक देश की सबसे भरोसेमंद संस्था मानी जाती थी, वो आज चुटकुला बन गई है। इसलिए जरूरी है चुनाव आयोग में विराजमान त्रिमूर्ति से कुछ सीधे और सख्त सवाल पूछने की।

जब नए मुख्य चुनाव आयुक्त ने पद ग्रहण किया तो घोषणा की गई थी कि चुनाव आयोग राय मशवरा करने में यकीन करता है। गाजे बाजे के साथ बताया गया था कि चुनाव आयोग ने दो महीने में पार्टियों के साथ 4000 से ज़्यादा बैठकें की हैं। क्या आपने इनमे से किसी भी बैठक में यह इशारा भी किया कि आप पूरे देश की वोटर लिस्ट का विशेष गहन पुनरीक्षण करने जा रहे हैं? क्या आपको इतना बड़ा फ़ैसला लेने से पहले देश की और ख़ास तौर पर बिहार की पार्टियों से राय-मशवरा नहीं करना चाहिए था?

वर्ष 2003 के बाद से चुनाव आयोग ने गहन पुनरीक्षण यानी वोटर लिस्ट को नए सिरे से बनाने की प्रक्रिया रोक दी थी। आपके पास उस फैसले को बदलने का क्या कारण है? गहन पुनरीक्षण के लिए अपने जितने भी कारण गिनाए हैं (शहरीकरण, आप्रवास, डुप्लीकेट वोट आदि) उनका समाधान वर्तमान वोटर लिस्ट में विशेष और गहन संशोधन से क्यों नहीं हो सकता? उसके लिए पुरानी लिस्ट को खारिज कर नई लिस्ट बनाने की क्या जरूरत है? क्या चुनाव आयोग ने यह फैसला लेने से पहले इसके नफा-नुकसान का मूल्यांकन किया था? चुनाव आयोग ने अपने ही भीतर राय मशवरा किया था? क्या वो फाइल सार्वजनिक की जा सकती है? आपने 2003 की वोटर लिस्ट को पुनरीक्षण का आधार बनाया है। बाद वाली लिस्टों की तरह वो लिस्ट भी पुरानी लिस्ट के संशोधन से ही बनी थी। तब भी वोटर से कोई प्रमाणपत्र नहीं मांगा गया था। तो आख़िर 2003 को प्रमाणिक मानने और बाद वाली लिस्टों को ख़ारिज करने का क्या आधार है? क्या चुनाव आयोग मानता है कि 2003 के बाद जितने चुनाव हुए वो दोषपूर्ण वोटर लिस्ट से हुए थे? जिन वोटर के का नाम 2003 की लिस्ट में नहीं था, उनसे आपने 11 दस्तावेजों में से कोई एक मांगा है? क्या चुनाव आयोग को भरोसा है की हर भारतीय नागरिक के पास इनमे से कोई ना कोई दस्तावेज जरूर होगा? क्या चुनाव आयोग ने यह जांचा कि यह 11 दस्तावेज बिहार में कितने प्रतिशत लोगों के पास हैं? अगर पता किया था तो चुनाव आयोग यह आंकड़ा सार्वजनिक क्यों नहीं करता? या फिर चुनाव आयोग उन लोगों को जवाब क्यों नहीं देता जिन्होंने आधिकारिक आँकड़े देकर साबित किया है कि ऐसे दस्तावेज बिहार में आधे लोगों के पास भी नहीं है?

आधार, राशन कार्ड और मनरेगा जॉब कार्ड जैसे दस्तावेज जो साधारण लोगों के पास होते हैं, उन्हें चुनाव आयोग क्यों नहीं स्वीकार करता? जो 11 दस्तावेज मान्य हैं उनमें और इन दस्तावेजों में क्या फ़रक है? जब आधार कार्ड दिखाने पर मिलने वाला आवास प्रमाणपत्र मान्य है तो आधार कार्ड क्यों नहीं? चुनाव आयोग ख़ुद अपना जारी किया फ़ोटो पहचान पत्र क्यों नहीं मानता? आपने इस आदेश को सबसे पहले बिहार पर लागू क्यों किया, और वो भी चुनाव से सिर्फ 4 महीना पहले? क्या चुनाव आयोग ने दिसंबर के महीने में बिहार की वोटर लिस्ट के संशोधन का काम पूरा नहीं कर लिया था? क्या उस वोटर लिस्ट के बारे में किसी भी पार्टी की तरफ़ से कोई बड़ी धांधली की शिकायत आई थी? क्या महाराष्ट्र की तरह बिहार में वोटरों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई थी? क्या किसी भी पार्टी या संगठन ने बिहार चुनाव से पहले लिस्ट को ख़ारिज करने की माँग की थी? इतने बड़े आदेश को सिर्फ़ 12 घंटे के नोटिस पर क्यों लागू किया गया? आपने यह कैसे मान लिया की आप शाम को दिल्ली से आदेश जारी करेंगे और अगले दिन सुबह बिहार के 97,000 बूथ पर फॉर्म का वितरण शुरू हो जाएगा?

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**पिछले एक दशक में, नीति आयोग एक थिंक टैंक से एक सुधारवादी साधन और कार्यान्वयन भागीदार के रूप में विकसित हुआ है, जो आँकड़ों, सहयोग और मानव-केंद्रित डिज़ाइन द्वारा समर्थित साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है। इसने नीति-निर्माण को एक शीर्ष-स्तरीय प्रक्रिया से राज्यों, निजी क्षेत्र, वैश्विक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के साथ सह-निर्माण की गतिशील प्रक्रिया में बदल दिया है। इसकी ताकत केवल योजना बनाने में ही नहीं, बल्कि संज्ञान लेने और उन अवधारणाओं को अमली जामा पहनाने में भी निहित है।**

# नीति आयोग की मानव पूँजी से संबंधित क्रांति


राव इंद्रजीत सिंह

भारत जैसे विशाल और वैविध्यपूर्ण देश में प्रगति का वास्तविक पैमाना केवल जीडीपी के आँकड़ों या बुनियादी ढाँचे की उपलब्धियों में नहीं, बल्कि इस बात में निहित है कि वह देश अपनी जनता का कितने बेहतर ढंग से पोषण करता है। मानव पूँजी–हमारी शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य और उत्पादकता– केवल एक आर्थिक संपत्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक अनिवार्यता भी है। पिछले दस वर्षों में, भारत के प्रमुख नीतिगत थिंक टैंक- नीति आयोग के नेतृत्व में एक शांत लेकिन प्रभावशाली क्रांति ने आकार लिया है, जिसने देश द्वारा अपने सबसे महत्वपूर्ण संसाधन, यानी अपने नागरिकों, में निवेश करने के तरीके को नए आकार में ढाला है।

एक ऐसे देश में जहाँ 65 प्रतिशत से ज़्यादा आबादी 35 साल से कम उम्र वाले लोगों की है, तो वह जनसांख्यिकीय लाभांश बेहद दुर्लभ अवसर प्रस्तुत करता है। लेकिन इस युवा आबादी का विशाल आकार अपने साथ एक बड़ी ज़िम्मेदारी भी लेकर आता है। प्रमुख चुनौती इस युवा ऊर्जा को आर्थिक विकास और राष्ट्रीय विकास की शक्ति में रूपांतरित करना है। यहीं पर नीति आयोग एक दूरदर्शी उत्प्रेरक के रूप में उभरा है - जो न केवल आज की प्रगति, बल्कि भविष्य की समृद्धि का भी रोडमैप तैयार कर रहा है। पिछले एक दशक में, नीति आयोग एक थिंक टैंक से एक सुधारवादी साधन और कार्यान्वयन भागीदार के रूप में विकसित हुआ है, जो आँकड़ों, सहयोग और मानव-केंद्रित डिज़ाइन द्वारा समर्थित साहसिक विचारों के लिए जाना जाता है। इसने नीति-निर्माण को एक शीर्ष-स्तरीय प्रक्रिया से राज्यों, निजी क्षेत्र, वैश्विक संस्थानों और सामाजिक संगठनों के साथ सह-निर्माण की गतिशील प्रक्रिया में बदल दिया है। इसकी ताकत केवल योजना बनाने में ही नहीं, बल्कि संज्ञान लेने और उन अवधारणाओं को अमली जामा पहनाने में भी निहित है।

इसके मार्गदर्शन में मानव पूँजी की आधारशिला-शिक्षा की पूर्णतया नए सिरे से परिकल्पना की गई है। नीति आयोग ने इस बात को स्वीकार करते हुए कि केवल पहुँच ही पर्याप्त नहीं होती, गुणवत्ता और न्यायसंगतता पर ज़ोर दिया। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, जहाँ नीति आयोग की महत्वपूर्ण भूमिका रही, ने –रटंत शिक्षा से आलोचनात्मक चिंतन, लचीलेपन और व्यावसायिक एकीकरण का रुख करते हुए एक नए युग का सूत्रपात किया। इसने प्रारंभिक बाल्यावस्था शिक्षा, मातृभाषा में शिक्षण और विषयों के बीच निर्बाध परिवर्तन पर ज़ोर दिया। इसने देश भर में मौजूद 10,000 से अधिक अटल टिंकरिंग लैब्स में नवाचार को समाहित करते हुए अटल नवाचार मिशन जैसी पहलों के माध्यम से जवाबदेही और कल्पनाशीलता दोनों को सुनिश्चित किया। भारत के युवाओं को 21वीं सदी के लिए कुशल बनाना इसके मिशन का एक और आधार रहा है। कौशल भारत मिशन को समर्थन देने से लेकर आकांक्षी जिला कार्यक्रम के माध्यम से वंचित जिलों के महत्वपूर्ण भाग तक व्यावसायिक कार्यक्रमों की पहुँच सुनिश्चित करने तक, नीति आयोग ने कक्षा और करियर के बीच की खाई को पाटने में मदद की है। कौशल भारत मिशन के तहत, 1.5 करोड़ से ज़्यादा युवाओं को तकनीक, उद्योग संबंधों और माँग-आधारित पाठ्यक्रमों के सम्मिश्रण वाली पहलों के माध्यम से प्रशिक्षित किया गया है। इसने महज प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए ही प्रशिक्षण नहीं दिया–अपितु इसने क्षेत्रीय ज़रूरतों का आकलन किया और भारत के ग्रामीण और शहरी दोनों ही तरह के युवाओं के लिए वास्तविक आर्थिक संभावनाओं के द्वार खोलने वाले कार्यक्रम तैयार किए।




इसके साथ ही साथ, इसने गतिशील, समावेशी श्रम बाज़ार का समर्थन किया। इसने 44 केंद्रीय श्रम कानूनों को–मजदूरी, सामाजिक सुरक्षा, औद्योगिक संबंध और व्यावसायिक सुरक्षा से संबंधित चार सरलीकृत संहिताओं में युक्तिसंगत बनाने में सहायता प्रदान की। इन सुधारों ने नियोक्ता के लचीलेपन को श्रमिक सुरक्षा के साथ संतुलित किया, जिससे विशेष रूप से अनौपचारिक क्षेत्र के श्रमिकों को लाभ हुआ, जो भारत के कार्यबल का बहुसंख्यक हिस्सा हैं। अनुपालन को सरल बनाकर और औपचारिकता को प्रोत्साहित करके कार्यस्थल केवल अधिक उत्पादक ही नहीं, बल्कि अधिक मानवीय भी बना।

अक्सर लागत के रूप में देखी जाने वाली स्वास्थ्य सेवा को निवेश के रूप में नए सिरे से परिभाषित किया गया। नीति आयोग ने प्रतिक्रियात्मक उपचार से अग्रसक्रिय स्वास्थ्य का रुख किए जाने को मूर्त रूप प्रदान करने में मदद की। नीति आयोग द्वारा समर्थित और निरीक्षित प्रमुख आयुष्मान भारत योजना ने 50 करोड़ से अधिक भारतीयों को स्वास्थ्य बीमा प्रदान किया, जबकि 1.5 लाख से अधिक स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों ने प्राथमिक देखभाल को जमीनी स्तर तक पहुँचाया। कार्यक्रमों ने पोषण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य और गैर-संचारी रोगों को लक्षित किया–जिनका उद्देश्य केवल बीमारों का उपचार करना ही नहीं, बल्कि लोगों को स्वस्थ रखना भी था। कोविड-19 महामारी ने भारत की स्वास्थ्य प्रणाली की मजबूती की अभूतपूर्व परीक्षा ली। नीति आयोग ने संकट की इस घड़ी का बड़ी दृढ़ता और विश्वास से सामना करते हुए स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर के साथ मिलकर संक्रमण के पैटर्न का मॉडल तैयार किया, न्यायसंगत चिकित्सा संसाधनों का आवंटन सुनिश्चित किया और टेलीमेडिसिन के लिए ई-संजीवनी जैसे प्लेटफॉर्म शुरू किए। महामारी के बाद के इसके विजन ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधन संवर्गों और आधुनिक डिजिटल स्वास्थ्य बुनियादी ढाँचे पर ज़ोर देते हुए केवल रिकवरी पर ही पहीं, बल्कि तत्परता पर भी ज़ोर दिया। इन क्षेत्रों से परे, नीति आयोग उद्यमिता और नवाचार के लिए प्रकाश स्तंभ रहा है। स्टार्ट-अप इंडिया, स्टैंड-अप इंडिया और अटल इनोवेशन मिशन जैसे कार्यक्रमों ने विचारों के फलने-फूलने के लिए उपजाऊ इकोसिस्टम तैयार किया है। महत्वपूर्ण चरणों में नीतिगत समर्थन, इनक्यूबेशन और मार्गदर्शन मिलने की वजह से फिनटेक, एडटेक, एग्रोटेक, हेल्थटेक और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में हजारों स्टार्ट-अप आज फल-फूल रहे हैं। ये व्यवसाय मात्र ही नहीं हैं; बल्कि ये रोजगार सृजनकर्ता और समस्या का समाधान करने वाले भी हैं, जो एक सुदृढ़ और आत्मनिर्भर भारत में योगदान दे रहे हैं। लेकिन संभवतः इसकी सबसे बड़ी उपलब्धि इसके द्वारा साक्ष्य-आधारित नीति-निर्माण की संस्कृति को संस्थागत रूप दिया जाना रही है। इसने विशाल आँकड़ों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रीयल-टाइम डैशबोर्ड और कठोर निगरानी ढाँचों का लाभ उठाकर नीतियों का अनुकूल, जवाबदेह और ज़मीनी हक़ीक़तों के अनुरूप बना रहना सुनिश्चित किया है। चाहे भारत का पहला एसडीजी सूचकांक जारी करना हो, कार्य निष्पादन के मानकों पर राज्यों को मार्गदर्शन देना हो, या नीति निर्माण के लिए व्यवहारिक अंतर्दृष्टि का उपयोग करना हो, नीति आयोग ने वैज्ञानिक चिंतन को शासन के केंद्र में ला दिया है।

# ईएलआईः अधिकारों और गरिमा से लैस श्रमशक्ति का निर्माण

**औपचारिकीकरण केवल वेतन-भुगतान से संबंधित अनुपालनों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह नियोक्ता-कर्मचारी के बीच के संबंधों की प्रकृति को भी मौलिक रूप से बदल देता है। सुरक्षा और सम्मान पाने वाले कर्मचारी अधिक योगदान देते हैं, लंबे समय तक टिके रहते हैं और भरोसे का निर्माण करते हैं। यह कर्मचारियों के लिए पेंशन, चिकित्सा संबंधी लाभ, भविष्य निधि से जुड़ी बचत और जरूरत पड़ने पर कानूनी सहायता की सुलभता सुनिश्चित करता है।**


हिरण्मय पंड्या

भारत सरकार द्वारा हाल ही में स्वीकृत की गई बहुप्रतीक्षित रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन (ईएलआई) योजना देश की श्रमशक्ति के लिए एक स्वागत योग्य राहत है। एक मजदूर संगठन (ट्रेड यूनियन) के तौर पर, हम इसे एक ऐसे दीर्घकालिक मांग के रूप में देखते हैं जोकि आखिरकार साकार हो रही है। यह एक ऐसी सक्रिय नीति है जो रोजगार सृजन, कौशल विकास और औपचारिकीकरण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। हम इस अनूठी पहल की शुरुआत करने के लिए सरकार की सराहना करते हैं। इससे 3.5 करोड़ से अधिक श्रमिकों को लाभ मिलने की उम्मीद है। इन श्रमिकों में 1.9 करोड़ से अधिक पहली बार काम करने वाले श्रमिक भी शामिल हैं। भारतीय मजदूर संघ (बीएमएस) इस योजना को राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में श्रमिकों को प्राथमिकता देने की सरकार के इरादे की पुष्टि के रूप में देखता है।

ईएलआई योजना एक ऐसे व्यापक रोजगार सहायता ढांचे का हिस्सा है, जो पिछले वर्ष शुरू की गई सरकार की इंटर्नशिप एवं कौशल विकास योजनाओं जैसी मौजूदा पहलों का पूरक है। कुल मिलाकर इन कार्यक्रमों का उद्देश्य विशेष रूप से नौकरी की सुलभता और सामाजिक सुरक्षा कवरेज के मामले में ऐतिहासिक रूप से पिछड़े श्रेणी 2 और श्रेणी 3 वाले शहरों के युवाओं के लिए रोजगार क्षमता को बेहतर बनाना, औपचारिक रोजगार की राह तैयार करना तथा श्रम सुरक्षा को मजबूत करना है।

कर्मचारियों के खातों में सीधे योगदान देकर, यह योजना नियोक्ताओं के लिए औपचारिकीकरण की लागत को कम करती है और युवाओं व पहली बार काम करने वाले कर्मियों को औपचारिक श्रमशक्ति का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित करती है। इससे पेंशन, स्वास्थ्य सेवा और अन्य महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा लाभों की सुलभता सुनिश्चित होती है। इसके अलावा, मैन्यूफैक्चरिंग क्षेत्र और सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को अतिरिक्त सहायता प्रदान करके, यह योजना रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के साथ-साथ सभी इलाकों और समुदायों में समान आर्थिक विकास को बढ़ावा देने का वादा भी करती है। यह योजना न केवल श्रमिकों के लिए एक नया अवसर पेश करती है, बल्कि सम्मानजनक, स्थिर और समावेशी रोजगार की दिशा में एक सार्थक बदलाव को भी दर्शाती है।



**श्रमशक्ति में प्रवेश और औद्योगिक संबंधों को ठोस बनाना :** ईएलआई योजना का सबसे सराहनीय पहलू यह है कि यह औपचारिक रोजगार और वित्तीय साक्षरता से जुड़े 15,000 रुपये तक के प्रत्यक्ष प्रोत्साहन के जरिए नौकरियों में प्रवेश करने वाले नए लोगों को सशक्त बनाने पर केन्द्रित है। कई लोगों के लिए, यह अनौपचारिक से हटकर अधिकार-आधारित व गरिमापूर्ण रोजगार की दिशा में बढ़ते हुए अनुबंधों, सामाजिक सुरक्षा और कार्यस्थल पर सुरक्षा से लैस कामकाज के व्यवस्थित माहौल से उनका पहला परिचय है। बीएमएस लंबे समय से श्रमिकों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने वाले ऐसे बदलावों की हिमायत करता रहा है।

औपचारिकीकरण केवल वेतन-भुगतान से संबंधित अनुपालनों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि यह नियोक्ता-कर्मचारी के बीच के संबंधों की प्रकृति को भी मौलिक रूप से बदल देता है। सुरक्षा और सम्मान पाने वाले कर्मचारी अधिक योगदान देते हैं, लंबे समय तक टिके रहते हैं और भरोसे का निर्माण करते हैं। यह कर्मचारियों के लिए पेंशन, चिकित्सा संबंधी लाभ, भविष्य निधि से जुड़ी बचत और जरूरत पड़ने पर कानूनी सहायता की सुलभता सुनिश्चित करता है। यह योजना ट्रेड यूनियन के साथ सार्थक जुड़ाव, संस्थागत शिकायत निवारण और कार्यस्थल से जुड़े विवादों में कमी लाने की गुंजाइश बनाती है। इस दृष्टि से, ईएलआई योजना का आशय केवल रोजगार सृजन से ही नहींहै, बल्कि पारस्परिक सम्मान एवं साझा विकास पर आधारित एक अपेक्षाकृत अधिक न्यायसंगत एवं सहभागी कामकाज की दुनिया को आकार देने से भी है।

**कौशल निर्माण, गतिशीलता और सतत रोजगार :** ईएलआई योजना की एक प्रमुख विशेषता यह है कि यह भारत के कौशल एवं रोज़गार के व्यापक ढांचे के अनुरूप ढली हुई है। इससे ऐसा रोजगार सुनिश्चित होता है जो टिकाऊ और सशक्त दोनों हो। वित्तीय साक्षरता, अप्रेन्टिसशिप कार्यक्रमों, आईटीआई सुधारों और भर्ती से जुड़े कौशल (प्लेसमेंट लिंक्ड स्किलिंग) को जोड़कर, यह योजना कौशल हासिल करने से लेकर गरिमापूर्ण काम पाने तक का एक स्पष्ट मार्ग प्रशस्त करती है। इसका ध्यान केवल नौकरी में प्रवेश तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आगे बढ़ने और करियर में प्रगति पर भी केन्द्रित है। इससे युवा श्रमिकों को औपचारिक श्रम बाजारों के साथ जुड़े रहने में मदद मिलती है। खासकर, महामारी के बाद की अनिश्चितताओं और तेजी से बदलते तकनीकी बदलावों की पृष्ठभूमि में। इससे दीर्घकालिक रोज़गार और विकास सुनिश्चित होता है।

**राष्ट्रीय प्रगति की साझा जिम्मेदारी :** ईएलआई योजना सही साधन प्रदान करती है, लेकिन इसकी सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि यूनियन, राज्य और अन्य संगठनों जैसे सभी हितधारक इसके साथ किस प्रकार जुड़ते हैं। यह योजना ट्रेड यूनियनों को नए औपचारिक श्रमिकों के साथ जुड़ाव बढ़ाने का अवसर प्रदान करती है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि वे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हों और अपने कार्यस्थलों को आकार देने में सार्थक रूप से भाग ले सकें। रोजगार सृजन के साथ-साथ कार्यस्थल पर मजबूत लोकतंत्र, बेहतर श्रम-प्रबंधन संवाद और समस्याओं के समाधान में सहयोगात्मक रवैये को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

भविष्य में, ईएलआई योजना भारत के विकास से जुड़े दृष्टिकोण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। जैसे-जैसे हम विकसित भारत@2047 के सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, हमारा लक्ष्य विकास या औद्योगिक विस्तार से परे जाकर एक कुशल, संरक्षित, प्रेरित तथा अर्थव्यवस्था में औपचारिक रूप से समन्वित श्रमशक्ति का निर्माण करना होना चाहिए। ईएलआई योजना इसी दृष्टिकोण के अनुरूप है और यह एक ऐसे भविष्य की नींव रखती है जहां युवा सशक्त और औद्योगिक संबंध सहयोगात्मक हों। बीएमएस इस दूरदर्शी कदम की सराहना करता है और श्रमिकों एवं राष्ट्र की बेहतरी के लिए इसके प्रति अपना रचनात्मक समर्थन व्यक्त करता है।

# बालीवुड के प्राण सिल्वर स्क्रीन की जान

**साठ के दशक में मनोज कुमार की फिल्मों का भी अभिन्न हिस्सा रहे प्राण के उपकार (1967) में मलंग चाचा के किरदार को कौन भूल सकता है जिस पर कसमें वादे प्यार वफा सब बातें हैं बातों का क्या गीत फिल्माया गया था। वहीं उस दौर को याद करें को जेहन में 1965 आता है जब शहीद , पूरब और पश्चिम, बेईमान सन्यासी और पत्थर के सनम जैसी मनोज कुमार की कई सुपरहिट फिल्मों में प्राण ने काम किया और ज़िंदगी में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा।**


हर्षवर्धन पान्डे

सिल्वर स्क्रीन पर प्राण ने अपनी ऐसी छाप छोड़ी जिसकी यादों से अपने को बाहर निकाल पाना किसी के लिए आसान नहीं होगा क्योंकि सिनेमा के रंग मे अपने जीवंत अभिनय से प्राण ने नई जान फूँक दी थी शायद तभी उस दौर मे यह जुमला कहा जाता था प्राण फिल्मों की सच में जान थे। मौजूदा दौर में भारतीय फिल्में जहां प्रेमी, प्रेमिका और प्यार के त्रिकोण पर बनी हों लेकिन आजादी के दौर को अगर आज याद करें तो उस समय ना केवल अच्छी कहानियाँ देखने को मिलती थी वरन डायलॉग्स भी ऐसे आते थे जिसकी रील को जेहन से उतार पाना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन सा हो जाता था। यही नहीं उस दौर का मधुर, कर्णप्रिय संगीत आज भी संगीतप्रेमियों के तार को झंकृत कर देता है 7 बीते दौर में नायक और नायिका से ज्यादा नाम अगर फिल्म में किसी का हुआ करता था तो वह खलनायक ही हुआ करता था और प्राण कई दशक तक सिल्वर स्क्रीन पर इसका झण्डा उठाते हुए लोगों के दिलों में राज करते थे। पर्दे पर प्राण की एंट्री जहां दर्शकों में एक अलग तरह का क्रेज पैदा कर देती थी वहीं फिल्म में काम करने वालों के प्राण के सामने पसीने छूटने लग जाते थे। प्राण ने हर किरदार को इस कदर जिया कि उनके अभिनय से उस फिल्म मे चार चाँद लग जाया करते थे।

पुरानी दिल्ली के बल्लीमारन में 12 फरवरी 1920 को जन्मे प्राण के अभिनय कॅरियर की शुरुआत 1942 में दलसुख पंचोली की फिल्म खानदान से हुई । उन्होंने 40 के दशक में ही यमला जट ,खजांची , कैसे कहूं और खामोश निगाहें जैसी फिल्मों में काम किया। यही वह दौर भी था जब प्राण अपने को लीड रोल में ढाल भी रहे थे और अपने अभिनय से शोहरत की बुलंदियों पर पहुँचने के सपने भी देख रहे थे। उन्होंने 1945- 46 में लाहौर में तकरीबन 20 फिल्मों में उन्होंने काम किया लेकिन 1947 में विभाजन के कारण उनका कॅरियर ठहर सा गया। इसके बाद उन्होंने 1948 में देव आनंद और कामिनी कौशल की जिद्दी के साथ बॉलीवुड में अपने कॅरियर की शुरुआत की। जिद्दी उनके जीवन का टर्निंग पॉइंट साबित हुई। जिद्दी की जिद्द ने शेर खान के रूप में सिनेमा को ऐसा कलाकार दिया जिसे आने वाली पीढ़ियाँ शायद ही कभी भुला पाएँ। पचास से अस्सी के दशक तक प्राण एकलौते ऐसे कलाकार रहे जो सिल्वर स्क्रीन पर एकछत्र राज करते नजर आते थे। देवदास, मधुमती, जिस देश मे गंगा बहती है, हाफ टिकट, कश्मीर की कली, राम और श्याम इन जैसी फिल्म प्राण की सफलता में चार चाँद लगा देती हैं और खास बात यह रही कि इन फिल्मों मे प्राण को नायक नायिका सरीखी रकम निर्देशको ने दी। दिलीप कुमार, देव आनंद और राज कपूर की पचास और साठ के दशक की फिल्मों में प्राण खलनायक के रूप में नजर आने लगे। दिलीप कुमार की आजाद प्राण ने अपने मधुमति,देवदास ,दिल दिया दर्द लिया या देव आनंद की जिद्दी, मुनीमजी और जब प्यार किया से होता है और राज कपूर की आह जिस देश में गंगा बहती है और दिल ही तो है में उनके अभिनय को काफी सराहा गया।



साठ के दशक में मनोज कुमार की फिल्मों का भी अभिन्न हिस्सा रहे प्राण के उपकार (1967) में मलंग चाचा के किरदार को कौन भूल सकता है जिस पर कसमें वादे प्यार वफा सब बातें हैं बातों का क्या गीत फिल्माया गया था। वहीं उस दौर को याद करें को जेहन में 1965 आता है जब शहीद , पूरब और पश्चिम, बेईमान सन्यासी और पत्थर के सनम जैसी मनोज कुमार की कई सुपरहिट फिल्मों में प्राण ने काम किया और ज़िंदगी में कभी पीछे मुड़कर नहीं देखा। सत्तर के दशक की जंजीर मे प्राण की भूमिका को कौन भूल सकता है। उस दौर मे यारी है ईमान मेरा यार मेरी ज़िंदगी के गाने ने खूब धूम मचाई और अमिताभ के साथ प्राण को कामयाबी के शिखर पर पहुंचा दिया था। इसी दौर मे प्राण के चर्चे देश से इतर विदेश तक में होने लगे जहां उनके नाम से लोग सिनेमा देखने कतार लगा दिया करते थे। प्राण के पहले वाले दौर मे हिन्दी सिनेमा की खलनायकी में केएन सिंह का जलवा था जो महफिल लूट लिया करते थे। प्राण को समझने के लिए हमें उस दौर के सिनेमा के सच को भी समझना होगा जब सिल्वर स्क्रीन पर नायक से ज्यादा खलनायक पॉपुलर हो रहा था । तब खलनायक फिल्म का अनिवार्य हिस्सा होता था। उसके बिना कहानी पूरी ही नहीं हो सकती थी। हीरो की तरह उस पर नैतिकता का दबाव नहीं होता। अमूमन पहले वे अपने लिए एक छवि गढ़ते हैं फिर वही छवि उनके लिए कारगर साबित होती है जिसको ताउम्र वे तोड़ नहीं पाते।

वहीं अपने प्राण इसके अपवाद थे। उन्होंने तकरीबन साढ़े चार सौ फिल्मों में काम किया लेकिन एक फिल्म की छवि को दूसरे में दोहराया नहीं। उनकी खासियत यह थी कि वे अपनी हर फिल्म में एक अलग संसार बसाते दिखते थे। चाहे वह हलाकू या कश्मीर की कली राम और श्याम कश्मीर की कली पत्थर के सनम सावन की घटा ही क्यों न हो। मनोज कुमार की फिल्म उपकार उनके फिल्मी कॅरियर का टर्निंग प्वाइंट साबित हुई। लोगों के जेहन में आज भी उस फिल्म का बैसाखियों पर झूलता तल्ख बातें करता मलंग चाचा दिखता है जिसने मन्ना डे के गाए गीत कसमें वादे प्यार महफूज वफा सब बातें है बातों की क्या को अपने जीवंत अभिनय से यादगार बना दिया। इसके बाद तो उन्होंने कई फिल्मों में चरित्र को ऐसे जिया जिसमें बहुत सी फिल्में यादगार बन गयी । बेईमान जंजीर विक्टोरिया नम्बर 203 विश्वनाथ ऐसी ही फिल्में हैं। अपने कॅरियर के अंतिम दौर में उन्होंने सिर्फ चरित्र भूमिकाएं ही अदा की।

प्राण की अदायगी की विशेषता यह थी कि वे पात्रों को अपने भीतर आत्मा के स्तर तक उतार लेते थे। लोगों ने उन्हें खलनायक और चरित्र अभिनेता दोनों ही रूप में बेइंतहा दुलार दिया। उनकी सफल फिल्मों की फेहरिस्त बहुत लंबी है। एक दौर ऐसा भी था जब प्राण को फिल्म के हीरो से अधिक पैसा मिलने लगा था। सत्तर के दशक में प्राण ने खलनायक की बजाय अधिक चरित्र भूमिकाएं कीं। तीन बार बेस्ट स्पोर्टिंग एक्टर का फिल्मफेयर, 1997 मे लाइफ टाइम एचिवमेंट पुरस्कार से उन्हें नवाजा गया वहीं 2000 में स्टारडस्ट ने उन्हें विलन ऑफ द मिलेनियम चुना और वर्ष 2001 में भारत सरकार ने उन्हें पद्मभूषण सम्मान मिला।

# मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना से लाभान्वित हो रहे प्रदेश के युवा

समाचार फोटो नम्बर 07

**अवधनामा संवाददाता**

आजमगढ़। प्रदेश के शिक्षित बेरोजगार युवको की बेरोजगारी की समस्या दूर करने और प्रदेश के हुनरमंद व कर्मठ युवाओं को अपने पैरो पर खड़ा करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना की शुरूआत की है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य युवाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराना है। इस योजना के तहत सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को अपना उद्योग शुरू कर स्वरोजगार स्थापित करने के लिए 25 लाख रूपये तक एवं सेवा क्षेत्र हेतु 10 लाख रू0 तक ऋण बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। इसमें प्रदेश सरकार द्वारा 25 प्रतिशत मार्जिन मनी अनुदान लाभार्थी को उपलब्ध कराया जाता है. जो कि उद्योग क्षेत्र हेतु अधिकतम रू0 6.20 लाख तथा सेवा क्षेत्र हेतु रू0 2.50 लाख तक देय होता है। जो उद्यम के दो वर्ष तक सफल संचालन के उपरान्त अनुदान में परिवर्तित हो जाता है।

प्रदेश में बहुत से ऐसे युवा है जो शिक्षित और किसी न किसी ट्रेड में प्रशिक्षण प्राप्त करने के बावजूद आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण अपना खुद का कोई उद्योग, स्वरोजगार शुरू नहीं कर पाते। मुख्यमंत्री जी का ध्येय है कि राज्य के ऐसे युवा इस योजना के अन्तर्गत आवेदन करें और अपना रोजगार शुरू करें। इसके लिए सरकार उनकी आर्थिक सहायता करेगी। प्रदेश के युवाओं को मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत लाभान्वित कराते हुए उनको आत्मनिर्भर एवं सशक्त तथा आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने के लिए सरकार बड़ी तेजी से कार्य कर रही है।

दूसरे राज्यों में काम करने वाले उत्तर प्रदेश के अर्द्धकुशल, कुशल श्रमिक, कारीगर, शिक्षित युवा प्रदेश में वापस आयें है। इन श्रमिकों को स्थाई रोजगार देने के लिए प्रदेश सरकार ने बड़ी तत्परता से कार्य किया है। इसके तहत सरकार सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्योगों से जुड़ी कई योजनाओं को ऑनलाइन प्लेटफार्म पर लाया है। जहाँ से कोई भी पात्र व्यक्ति आवेदन कर सकता है। प्रदेश सरकार बेरोजगार युवाओं को खुद का उद्योग स्थापित करने के लिए मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना को बढावा दे रही है। इस योजना के अन्तर्गत लाभ लेने के लिए वह जरूरी है कि लाभार्थी उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो और बेरोजगार हो।

आवेदनकर्ता की आयु 18 से 40 वर्ष के बीच की होनी चाहिए। और वह किसी बैंक का डिफाल्टर न हो। लाभार्थी को कम से कम हाईस्कूल पास होना जरूरी है तथा इस योजना के अन्तर्गत लाभ लेने के पहले से इस तरह की किसी अन्य योजना का लाभ न उठा रहा हो।

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजनान्तर्गत आवेदनकर्ता को आनलॉइन आवेदन करना होता है। आवेदनकर्ता के पास जन्मतिथि सम्बन्धी हाईस्कूल प्रमाण पत्र, आधारकार्ड, वोटर, आई0डी0 कार्ड, उ0प्र0 का स्थाई निवासी होने का प्रमाणपत्र, शैक्षिक योग्यता प्रमाणपत्र, उद्योग स्थापित करने के लिए भूमि/भवन का विवरण अभिलेख, मशीनरी उपकरण, साज-सज्जा हेतु वर्तमान दरों के कोटेशन, जाति प्रमाण पत्र, यदि उद्यमिता विकास प्रशिक्षण

# अवैध कब्जे को तालाब के खाते में दर्ज करने का दिया आदेश

**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उपजिलाधिकारी सोराम प्रयागराज द्वारा उमरिया बादल उर्फ गैंडा मौजे की 7 बीघा 4 बिस्वा तालाब को गलत तरीके से कब्जा करके खतौनी में नाम दर्ज़ करायी गयी जमीन को पुनः तालाब के खाते में दर्ज किये जाने का आदेश दिया गया है।ज्ञात हो कि मौजा उमरिया बादल उर्फ गैंडा में 7 बीघा 4 विस्वा तालाब की भूमि को माता प्रसाद पांडेय पुत्र ओंकार नाथ पांडेय आदि ने गलत तरीके से अपने नाम करा लिया था। जिसके संबंध में देवेश पांडेय पुत्र ओम प्रकाश पांडेय ने 2022 में तत्कालीन जिलाधिकारी के यहां एक शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तत्कालीन अपर नगर मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता में एक जांच समिति गठित की गई। जांच के दौरान पाया गया कि उपरोक्त माता प्रसाद पाण्डेय जो चकबंदी विभाग में लिपिक पद पर कार्यरत थे, गांव सभा के तालाब की भूमि जो फसली सन 1333 व 1334 एवं खतौनी/खसरा फसली सन 1320 में तालाब के रूप में दर्ज थी, को फर्जी तरीके से 1359 फसली में अपने पिता ओंकार नाथ व रामप्रसाद के नाम चकबंदी के दौरान दर्ज कर लिया था और उसके रकबे में कमी करते हुए चकबंदी आकार पत्र 41 और 45 में भी अपने पिता ओंकार नाथ व रामप्रसाद का नाम बरकरार रखा। उक्त जांच रिपोर्ट के आधार पर तत्कालीन जिलाधिकारी ने तत्कालीन उप जिलाधिकारी सोरांव को उक्त भूमि को तालाब के खाते में दर्ज करने के लिए आदेशित किया किन्तु माता प्रसाद आदि द्वारा अपने प्रभाव का इस्तेमाल करते हुए उस जांच रिपोर्ट को दबा दिया गया। इसके उपरांत देवेश पांडेय ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में एक पीआईएल संख्या 423 / 2024 दाखिल की जिसमें उच्च न्यायालय ने वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध होने के कारण हस्तक्षेप न करने की इच्छा व्यक्त करते हुए आदेशित किया कि यदि याची उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 38 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी के यहाँ वाद प्रस्तुत करता है तो पक्षकारों को सुनकर यथाशीघ्र विधि के अनुसार निर्णय किया जाये। उच्च न्यायालय के आदेश पर याची ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता की धारा 38 के अंतर्गत उप जिलाधिकारी सोरांव के यहां वाद दाखिल किया।

# भावनी बांध का डीएम-एसपी ने किया निरीक्षण



**ललितपुर।** थाना बानपुर क्षेत्रान्तर्गत पानी के बहाव से कटाव हो जाने के कारण क्षतिग्रस्त हुए संपर्क मार्ग का भौतिक निरीक्षण कर सुरक्षा-व्यवस्था के दृष्टिगत सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश। सोमवार को जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने संयुक्त रूप से जनपद में लगातार होने वाले भारी वर्षा के दृष्टिगत थाना बार क्षेत्रान्तर्गत भावनी बांध का निरीक्षण किया गया तथा सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इसी क्रम में थाना बानपुर क्षेत्रान्तर्गत पानी के बहाव से कटाव हो जाने के कारण क्षतिग्रस्त हुए संपर्क मार्ग का भौतिक निरीक्षण किया कर मौके पर सुरक्षा बल तैनात कर निरन्तर निगरानी करने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

# समाधान की संभावना वाले मामलों का होगा निस्तारण



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, प्रयागराज संजीव कुमार के निर्देशानुसार 14 जुलाई को राष्ट्र हेतु विशेष मध्यस्थता अभियान के अंतर्गत अभियान को सफल बनाए जाने के लिए समस्त सिविल जज के साथ नोडल अधिकारी/ अपर जनपद न्यायाधीश, राष्ट्रीय लोक अदालत श्री रविकांत द्वितीय के विश्राम कक्ष में बैठक आयोजित की गई।

आज न्यायिक अधिकारियों के साथ और बैठक में नोडल अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय मध्यस्थता अभियान के तहत मध्यस्थता के माध्यम से न्यायालय में लंबित ऐसे प्रकरण जिसमें सुलह समझौता के आधार पर समाधान की संभावना अधिक हो तो ऐसे प्रकरणों को उक्त अभियान के अंतर्गत मध्यस्थता के माध्यम से सुलह समझौते के आधार पर निस्तारण कराया जाना है। जिससे वादकारियों को त्वरित न्याय मिल सकेगा व उनके धन व समय की भी बचत होगी। दिनेश कुमार गौतम सचिव जिला विधि सेवा प्राधिकरण प्रयागराज द्वारा बताया गया कि यह अभियान 30 सितंबर तक चलाया जाएगा एवं इस अभियान के अंतर्गत न्यायालय में लंबित वैवाहिक विवाद मामले, मोटर दुर्घटना दावे के मामले , घरेलू हिंसा के मामले, चेक बाउंस के मामले, वाणिज्यिक विवाद के मामले , लघु आपराधिक मामले, उपभोक्ता विभाग के मामले, ऋण वसूली के प्रकरण, संपत्ति के बंटवारे से संबंधित मामले, भूमि अधिग्रहण के मामले वह अन्य उपयुक्त दीवानी प्रकरणों को शामिल किया गया है।

# भारी बारिश के चलते जगह-जगह जल भराव

**अवधनामा संवाददाता**



- बांधों में निर्धारित से अधिक हुआ जल भराव, खुले गेट
- सिस्टम को कोसते नजर आये लोग, जलभराव से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**ललितपुर।** लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के चलते जिले में जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। भारी बारिश के कारण कई ग्रामीण अंचलों से सम्पर्क टूटने की खबरें प्रकाश में आती रहीं तो वहीं दूसरी ओर कई जगह अवैध कालौनियों के निर्माण से बदले गये प्राकृतिक नालों के स्वरूप के चलते करीब पांच से छह फुट तक पानी जमा होने की खबरें भी मिलीं। इसी बीच लोग सिर्फ सिस्टम को कोसते नजर आये तो वहीं नगर पालिका परिषद के सफाई कर्मियों की एक दिन की कामबंद हड़ताल का असर भी देखने को मिला, जब शहर में जगह-जगह कचरे के ढ़ेर एकत्र हो गये।

गौरतलब है कि जिले में 36 घंटे से हो रही बारिश ने लोगों के लिए परेशानी खड़ी कर दी है। गोविंद सागर बांध में पानी की आवक बढने पर 18 में से 17 गेट खोल दिए गए हैं और इन गेटों से अतिरिक्त पानी की निकासी की जा रही है, इससे शहर में कई जगहों पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। खास तौर पर कांशीराम आवासीय कॉलोनी गोविंद नगर के वाशिंदो की मुश्किलें बढ़ गई है। अब उन्हें घर में रखे सामान को सुरक्षित बचाने की चिंता सता रही है। पिछले कई दिनों से जिले में मानसून लगातार सक्रिय बना हुआ है। पिछले 36 घंटे से लगातार बारिश हो रही है। इस बारिश से नदी, नाले उफना गए हैं साथ ही जिले के अनेक बांध भी लबालब हो गए हैं। गोविंद सागर बांध के 18 में से 17 गेट खोलने पड़े हैं। सुबह पांच बजे से गोविंद सागर बांध से 17 गेटो से 11100 क्यूसेक डिस्चार्ज किया जा रहा है। इसके बाद भी बाद में पानी की आवक कम नहीं हो रही है। इससे पहले बीती रात में करीब 12.30 बजे बांध के 8 गेट खोलकर अतिरिक्त पानी की निकासी शुरू की गई थी लेकिन अतिरिक्त पानी में कमी नहीं आने पर गेटों की संख्या बढ़ाकर 17 कर दी गई, जो वर्तमान में खुले हुए हैं। इससे शहर में जगह-जगह जल भराव की सीधी उत्पन्न हो गई है। खासतौर पर गोविंद नगर स्थित काशीराम आवास की कॉलोनी में जल भराव की समस्या गहरा गई है। यहां जगह-जगह पानी पानी नजर आ रहा है। वही, इलाइट के पीछे नवजीवन कॉलोनी में भी जल भराव की समस्या देखी जा रही है। वार्ड नंबर 19 आजादपुरा में सोनी मिलन के पीछे, तुवन टीला के पीछे, शनि मंदिर के पीछे पानी ही पानी नजर रहा है। इधर जुगपुरा में मां अहिल्याबाई स्कूल के पीछे रहने वाले लोगों का हाल भी जल भराव के चलते काफी बुरा है, यहां जुगपुरा माता मंदिर से सिमट कर आने वाले पानी के चलते नालियां उफना गयी।

# पंचायत चुनाव को लेकर हिस्ट्रीशीटरों पर सतत निगरानी रखें : एसपी

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी व पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक ने थाना बानपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान थाना परिसर, कार्यालय आदि का निरीक्षण कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। थाना कार्यालय/महिला हेल्प डेस्क के रजिस्टरों को चेक कर व्यवस्थित रख-रखाव हेतु निर्देशित कर मुकदमों से संबंधित मालों का विधिक निस्तारण एवं सही रख-रखाव,शस्त्रों की नियमित साफ-सफाई रखने हेतु निर्देशित किया। थाने में लम्बित विवेचनाओं का गुण दोष के आधार पर विधिक निस्तारण करने व थाना क्षेत्र के वांछित अभियुक्तों/वारंटियों की गिरफ्तारी, अवैध शराब, मादक पदार्थो, पशु तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा थाने पर आने वाले शिकायतों का शत-प्रतिशत व समयबद्ध निस्तारण करने जाने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। माफियाओं को चिन्हित कर उनके विरूद्ध गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही व थाना स्तर पर टॉप-10 अपराधी व हिस्टीशीटरों की सतत निगरानी हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिये। महिला सम्बन्धी अपराधों को रोकने के लिये सूचना पर त्वरित रूप से संज्ञान लेकर तत्काल अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही कर उनका निस्तारण करें।

# प्रवर्तन की कार्यवाही में तेजी लाने के निर्देश

**अवधनामा संवाददाता**

- जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक सम्पन्न

**ललितपुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय खाद्य सुरक्षा सलाहकार समिति की बैठक एडीएम अंकुर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की शुरूआत में सहायक आयुक्त खाद्य-द्वितीय द्वारा विभागीय कार्यों को (वर्तमान वित्तीय वर्ष में) बताया गया। जिस पर एडीएम ने संतोष व्यक्त करते हुये निर्देशित किया कि प्रवर्तन कार्यवाही प्रशासनिक अधिकारी एवं पुलिस बल के साथ किया जाये तथा मिलावट के स्रोत पर कार्यवाही की जाये। दूध के उत्पादन का आकलन कर मिलावट के स्थानों को चिन्हित कर प्रवर्तन कार्यवाही की जाये। एडीएम ने डीआईओएस व बीएसए के अलावा समाज कल्याण अधिकारी के सहयोग से सभी आवासीय विद्यालयों को ईट राइट स्कूल के अन्तर्गत प्रमाणीकरण कराने के निर्देश दिये। उनके द्वारा कारागार के मेस, अस्पताल के कैन्टीन, पुलिस लाइन के कैन्टीन का भी ईट राइट कैम्पस के अन्तर्गत प्रमाणीकरण कराने का निर्देश दिया गया।

# प्रदेश अध्यक्ष पर एफआईआर को लेकर कांग्रेसियों में आक्रोश

**अवधनामा संवाददाता**



- मुकदमा वापस लेने की मांग

**ललितपुर।** जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष डा.दयाराम रजक एवं मुख्य अतिथि जिला प्रभारी कुं.मुकुट सिंह व बलवंत सिंह यादव के नेतृत्व में प्रदेश अध्यक्ष पर हुई एफआईआर को लेकर जिलाधिकारी को माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन भेजा। ज्ञात हो की उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय वाराणसी के पवित्र स्थल सनातन धर्म में काशी दर्शन करने गये गये थे वहां श्रद्धालु मूलभूत समस्याओं को लेकर संघर्ष करते नजर आए तो उन्होंने कहा कि संपूर्ण देश की आस्था का प्रतीक काशी में धार्मिक आस्थाओं का शहर है। जनता के लिए जहाँ मूलभूत समस्या के लिए जूझना पड़ रहा है और सुविधा का कोई इंतजाम नहीं है। भाजपा की डबल इंजन सरकार फर्जी विकास का ढिंढोरा पीठ रही है और सिर्फ लुभावाने लोका नारे तक सीमित है। इन्हे जनता की तकलीफों से कोई लेना-देना नहीं है। इन समस्याओं को लेकर सरकार का ध्यान आकर्षित कराया तो फर्जी मुकदमा दर्ज कर दिया गया। यह मुकदमा लोकतंत्र को कुचलने का काम किया है। इस फर्जी मुकदमा इस आलोक तांत्रिक करवाई का कांग्रेस विरोध करती है। महामहिम को जनता की परेशानियों की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है कि वाराणसी में जल भराव ध्वस्त सीवर पीड़ित दुकानदार जाम से परेशान जनता की समस्या के निराकरण हेतु सरकार का ध्यान पदयात्रा के माध्यम से आकृष्ट कराना है जनता की आवाज उठाने को लेकर सिगरा थाने में प्रदेश अध्यक्ष पर मुकदमा दर्ज कराया गया। इस संबंध में समस्त कांग्रेस जन आपसे मांग करते हैं कि तत्काल मुकदमा वापस कराया जाए और मूलभूत समस्याओं को दूर करने के लिए सरकार में हस्तक्षेप किया जाए कांग्रेसियों ने जोरदार नारे लगाते हुए मुकदमा वापस लेने की मांग की। ज्ञापन पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि जसपाल सिंह, नगराध्यक्ष रामनरेश दुबे, राकेश रजक, पूर्व प्रधान पं.शशिकांत दीक्षित, मोहनसिंह चंदेल, हरीबाबू शर्मा, पंकज हुण्डैत, संजीव चौरसिया, सीताराम राय, अजय प्रताप सिंह तोमर, नागेश रजक, दीपक रैकवार, बृजेश शांडिल, सुशील श्रीवास, सुरेंद्र सेन, रामसिंह यादव, इमरान, गजेंद्र सिंह बुंदेला, सुनील खजुरिया, कुलदीप पाठक, हरदेव सिंह, समरथ कुशवाहा, रफीक अली, जगभान कुशवाहा, सुनील कुशवाहा, पंचू कुशवाहा, बृजेश गुप्ता, मानवेंद्र सिंह, लाखन सिंह, रामगुलाम, देशराज, बृजेश, बृजभान सिंह, गोपी सहरिया आदि उपस्थित थे।

# भारी बारिश के कारण कच्चा मकान भर-भराकर गिरा

**अवधनामा संवाददाता**



**ललितपुर।** लगातार हो रही बारिश के कारण शहर भर में आम जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इस बारिश में कई स्थानों पर कच्चे मकान गिरने की भी सूचना प्राप्त हुयी है। ऐसा ही एक मामला नेहरू नगर से प्रकाश में आया है, जहां रहने वाले घनश्याम रैकवार पुत्र स्व.रामदीन ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र भेजा है। पत्र में पीड़ित ने घर गिर जाने की बात कही। पीड़ित ने शिकायती पत्र में बताया कि वह नेहरू नगर के मुख्य बाजार की गली नं. 3 में निवासरत है। वह अपनी पत्नी, बच्चों, भाई कमल रैकवार के साथ निवास करता है। 8 जुलाई की रात करीब 1 बजे अत्याधिक बारिश होने के कारण उसका कच्चा घर भर-भराकर गिर गया, जिससे घर में रखी गृहस्थी का सामान सब कुछ मलवे में दब गया और उसे भारी नुकसान पहुंचा है। पीड़ित ने बताया कि वह काफी गरीब है और किसी प्रकार मेहनत-मजदूरी कर अपना व परिवार का भरण पोषण करता है।

# कर अधिवक्ताओं ने मनाया ग्यारहवां स्थापना दिवस



**ललितपुर।** कर अधिवक्ता संघ उत्तर प्रदेश का ग्यारहवां स्थापना दिवस अधिवक्ताओं ने जिला परिषद स्थित आयकर कार्यालय भवन में एक समारोह में मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर अधिवक्ता संघ के वरिष्ठ अजय अलया ने करते हुए अधिवक्ताओं से हकों के लिए संगठित रहने को कहा। प्रान्तीय सचिव शैलेन्द्र जैन बीटू ने संगठन द्वारा अधिवक्ताओं के हित में किए जा रहे कार्यों से अवगत कराया। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। जिसमें प्रमुख रूप से दिककर शर्मा, नीलेश जैन, आत्माराम रिछारिया, मुकेश साहू, शशांक जैन, अंकित जैन, पवन राठौर, प्रहलाद सिंह, संजीव निरंजन, प्रदीप झा, राहुल साहु आबिद खान, ब्रजेश सैन, अर्पण जैन, विजय साहू अजय जैन आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री सत्येंद्र जैन द्वारा किया गया।

# पेड़ों के बिना जलवायु की कल्पना भी नहीं कर सकते: डां योगेन्द्र सिंह

**अवधनामा संवाददाता**




**संभल।** एमजीएम कॉलेज संभल में शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में पौधरोपण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। राष्टीय सेवा योजना के तत्वावधान में सम्पन्न कार्यक्रम में प्राचार्य प्रोफेसर डॉ योगेंद्र सिंह ने कहा कि पौधरोपण हमारे जीवन का आधार है। पेड़ों के बिना हम स्वच्छ हवा, पानी और एक स्थिर जलवायु की कल्पना भी नहीं कर सकते। मानव की बढ़ती जनसंख्या और शहरीकरण के कारण पेड़ों की कटाई तेज़ी से हुई है, जिससे पर्यावरण पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़े हैं। इसलिए, अधिक से अधिक पेड़ लगाना और उनकी देखभाल करना हम सभी की नैतिक और पर्यावरणीय जिम्मेदारी है ताकि हम अपने और आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित कर सकें। डा दुष्यंत मिश्रा ने कहा कि पेड़ ऑक्सीजन देते हैं, मिट्टी के कटाव और प्रदूषण को कम करते हैं, तापमान कम करते हैं और जलवायु परिवर्तन से लड़ने में मदद करते हैं। इसलिए, पेड़ लगाना दुनिया को पर्यावरण के अनुकूल बनाने के सर्वोत्तम तरीकों में से एक है। डा फहीम अहमद ने कहा कि वृक्षारोपण की स्थापना वायु की गुणवत्ता में सुधार करने में योगदान दे सकती है, जिससे आपके लिए सांस लेना आसान हो जाता है। वन हमारे देश के फेफड़ों की तरह काम करते हैं, ऑक्सीजन का उत्पादन करते हैं और हानिकारक गैसों को अवशोषित करते हैं। वृक्षारोपण के प्रयासों को बढ़ाने से ऑक्सीजन का स्तर बढ़ सकता है। इस कार्यक्रम में डा आनंद सिंह,डा नेमपाल सिंह,डा निलेश कुमार,डा रोहित अग्रवाल आदि का विशेष सहयोग रहा।

# बंगाली घाट में कांवड़ खंडित करने के आरोप के बाद पथराव, मचा बबाल

**मथुरा।** थाना कोतवाली क्षेत्र के बंगाली घाट में रविवार रात 11 बजे एक बगीची में जन्मदिन की पार्टी मना रहे युवकों का बगीची खाली करने को लेकर झगड़ा हो गया। बात इतनी बढ़ी कि देखते ही देखते युवकों ने पथराव शुरू कर दिया। इससे इलाके में अफरातफरी मच गई। कावड़ियों ने मुस्लिम युवकों पर कांवड़ खंडित करने का आरोप लगाया है। पुलिस के पहुंचने से पहले ही पथराव करने वाले फरार हो गए। हालांकि इस संबंध में थाने में किसी ओर से कोई प्रार्थना-पत्र नहीं दिया गया है। सीओ सिटी ने जांच शुरू करा दी है।

कोतवाली के बंगाली घाट चौकी क्षेत्र में मोहल्ले के ही अमित ठाकुर अपने कुछ दोस्तों के साथ बगीची में जन्मदिन की पार्टी मना रहे थे। पार्टी में कुछ मुस्लिम युवकों के भी शामिल होना बताया जा रहा है। रात 11 बजे कवाड़ियों का जत्था हरिद्वार से जल लेकर रंगेश्वर मंदिर के लिए पहुंच रहा था। कांवड़ियों ने बगीची में पहुंचकर युवकों से खाली करने को कह दिया। इससे विवाद होने लगा।

विवाद झगड़े में बदल गया। इसी दौरान कुछ युवकों ने पथराव कर दिया। इससे मोहल्ले में अफरातफरी मच गई। सूचना पर कोतवाल देवपाल सिंह पुंडीर मौके पर पहुंचे।

# सावन के पहले सोमवार पर शिव मंदिरों मे श्रद्धालुओं का उमड़ा सैलाब

- हर ओर ? नमः शिवाय की गूंज

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** भगवान शिव को समर्पित श्रावण मास के पहले सोमवार को यमुना तट पर स्थित श्री मनकामेश्वर महादेव मंदिर समेत शहर और गांवों के सभी शिवालयों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने संगम के साथ गंगा और यमुना में डुबकी लगाकर बाबा का जलाभिषेक किया। मनकामेश्वर मंदिर में भोर से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी रही। भक्तों ने विधि विधान से भगवान शिव का जलाभिषेक किया। बड़ी संख्या में भक्तों ने रुद्राभिषेक भी किया।

मंदिर से एक किलोमीटर दूर तक भक्तों की कतार लगी रही। यहां पर सुरक्षा व्यवस्था की दृष्टि से व्यापक बंदोबस्त रहा। सिपाही और महिला पुलिस की तैनाती रही। इसी तरह हनुमत निकेतन स्थित शिव मंदिर, सोमेश्वर महादेव, पड़िला महादेव, कोटेश्वर महादेव, सुजावन देव आदि मंदिरों में भक्तों ने भगवान शिव का पूजन किया। दशाश्वमेध घाट से बड़ी संख्या में कांवड़िये गंगा जल लेकर काशी विश्वनाथ धाम के लिए रवाना हुए।भगवान शंकर के अनेक रूपों के धाम प्रयागराज में श्रद्धा और जोश के साथ सावन के पहले सोमवार को भक्तों का शिव मंदिरों में जमावड़ा देखने को मिल रहा है।

इस मौके पर प्रयागराज के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओ की भारी भीड़ देखी जा रही है। श्रद्धालु जलाभिषेक और रुद्राभिषेक कर रहे है। शहर के ऐतिहासिक मनकामेश्वर महादेव और सोमेश्वर धाम मंदिर में आस्था का जनसैलाब देखने को मिल रहा है। भगवान शिव की आराधना के महीने सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में शिवलिंग का दर्शन-पूजन अत्यंत पुण्यकारी माना जाता है। देवाधिदेव महादेव ऐसे साधकों की हर कामना पूरी करते हैं उन्हें शारीरिक एवं मानसिक कष्टों से छुटकारा मिलता है। यही कारण है कि शास्त्रों में सावन के सोमवार पर व्रत एवं शिव पूजन को विशेष महत्व दिया गया है।

सोमेश्वर धाम मंदिर में भक्तों का ताता सुबह से ही देखने को मिल रहा है और लोग अपने मन की मुराद भी पूरी करने की कामना लेकर आते है।दूर दूर से श्रद्धालु भगवान शिव की पूजा अर्चना करने के लिए लाइन में लगे हुए हैं। कानपुर से आए श्रद्धालु अमित मिश्रा और प्रयागराज के रहने वाले देवेश मौर्य ने बताया कि वह पिछले 25 सालों से लगातार सोमेश्वर नाथ महादेव मंदिर में आते हैं। सोमेश्वर नाथ मंदिर का जिक्र पौराणिक काल में किया गया हैं। मान्यता है कि इस मंदिर में दर्शन करने से श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी हो जाती है।

गौरतलब है कि सावन महीने की शुरुआत 11 जुलाई से हो गई है लेकिन सावन का पहला सोमवार बेहद खास माना जाता है। ऐसे में प्रयागराज के सोमेश्वर धाम मंदिर में आज सुबह 5 बजे से भक्तों की भारी भीड़ देखी जा रही है।

# ई-रिक्शा और बाइक की टक्कर में 8 वर्षीय छात्रा की मौत, दो घायल

**आजमगढ़।** महराजगंज कस्बे के राजेसुल्तानपुर रोड पर रविवार दोपहर करीब 11:30 बजे एक ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने टक्कर में 8 वर्षीय छात्रा आयशा हुमैरा की मौत हो गई, जबकि बाइक सवार गोरखनाथ यादव (55) और 5 वर्षीय बालक अंशू गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, पुराना चौक स्थित एक मदरसे से छुट्टी के बाद ई-रिक्शा बच्चों को उनके घर छोड़ने जा रहा था। सैयद स्थान के पास पहुंचते ही सामने से आ रही बाइक से उसकी टक्कर हो गई। टक्कर में बाइक चालक गोरखनाथ यादव, पुत्र रामनरेश यादव, बुरी तरह घायल हो गए। ई-रिक्शा चालक ने भागने की कोशिश में वाहन पर नियंत्रण खो दिया, जिससे रिक्शा सड़क किनारे नाली की पटिया की ओर चला गया। वहां बैठे विष्णू नगर वार्ड निवासी 5 वर्षीय अंशू रिक्शे की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गया। इस दौरान ई-रिक्शा में सवार कक्षा तीन की छात्रा आयशा हुमैरा, पुत्री साजिद सिद्दीकी, झटके के कारण पास के विद्युत पोल से टकरा गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर रिक्शे में फंसे बच्चों को निकाला और घायलों को नजदीकी चिकित्सक के पास ले गए। वहां आयशा को मृत घोषित कर दिया गया।

# कन्नौज पुलिस ने तीन गांजा तस्करों को गिरफ्तार किया

■ पुलिस व एसओजी/सर्विलांस की सयुक्त टीम ने बरामद किया लाखों रुपयों का अबैध गांजा




अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार द्वारा वांछित अपराधी एवं रोकथाम अवैध तस्करी मादक पदार्थ के विरूद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम मे, अपर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी नगर अभिषेक प्रताप अजेय के कुशल नेतृत्व में एवं थाना कोतवाली कन्नौज पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस की सयुक्त टीम ने तीन गांजा तस्करों के पास से भारी मात्रा में गांजा बरामद करते हुये तीन लोगों को हिरासत में लेकर कार्रवाई की गई है।

बीते दिन प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने निरीक्षक शैलेन्द्र सिंह, उपनिरीक्षक मो0 तौकीर, एसओजी प्रभारी कमल भाटी, हेड कांस्टेवल मनोज कुमार, सुधीर कुमार, ब्रजेश यादव, रवींद्र कुमार, अजय सिंह, कांस्टेवल विकास अग्रहरि, यगन चौधरी, मुख्य आरक्षी दुष्यंत कुमार, गौरव कुमार के साथ मुखबिर की सूचना पर मानपुर ठठिया रोड पर हाइवे के पुल के करीब 300 मीटर ठठिया रोड से विपिन पुत्र अजयपाल सिंह यादव निवासी ग्राम प्रतापपुर सुरसी थाना ठठिया, शोभित उर्फकल्लू कटियार पुत्र सुभाषचन्द्र कटियार निवासी ग्राम मानपुर के कब्जे से कुल 35 किलो 830 ग्राम गांजा नाजायज बरामद हुआ। उधर प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप सिंह ने उपनिरीक्षक राधे कृष्ण पाण्डेय, सुभाष चन्द्र यादव, कांस्टेवल विवेक सौखण्डा, विनीत चौधरी के साथ गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर शेखपुरा से चौधरी सराय जाने वाले रोड पर टावर के पास से अमरजीत पुत्र स्व0 रामबाबू निवासी मोहल्ला सराय बहादुर के पास से कुल 06 किलो 183 ग्राम गांजा बरामद करते हुये गिरफ्तार किया। जिसके सम्बन्ध मे थाना कोतवाली कन्नौज पर मुकदमें पंजीकृत किये गये। गिरफ्तार अभियुक्तगणों को न्यायालय के समक्ष भेजा गया है।

# सावन माह के दृष्टिगत एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया

■ गौरी शंकर मंदिर एवं बाजार का भ्रमण कर दिशा निर्देश दिये



अवधनामा संवाददाता

**कन्नौज।** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन में सावन मास के दृष्टिगत जनपद के विभिन्न महत्वपूर्ण मंदिरों एवं पूजा स्थलों पर व्यापक सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। उन्होनें दल बल के साथ सावन माह के प्रथम सोमवार को लेकर गौरी शंकर मंदिर एवं बाजार का भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। सोमवार को पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने गौरी शंकर मंदिर एवं बाजार का भ्रमण कर स्थिति का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मंदिर प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों से बातचीत कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो इसके निर्देश दिए। उन्होनें ने सीओ सदर अभिषेक प्रताप अजेय, प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र प्रताप को निर्देशित किया कि मंदिरों के आसपास विशेष सतर्कता बरती जाए। पार्किंग व्यवस्था सुचारू रूप से कराई जाए और किसी भी अव्यवस्था की स्थिति में तुरंत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बाजार क्षेत्र में घूमते हुए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती बढ़ाने के निर्देश देते हुये कहा कि सावन माह में श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार गश्त और निगरानी की जाएगी। निरीक्षण के दौरान तमाम पुलिस बल मौजूद रहा।

## नसबंदी के बाद भी ठहरा महिला को गर्भ

**मथुरा।** थाना बलदेव में चिकित्सक की लापरवाही से महिला और नवजात की मौत का मामला सामने आया है, एससी एसटी एक्ट में न्यायालय के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है । जादोपुर बलदेव निवासी रामबीर द्वारा कोर्ट में शिकायत दर्ज कर न्याय की गुहार लगाई थी जिसमें उनकी पत्नी शैलेश देवी का 2021 में सीएचसी दाऊजी बलदेव में नसबंदी का ऑपरेशन किया गया। डॉक्टरों की लापरवाही के कारण ऑपरेशन असफल हो गया और शैलेश 2024 में फिर से गर्भवती हो गई 23 जनवरी 2025 को प्रसव पीड़ा के दौरान शैलेश को सीएचसी बलदेव में भर्ती कराया गया, सामान्य प्रसव के दौरान पुत्र को जन्म दिया गया उचित देखभाल ना मिलने के कारण नवजात शिशु ने दम तोड़ दिया, इसके बाद शैलेश की भी स्थिति बिगड़ने लगी और वह भी चल बसी। 3 फरवरी को स्वास्थ सचिव के दौरे के समय शिकायत की गई, लेकिन वहां भी कोई सुनवाई नहीं हुई अब न्यायालय के आदेश पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर विजेंद्र सिंह, डॉक्टर ललित, डॉक्टर पूनम, डॉक्टर जशोदा, सहित अन्य स्टाफ पर एचसीएसटी एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

# प्रदेश सरकार की नई शिक्षा नीति के निर्णय के खिलाफ ज्ञापन दिया

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** अखिल भारतीय समता फाऊंडेशन एवं महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति मथुरा उत्तर प्रदेश के संयुक्त तत्वाधान में चौधरी गुलाब सिंह के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति के अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय विलय के निर्णय के खिलाफ एवं वापस लिए जाने की मांग को लेकर पांच सूत्रीय खुला मांग पत्र 1. प्राथमिक विद्यालय के विलय का निर्णय तत्काल वापस हो, 2.प्राथमिक शिक्षा का निजीकरण तत्काल बंद हो 3.अनुच्छेद 21 ए को पूर्ण रूप से लागू किया जाए 4.राइट टू एजुकेशन आरटीई 2009 के प्रावधानों का ईमानदारी से पालन हो/लागू किया जाए 5. निजी शिक्षण एवं शैक्षणिक संस्थाओं का सरकारी कारण लागू हो, के हाथों में राज्य सरकार विरोधी पट्टिका लेकर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम नरेंद्र यादव एसडीएम अतिरिक्त प्रभार को सौंपा। इस मौके पर महात्मा ज्योतिबा फूले विकास समिति के अध्यक्ष रमेश सैनी एवं शिक्षक नेता नरेश सर ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार द्वारा विद्यालय के कदम को, शिक्षा के निजीकरण को, संविधान विरोधी, रोजगार विरोधी, छात्र विरोधी ,शिक्षा विरोधी बताकर निंदा की और कहा कि लोगों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। इस मौके पर अखिल भारतीय समाता फाउंडेशन के अध्यक्ष लुकेश कुमार राही ने कहा भाजपा सरकार का रवैया इस प्रकार है कि जैसे रोम जल रहा था नीरो बांसुरी बजा रहा था। साथ ही चेतावनी दी कि राज्य सरकार केंद्र सरकार को शिक्षा से खिलवाड़ की कीमत चुकानी होगी। प्रदर्शन के दौरान डॉ राजेंद्र प्रसाद लोधी, मुकेश सैनी, गुलाब सिंह चौधरी, सिद्धांत भाटिया, कुणाल डागौर,चित्रसेन मौर्य ,संतोष कुमार सिंह,हरेंद्र कुमार, रंजीत कुमार, नरेश कुमार, जितेंद्र बजाना, डॉ अरुण कुमार, अंकित सागर आकाश बाबू , सुमित कुमार,सौदान सिंह राजवीर सिंह मोहित कुमार आदि उपस्थित रहे।

# दो पक्षों में मारपीट व फायरिंग के मामले का मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** विगत दिनों पूर्व क्षेत्र के ग्राम सफियापुर में दो पक्षों में मारपीट व फायरिंग के मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा दोनों पक्षों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

क्षेत्र के ग्राम सफीपुर जसी निवासी मोहसिन खान पुत्र यासीन खान द्वारा कोतवाली में दर्ज कराए गए मुकदमे में कहा गया है कि विगत 11 जुलाई को शाम 07:30 बजे वह अपने घर में था। तभी गांव के ही सईद, खुशनूर, हमराज, सलमान, रिजवान, इरफान, शाहनवाज, आफाक खान एक राय होकर आये उसके साथ गाली गलौज कर घर में घुसकर जान से मारने की नीयत से गला दबा दिया। बचाने आई उसकी माता शकीला से भी मारपीट की। हमराज, सईद एवं रिजवान द्वारा तमंचा से उसके ऊपर जान से मारने की नीयत से फायर की तथा घर में तोड़फोड़ कर जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरे पक्ष के इमरान खान पुत्र उस्मान खान का कहना है कि वह अपने छोटे भाई के साथ मस्जिद में गया हुआ था जहां मोहसिन ने रंजिश के चलते धक्का दे दिया था। जिसका विरोध करने पर उक्त युवक ने अपने भाई राशिद, मुर्शीद, सोहेल, नदीम, नजीबुल, आरिफ व नदीम को बुला लिया। जो कि लाठी, डंडों, सरिया एवं तमंचा लेकर आए और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। वह किसी तरह भाग कर अपने नाना मुख्तियार के घर घुस गया जहां उपरोक्त गणों ने घर के अंदर घुसकर तोड़फोड़ करते हुए महिलाओं से मारपीट की और जान से मारने की नीयत से फायर किए तथा जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। कोतवाली पुलिस द्वारा दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# गंगा पुस्तक परिक्रमा का प्रमुख उद्देश्य लोगों में पुस्तक संस्कृति का विकास करना

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** एमजीएम कॉलेज संभल में राष्ट्रीय पुस्तक न्यास नई दिल्ली के सचल पुस्तक वाहन गंगा पुस्तक परिक्रमा का उद्घाटन महाविद्यालय प्राचार्य प्रोफेसर डॉ योगेंद्र सिंह ने किया। छात्र छात्राओं और शिक्षक शिक्षिकाओं ने पुस्तक वाहन का भ्रमण कर अपनी पसंद की पुस्तकें ख़रीदीं।अभियान प्रभारी कुलदीप कुमार ने बताया कि गंगा पुस्तक परिक्रमा का प्रमुख उद्देश्य लोगों में पुस्तक संस्कृति का विकास करना छात्र-छात्राओं में रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहन देना और साथ ही साथ गंगा स्वच्छता मिशन के बारे में जन जागरूकता उत्पन्न करना है। प्राचार्य प्रोफेसर डॉ योगेंद्र सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय पुस्तक न्यास का यह प्रयास छात्रों और जनमानस में पढ़ने की जागरूकता उत्पन्न करने में समर्थ है । इसमें विविध विषयों की पुस्तकों के माध्यम से लोगों में नई चेतना उत्पन्न की जा सकती है।गंगा स्वच्छता मिशन के बारे में उन्होंने कहा कि गंगा की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी प्रयास आवश्यक हैं, जिनमें सीवेज उपचार, अवसंरचना का विकास, औद्योगिक अपशिष्टों पर नियंत्रण, नदी तटों का सौंदर्यीकरण, वनीकरण, जन जागरूकता और समुदाय की भागीदारी शामिल है, साथ ही नमामि गंगे कार्यक्रम जैसे सरकारी अभियान भी इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।राष्ट्रीय पुस्तक न्यास का यह प्रयास प्रशंसनीय है। रिसोर्स पर्सन डा फहीम अहमद ने कहा कि पुस्तक संस्कृति का विकास एक सामूहिक प्रयास है जिसमें हर किसी को अपनी भूमिका निभानी चाहिए। यह न केवल ज्ञान और मनोरंजन प्रदान करती है, बल्कि सामाजिक, सांस्कृतिक और भावनात्मक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देती है। इस कार्यक्रम में डा मो इमरान खान,डा आनंद सिंह, डा दुष्यंत मिश्रा,डा निलेश कुमार,डा नेमपाल सिंह,डा रोहित अग्रवाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।

# गंगा पुस्तक परिक्रमा के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** सोमवार को नगर के कायनात इंटरनेशनल स्कूल में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन एवं राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत द्वारा संचालित गंगा पुस्तक परिक्रमा के अंतर्गत जागरूकता एवं रचनात्मक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। छात्र छात्राओं ने सचल पुस्तक प्रदर्शनी बस का भ्रमण किया। दूसरे सत्र में अभियान प्रभारी कुलदीप कुमार ने छात्र छात्राओं को जल संरक्षण और गंगा के ऐतिहासिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्त्व को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने नमामि गंगे परियोजना जैसे कई संरक्षण प्रयास शुरू किए हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य गंगा नदी को स्वच्छ और पुनर्जीवित करना, जैव विविधता को बहाल करना और समुदाय की भागीदारी को बढ़ाना है। गंगा सिर्फ एक नदी नहीं, बल्कि भारत की जीवनरेखा, संस्कृति की पहचान और आध्यात्मिक चेतना का प्रतीक है। रिसोर्स पर्सन डॉ फहीम अहमद ने छात्र छात्राओं को गंगा से जुड़ी कहानियां और गीत सुनाए। उन्होंने कहा कि गंगा को स्वच्छ रखना हम सबका परम कर्तव्य है। उन्होंने बच्चों को रोचक ढंग से गंगा नदी की पौराणिक, सांस्कृतिक और पर्यावरणीय महत्ता से अवगत कराया। इस आयोजन ने बच्चों में रचनात्मकता के साथ-साथ पर्यावरणीय चेतना को भी बढ़ावा दिया गया और गंगा के प्रति भावनात्मक जुड़ाव स्थापित किया गया। छात्र छात्राओं के रचनात्मक कला कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें छात्र छात्राओं ने गंगा संरक्षण का संदेश देते हुए पर्यावरण को स्वच्छ बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में सभी छात्र छात्राओं को प्रमाणपत्र और विजेता छात्र छात्राओं को पुस्तकें देकर पुरस्कृत किया गया।

## समूचे मथुरा में होनी चाहिए गंगाजल आपूर्ति, नगर आयुक्त को दिया ज्ञापन

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृन्दावन के पार्षदगणों ने गंगाजल आपूर्ति की मांग तथा पेयजल आपूर्ति की कमी को पूरा करने के लिए नगर आयुक्त जग प्रवेश को ज्ञापन देते हुए अवगत कराया कि गंगाजल आपूर्ति की कार्यवाही विगत 4-5 वर्ष से की जा रही है। कई वार्डों में पाइप लाइन बिछाकर इतिश्री कर दी गई है और कई वार्ड क्षेत्रों में अभी तक गंगाजल आपूर्ति हेतु पाइप लाइन भी नहीं बिछाई गई हैं। पार्षदगणों ने मॉग की है कि जिन क्षेत्रों में गंगाजल आपूर्ति हेतु पाइपलाइन अभी तक नहीं बिछाई गयी हैं उन क्षेत्रों के लिए सम्बन्धित ठेकेदारों को आदेशित किया जाये कि शीघ्र अति शीघ्र पाइप लाइन बिछायी जाये तथा जिन क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछ चुकी हैं उन क्षेत्रों में शीघ्र अति शीघ्र गंगाजल आपूर्ति सुचारू की जावे ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके। पूर्व में गंगाजल आपूर्ति कृष्ण विहार योजनान्तर्गत नवनिर्मित टंकी से वार्ड सं. 47, 54, 37, 44, 60 में की जा रही थी परन्तु तीन वर्ष में ही उक्त टंकी के धाराशाही हो जाने के कारण उक्त वार्डों में भी गंगाजल आपूर्ति एवं पेयजल की समस्या बन चुकी है जिसका निदान आज तक नगर निगम मथुरा वृन्दावन के जलकल विभाग द्वारा नहीं किया गया है। जनपद का ज्यादातर क्षेत्र खारे पानी से भरा हुआ है। इसका टीडीएस 3000 से भी ज्यादा है। पीने योग्य पानी न होने के कारण यहां के लोग पेट की समस्याओं से ग्रस्त रहते हैं। आगरा जल संपूर्ति से 25 एमएलडी गंगाजल की आपूर्ति हो रही है जो मथुरा नगर के लिए नाकाफी है इसे तत्काल बढ़ाने की और ध्यान दिया जाना चाहिए। ज्ञापन देने के दौरान पार्षद प्रतिनधि तिलक वीर चौधरी पार्षद हनुमान पहलवान राजीव कुमार सिंह कुलदीप पाठक मुन्ना मलिक अंकुर गूजर गुलशन देवेंद्र कुमार राकेश भाटिया यतेन्द्र माहौर रविकांत शोएब कुरैशी हेमंत गोयल खंदोली निरंजन कुंतल हेमंत कुमार धर्मेश नौहवार राजेंद्र कुमार रामू, आदि के साथ 100 से भी अधिक लोग उपस्थित रहे।

## संदिग्ध अवस्था में पेंड़ पर लड़का मिला युवक का शव

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम बरगावां निवासी नंदलाल पुत्र तेजराम शर्मा द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर में कहा गया है कि रविवार की शाम 05:30 बजे उसके 21 वर्षीय पुत्र रुस्तम को गांव के ही एक दंपति ने पुरानी रंजिश के चलते गाली गलौज करते हुए लात घूसों से मारपीट की और उसका गला घोंट कर पेड़ पर टांग दिया है। पीड़ित पिता की तहरीर पर कोतवाली पुलिस द्वारा मृतक युवक के सव का पंचनामा भरवा कर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेजा गया है।

# सावन के प्रथम सोमवार को महोबा नगरी शिव के रंग में हुई सरावोर

अवधनामा संवाददाता

■ शिव मन्दिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब, बम बम भोले के जयकारों से गूंज उठे शिवालय



**महोबा।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शहर के शिवालयों में भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए सुबह से ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। शिव मन्दिरों में पूजा अर्चना करने के लिये श्रद्धालु नहाने के बाद साफ वस्त्र धारण कर हाथ में पूजा की थाली और जल लेकर शिवालयों में पहुंचे, जहां पर भक्तों ने महादेव का विधिवत जलाभिषेक कर पूजन किया। ऐतिहासिक शिवतांडव के शिव मंदिर रामकुण्ड धाम के उमंगेश्वर जी शिवलिंग मन्दिर सहित अन्य शिव मंदिरों में सुबह पांच बजे से पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों का तांता लगना प्रारम्भ हुआ, जो दोपहर बाद तक लगा रहा। श्रृद्धालु ने भोलेनाथ को बेलपत्र, दूध, दही, गंगाजल, धतूरे के फूल, भांग, पुष्प अर्पण कर सुख समृद्धि और शान्ति की प्रार्थनाएं की।

सावन का पहला सोमवार होने के कारण शहर में चारों तरफ श्रद्धालुओं का शिव मन्दिरों में आने जाने का सिलसिला जारी रहा। शिव भक्त बलखण्डेश्वर, कंठेश्वर, पठेश्वर, रामेश्वर, बडी चन्द्रिका देवी के पास स्थिति शिव मंदिर, द्वादश ज्योर्तिलिंग मन्दिर, शिव ताण्डव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में पहुंचे और जलाभिषेक कर विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपनी व परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। सावन के प्रथम सोमवार पर शहर की सड़कें आस्था पथ में तब्दील हो गई । हर तरफ आस्था की बूंदें छलकने से महोबा नगरी शिव के रंग में रंग गई, इस दौरान बोल बम के जयकारे गूंजते रहे। श्रावण मास में भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना करने से फल की शीघ्र प्राप्ति होती है। भगवान शंकर की पूजा अर्चना करना अन्य देवताओं से सरल है और भगवान भोलेनाथ अतिशीघ्र प्रसन्न होकर अपने भक्तों को मनोवाछित फल देते है। रामकुंड स्थित शिवालय के मुख्य पुजारी शिवकिशोर पांडेय ने बताया कि त्रेता युग में प्रभु श्रीराम चित्रकूट जाते समय मार्ग में महोबा के रामकुण्ड पर स्थापित शिवलिंग की पूजन अर्चना की थी और उसके बाद वहीं पर यज्ञ सम्पन्न किया। तभी से यह स्थान रामकुण्ड के नाम से विख्यात हुआ। ऐसे प्रमुख आश्रमों का उल्लेख मानस में भी मिलता है। रामकुण्ड तीर्थ क्षेत्र में ही सात वर्ष पूर्व उमंगेश्वर द्वादश ज्योर्तिलिंग शिवालय का निर्माण एक दम्पत्ति ने अपनी इकलौती पुत्री की सडक दुर्घटना में मौत हो जाने के बाद कराया था, इस शिवालय का निर्माण आध्यात्मिक दृष्टि से हुआ।

### सावन सोमवार का व्रत रखने से कन्याओं को मिलता मनचाहा वर

धामिक आस्था और लोक मान्यतानुसार सावन सोमवार का व्रत रखने से मां गौरी और भगवान शिव प्रसन्न होते है और उसकी अजीम कृपा की प्राप्ति होती है। वहीं जो कुंवारी कन्याएं सावन सोमवार का व्रत रखते हुए नियमों का पालन करती हैं उन्हें मनचाहा जीवन साथी की भी प्राप्ति होती है और शिव गौरी के सामान्य दांपत्य जीवन मिलता है। सावन में महादेव के साथ मां गौरी की विधि विधान के साथ पूजा करने से जीवन के सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। पहला सोमवार व्रत खत्म होने के बाद अब दूसरा सावन सोमवार व्रत 21 जुलाई, तीसरा व्रत 28 जुलाई, चौथा व्रत 04 अगस्त को पड़ेगा।

## सावन के पहले सोमवार को शिवालयों में उमड़े श्रद्धालु

**मथुरा।** सावन के पहले सोमवार को रिमझिम के बीच शिवालयों पर श्रद्धालुओं की भीड उमडी। मथुरा, वृंदावन, गोकुल, गोवर्धन, बरसाना, नंदगांव के अलावा ब्रज के हर नगर और गांव में शिवालयों पर श्रद्धालुओं की भीड उमडती रही। इस दौरान सुरक्षा और सफाई के लिए अतिरिक्ति इंतजाम किये गये थे। वृंदावन में स्थित गोपेश्वर मंदिर प्राचीन शिव मंदिर है। दूर दूर से आए कांवड़ियों ने भोलेनाथ का अभिषेक किया। व्रत रखने वाली महिलाओं एवं युवतियों के साथ पुरुष भी सुबह पूजा के लिए फूल एवं बेलपत्र लेकर मंदिरों में पहुंचे और भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया गया। मथुरा के चार शिवालयों को मथुरा का कोतवाल कहा जाता है। भूतेश्वर, रंगेश्वर आदि शिव मंदिरों पर सुबह से ही शिवभक्तों की भीड रही। थाना महावन क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी गोकुल महावन स्थित चिंताहरण महादेव पर भक्तों का सावन के पहले सोमवार को जनशैलाब उमड़ पड़ा। चिंता हरण महादेव बहुत ही प्राचीन मंदिर है। मान्यता है कि जो भी भक्त यहां आकर एक लोटा यमुना जल भी चढ़ाता है, उसे 1108 शिवलिंगों पर जल चढ़ाने के बराबर फल मिलता है। यह मंदिर भक्तों की आस्था का केंद्र है। यह मंदिर भगवान शिव की असीम कृपा का प्रतीक है। यहां आकर भक्त अपने मन की शांति और सभी चिंताओं से मुक्ति पाते हैं। कावड़िए दूर दूर से गंगाजल लाकर भगवान शिव को गंगाजल अरपित करते हैं।

# विद्युत उपभोक्ताओं की समस्याओं के लिए मेगा कैंप का किया जा रहा आयोजन

■ अधीक्षण अभियंता विद्युत द्वारा कैंप का निरीक्षण कर लिया जाएगा जायजा

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** उत्तर प्रदेश कारपोरेशन लिमिटेड द्वारा बिजली उपभोक्ताओं को समय पर सही बिल दिए जाने के लिए नई बिलिंग एजेंसी को भी शामिल किया गया है साथ ही मीटर रीडिंग में ओसीआर एवं डाउनलोड किए जाने की व्यवस्था की गई, जिससे बिना किसी मानवीय हस्तक्षेप के अधिक से अधिक बिल रीडिंग स्वचालित हो सके व गलत बिल रीडिंग को कम किया जा सके।

यह जानकारी देते हुए पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा जारी विज्ञप्ति में प्रबंध निदेशक पंकज कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि जनप्रतिनिधियों एवं जिला प्रशासन द्वारा समय समय पर गलत बिल उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने की शिकायत प्राप्त होती रहती है, जिस पर यह निर्णय लिया गया कि पूरे प्रदेश में बिल रिवीजन के लिए मेगा कैंप का आयोजन वितरण खंड के स्तर पर किया जाएगा। बताया कि इस मेगा कैंप का प्रचार प्रसार सोशल मीडिया समाचार पत्र, जनसंपर्क, मुनादी सहित विभिन्न माध्यमों से किया जा रहा है, जिससे अधिक से अधिक उपभोक्ता मेगा कैंप का लाभ प्राप्त कर सके। बताया कि जुलाई 2025 में वितरण खंड में मेगा कैंप का आयोजन किया जा रहा है और इसके लिए अधीक्षण अभियंता को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

बताया कि कैंप मे प्रत्येक शिकायत का पंजीकरण 1912 हेल्पडेस्क पर सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे शिकायतकर्ता का सही विवरण अंकित हो सके। इस कैंप में पर्याप्त लैपटाप, कम्प्यूटर्स की व्यवस्था की जाएगी, जिससे प्रत्येक उपभोक्ता की शिकायत दर्ज करने में किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े। शिकयतों के सापेक्ष रिवीजन के लिए कार्रवाई प्रत्येक अवस्था में एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाएगा। इस कैंप में सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे, जिससे उपभोक्ताओं को असुविधा न हो सके और अधिकारी अपने अपने कार्य क्षेत्र में आयोजित कैंपों का भ्रमण कर जायजा लेंगे। कैंप में संयोजन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, कनेक्शन परिवर्तन, बिल जमा करने आदि संबन्धित शिकायत भी प्राप्त की जाएगी।

### 17 से 19 जुलाई तक लगेंगे मेगा कैंप

जिले में विद्युत उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए लगाए जा रहे मेगा कैंप का आयोजन 17 जुलाई से 19 जुलाई तक विभिन्न उपखंडों में किया जाएगा। 17 जुलाई को पनवाड़ी, कुलपहाड़, कबरई उपखंड में मेगा कैंप लगाये जाएंगे। जबकि 18 जुलाई को जैतपुर, घुटई, खन्ना के उपखंड में कैंप आयोजित होंगे। इसी प्रकार 19 जुलाई को पंचायत भवन पनवाड़ी, अजनर और श्रीनगर में मेगा कैंप में उपभोक्ताओं की समस्याओं को दर्ज किया जाएगा। निर्धारित तिथि पर उक्त कैंप सुबह दस बजे से शाम पांच बजे तक लगाया जाएगा।

## पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि ने पौधे रोपित कर किया जागरूक

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर में समर्थकों के साथ नगर पंचायत समधन के पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मुस्ताक अहमद भुट्टू ने पर्यावरण संरक्षण के लिये अपने प्रतिष्ठानों आरवी फीलिंग स्टेशन एवं मुस्ताक ईट भटटा पर विभिन्न प्रकार के छायादार एवं फलदार पौधे रोपित किए और लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए प्रेरित किया। सोमवार को विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित करनें के उपरान्त पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि मुस्ताक अहमद भुट्टू ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग से निपटने के लिए पौधारोपण सबसे सरल और प्रभावी उपाय है। यदि प्रत्येक व्यक्ति एक पौधा लगाए और उसका संरक्षण करे तो पर्यावरण संतुलन बना रहेगा। उन्होंने कहा कि पेड़ न सिर्फ जीवनदायिनी ऑक्सीजन देते हैं बल्कि वर्षा, भूमि कटाव को रोकने और प्राकृतिक सौंदर्य को बनाए रखने में भी अहम भूमिका निभाते हैं। इस दौरान भाजपा नेता मुस्लिम खान चिश्ती ने कहा कि यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा ताकि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ और हरित पर्यावरण छोड़ा जा सके। इस अवसर पर लालू, इरसाद, अजय शुक्ला, शादाब, कासिम की भी सहभागिता रही।

# दिसरापुर तालाब में पानी बढ़ने से ग्रामीणों में बढ़ा घरों में पानी भरने का खतरा



अवधनामा संवाददाता

■ एक सैकड़ा ग्रामीणों ने डीएम को ज्ञापन सौंपकर पुल निर्माण की लगाई गुहार

**महोबा।** ग्राम पंचायत बिलबई अंतर्गत तमाम छोटे छोटे गांव और मजरे स्थित हैं, जहां पर दिसरापुर तालाब के पानी की निकासी को हाईवे रोड निर्माण दौरान बंद कर दिया गया, जिससे निकटवर्ती गांवों के मकानों में पानी भरने की समस्या उत्पन्न होने का खतरा बढ गया है। सोमवार को क्षेत्र के एक सैकड़ा ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र सौंपकर तालाब के पानी की निकासी के लिए निर्माणाधीन हाईवे पर 200 मीटर पुल का निर्माण कराए जाने की मांग की है।

जिलाधिकारी को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि ग्राम पंचायत बिलबई अंतर्गत कुशवाहा, ढीमरो और लुहारों के छोटे छोटे मजरे स्थित है, जहां की आबादी 8 से 10 हजार के करीब है। उक्त मजरों में पूर्वजों के समय से सपरिवार ग्रामीण निवास कर जीवन यापन करते चले आ रहे हैं। बताया कि अधिक बरसात होने पर शहर महोबा में स्थित मदन सागर, कल्याण सागर, कीरत सागर और बीजानगर तालाब के अलावा किड़ारी तालाब का ओवरफ्लो पानी के अलावा रेलवे स्टेशन क्षेत्र के बारिश का पानी नहर द्वारा दिसरापुर तालाब में छोड़ दिया गया है, जिससे तालाब में ओवरफ्लो पानी की ओना मार्ग से निकासी की जाती थी। लेकिन वर्तमान में हाईवे के निर्माण दौरान ओना मार्ग को बंद कर दिया, जिससे अब पानी गांव में भरने की आशंका पैदा हो गई है। ग्रामीणों को अधिक पानी तालाब में आने से उनके घरों में घुसने का डर सता रहा है।

ग्रामीणों ने बताया कि दिसरापुर तालाब का पानी ओवरफ्लो होने पर मकानों में पानी भरेगा साथ ही वहां स्थित प्राइमरी स्कूल भी इसकी चपेट में आएगा, जिससे वहां शिक्षण ग्रहण करने वाले छात्र छात्राओं की पढ़ाई प्रभावित होगी साथ ही दुर्घटना होने का खतरा भी बढ़ जाएगा। गांव में निवास करने वाले लोगों के अलावा गाय, बैल बकरी आदि जानवर का जीवन को भी खतरा उत्पन्न हो जाएगा। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से अनुरोध करते हुए तालाब के पानी की निकासी के लिए 200 मीटर चौड़ा पुल निर्माण कराए जाने की मांग उठाई है। ज्ञापन देने वालों में देवीदीन, रामकिशन, परमलाल, कल्लू, मंगल सिंह, चेतराम, भरत, दीपक, जागेश्वर, संदीप, रामकुमारी, राममूर्ति, शिवकली, रामा, सुकाया, हरिश्चंद्र विश्वकर्मा सहित एक सैकड़ा ग्रामीण मौजूद रहे।

## कबड्डी विश्वकप खेल सकती हैं हिमाचल की 5 से 6 बेटियां, अंतिम कोचिंग कैंप के लिए हुआ चयन



**धर्मशाला।** भारत में होने वाले कबड्डी विश्व कप के लिए भारतीय टीम के चयन के लिए अंतिम कोचिंग कैंप में हिमाचल की छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है। उम्मीद जताई जा रही है कि इनमें से पांच से छह खिलाड़ियों को भारतीय टीम में जगह मिल सकती है। ये सभी खिलाड़ी फाइनल कोचिंग कैंप में भाग लेंगी और अपने खेल के दम पर टीम में जगह बनाने का प्रयास करेंगी। पहले विश्व कप जुलाई में होना प्रस्तावित था। इस बीच कुछ कारणों से अब इसे अगस्त में आयोजित किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता अब 3 से 10 अगस्त तक हैदराबाद में होगी। इससे पूर्व एशियन कबड्डी चैंपियनशिप में भी पांच खिलाड़ियों पुष्पा, ज्योति, भावना, साक्षी और रितु नेगी ने भारतीय टीम की ओर से स्वर्ण पदक जीता था। भारतीय खेल प्राधिकरण धर्मशाला की कबड्डी खिलाड़ी पूजा ठाकुर ने बताया कि महिला कबड्डी विश्व कप के लिए आयोजित अंतिम कोचिंग कैंप में प्रदेश की छह खिलाड़ियों का चयन हुआ है। इनमें से चार खिलाड़ी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस धर्मशाला में प्रशिक्षण ले रही हैं। भारतीय टीम के कोचिंग कैंप के लिए जिन हिमाचली खिलाड़ियों का चयन किया गया है उनमें पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर, रितु नेगी, चंपा, भावना और साक्षी शर्मा शामिल हैं। इनमें से चार खिलाड़ी पुष्पा राणा, ज्योति ठाकुर, चंपा और भावना धर्मशाला स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में प्रशिक्षण ले रही हैं। रितु नेगी रेलवे की ओर से खेलती हैं जबकि साक्षी शर्मा हिमाचल से खेलती हैं।

**ये जाएंगी कोचिंग कैंप में**

पुष्पा, ज्योति, चंपा, साक्षी, रितु नेगी, भावना

## सॉफ्टबाल में शिमला और सिरमौर की दो बेटियां चीन में दिखाएंगी दम

**शिमला/सांगला (किन्नौर)।** चीन के शियान में होने वाली एशिया कप महिला सॉफ्टबाल चैंपियनशिप में जिला शिमला और सिरमौर की बेटियां हिस्सा लेंगी। कप 14 से 20 जुलाई तक होगा। शिमला जिले के कोटखाई की कविता ठाकुर और सिरमौर की कृषिका को एशिया कप महिला सॉफ्टबाल चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम में चुना गया है। छह दिनों तक चलने वाली चैंपियनशिप में 10 देशों की टीमों के बीच कड़े मुकाबले खेले जाएंगे।

शीर्ष दो में स्थान पाने वाली टीमें साल 2026 में होने वाले वर्ल्ड कप वुमन सॉफ्टबाल के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारतीय टीम की नजर न सिर्फ पदक पर बल्कि वर्ल्ड कप के टिकट पर भी टिकी हुई हैं।

कृषिका की हाई स्कूल तक की पढ़ाई गुरुकुल स्कूल राजगढ़ से हुई है। अब वह कन्या महाविद्यालय जालंधर में शिक्षा ग्रहण कर रही हैं। उनके पिता राकेश कुमार बीएसएफ में कार्यरत हैं। माता तृप्ता ठाकुर गृहिणी हैं।

कोटखाई की कविता एक निजी विश्वविद्यालय में अध्ययनरत हैं। कविता के पिता का निधन हो चुका है। माता प्रोमिला देवी गृहिणी हैं। कविता ठाकुर 8 वर्ष से सॉफ्टबाल खेल रही हैं। वहीं कृषिका 5 वर्ष से खेल में सक्रिय हैं।

# ट्रंप ने चेल्सी की जीत के जश्न में डाला खलल!

## ट्रॉफी सौंपने के बाद पोडियम से हटे ही नहीं

**ईस्ट रदरफोर्ड (अमेरिका)।** ट्रंप ने विजेता टीम चेल्सी को ट्रॉफी तो सौंपी, लेकिन पोडियम से हटने को तैयार ही नहीं हुए। फिर फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो उन्हें पोडियम पर ही पीछे के हिस्से में ले गए। इस घटना ने न सिर्फ फैंस को, बल्कि चेल्सी के खिलाड़ियों को भी चौंका दिया।

कोल पामर के दो गोल और जोआओ पेड्रो के एक गोल की मदद से चेल्सी ने यूरोपीय चैंपियन पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को 3-0 से हरा कर क्लब विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट का खिताब जीता। फीफा क्लब विश्व कप का फाइनल किसी फिल्म से कम नहीं रहा। इसमें रोमांच, ड्रामा, मारपीट..सब देखने को मिला। मैच के दौरान पीएसजी और चेल्सी के खिलाड़ी और स्टाफ आपस में भिड़ गए। वहीं, एक अप्रत्याशित चीज भी हुई। अमेरिका के ईस्ट रदरफोर्ड में हुए इस मैच को देखने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी पहुंचे थे। उन्होंने विजेता टीम चेल्सी को ट्रॉफी तो सौंपी, लेकिन पोडियम से हटने को तैयार ही नहीं हुए। फिर फीफा के अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो उन्हें पोडियम पर ही पीछे के हिस्से में ले गए। इस घटना ने न सिर्फ फैंस को, बल्कि चेल्सी के खिलाड़ियों को भी चौंका दिया।

पामर ने 22वें और 30वें मिनट में पेनल्टी क्षेत्र के अंदर से बाएं पैर से लगभग एक जैसे गोल किए। इसके बाद उन्होंने तीसरा गोल करने में भी मदद की। उनके पास पर जोआओ पेड्रो ने 43वें मिनट में गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा को छकाकर गोल किया जो दो जुलाई को चेल्सी से जुड़ने के बाद इंग्लैंड के इस क्लब की तरफ से उनका तीसरा गोल रहा। दो साल पहले मैनचेस्टर सिटी से चेल्सी में शामिल हुए 23 वर्षीय पामर ने इस सत्र में 18 गोल किए।

पीएसजी ने अपनी तरफ से वापसी के हर संभव प्रयास किए, लेकिन चेल्सी की मजबूत रक्षा पंक्ति के सामने उसकी एक नहीं चली। उसे मैच के अंतिम कुछ मिनट 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने पड़े क्योंकि 84वें मिनट में मार्क कुकुरेला को बाल पकड़कर गिराने के कारण जोआओ नेवेस को लाल कार्ड दिखा कर बाहर कर दिया गया था। इससे पहले टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन करने वाली पीएसजी की टीम इस सत्र में लीग 1, कूप डी फ्रांस और अपना पहला चैम्पियंस लीग खिताब हासिल करने के बाद अपना चौथा खिताब जीतने की कोशिश में थी।

रविवार को हुए फीफा क्लब विश्व कप फाइनल मैच में हाथापाई हो गई, जिसमें पेरिस सेंट जर्मेन के कोच लुइस एनरिक और गोलकीपर जियानलुइगी डोनारुम्मा चेल्सी के फॉरवर्ड जोआओ पेड्रो को धक्का देते हुए दिखाई दिए। एनरिक सेंटर सर्कल के पास मैदान पर थे और ऐसा लग रहा था जैसे उन्होंने जोआओ पेड्रो का गला दबा दिया हो। पीएसजी के गोलकीपर डोनारुम्मा ने 23 वर्षीय पेड्रो को धक्का भी दिया, जिससे वह गिर गए। चेल्सी के मैनेजर एंजो मारेस्का ने साथी इतालवी खिलाड़ी डोनारुम्मा को मैदान से जाने को कहा।

ये ड्रामा कम था कि बाद में ट्रंप ने पोडियम छोड़ने से इनकार कर दिया। उन्होंने चेल्सी के कप्तान रीस जेम्स को ट्रॉफी सौंपी। इसके बाद रीस ट्रंप



को कुछ कहते सुनाई पड़े। हालांकि, ट्रंप वहीं खड़े मुस्कुराते रहे और चेल्सी के खिलाड़ियों ने जश्न मनाया। आमतौर पर, ट्रॉफी सौंपने वाला शख्स ट्रॉफी सौंपने के बाद अलग हो जाता है, जिससे खिलाड़ियों को अपने मन मुताबिक जश्न मनाने की अनुमति मिलती है। हालांकि, ट्रंप ने वहीं पोडियम पर रहने का सोचा। इसके कुछ देर बाद फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो भी उस जश्न में शामिल हो गए। फिर उन्होंने ट्रंप को वहां से दूर किया।

बाद में चेल्सी की जीत के हीरो रहे कोल पामर का इस पर बयान भी आया। उन्होंने स्वीकार किया कि वह समारोह के दौरान पोडियम पर ट्रंप के लगातार मौजूद रहने से आश्चर्यचकित थे। उन्होंने कहा, मुझे पता था कि वह वहां मौजूद हैं, लेकिन मुझे नहीं पता था कि जब हमने ट्रॉफी उठाई तो वह स्टैंड पर ही रह जाएंगे। इसलिए मैं जश्न मनाने को लेकर थोड़ा उलझन में था।

## महिला शतरंज विश्व कप में दिव्या-हम्पी अंतिम-16 में, गोल्फ में अदिति 28वें स्थान पर रहीं

**नई दिल्ली।** भारत की जहां दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा।

महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख और ग्रैंडमास्टर बनने वाली देश की पहली महिला खिलाड़ी कोनेरू हम्पी ने जॉर्जिया के बातुमी में जारी विपरीत अंदाज में फिडे महिला विश्व कप शतरंज टूर्नामेंट के अंतिम-16 में जगह बनाई। दिव्या को अंतिम 16 में पहुंचने के लिए आधा अंक की जरूरत थी जो उन्होंने सर्बिया की टेओडोरा इंजाक के खिलाफ ड्रॉ खेल कर हासिल कर लिया लेकिन हम्पी को पोलैंड की कुलोन क्लॉडिया को हराने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी। भारत की जहां



दो खिलाड़ियों ने अंतिम 16 में अपनी जगह पक्की कर ली है वहीं तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी डी हरिका, वंतिका अग्रवाल और आर वैशाली भी अंतिम-16 में जगह बना सकती हैं, लेकिन यह सब टाईब्रेकर में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा। ग्रैंडमास्टर हरिका ने यूनान की त्सोलाकिडिउ स्टावरौला के साथ लगातार ड्रॉ खेलकर खुद को प्री-क्वार्टर फाइनल की दौड़ में बनाए रखा, जबकि वंतिका रूस की कैटरीना लागनो पर पहले दौर की जीत के बाद दूसरे दौर में हार गई जिससे स्कोर बराबर हो गया। इस प्रतियोगिता में विजेता को 50,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि मिलेगी। इसके अलावा शीर्ष तीन में रहने वाली खिलाड़ी अगले कैंडिडेट्स टूर्नामेंट के लिए क्वालीफाई करेंगी। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाई और दो ओवर 73 का स्कोर बनाकर फ्रांस के ऐक्स-लेस-बेन्स में खेले गए अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 28वें स्थान पर रहीं। अदिति का कुल स्कोर अंडर 279 रहा। वह शीर्ष 10 खिलाड़ियों में जगह नहीं बना सकी लेकिन इस प्रतियोगिता में उन्होंने अपना दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वह एक साल पहले इस प्रतियोगिता में संयुक्त 17वें स्थान पर रही थीं।

अदिति ने लगातार नौ पार के साथ शुरुआत की और फिर लगातार चार बोगी कीं, जिससे शीर्ष 10 में जगह बनाने की उनकी उम्मीदें धूमिल हो गईं। उन्होंने 17वें और 18वें होल पर बर्डी लगाकर वापसी की, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली दूसरी भारतीय खिलाड़ी दीक्षा डागर कट में जगह नहीं बना पाई थी। ऑस्ट्रेलिया की ग्रेस किम ने एवियन रिसॉर्ट गोल्फ क्लब में प्लेऑफ में विश्व की दूसरे नंबर की खिलाड़ी जीनो थिटिकुल को हराकर अपना पहला मेजर खिताब जीता।

## अगस्त से होंगी प्रतियोगिताएं, होंगे 40 खेल, मंडल के कॉलेजों को मिली खेल प्रतियोगिता कराने की मेजबानी

**अलीगढ़।** विवि के कुलसचिव वीके सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताएं अगस्त से शुरू हो रही हैं। अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयनित खिलाड़ी विश्वविद्यालय की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। राजा महेंद्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय (आरएमपीयू) से संबद्ध महाविद्यालयों में इस बार 40 खेलों का आयोजन होगा। मंडल के महाविद्यालयों को खेल प्रतियोगिता कराने की मेजबानी दी गई है। यूनिवर्सिटी परिसर में ताइक्वांडो, मल्लखंभ अंतर महाविद्यालयीय प्रतियगिताएं होंगी।

अमेरिकन फुटबॉल कराने की जिम्मेदारी केए कॉलेज कासगंज दी गई है। पीसी बागला कॉलेज हाथरस में आर्चरी, कराटे, एथलेटिक्स, बॉक्सिंग (पुरुष), श्री लठूरी सिंह कॉलेज एटा में बॉक्सिंग, एसएसएसएस कॉलेज इगलास में बेसबॉल, पावर लिफ्टिंग, केए कॉलेज कासगंज में वुशू, ग्रैपलिंग, रग्बी, बेस्ट फिजिक प्रतियोगिताएं होंगी। आरजे कॉलेज रायपुर अलीगढ़ में सर्किल स्टाइल कबड्डी, वीके जैन कासगंज में क्रॉस कंट्री रेस, तलवारबाजी, एसवी कॉलेज में क्वान कीडो शूटिंग, रस्साकशी, टेनिस सॉफ्टबॉल, चौ. जीवन सिंह कॉलेज टप्पल में कुश्ती प्रतियोगिताएं होंगी।

विवेकानंद कॉलेज अलीगढ़ में भारोत्तोलन, योगा, एसके कॉलेज व टीआर कॉलेज में खो-खो, बॉस्केटबॉल, बैडमिंटन, डीएस कॉलेज में बास्केटबॉल, क्रिकेट, हॉकी, फुटबॉल, सरस्वती डिग्री कॉलेज हाथरस में शतरंज, जेएलएन कॉलेज एटा में हैंडबॉल प्रतियोगिताएं होंगी। खुशीराम कॉलेज खैर में खो-खो, गुलाब सिंह कॉलेज सादाबाद में टेबल टेनिस, आरडी कॉलेज हाथरस में अंतर महाविद्यालयीय टेबल टेनिस प्रतियोगिताएं होगी। विवि के कुलसचिव वीके सिंह ने बताया कि प्रतियोगिताएं अगस्त से शुरू हो रही हैं। अंतर महाविद्यालयीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा।

## मनोज बाजपेयी, करीना कपूर और शर्मिला टैगोर को मिला नामांकन

**मुंबई।** 14 अगस्त से 24 अगस्त तक चलने वाले इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में जिन लोगों को अवॉर्ड के लिए नामांकन मिला है, उनकी लिस्ट जारी हो चुकी है। आइए इस पर एक नजर डालते हैं।

मनोज बाजपेयी, मोहनलाल, करीना कपूर खान और शर्मिला टैगोर जैसे कलाकारों को इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न (आईएफएफएम) 2025 में बेस्ट एक्टर के लिए नामांकन मिला है। इसके अलावा बेस्ट फिल्म कटेगरी में होमबाउंड, कल्कि 2898 एडी, एल2 एम्पुरान, महाराज, मेयाझगन, स्त्री 2, और सुपरबॉयज ऑफ मालेगांव को नामांकन मिला है। आईएफएफएम में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता की दौड़ में अभिषेक बच्चन, आदर्श गौरव, ईशान खट्टर, जुनैद खान, मनोज बाजपेयी और मोहनलाल शामिल हैं।

## हर दिल में गूंजेगी क्रांति की पुकार, भुवन बाम स्टारर 'द रिवोल्यूशनरीज' का फर्स्ट लुक जारी



**मुंबई।** एक बार फिर आजादी की क्रांति की कहानी देखने को मिलेगी। क्योंकि प्राइम वीडियो ने अपने नए प्रोजेक्ट का एलान कर दिया है। 'द रिवोल्यूशनरीज' की पहली झलक आज सामने आई है। जिससे पता चलता है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म इस बार एक नई कहानी लेकर आ रहा है। 'द रिवोल्यूशनरीज' संजीव सान्याल की किताब 'रिवोल्यूशनरीज़- द अदर स्टोरी ऑफ हाउ इंडिया वन इट्स फ्रीडम'' पर आधारित है। इस सीरीज की कहानी उन बहादुर युवा भारतीय क्रांतिकारियों की है जो ब्रिटिश राज को खत्म करने के लिए सशस्त्र संघर्ष को जरूरी मानते थे। द रेवोल्यूशनरी उनके जीवन, बलिदान और देश के प्रति उनके समर्पण को दिखाती है। सीरीज देश के अलग-अलग हिस्सों जैसे मुंबई, अमृतसर, वाराणसी, देहरादून और अन्य शहरों में शूट की जा रही है। द रेवोल्यूशनरी अगले साल 2026 में रिलीज की जाएगी।

निखिल आडवाणी द्वारा निर्देशित इस सीरीज में भुवन बाम, रोहित सराफ, प्रतिभा रांटा, गुरफतेह पीराजादा और जेसन शाह प्रमुख भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं।

**अलग अंदाज में नजर आएंगे भुवन बाम**

सीरीज में भुवन बाम, रोहित सराफ और प्रतिभा रांटा एक अलग अंदाज में दिखाई दे रहे हैं, जो उनके फैंस को उत्साहित कर रहा है। ये तीनों ही कलाकारों ने इससे पहले इस तरह की भूमिका नहीं निभाई है। रोहित सराफ जहां 'मिसमैच' में एक लवर बॉय के किरदार में काफी मशहूर हैं। तो वहीं प्रतिभा रांटा ने 'लापता लेडीज' से एक्टिंग की दुनिया में अपनी शुरुआत की है। इस फिल्म में वो एक गांव की लड़की के अलग किरदार में दिखी थीं। जबकि भुवन बाम एक मशहूर यूट्यूबर से एक्टर बने हैं। वो अब तक 'ताजा खबर' और 'ढिंढोरा' जैसी वेब सीरीज के लिए जाने जाते हैं।

## इस साल बच्चे का स्वागत करेंगे के ये स्टार कपल्स

# फैंस को गुड न्यूज का बेसब्री से इंतजार

इस साल बहुत से सेलिब्रिटी कपल्स के घर नन्हा मेहमान आने वाला है। सिद्धार्थ मल्होत्रा-किियारा से लेकर राजकुमार-पत्रलेखा तक, बहुत से कपल्स इस लिस्ट में शामिल हैं। बॉलीवुड और एंटरटेनमेंट जगत में कई सेलिब्रिटी कपल्स इस वक्त अपनी जिंदगी के सबसे सुंदर पड़ाव पेरेंटहुड की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। साल 2025 में कई सितारों के घरों में बच्चों की किलकारियां गूंजने वाली हैं। चलिए आपको इन्हीं कपल्स के बारे में बताते हैं।

**अरबाज खान और शूरा खान**

एक्टर और निर्माता अरबाज खान अपनी दूसरी पत्नी शूरा खान के साथ जीवन के नए चरण में प्रवेश करने जा रहे हैं। उनके घर जल्द ही पहला बच्चा जन्म लेगा। शादी के बाद ये कपल अपनी प्राइवेसी को लेकर हमेशा चर्चा में रहा है और अब इस बड़ी खबर को लेकर फैंस



एक्साइटेड हैं।

**राजकुमार राव और पत्रलेखा**

राजकुमार राव और पत्रलेखा बॉलीवुड के उन कपल्स में गिने जाते हैं जो एक दूसरे के लिए परफेक्ट कहे जाते हैं। अब शादी के चार साल बाद ये दोनों माता-पिता बनने वाले हैं। इस कपल ने सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ ये खास पल शेयर किया।

**कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा**

कियारा आडवाणी और सिद्धार्थ मल्होत्रा की जोड़ी न सिर्फ पर्दे पर बल्कि असल जिंदगी में भी खूब पसंद की जाती है। अब ये जोड़ी अपने पहले बच्चे का स्वागत करने की तैयारी कर रही है। कियारा और सिद्धार्थ के फैंस बेहद उत्साहित हैं।

**मालविरा राज और प्रणव बग्गा**

मालविका राज, जिन्होंने कभी खुशी कभी गम में छोटी पूजा का किरदार निभाया था, अब एक नई भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं मॉम की। उन्होंने बिजनेस मैन प्रणव बग्गा से 2023 में शादी की थी और अब ये जोड़ी अपने पहले बच्चे का स्वागत करने वाली है।

**गौहर खान और जैद दरबार**

गौहर खान और जैद दरबार पहले से ही एक बच्चे के माता-पिता हैं। अब दोनों दूसरी बार माता-पिता बनने जा रहे हैं। गौहर खान ने टीवी और फिल्मों दोनों में अपनी पहचान बनाई है और अब उनका पारिवारिक जीवन भी उतना ही खूबसूरत मोड़ ले रहा है।

**पूजा बनर्जी और संदीप सेजवाल**

टीवी की लोकप्रिय अभिनेत्री पूजा बनर्जी और उनके पति संदीप सेजवाल भी दूसरी बार माता-पिता बनने वाले हैं। पूजा अपने अभिनय के लिए जानी जाती हैं, लेकिन अब वो एक बार फिर से मातृत्व की जिम्मेदारी को अपनाने जा रही हैं।

## आंखों की गुस्ताखियां से लेकर गाइड तक, अंग्रेजी कहानियों पर बनी हैं ये फिल्में

**मुंबई।** फिल्म आंखों की गुस्ताखियां अंग्रेजी कहानी पर आधारित है। ऐसे में हम आपको उन फिल्मों के बारे में बता रहे हैं जो अंग्रेजी कहानियों या उपन्यास पर बनी हैं। 11 जुलाई को सिनेमाघरों में आंखों की गुस्ताखियां रिलीज हुई है। इस फिल्म से संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर ने बॉलीवुड में डेब्यू किया है। फिल्म में शनाया कपूर के साथ विक्रांत मैसी हैं। उन्होंने फिल्म में नेत्रहीन व्यक्ति का किरदार निभाया है। यह फिल्म रस्किन बॉण्ड की शॉर्ट स्टोरी द आईज हैव इट पर आधारित है। ऐसे में आज हम आपको उन फिल्मों के बारे में बताने वाले हैं जो कहानी या उपन्यास पर आधारित हैं।

**थ्री इडियट्स**

साल 2009 में रिलीज हुई आमिर खान की फिल्म थ्री इडियट्स को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। यह फिल्म चेतन भगत के उपन्यास %पॉइंट समवन पर आधारित है। इसमें बहुत हल्के अंदाज में भारत में पढ़ाई व्यवस्था पर चुटकी ली गई है। फिल्म में यह बताने की कोशिश की गई है कि आपको जो अच्छा लगता है आप उस काम में अपना करियर बनाएं।

**द नेमसेक**

फिल्म द नेमसेक(2006) झुंपा लाहिड़ी के उपन्यास द नेमसेक पर



आधारित है। इसका निर्देशन मीरा नायर ने किया है। फिल्म को दर्शकों ने खूब प्यार दिया। फिल्म में दिखाया गया है कि एक परिवार कलकत्ता से न्यूयॉर्क आने के बाद भी भारतीय परंपराओं को बनाए रखता है और कामयाबी के लिए संघर्ष करता है। फिल्म में इरफान खान और तब्बू ने अच्छा काम किया है।

**रेनकोट**

फिल्म रेनकोट (2004) दो लघु कहानियों पर आधारित है। पहली ओ. हेनरी की द गिफ्ट ऑफ द मैगी और मनोज बसु की विरोधिंशा। फिल्म में अजय देवगन और ऐश्वर्या राय अहम किरदार में हैं। इसका निर्देशन रितुपर्णो घोष ने किया है। फिल्म में दो अलग-अलग प्रेम कहानियां दिखाई गई हैं। ये लोग एक बरसात के दिन मिलते हैं और अपने अतीत को याद करते हैं।

**गाइड**

फिल्म गाइड (1965) में देव आनंद और वहीदा रहमान थे। यह फिल्म आरके नारायण के उपन्यास द गाइड पर आधारित थी। इसका निर्देशन विजय आनंद ने किया था। फिल्म में दिखाया गया है कि एक टूरिस्ट गाइड की मुलाकात एक नाखुश शादीशुदा औरत से होती है। वह डांस सीखना चाहती है। उसकी मदद से वह एक कामयाब डांसर बन जाती है।

**ओमकारा**

फिल्म ओमकारा (2006) विलियम शेक्सपियर के नाटक ओथेलो पर आधारित है। फिल्म का निर्देशन विशाल भारद्वाज ने किया था। इसमें सैफ अली खान, अजय देवगन और करीना कपूर अहम किरदार में हैं। फिल्म में अजय देवगन ने एक शक्तिशाली नेता का किरदार निभाया है, जिसे सैफ अली खान का किरदार अपनी चालाकी से धोखा देना चाहता है। फिल्म में, प्रेम, विश्वासघात और प्रतिशोध भी दिखाया गया है।

**हैदर**

फिल्म हैदर (2014) विलियम शेक्सपियर के नाटक हैमलेट पर आधारित है। इसमें शाहिद कपूर और तब्बू अहम किरदार में हैं। फिल्म में उस औरत की कहानी दिखाई गई है, जिसके पति को आर्मी पकड़ ले जाती है। कश्मीर में आतंकवाद के बहाने वहां के घरों के माहौल के बारे में दिखाया गया है।

## बांद्रा की मशहूर महिला से मिली रवीना टंडन, गले लग जताई खुशी

**मुंबई।** हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन बांद्रा की एक प्रसिद्ध ट्रैफिक वूमेन से मिली। बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वीडियो में उन्होंने मुंबई स्थित बांद्रा की महिला ट्रैफिक वार्डन से मुलाकात की, जिसे फैंस बेहद पसंद कर रहे हैं और प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। चलिए जानते हैं कि क्या है वीडियो।

**क्या है वायरल वीडियो?**

वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि अभिनेत्री ब्लू साड़ी में नजर आ रही हैं। वीडियो में एक्ट्रेस अनीत लोबो नाम की एक ट्रैफिक वार्डन से मिल रही हैं, जो मुंबई के बांद्रा में लगभग 20 वर्षों से ट्रैफिक कंट्रोल कर रही हैं। कई मुश्किलों के बाद भी वह अपने कर्तव्य पथ पर बनी है। वायरल वीडियो में आप देख सकते हैं कि अभिनेत्री ट्रैफिक वार्डन से गले मिलकर उनकी तारीफ करती नजर आ रही हैं, जिससे वहां मौजूद सभी व्यक्ति काफी खुश दिख रहे हैं।

**नेटिजंस ने दी प्रतिक्रिया**



इस वायरल वीडियो के आते ही नेटिजंस प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। एक यूजर ने लिखा कि वह इस ट्रैफिक वार्डन को बचपन से सड़कों पर देख रहे हैं। दूसरे यूजर ने बोला कि अभिनेत्री दिल की बहुत अच्छी हैं। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा कि दोनों बहुत प्यारे दिख रहे हैं। इसके अलावा अन्य यूजर्स अनीता लोबो की तारीफ करते दिख रहे हैं।

**रवीना टंडन का वर्कफ्रंट**

रवीना टंडन के वर्कफ्रंट की बात करें, तो उन्हें वेलकम टू द जंगल में देखा जाएगा। यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन अहमद खान करेंगे। रवीना टंडन के अलावा फिल्म में अक्षय कुमार, सुनील शेट्टी, संजय दत्त, दिशा पाटनी, लारा दत्ता के अलावा और भी कई सितारे मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म का संगीत मीट ब्रदर्स ने तैयार किया है।

## सरदार जी 3 विवाद के बाद पहली बार मीडिया के कैमरे में कैद हुए दिलजीत

**मुंबई।** पंजाबी फिल्मों और म्यूजिक की दुनिया का चमकता सितारा दिलजीत दोसांझ पिछले दिनों अपनी फिल्म 'सरदार जी 3' को लेकर काफी सुर्खियों में रहा। इस विवाद के बाद दिलजीत सोमवार को पहली बार सार्वजनिक रूप से नजर आए। जैसे ही वो मुंबई एयरपोर्ट से बाहर आए, फैंस और मीडिया ने उन्हें घेर लिया। दिलजीत ने सभी को मुस्कुराते हुए हेलो किया और हाथ जोड़कर सबका आभार जताया।

14 जुलाई यानी सोमवार को जब दिलजीत दोसांझ एयरपोर्ट पर नजर आए, तो उनका अंदाज देखकर फैंस काफी खुश हो गए। सफेद रंग की माइकल जैक्सन प्रिंटेड टी-शर्ट, ओवरसाइज डेनिम और लाल पगड़ी में दिलजीत हमेशा की तरह स्टाइलिश दिखे। उनकी ये सादगी और मुस्कान सोशल मीडिया पर देखते ही देखते वायरल हो रही है।

# अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की अहमियत समझें नागरिक

## सुप्रीम कोर्ट की सलाह- खुद पर लगाएं नियंत्रण

एजेंसी



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर अहम टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने अपनी टिप्पणी से साफ किया कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता हमारी लोकतांत्रिक व्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन इसका गलत इस्तेमाल समाज में नफरत और विघटन को जन्म दे सकता है। इसलिए नागरिकों को चाहिए कि वे जिम्मेदारी से बोलें, संयम रखें और दूसरों की भावनाओं का सम्मान करें।

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को लेकर अहम टिप्पणी करते हुए कहा कि नागरिकों को अपनी बोलने और अभिव्यक्ति की आजादी की कीमत समझनी चाहिए और इसके साथ-साथ स्व-नियंत्रण और संयम का पालन करना चाहिए। न्यायालय ने कहा कि सोशल मीडिया पर बढ़ती विभाजनकारी प्रवृत्तियों पर रोक लगाई जानी चाहिए। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि वह सेंसरशिप की बात नहीं कर रहा है, बल्कि चाहता है कि लोग खुद से जिम्मेदारी निभाएं और अपनी बातों में संयम बरतें।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा, कोई भी नहीं चाहता कि राज्य (सरकार) इस तरह के मामलों में हस्तक्षेप करे। इसलिए जरूरी है कि लोग खुद जिम्मेदारी लें और सोशल मीडिया या अन्य मंचों पर ऐसा कुछ न कहें जो समाज में तनाव फैलाए।

शीर्ष अदालत ने नागरिकों के बीच भाईचारे की भावना बनाए रखने की जरूरत पर भी जोर दिया और कहा कि आज के समय में जब अलगाववादी विचार तेजी से फैल रहे हैं, तो नागरिकों को सोच-समझकर बोलना चाहिए। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा, हम अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इस पर संविधान में पहले से ही युक्तिपूर्ण सीमाएं हैं और लोगों को इन सीमाओं का पालन करना चाहिए।

सुप्रीम कोर्ट यह टिप्पणी ने एक ऐसे मामले की सुनवाई के दौरान दी, जिसमें सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और उकसाने वाली पोस्ट को लेकर चिंता जताई गई थी। अदालत इस बात पर विचार कर रही है कि क्या आचार संहिता बनाई जा सकती है जिससे ऑनलाइन अभिव्यक्ति की आजादी और समाज में सौहार्द के बीच संतुलन बना रहे।

जस्टिस बी. वी. नागरत्ना और जस्टिस के. वी. विश्वनाथन की पीठ सोशल मीडिया पर एक हिंदू देवी के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट करने के आरोप में दर्ज कई एफआईआर से राहत मांगने वाले वजाहत खान की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। इससे पहले कोर्ट ने 23 जून को वजाहत खान को गिरफ्तारी से अंतरिम राहत दी थी, जिसे अब 14 जुलाई से आगे बढ़ा दिया गया है। वजाहत खान का कहना है कि उनके पुराने ट्वीट्स के कारण उनके खिलाफ असम, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और हरियाणा जैसे राज्यों में केस दर्ज किए गए हैं। उन्होंने ये भी बताया कि उन्होंने पहले खुद एक सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर शर्मिष्ठा पनौली के खिलाफ सांप्रदायिक टिप्पणी को लेकर शिकायत दर्ज करवाई थी। जवाब में उनके खिलाफ ही कई एफआईआर दर्ज कर दी गईं।

कोर्ट ने वजाहत खान को गिरफ्तारी से मिली अंतरिम राहत अगली सुनवाई तक बढ़ा दी है। साथ ही, वकीलों से इस बड़े मुद्दे पर मदद मांगी है कि नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को कैसे आत्मनियंत्रण और जिम्मेदारी के साथ उपयोग में लाया जाए।

## ओवैसी का इंडिया ब्लॉक पर हमला, बोले- एकतरफा मोहब्बत नहीं हो सकती, एसआईआर को बताया बैक डोर एनआरसी

एजेंसी



**हैदराबाद।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने इंडिया ब्लॉक को लेकर कहा कि एकतरफा मोहब्बत नहीं हो सकती है। उन्होंने कहा, बिहार की जनता को यह समझना चाहिए कि हमारे खिलाफ जो आरोप लगाए गए थे, वे झूठ पर आधारित थे। ये आरोप इसलिए लगाए गए, क्योंकि वे नहीं चाहते कि गरीबों और कमजोर वर्गों का कोई नेता उनकी राजनीतिक अगुवाई करे। वे बिहार की जनता को अपना गुलाम बनाए रखना चाहते हैं। हम पूरी मजबूती से चुनाव लड़ेंगे। हमारे प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान ने कहा है कि हमें तीसरे मोर्चे के गठन की कोशिश करनी चाहिए। यह हमारी ओर से एक प्रयास था। बिहार की जनता के सामने यह सब किसी वजह से आया है।

बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर ओवैसी ने कहा, चुनाव आयोग को नागरिकता तय करने का अधिकार नहीं है। यह अधिकार गृह मंत्रालय और सीमा क्षेत्र के पुलिस निरीक्षक के पास है। जब अधिकार ही नहीं है, तो वह ऐसा कर क्यों रहा है? मैंने इसी वजह कहा था कि यह पीछे वाले दरवाजे से एनआरसी है। बिहार में नवंबर में चुनाव हैं। वे सीमांचल के लोगों को कमजोर क्यों करना चाहते हैं?

एसआईआर को लेकर ओवैसी ने कहा, यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि एक सांविधानिक संस्था खुद बयान नहीं दे रही है और सूचनाएं 'सूत्रों' के जरिए सामने आ रही हैं। ये सूत्र कौन हैं? किसने चुनाव आयोग को यह अधिकार दिया कि वह तय करे कि कौन नागरिक है और कौन नहीं? हमारी पार्टी पहली थी जिसने कहा कि एसआईआर एनआरसी को पिछले दरवाजे से लागू करने की कोशिश है।

### क्विक न्यूज

## पाकिस्तान में एयरलाइन की लापरवाही, कराची की जगह यात्री को भेज दिया जेद्दा

**कराची।** पाकिस्तान में एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। जहां एयरलाइन की गलती के चलते एक यात्री कराची के जगह सऊदी अरब के जेद्दा पहुंच गया। यह हैरान करने वाला मामला सात जुलाई को सामने आया और इसमें लापरवाही का आरोप एयर सियाल नामक निजी एयरलाइन पर लगा है। मामला मलिक शाहजैन नाम के एक इलेक्ट्रिकल इंजीनियर से जुड़ा है, जो ऑफिस के काम से लाहौर गए थे और अचानक अपने बीमार बेटे की खबर सुनकर उसी रात कराची लौटने वाले थे। शाहजैन ने पहले से कराची की टिकट बुक कर रखी थी और समय पर एयरपोर्ट भी पहुंच गए थे। शाहजैन का आरोप है कि एयर सियाल के स्टाफ ने बिना पूरी जांच किए उन्हें गलत गेट से अंतरराष्ट्रीय उड़ान में बैठा दिया, जो जेद्दा जा रही थी। उन्होंने कहा कि मैंने बोर्डिंग पास दिखाया, मुझे लाउंज और फिर फ्लाइट गेट की ओर भेज दिया गया। उन्होंने कहा कि टरमैक पर दो विमान खड़े थे एक कराची जा रहा था और दूसरा जेद्दा। एयरलाइन स्टाफ ने बिना जांच के मुझे जेद्दा वाली फ्लाइट में बैठा दिया। शाहज़ैन ने बताया कि उन्हें तब शक हुआ जब उड़ान के दो घंटे बाद भी विमान ने लैंड नहीं किया। आखिरकार, वह जेद्दा पहुंचे, लेकिन उनका सामान कराची पहुंच चुका था। जेद्दा पहुंचने के बाद शाहजैन से वहां के इमिग्रेशन अधिकारियों ने घंटों पूछताछ की। बाद में अधिकारियों ने समझा कि गलती उनकी नहीं थी और एयरलाइन को उन्हें अगली फ्लाइट से वापस भेजने का निर्देश दिया। हालांकि मुश्किल यहीं खत्म नहीं हुई। एयर सियाल ने उन्हें सीधे कराची भेजने के बजाय वापस लाहौर भेज दिया और कहा कि कराची तक की टिकट उन्हें खुद लेनी होगी। शाहजैन ने बताया कि मुझे अपने बीमार बेटे के पास लौटना था, लेकिन मुझे 15 घंटे की थकान और पूछताछ का सामना करना पड़ा।

## पंजाब में बेअदबी के खिलाफ बिल को मंजूरी- कैबिनेट की सहमति के बाद विधानसभा में पेश, कल होगी चर्चा

**चंडीगढ़।** पंजाब कैबिनेट में बेअदबी बिल को मंजूरी दे दी गई है। मंजूरी मिलने के बाद बिल को विधानसभा में पेश किया गया। सीएम मान ने बेअदबी को लेकर बिल पेश किया। विपक्ष के नेता प्रताप सिंह बाजवा ने कहा कि बेअदबी बिल पर चर्चा के लिए समय दिया जाना चाहिए। मौके पर ही हमें बिल मिला हैं, इसलिए कल इस बिल पर चर्चा करवाई जानी चाहिए। इसके बाद सदन को 15 मिनट के लिए फिर से स्थगित कर दिया गया। बाजवा के बेअदबी बिल पर चर्चा कल के लिए आयोजित किए जाने को स्पीकर ने मंजूरी दे दी है। पंजाब में बेअदबी करने वालों को सजा दिलाने के लिए अभी कोई सख्त कानून नहीं है। इस कानून से धार्मिक ग्रंथों और स्थलों की बेअदबी करने वालों को उम्रकैद मिलेगी।

## छोटी-छोटी बात पर विवाद से खतरे में हिंदू विवाह, बिखरते रिश्तों पर बॉम्बे हाईकोर्ट चिंतित


एजेंसी

**मुंबई।** आधुनिकता की चकाचौंध में बिखर रहे रिश्तों को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने चिंता जताई है। हाईकोर्ट ने एक युवक और उसके परिवार के खिलाफ दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि छोटी-छोटी बात पर हो रहे विवादों के चलते पवित्र माना जाने वाला हिंदू विवाह खतरे में पड़ रहा है। न्यायमूर्ति नितिन साम्ब्रे और न्यायमूर्ति एम.एम. नेर्लिकर की नागपुर पीठ ने कहा कि वैवाहिक विवादों में अगर पुनर्मिलन संभव नहीं है, तो इसे तत्काल समाप्त कर दिया जाना चाहिए। ताकि दोनों पक्षों का जीवन बर्बाद न हो।

दिसंबर 2023 में एक युवक और उसके परिजनों के खिलाफ अलग रह रही उसकी पत्नी ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया था। युवक और उसके परिजनों ने बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर करके दहेज उत्पीड़न के मामले को रद्द करने की मांग की थी। दंपती ने अदालत को बताया कि उन्होंने अपना विवाद सुलझा लिया है। उन्हें आपसी सहमति से तलाक दे दिया गया है। महिला ने पीठ को बताया कि यदि मामला रद्द कर दिया जाता है तो उसे कोई आपत्ति नहीं है, क्योंकि वह अपने जीवन में आगे बढ़ना चाहती है। इस पर पीठ ने मामले को खारिज किया। पीठ ने कहा कि यूं तो भारतीय दंड संहिता और दहेज निषेध अधिनियम के तहत दहेज उत्पीड़न और अप्राकृतिक यौन संबंध से संबंधित प्रावधानों में समझौता नहीं किया जा सकता है। फिर भी न्याय के उद्देश्यों को सुरक्षित करने के लिए अदालतें कार्यवाही को रद्द कर सकती हैं। अदालत ने कहा कि पति की ओर से कई लोगों के खिलाफ मामले दर्ज करने की प्रवृत्ति बढ़ गई है। इसे देखते हुए वैवाहिक विवादों को एक अलग नजरिये से देखना जरूरी हो है।

# बोइंग के विमानों की फ्यूल स्विच लॉकिंग सिस्टम की करें जांच, डीजीसीए का एयरलाइंस को सख्त निर्देश

एजेंसी




**नई दिल्ली।** भारत की विमानन निगरानी संस्था नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने देश की सभी एयरलाइनों को निर्देश दिया है कि वे बोइंग 787 और 737 विमानों में फ्यूल स्विच लॉकिंग सिस्टम की पूरी तरह जांच करें। यह जांच 21 जुलाई तक अनिवार्य रूप से पूरी करनी होगी। डीजीसीए ने कहा है कि यह कदम यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। कुछ अंतरराष्ट्रीय रिपोर्टों के अनुसार, इन विमानों के ईंधन स्विच लॉकिंग सिस्टम में तकनीकी खामी सामने आई है, जिससे सुरक्षा को खतरा हो सकता है। बता दें कि, कुछ विदेशी एयरलाइंस जैसे एमिरेट्स पहले ही अपने बोइंग विमानों में सुरक्षा जांच शुरू कर चुकी हैं। वहीं, अमेरिका की एफएए ने कहा है कि अभी तक कोई गंभीर तकनीकी खतरा नहीं दिखा है, इसलिए अनिवार्य आदेश जारी करने की जरूरत नहीं है।

यह सिस्टम विमान के इंजन को ईंधन की सप्लाई को नियंत्रित करता है। अगर इसमें गड़बड़ी हो जाए तो इंजन बंद होने या ईंधन की आपूर्ति रुकने का जोखिम हो सकता है। इसलिए डीजीसीए ने इसे गंभीरता से लिया है। डीजीसीए ने सभी एयरलाइनों से कहा है कि वे अपने बोइंग 787 और 737 बेड़े के सभी विमानों की तकनीकी जांच करें और रिपोर्ट सौंपें। अगर किसी विमान में खराबी पाई जाती है तो उसे तुरंत सुधारना होगा, तब तक वह विमान उड़ान के लिए नहीं चलाया जा सकेगा।

भारत में एयर इंडिया, एयर इंडिया एक्सप्रेस, अकासा एयर और स्पाइसजेट जैसी कंपनियां बोइंग 737 और 787 विमान चला रही हैं, जिन्हें फ्यूल स्विच लॉकिंग सिस्टम की जांच करनी होगी।

12 जून को अहमदाबाद में एअर इंडिया के विमान हादसे की जांच कर रही एएआईबी ने अपने प्रारंभिक रिपोर्ट में बताया कि हादसे वाले बोइंग ड्रीमलाइनर विमान के दोनों इंजन टेकऑफ के कुछ ही सेकंड बाद बंद हो गए क्योंकि ईंधन की आपूर्ति रुक गई थी। एअर इंडिया विमान के ब्लैक बॉक्स की जांच में पता चला कि उड़ान के अंतिम क्षणों में, कॉकपिट वॉयस रिकॉर्डर से पता चला कि एक पायलट को दूसरे से यह पूछा कि उसने ईंधन स्विच को बंद क्यों किया? इस पर दूसरे पायलट ने जवाब दिया कि उसने ऐसा नहीं किया। जांच में पता चला कि उड़ान भरने के तुरंत बाद ईंधन स्विच कटऑफ में बदल गए थे, जिससे विमान के इंजनों में ईंधन की आपूर्ति रुक गई।

## भोजपुर में सैप जवान की गोली से युवक की मौत पर भड़के ग्रामीण, पुलिसकर्मी को पीटा

एजेंसी

**भोजपुर।** बिहार के आरा में अवैध शराब के खिलाफ छापेमारी करने गई उत्पाद विभाग की पुलिस टीम के साथ बड़ा विवाद हो गया। जहां छापेमारी के दौरान शराब माफियाओं और स्थानीय ग्रामीणों ने उत्पाद विभाग की पुलिस टीम पर जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान आक्रोशित ग्रामीणों ने पुलिस टीम पर पत्थरबाजी करते हुए लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। जवाबी कार्रवाई में उत्पाद विभाग की पुलिस टीम में शामिल सैप के (स्पेशल ऑक्जिलरी पुलिस) जवान ने फायरिंग कर दी, जिसमें गोली लगने से युवक की मौत हो गई।

इस घटना के बाद ग्रामीणों का गुस्सा भड़क उठा। आक्रोशित लोगों ने पुलिस टीम पर हमला करते हुए गोली चलाने वाले सैप जवान को बंधक बना लिया और उसकी मौके पर जमकर पिटाई भी कर दी, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। यह मामला जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 का है। घटना की सूचना मिलते ही उत्पाद विभाग के अधिकारी के साथ जगदीशपुर के एसडीपीओ सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंच गया और मामले की छानबीन में जुट गया। इधर, घटना से गुस्साए लोगों ने मृत व्यक्ति के शव को बीच सड़क रखकर आगजनी करते हुए पुलिस के खिलाफ नारेबाजी की और सड़क को जाम कर दिया। मृत युवक की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 3 निवासी जगदीश यादव का 46 वर्षीय पुत्र सुशील यादव के रूप में हुई है।

बताया जा रहा है कि जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शाहपुर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 3 में उत्पाद विभाग की पुलिस टीम अवैध शराब के खिलाफ गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी करने पहुंची थी। जहां उत्पाद विभाग की पुलिस टीम को छापेमारी करते देख शराब माफिया और स्थानीय ग्रामीणों ने उन पर हमला कर दिया, जिसमें गुस्साए ग्रामीणों द्वारा उत्पाद विभाग की पुलिस टीम पर पथराव किया गया।

# मुरादाबाद की सड़कें हुईं शिवमय... जलाभिषेक के लिए शिवालयों में उमड़े भक्त

एजेंसी



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद में सावन के पहले सोमवार को गंगाजल से जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं में जबरदस्त उत्साह रहा। जलाभिषेक के लिए शिवालय सजाए गए थे। इसके साथ ही सुबह से ही सड़कें भोलेमय रहीं। जगह-जगह भगवा ध्वजों की अस्थायी दुकानें लगी हुई थी। इससे पहले रविवार दोपहर से ही गंगाजल लेकर श्रद्धालु लौटने लगे थे। हर-हर महादेव और बम-बम भोले की चारों तरफ गूंज है।

इससे पहले दिनभर मंदिरों में साफ-सफाई और सजावट का दौर चला। श्रद्धालुओं के ठहरने की भी मंदिर परिसरों में व्यवस्था की गई थी। दोपहर से ही श्रद्धालु कांवड़ लेकर मंदिर की ओर बढ़ने लगे। देर रात कई श्रद्धालु कांवड़ लेकर मंदिर पहुंचे और भगवान शिव के दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

झारखंडी महादेव मंदिर के महंत भोलेनाथ योगीराज ने बताया कि सोमवार सुबह तीन बजे मंदिर के कपाट खोले गए और सुबह छह बजे आरती की गई। शाम में भगवान शिव का चंपा व गुलाब के फूलों से श्रृंगार किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि मंदिर में टैंट लगाकर कावड़ियों के ठहरने की व्यवस्था कर दी गई है। चौरासी घंटा मंदिर के मुख्य पुजारी विष्णु दत्त शर्मा ने बताया कि सुबह चार बजे आरती के बाद जलाभिषेक शुरू हुआ। भगवान को स्नान कराने के बाद शाम छह बजे बेलपत्र, मोगरा, गुलाब और चंदन से भगवान शिव का श्रृंगार किया जाएगा। रात आठ बजे आरती की जाएगी।

श्री महाकालेश्वर धाम नया मुरादाबाद, मनोकामना श्री हनुमान मंदिर रेलवे कालोनी, प्राचीन शिव मंदिर झांझनपुर, ऋणमुक्तेश्वर मंदिर मझोला, श्री शिव हरि मंदिर रामगंगा विहार, माता मंदिर लाइनपार, राधा-कृष्ण मंदिर सिविल लाइंस आदि में सुबह से ही जलाभिषेक और शाम को आरती व भजन-कीर्तन होंगे।

## ईडी के सामने रॉबर्ट वाड्रा की पेशी, संजय भंडारी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा के पति और जानेमाने कारोबारी रॉबर्ट वाड्रा सोमवार को प्रवर्तन निदेशालय के सामने पेश हुए। उनसे ब्रिटिश हथियार सलाहकार संजय भंडारी से जुड़े धन शोधन मामले में पूछताछ की गई। वाड्रा का बयान धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत दर्ज किया गया।

56 वर्षीय वाड्रा सुबह 11 बजे के बाद मध्य दिल्ली स्थित संघीय जांच एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। उनके साथ केरल की वायनाड लोकसभा सीट से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा भी थीं। रॉबर्ट वाड्रा को एजेंसी ने पिछले महीने बयान दर्ज कराने के लिए बुलाया था, लेकिन उन्होंने विदेश यात्रा के कारण अपने समन को स्थगित करने का अनुरोध किया था।

केंद्रीय जांच एजेंसी उनसे तीन अलग-अलग धन शोधन मामलों में पूछताछ कर रही है, जिनमें यह मामला भी शामिल है। अन्य दो मामले भूमि सौदों में कथित अनियमितताओं से संबंधित हैं। 63 वर्षीय भंडारी 2016 में आयकर विभाग की ओर से दिल्ली में छापेमारी के तुरंत बाद लंदन भाग गए थे। हाल ही में दिल्ली की एक अदालत ने उन्हें भगोड़ा आर्थिक अपराधी घोषित किया है।

इससे पहले पिछले महीने वे ईडी की ओर से समन भेजे जाने के बाद भी पेशी के लिए नहीं आए थे। इसकी वजह उनका विदेश में होना बताया गया था। इससे पहले ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग मामले में पूछताछ के लिए वाड्रा को अपने दफ्तर बुलाया था। मामला ब्रिटेन के रहने वाले हथियार डीलर संजय भंडारी से जुड़ा है। मामले की जांच प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की जा रही है।

वाड्रा से ईडी ने अप्रैल में तीन दिन लगातार पूछताछ की थी।

## भारत-चीन के संबंध दुनिया के लिए अहम, सीमा पर कम हुआ तनाव, वांग यी के साथ बैठक में बोले जयशंकर

एजेंसी



**बीजिंग।** विदेश मंत्री एस जयशंकर चीन के दौरे पर हैं। अपने चीनी समकक्ष वांग के साथ बैठक के दौरान अपने शुरुआती वक्तव्य में जयशंकर ने कहा, आज हमारी बैठक में वैश्विक और क्षेत्रीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्श होगा। कल हम शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के प्रारूप में मिलेंगे, जिसका मुख्य उद्देश्य आतंकवाद, अलगाववाद और चरमपंथ से लड़ना है। यह हम सभी की साझा चिंता है और भारत को उम्मीद है कि आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति को मजबूती से अपनाया जाएगा। विदेश मंत्री के रूप में आप (वांग यी) लंबे समय से हमारे द्विपक्षीय संबंधों के लिए जिम्मेदार रहे हैं। मुझे इस समय हमारे संबंधों की स्थिति पर चर्चा करने पर खुशी हो रही है, विशेषकर ऐसे समय में जब दुनिया में बड़े बदलाव हो रहे हैं। मैं रचनात्मक और दूरदर्शी विचारों के आदान-प्रदान की उम्मीद करता हूं।

जयशंकर ने आगे कहा, पिछले नौ महीनों में हमने अपने द्विपक्षीय संबंधों को सामान्य करने की दिशा में अच्छा प्रगति की है। यह सीमा पर तनाव के समाधान और वहां शांति बनाए रखने की हमारी क्षमता का परिणाम है। यही पारस्परिक रणनीतिक विश्वास और संबंधों के सहज विकास की बुनियाद है। अब जरूरी है कि हम सीमा से जुड़े अन्य मुद्दों पर भी ध्यान दें, जिनमें तनाव कम करना भी शामिल है।

उन्होंने कहा, हमारे संबंधों के कई पहलू और आयाम हैं, क्योंकि हम पड़ोसी देश भी हैं और प्रमुख वैश्विक अर्थव्यवस्थाएं भी। लोगों के बीच संपर्क को सामान्य बनाने की दिशा में उठाए गए कदम आपसी सहयोग को बढ़ा सकते हैं। इस संदर्भ में यह भी जरूरी है कि व्यापार में बाधाएं और प्रतिबंधात्मक कदम न उठाए जाएं। मुझे उम्मीद है कि इन मुद्दों पर और गहराई से चर्चा होगी। भारत और चीन के बीच स्थिर और रचनात्मक संबंध न केवल हमारे लिए, बल्कि पूरी दुनिया के लिए लाभकारी हैं। यह तभी संभव है जब हम एक-दूसरे के प्रति सम्मान, साझा हित और संवेदनशीलता के आधार पर संबंधों को आगे बढ़ाएं। जयशंकर ने कहा, हम पहले भी सहमत हो चुके हैं कि मतभेदों को विवाद नहीं बनने देना चाहिए और प्रतिस्पर्धा को कभी भी संघर्ष नहीं बनने देना चाहिए।

# भारत से रूस जाएंगे 10 लाख कुशल कामगार

## श्रमिकों की भारी कमी पूरी करने की तैयारी.........................

एजेंसी



**मॉस्को।** रूस में कुशल श्रमिकों की भारी कमी को देखते हुए इस साल के अंत तक भारत से लगभग 10 लाख कुशल कामगारों को बुलाया जाएगा। यह जानकारी रूस के एक प्रमुख व्यापार संगठन के अधिकारी ने दी है। उरल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के प्रमुख आंद्रेई बेसेदिन ने आरबीसी न्यूज एजेंसी से कहा कि, %मेरी जानकारी के अनुसार, साल के अंत तक भारत से 10 लाख कुशल श्रमिक रूस आएंगे, जिनमें से कुछ स्वेर्दलोव्स्क क्षेत्र में भी काम करेंगे।

उन्होंने बताया कि इस उद्देश्य के लिए येकातेरिनबर्ग शहर में भारत का नया वाणिज्य दूतावास खोला जा रहा है, जो श्रमिकों के आगमन से संबंधित मामलों को संभालेगा। स्वेर्दलोव्स्क क्षेत्र रूस के उरल पर्वत क्षेत्र में स्थित है और यह देश की भारी उद्योग और रक्षा उत्पादन इकाइयों का केंद्र है। यहां टी-90 टैंक बनाने वाली कंपनी उरल वैगन जावोद और उरलमाश जैसी प्रसिद्ध कंपनियां स्थित हैं।

आंद्रेई बेसेदिन ने आगे बताया कि रूस में कई युवा अब फैक्ट्रियों में काम नहीं करना चाहते और कुछ लोग यूक्रेन में सैन्य अभियान में तैनात हैं, जिससे फैक्ट्रियों में काम करने वाले कुशल लोगों की भारी कमी हो गई है। इसी वजह से भारत जैसे देशों से श्रमिक बुलाने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि भारत के अलावा श्रीलंका और उत्तर कोरिया से भी श्रमिक बुलाने पर विचार किया गया, लेकिन यह जटिल मामला है। रिपोर्ट के अनुसार, 2024 में भारत से कुशल श्रमिकों का आगमन शुरू हो चुका है, खासकर कालिनिनग्राद की मछली प्रसंस्करण फैक्ट्री जा रोडीनु में काम करने के लिए भारतीय श्रमिकों को आमंत्रित किया गया है।

रूसी श्रम मंत्रालय के अनुसार, 2030 तक रूस में 31 लाख कुशल श्रमिकों की कमी होने की आशंका है। इसी कारण वर्ष 2025 में विदेशी श्रमिकों की कोटा सीमा को 1.5 गुना बढ़ाकर 2.3 लाख तक करने का प्रस्ताव रखा गया है। फिर भी भारत जैसे देशों से कुशल और प्रशिक्षित कामगारों को प्राथमिकता दी जा रही है।

## पाकिस्तान में आदिवासी नेता और उनके ड्राइवर की गोली मारकर हत्या, तालाब में डूबने से चार बच्चों की मौत

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में सोमवार को अज्ञात हमलावरों ने एक बुजुर्ग आदिवासी नेता और उनके ड्राइवर की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस इसे लक्षित हत्या (टारगेट किलिंग) का मामला मान रही है। मारे गए बुज़ुर्ग की पहचान मलिक मोहम्मद रहमान दावर के रूप में हुई है। वह पहले भी दो बार हमलों में बाल-बाल बच चुके थे और उन हमलों में घायल हुए थे। यह ताजा हमला उत्तर वजीरिस्तान जिले के तपी इलाके में मीरानशाह-बन्नू रोड पर हुआ। पुलिस के अनुसार, हथियारबंद हमलावरों ने अचानक फायरिंग शुरू कर दी, जिससे मलिक रहमान और उनके ड्राइवर की मौके पर ही मौत हो गई। हमलावर वारदात के बाद फरार हो गए। जिले के पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस दोहरे हत्याकांड की गहराई से जांच की जा रही है। उन्होंने दोषियों को जल्द पकड़ने और सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया है। साथ ही मामले में बताया जा रहा है कि मलिक रहमान जैसे जनजातीय बुज़ुर्ग जो सरकार और सुरक्षा बलों का आतंकियों के खिलाफ समर्थन करते हैं, उन्हें अक्सर निशाना बनाया जाता है। खासकर पाकिस्तान-अफगानिस्तान सीमा पर बसे जनजातीय इलाकों में ऐसे बुज़ुर्गों को आतंकियों से लगातार खतरा बना रहता है। हालांकि पुलिस और सुरक्षा एजेंसियां मामले की हर पहलू से जांच कर रही हैं।

# स्कूल चलो अभियान ,पौधरोपण व स्वच्छता जागरूकता अभियान सकुशल संपन्न

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ0 गोरखनाथ पटेल ने जलालपुर ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय ओइना में ब्लॉक स्तरीय स्कूल चलो अभियान रैली/नामांकन मेला का हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। विद्यालय में नामांकन के साथ साथ पौधरोपण व स्वच्छता जागरूकता अभियान भी चलाया गया। बेसिक शिक्षा अधिकारी ने स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली में बच्चे स्कूल चलो अभियान सम्बन्धी नारों-स्लोगन की तख्ती-बैनर लिए चल रहे थे। बच्चों ने रैली के दौरान प्रेरणादायक नारे 'हर घर में एक दीप जलेगा, हर बच्चा स्कूल चलेगा'लगाया। साथ ही 'हम बच्चों का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है' और 'आधी रोटी खाएंगे, स्कूल जरूर जाएंगे' जैसे नारों से ग्रामीणों को जागरूक किया। बीएसए ने कहा कि समस्त स्टाफ गांव में जाकर अभिभावकों से संपर्क कर नामांकन में वृद्धि करें(बच्चों का नामांकन व उपस्थित शत प्रतिशत सुनिश्चित करें। बेसिक शिक्षा अधिकारी, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी और शिक्षकों ने रैली के माध्यम से घर-घर जाकर अभिभावकों को उनके बच्चों के नामांकन व शत-प्रतिशत उपस्थिति के लिए प्रेरित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने फार्म भरकर नामांकन किया और बच्चों का माला पहनाकर स्वागत व अभिनन्दन किया। नामांकित बच्चों को पुस्तक व कापी-पेन भी दी गयी। बीएसए, खंड शिक्षा अधिकारी व शिक्षकों ने घास साफ कर , झाड़ू लगाकर साफ-सफाई कर अन्य लोगों को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत विद्यालय परिसर में फलदार व छायादार पौधे रोपित किए गए। उन्होंने कहा कि स्कूल चलो अभियान, स्वच्छता अभियान और पौधरोपण, ये तीनों ही शिक्षा और पर्यावरण से जुड़े महत्वपूर्ण अभियान हैं। स्कूल चलो अभियान÷ का उद्देश्य बच्चों को स्कूल भेजने और शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रोत्साहित करना है, जबकि ÷स्वच्छता अभियान÷ का उद्देश्य स्कूलों और आसपास के वातावरण को साफ-सुथरा रखना है। ÷पौधारोपण÷ अभियान का उद्देश्य पर्यावरण को हरा-भरा बनाना और पेड़ों को लगाना है। इन तीनों अभियानों का उद्देश्य छात्रों और समाज के लिए एक बेहतर भविष्य का निर्माण करना है। आयोजक खंड शिक्षा अधिकारी जलालपुर राजेश कुमार सिंह को निपुण असेसमेंट में प्रदेश में शीर्ष स्थान लाने पर प्रशस्ति पत्र का स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कंपोजिट विद्यालय ओइना के प्रधानाध्यापक व नोडल संकुल शोभनाथ यादव ने सभी का आभार व्यक्त किया और कहा कि इन अभियानों के माध्यम से, छात्रों को न केवल शिक्षा और स्वच्छता के महत्व को समझने में मदद मिलती है, बल्कि वे एक बेहतर और स्वस्थ जीवन जीने के लिए भी प्रेरित होते हैं। इस अवसर पर समस्त खण्ड शिक्षा अधिकारी, समस्त एआरपी, प्रधानाध्यापक प्रेमचन्द, विद्यालय के समस्त स्टाफ, समस्त नोडल संकुल , शिक्षक प्रतिनिधि पवन कुमार सिंह, गिरीश कुमार सिंह, कमलेश सिंह,शैलेश कुमार सिंह,अशोक यादव, योगेश कुमार, रविप्रकाश ,नोडल संकुल मुहम्मद इमरान, कँवलधारी, विधाता यादव, सुरेश सिंह,उदयप्रताप, अनिल कुमार, रुद्रसेन सिंह, ए आर पी आशीष सिंह, संतोष विश्वकर्मा, सहित अन्य सम्मानित शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मनीषी श्रीवास्तव ने किया।

# निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**आजमगढ़।** मेदांता हॉस्पिटल लखनऊ द्वारा आजमगढ़ शहर के मारवाड़ी धर्मशाला में एक निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेदांता अस्पताल की टीम द्वारा मरीजों के स्वास्थ्य का परीक्षण भी किया गया। यह शिविर मारवाड़ी धर्मशाला समिति आजमगढ़ एवं अखिल भारतवर्षीय मारवाड़ी सम्मेलन इकाई के सहयोग से अध्यक्ष श्यामसुंदर डालमिया के नेतृत्व में आयोजित हुआ। जिसमें मरीजों की स्वास्थ्य जांच के साथ विशेषज्ञ द्वारा उचित परामर्श भी दिया गया। सामान्य रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अनिल ने बताया कि आज उनके द्वारा लगभग 85 से भी अधिक मरीजों को चिकित्सकीय परामर्श देने के साथ साथ उनकी टीम द्वारा बीपी, ब्लड शुगर, बीएमडी, ईसीजी की जांच की गई। मारवाड़ी समाज के अथक प्रयास से मरीजों ने इस शिविर का लाभ उठाया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगो को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और जरूरतमंदों तक निःशुल्क चिकित्सा सुविधा पहुंचना था। इस दौरान मेदांता हॉस्पिटल से अभिषेक, नम्रता, जतिन और आयोजन समिति से गोपाल डालमिया, अजीत रुंगटा, अशोक शर्मा, संजय डालमिया, अंकुर रुंगटा, अनुज जालान आदि रहे।

# साहित्य में जौनपुर की एक अलग पहचानः एनपी सिंह



**अवधनामा संवाददाता**

**जौनपुर पत्रकार संघ द्वारा पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित**

**जौनपुर।** जनपद जौनपुर की साहित्य में एक अलग पहचान है। यहां के कवियों ने अपनी कविताओं से समाज को संस्कारित करने का कार्य किया है। उक्त उद्गार सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी एनपी सिंह ने नगर स्थित क्षेम उपवन में जौनपुर पत्रकार संघ द्वारा आयोजित पौधरोपण के कार्यक्रम में व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि भारतीय शिक्षा बोर्ड के दसवीं कक्षा के पाठ्यक्रम में साहित्य वाचस्पति डा. श्रीपाल सिंह क्षेम की कविता -जभी से जगे रे भाई तभी से सवेरा है, तथा पं. रूपनारायण त्रिपाठी की कविता- अभी तक आदमी बनकर तुम्हे जीना नहीं आया सम्मिलित किया गया है। इसके पूर्व उन्होंने क्षेम उपवन में स्थापित श्रीपाल सिंह क्षेम की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और पौधरोपण के उपरांत लोगों से परिचय प्राप्त किया। इस मौके पर अध्यक्ष शशिमोहन सिंह क्षेम ने उन्हे बुके, शाल और कृष्ण द्वैपायन देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डा. सूर्यप्रकाश सिंह मुन्ना, लोलारख दूबे, डा. मधुकर तिवारी, प्रदीप सिंह सफायर, जगप्रकाश सिंह साथी, पं. रामदयाल द्विवेदी, डा. भारतेन्दु मिश्र, डा. माधवम् सिंह, जेड हुसैन बाबू, रामश्रृंगार सिंह गदेला, अखिलेश तिवारी अकेला, बेहोश जौनपुरी, राजेश मौर्य, देवांश सिंह, राजीव पाठक, स्वतंत्र यादव, रिंकू सिंह, रामजी तिवारी, देवी सिंह, भारती, शशिशेखर सिंह, भानु, शिवम सिंह एडवोकेट आदि मौजूद रहे। आगन्तुकों का अभिवादन जौनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष शशिमोहन सिह क्षेम, तथा आभार ज्ञापन संरक्षक ओमप्रकाश सिंह ने किया।

# बड़े हनुमानजी मंदिर की चौखट पर पहुंची मां गंगा-यमुना



**अवधनामा संवाददाता**

**प्रयागराज।** प्रयागराज में रविवार की देर रात गंगा और यमुना का जलस्तर बहुत तेजी से बढ़ गया है। दोनों नदियों का जलस्तर आज सोमवार को सुबह करीब 10 बजे तक 80 मीटर के पार पहुंच गया। यमुना नदी का जलस्तर 175 सेमी. बढ़ने के बाद अब 80.97 मीटर पर पहुंच गया। गंगा फाफामऊ में 103 सेमी. बढ़कर अब 80.26 मीटर और छतनाग में 124 सेमी. बढ़कर अब 80.80 मीटर पर आ गई हैं। दोनों नदियों का जलस्तर रात में इतनी तेजी से बढ़ गया कि भोर में ही पानी बड़े हनुमानजी मंदिर की चौखट यानी दीवार तक आ गया है। अब उम्मीद है कि इसी तरह से जलस्तर में बढ़ोत्तरी होती है तो जल्द ही मां गंगा और यमुना अपने पवित्र जल से बड़े हनुमानजी महाराज को स्नान भी कराएंगी। पिछले वर्ष 2024 की बात की जाए तो दोनों नदियों का जलस्तर बहुत तेजी से बढ़ा था। यह पवित्र जल 2 बड़े हनुमानजी मंदिर में पहुंचा था। यानी 2 बार बड़े हनुमानजी इस जल से स्नान किए थे। इस बार भी मंदिर प्रबंधन की ओर से इसकी तैयारी की जा रही है।महंत बलवीर गिरि बताते हैं कि यह शुभ संयोग होता है, जब हर साल मां गंगा-यमुना खुद बड़े हनुमानजी के पास पहुंचती हैं और अपने पवित्र जल से स्नान कराती हैं। इस बार भी मंदिर में भव्य स्वागत की तैयारी की जा रही है।

## कांवड़ियों की सुरक्षा व्यवस्था में पुलिस व्यवस्था रही चाक चौबंद

**लालगंज/आजमगढ़।** तहसील लालगंज के अंतर्गत श्रावण मास के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं ने बाबा भोलेनाथ को विल्वपत्र, भांग, धतूर, अबीर और गुलाल अर्पित किए। शिवलिंग पर जलाभिषेक कर भक्तों ने सुखमय जीवन की कामना की। श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित माना जाता है। इस माह के पहले सोमवार को विशेष महत्वपूर्ण माना जाता है। मंदिर परिसर को श्रद्धालुओं ने माला, फूल और लाइट से सजाया। कांवरिया के आवागमन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था मे नायब तहसीलदार फोर्स के साथ रहे डटे, सभी मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रही। बोल बम कांवरिया संघ के सदस्यों ने भी श्रद्धापूर्वक भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया। सुरक्षा व्यवस्था के लिए क्षेत्राधिकारी लालगंज भूपेश कुमार पांडेय ने बताया कि पुलिस चौकी लालगंज से थाना कोतवाली देवगॉव तक कोतवाल विमलेश कुमार राय के नेतृत्व में पुलिस बल लगातार गश्त करता रहा।

# समाज और राष्ट्र को समर्पित था रज्जू भैया का सम्पूर्ण जीवनः प्रो वन्दना सिंह

**पूर्वांचल विश्वविद्यालय में मनाई गई रज्जू भैया की पुण्यतिथि**

**अवधनामा संवाददाता**



**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के प्रो. राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) भौतिकीय विज्ञान अध्ययन एवं शोध संस्थान द्वारा उनकी पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि रज्जू भैया अपने सादगीपूर्ण जीवन, त्याग और राष्ट्र के प्रति निष्ठा के लिए सदैव स्मरणीय रहेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने रज्जू भैया की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया। संस्थान के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार यादव ने बताया कि प्रो. राजेंद्र सिंह को उनकी सरलता, सहजता और आत्मीयता के कारण सभी लोग रज्जू भैया के नाम से जानते थे। उन्होंने उनके जीवन और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उल्लेखनीय है कि रज्जू भैया की स्मृति में यह संस्थान वर्ष 2018 में तत्कालीन कुलपति प्रो. राजाराम यादव के प्रयास से उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्थापित किया गया था।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रो. देवराज सिंह, प्रो मनोज मिश्र, प्रो. मिथिलेश सिंह, प्रो. गिरधर मिश्र, डॉ. प्रमोद कुमार, डॉ मनीष गुप्ता, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. मिथिलेश यादव, डॉ. नीरज अवस्थी, डॉ. श्याम कन्हैया, डॉ. शशिकांत, डॉ. आलोक वर्मा, डॉ. आशीष वर्मा, डॉ. दिनेश वर्मा, डॉ. सुजीत चौरसिया, डॉ. रामांशु, डॉ. दीपक मौर्य, संदीप वर्मा, सौरभ सिंह सहित अनेक शिक्षक, शोधार्थी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## विद्युत विभाग द्वारा 17, 18 एवं 19 जुलाई 2025 को किया जायेगा मेगा कैम्प का आयोजन

**जौनपुर, अवधनामा संवाददाता।** अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम जौनपुर ने अवगत कराया है कि उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा प्रदेश के सभी जिलों के सभी खण्डों पर 17, 18 एवं 19 जुलाई 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक मेगा कैम्प का आयोजन होगा। जिसमें सभी प्रकार की शिकायतों जैसे- बिल रिवीजन, खराब मीटरों की जगह नये मीटर का प्रतिस्थापन, गलत बिलों का संशोधन, विघा परिवर्तन किये जायेगें, बिल से सम्बन्धित व अन्य शिकायतों का पंजीकरण व निस्तारण के कार्य सम्पादित किये जायेंगे। इसके साथ ही, जो भी उपभोक्ता अपनी शिकायत लेकर आयेगा उसे 1912 हेल्पडेस्क पर अंकित कराया जायेगा एवं उपभोक्ता को उसकी रसीद उपलब्ध करायी जायेगी एवं जो शिकायत मौके पर निस्तारित हो सकती है, उसे तत्काल निस्तारित करा दिया जायेगा एवं जो शिकायतें रह जायेंगी उन्हें एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण कर दिया जायेगा। जनपद के विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम के अन्तर्गत विद्युत वितरण खण्ड-जौनपुर नगर पता-132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र, मोहल्ला-कदम रसूल, हुसैनाबाद जौनपुर एवं विद्युत वितरण खण्ड-केराकत ग्रामीण, पता-132 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र मोहल्ला कदम रसूल हुसैनाबाद, जौनपुर एवं विद्युत वितरण खण्ड-बक्सा पता मोहल्ला मियांपुर निकट कलेक्ट्री कचहरी, जौनपुर पर 17, 18 एवं 19 जुलाई 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक कैंप आयोजित किया जायेगा। इसकी निगरानी हेतु अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण मण्डल-प्रथम को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## पूर्व सीएम चंद्रभानु गुप्ता को कांग्रेसियों ने जयंती पर किया याद



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और स्वतंत्रता सेनानी चंद्रभानु गुप्ता की 114वीं जयंती आज बहादुरगंज स्थित शिवाजी पार्क में कांग्रेसियों द्वारा मनाई गई। इस अवसर पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया। कांग्रेस नेता इरशाद उल्लाह ने चंद्रभानु गुप्ता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए बताया कि गुप्ता जी उत्तर प्रदेश के चार बार मुख्यमंत्री रहे थे। उन्होंने महात्मा गांधी के साथ कई महत्वपूर्ण आंदोलनों में भी सक्रिय भूमिका निभाई, जिससे देश की आजादी में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। इरशाद उल्लाह ने कहा कि गुप्ता जी का जीवन प्रेरणादायक है और उनके आदर्शों को हमें हमेशा याद रखना चाहिए। इस मौके पर मो0 राज़ी (राजू दाढ़ी), राजेन्द्र कुमार केसरवानी, अविनाश केसरवानी, रवि गुप्ता, मोनू (मो0क़ासिम), इमरान आलम, अनिल केसरवानी (अनिल महाजन), मो0 शारिक सहित कई अन्य कांग्रेसी कार्यकर्ता और समाजवादी नेता फरीद खान भी उपस्थित थे।

# अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों में मिल रहा है रोजगार : जिलाधिकारी

**अवधनामा संवाददाता**

**मैनपुरी।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में उ.प्र. कौशल विकास मिशन द्वारा आयोजित वृहद रोजगार मेले के शुभारंभ अवसर पर जिलाधिकारी अंजनी कुमार सिंह ने रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रहीं विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधियों से संवाद करते हुए कहा कि जनपद के शिक्षित युवाओं को अधिक से अधिक रोजगार के अवसर उपलब्ध करायें, युवाओं की योग्यता के अनुसार उनका चयन किया जाए और उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार ही वेतन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने रोजगार मेले में प्रतिभाग कर रहे युवाओं से कहा कि निजी सेक्टर में बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा निरंतर रोजगार मेलों का आयोजन कराया जा रहा है, जिसमें देश की नामचीन कंपनियों द्वारा प्रतिभाग कराकर आपको योग्यता के आधार पर रोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं, आप लोग मेहनत से कार्य करें। उन्होने उपस्थित युवाओं का आव्हान करते हुये कहा कि युवा अपने अंदर काम करने, काम सीखने का जज्बा पैदा करें, कर्म से ही इंसान की पहचान होती है, युवा मेहनत कर अपने क्षेत्र में आगे बढ़ें, आप जीवन में सफलता अवश्य अर्जित करेंगे। श्री सिंह ने कहा कि जनपद में निरतंर रोजगार मेले आयोजित कर मिशन रोजगार के अंतर्गत राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय कंपनियों में शैक्षिक योग्यता के आधार पर बिना किसी सिफारिश के साथ रोजगार के अवसर मुहैया कराए जा रहे है। उन्होने कहा कि प्राइवेट सेक्टर में युवाओं के लिए बहुत संभावनाएं हैं। उन्होने कहा कि यह बहुत ही सुनहरा अवसर है, रोजगार मेले में शिक्षित युवाओं के लिए अपने प्रारम्भिक रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। जिला समन्वयक उ.प्र. कौशल विकास मिशन रवि भूषण ने बताया कि आयोजित रोजगार मेले में न्यू हॉलेण्ड ट्रैक्टर, श्रीराम पिस्टन एंड रिंग्स लिमि., सुपर सिक्योरिटी सर्विस, लेंसकार्ट, याजकी इंण्डिया लि.मि., बजाज मोटर्स लिमि., महादेव हिन्दुस्तान विजय टाटा मोटर्स, पुखराज हेल्थ केयर, भारतीय जीवन बीमा निगम, एस.बी.आई. लाइफ इंश्योरेंस, एस.आई.एस. सिक्योरिटी, एडको इण्डिया प्रा.लि.मि., यदुराज ऑटोव्हील्स लिमि. आदि कंपनियों द्वारा प्रतिभाग कर जनपद के 01 हजार शिक्षित बेरोजगारों को उनकी शैक्षिक योग्यता के आधार पर रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा, आज विभिन्न कंपनियों में 322 युवाओं ने साक्षात्कार दिया, जिसमें से 260 युवाओं को विभिन्न कम्पनियों द्वारा चयनित किया गया।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी नेहा बंधु, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद संगीता गुप्ता, एम.आई.एस. मैनेजर फिरोज खान, अभिषेक चौरसिया, डी.पी.एम. गौरव यादव, फोरमैन पुरूषोत्तम सिंह, सतीश कुमार के अलावा विभिन्न कम्पनियों के प्रतिनिधि, कार्यालय स्टॉफ, प्रतिभागी युवा आदि उपस्थित रहे।

# पत्रकार सुरक्षा कानून बिल जल्द से जल्द लागू कराने की मांग



**प्रेस क्लब बनाए जाने की मांग को लेकर बैठक मे की गयी चर्चा**

**अवधनामा संवाददाता**

**लालगंज/आजमगढ़।** राष्ट्रीय पत्रकार सुरक्षा परिषद रजि0 के प्रदेश कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के जिले से आये हुए सभी जिलाध्यक्षों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। वही संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने आजमगढ़ के जिलाध्यक्ष संजय कुमार को भी उत्कृष्ट कार्य करने पर कार्यालय पर सम्मानित किया। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने पत्रकारों के हितों पर विस्तार से चर्चा किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पत्रकारों की हक की लड़ाई लड़ने के लिए हम सभी संघर्ष के लिए तैयार हूँ। हम अपने संगठन के माध्यम से सरकार से पत्रकार सुरक्षा कानून बिल जल्द से जल्द लागू कराने की मांग करते हैं। आजमगढ़ के जिला अध्यक्ष संजय कुमार ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र कुमार मिश्रा को अवगत कराया कि अपने संगठन के माध्यम से मुख्यमंत्री को आजमगढ़ जनपद मे प्रेस क्लब बनाए जाने का पत्र प्रेषित किया जाए। प्रेस क्लब बनाए जाने पर जनपद के सभी पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा और उसका निराकरण कराया जा सके।

## कोर्ट नोटिस

मा.सिविल जज सीनियर डिविजन सहारनपुर प्रकीर्ण वाद संख्या 255 सन 2024,1-श्रीमती गीता पत्नि स्व0 सचिन कुमार निवासी 7172, गली नम्बर 2. नियर एस.डी. कन्या इन्टर कॉलेज, एवन कालोनी, सहारनपुर 2- कृष्ण कुमार पुत्र स्व0 सचिन कुमार नाबालिग उम्र वर्ष द्वारा अपनी सगी माता व संरक्षिका श्रीमती गीता निवासी 7172, गली नम्बर 2. नियर एस.डी. कन्या इन्टर कॉलेज, एवन कालोनी, सहारनपुर। आवेदक....बनाम.... 1- सुनील कुमार पुत्र स्व0 गंगा सिंह निवासी 7172, गली नम्बर 2, नियर एस.डी. कन्या इन्टर कॉलेज, एवन कालोनी, सहारनपुर हाल नि.बसन्त विहार कालोनी, दीप पब्लिक स्कूल, काली मन्दिर से आगे बहादराबाद जिला हरिद्वार उत्तराखण्ड 2- सुमन लता पत्नि विजय निवासी हनुमान मन्दिर, गली नम्बर 5, एवन कालोनी, सहारनपुर।

3- सीमा रानी पत्नि विरेन्द्र कुमार निवासी हसनपुर पुलिस चौकी वाली गली, निकट भूमिया खेडा थाना सदर बाजार, सहारनपुर। 4- आम जनता .. विपक्षीगण...दरख्वास्त मुसम्मा श्रीमती गीता आदि वास्ते हुसूल सर्टीफिकेट वसूल जर रूपये. किफायत द्वारा दरख्वास्त मुसम्मा उक्त मुतवफफा सचिन कुमार अपने बसूजिब ऐक्ट 7 सन 1889 ई0 बकैद 6.06.306.46 रूपये हमराह मुसम्मा उक्त ने दरख्वास्त हुसूल सर्टीफिकेट गुजरानी है और तारीख 23 माह.. 07. सन 2028 ई0 वास्ते समाअत दरख्वास्त के मुकर्रर हुई है। लिहाजा यह इश्तहार जारी किया जाता है कि जिस किसी को उक्त आवेदन के खिलाफ़ कोई उज़्र हो तो वक्त मुक़र्र पर न्यायालय में पेश हो कर उज़्र अपना पेश करें दरसूरत इंकजाए तारीख मज़कूर फिर उजर किसी का ना सुना जायेगा और हुक्म मुनासिब निस्ब दरखास्त से सादिर होगा दिनांक 11.7.25 को मेरे द्वारा जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडी सहारनपुर।**

## कोर्ट नोटिस

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सीडि) चतुर्थ सहारनपुर वाद स0 608 सन 2023 अवतार सिंह पुत्र स्व0 सतनाम सिंह, निवासी मकान न. 4/1258, मौहल्ला जाफर नवाज खां, सहारनपुर, हाल निवासी 2 ए/5, गली नम्बर 5, गुरुद्वारा रोड, टेलीफोन एक्सचेन्ज के सामने, सहारनपुर वादी....बनाम...(4)-अमरीकसिंह पुत्र स्व0 सतनाम सिंह, निवासी बसन्त विहार, दिल्ली रोड, सहारनपुर। (5)-गुरूदीप सिंह पुत्र श्री सतनाम सिंह,निवासी गली न06, गुरूद्वारा रोड, टेलीफोन, टेलीफोन एक्चेन्ज के सामने, सहारनपुर। (6) श्रीमती जसविन्दर कौर पुत्री सतनाम सिंह जितेन्द्र सिंह कालडा, निवासी ए./118, शिवालिक एन्कलेव, मालवीय नगर, नई दिल्ली(प्रति0) हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप असालतन या वकालतन दिनांक 25.7.25 को दिन के दस बजे न्यायालय में पेश हो कर जवाब देही दावा कि करे या अपना उज़्र पेश करें आपको लाज़िम है कि उसी रोज जुमला गवाह एवं दस्तावेज़ जो दावा की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हैं प्रस्तुत करें ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय सुना जायेगा और अवधारित किया जाएगा। दिनांक 13.7.25 को मेरे द्वारा अदालत की मुद्रा सहित जारी किया गया।

**आज्ञा से मुंसरिम सिविल जज सीडी चतुर्थ,सहारनपुर**

# पारदर्शी तरीके से होगा चैम्बर का अलॉट, हर अधिवक्ता होगा मेडिकल इंश्योर्ड : राकेश पांडेय

**अवधनामा संवाददाता**



**प्रयागराज।** एशिया के सबसे बड़े बार एसोसिएशन इलाहाबाद हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद के प्रत्याशी पूर्व अध्यक्ष राकेश पांडेय ने अपनी प्राथमिकता बताते हुए कहा कि अधिवक्ताओं के चैम्बर बनकर तैयार हैं , इसके बंटवारे में पारदर्शिता और सब अधिवक्ताओं को चैम्बर दिलवाने का उनका अधिवक्ताओं से वायदा है।

हाई कोर्ट बार एसोसिएशन के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए हैं तो कई दावेदार , राकेश पांडेय दो बार पूर्व में अध्यक्ष रहे हैं और दोनों बार कुछ ऐतिहासिक कार्य किये , पहली बार हाई कोर्ट के मीरुत बेंच को रुकवाया तो दूसरी बार के कार्यकाल में इलाहाबाद से सरकारी ऑफिस को रोकने के लिए इलाहाबाद का पूर्ण बंदीकरण किया गया जिसमें स्कूल , बाज़ार , न्य प्रतिष्ठान लोगों ने अपने आप बार के आवाहन पर बंद किया , इसकी अगुवाई बार के अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पांडेय ने ही किया था। हमारी टीम के साथ इंटरव्यू में राकेश पांडे ने बड़ी महत्वपूर्ण बात यह कहा कि कोर्ट में 25000 अधिवक्ता हैं लेकिन वोटर दस हजार से भी कम हैं । जो वोटर नहीं हैं वे किसी समय पर बार एसोसिएशन में कैसे भरोसा करेंगे ? जरूरी है कि जो एक्टिव अधिवक्ता हैं उनको वोट का अधिकार होना चाहिए। राकेश पांडे का कहना था कि बार के लॉ में संशोधन किया गया कि जो अधिवक्ता साल भर में कम से कम 5 केस दाखिल करता है वही वोटर होगा, ऐसे में बहुत से अधिवक्ता होते हैं जो सक्रिय तो रहते हैं लेकिन साल में 5 केस नहीं हो पाता है. राकेश पांडे ने कहा कि तीन साल प्रैक्टिस के बाद वोटिंग राइट तो है, लेकिन पहले तीन साल ही नहीं पहले 5 साल में भी बहुत अधिवक्ता साल में 5 केस नहीं दाखिल कर पाते हैं। बार के नियम में फिर संशोधन होना चाहिए ताकि वे अधिवक्ता भी बार को अपना मान सकें जो सक्रिय तो हैं लेकिन 5 केस नहीं दाखिल कर पाते हैं।नियम बनाते समय तत्कालीन अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता आरके ओझा ने तर्क दिया था कि अगर कोई वकील साल में 5 केस नहीं दाखिल कर सकता है तो वह वोटर कैसे बन सकता है ? वोटिंग राइट फंडामेंटल राइट नहीं होता है , वोटिंग राइट नियमानुसार होता है। ऐसे अधिवक्ता जो किसी वरिष्ठ अधिवक्ता के साथ प्रैक्टिस करते हैं लेकिन 5 केस नहीं हैं वे भी वोटिंग राइट रखते हैं। राकेश पांडेय ने इस नियम में संशोधन करके सब अधिवक्ताओं के अधिकार को सुरक्षित करने का वादा किया। बैर हाल इस समय यह मुद्दा गरमाया है साथ में चैंबर के आवंटन का भी मुद्दा है । चैंबर बनकर तैयार है , उसे बांटने की शर्त और जमा कराने वाले पैसे का भी कोई नियम नहीं है। इसमें सवाल उठता है कि क्या उनको ही चैंबर मिलेगा जो वोटर हैं ? या उनपर भी विचार होगा जो रजिस्टर्ड वोटर हैं ? इसके अलावा आशंका यह है कि पुरानी बिल्डिंग में जो चैंबर हैं और आवंटित हैं उनको तोड़ा जाएगा और नई बिल्डिंग में उनको चैंबर मिलेगा। वरिष्ठ अधिवक्ता अध्यक्ष पद के प्रत्याशी राकेश पांडेय इसका विरोध करते हैं, उनका कहना है कि इतना पैसा लगाकर चैंबर बने हैं उन्हें तोड़ना सही नहीं है , साथ में नए अधिवक्ताओं को पारदर्शी तरीके से चैंबर का बंटवारा होना चाहिए।दिलचस्प बात यह है कि चैंबर अधिवक्ताओं को मिलना है लेकिन बार एसोसिएशन की राय नहीं ली जा रही है राकेश पांडे ने कहा कि बार और बेंच के बीच सहमति से ही चैंबर का बंटवारा हो यह उनका पहला प्रयास रहेगा। चैम्बर के अलावां राकेश पांडेय ने अपनी प्राथमिकता में हर अधिवक्ता को मेडिकल इन्सुरेंस का भी वायदा किया जिसमें पूरा परिवार जरूरत पड़ने पर लाभ ले सके , इसके लिए बार में फण्ड बनाया जायेगा। लिस्टिंग कि समस्या को बेंच से सहयोग करके समफद्धान की भी बात राकेश पांडेय ने किया। वरिष्ठ अधिवक्ता राकेश पांडेय ने अधिवक्ताओं से अपील किया कि अधिवक्ता एक मजबूत कार्यकारिणी चुने जो उनकी समस्या को नजदीक से महसूस करता हो , उनके पिछले कार्यकाल का अवलोकन करके भी अधिवक्ता जान सकते हैं।


## उत्तर रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई–निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं० | 106-टेली/टेंडर/03/2025-26 |
| कार्य का नाम | लखनऊ मंडल में पीआरएस/यूटीएस नेटवर्किंग उपकरणों की विश्वसनीयता में सुधार और उन्नयन का कार्य। |
| अनुमानित लागत | रु. 4,45,47,174.91/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु.3,72,700.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 180 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 04.08.2025 15.30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहाँ निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय/ मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर/उत्तर रेलवे/लखनऊ |

ठेकेदारों को ई–निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के अन्तर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य हैं। • समस्त नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुअल निविदायें स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी। **निविदा सू0 सं0 – 106–टेली/टेंडर/03/2025–26 दिनांक: 11.07.2025** **2120/2025**

**ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ**

# अमेरिकी डेयरी आयात से छोटे किसानों की आजीविका पर आएगा संकट, 1.03 लाख करोड़ के नुकसान की आशंका



**नई दिल्ली।** एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार भारतीय डेयरी क्षेत्र में अमेरिकी आयात बढ़ने से डेयरी किसानों को सालाना 1.03 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। दूध की कीमत 15 प्रतिशत तक कम हो सकती है। साथ ही भारतीय किसानों की आजीविका को खतरा हो सकता है। भारतीय डेयरी क्षेत्र को अमेरिकी आयात के लिए खोलने से देश के डेयरी किसानों को हर साल 1.03 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो सकता है। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की एक रिपोर्ट में यह चेतावनी दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार इस कदम का सबसे बड़ा असर छोटे डेयरी किसानों की आजीविका पर पड़ेगा क्योंकि अमेरिकी डेयरी क्षेत्र को भारी सब्सिडी का समर्थन प्राप्त है। एसबीआई ने कहा कि अगर डेयरी क्षेत्र को खोल दिया जाता है, तो भारत में दूध की कीमत कम से कम 15 प्रतिशत तक कम हो सकती है। इसमें कहा गया कि भारत और अमेरिका के बीच व्यापार वार्ता में कृषि और डेयरी प्रमुख मुद्दे बने हुए हैं। इसमें कहा गया है कि अगर डेयरी क्षेत्र को अमेरिकी प्रतिस्पर्धा के लिए खोल दिया गया तो भारतीय किसानों की आजीविका को खतरा हो सकता है। इससे भारत का दूध आयात लगभग 2.5 करोड़ टन सालाना बढ़ सकता है। भारत में डेयरी क्षेत्र ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह राष्ट्रीय सकल मूल्य संवर्धन (जीवीए) में लगभग 2.5 से 3 प्रतिशत का योगदान देता है, जो लगभग 7.5 से 9 लाख करोड़ रुपये है। यह लगभग 8 करोड़ लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार भी प्रदान करता है। इसका मतलब जीवीए में योगदान किए गए प्रत्येक 1 लाख रुपये पर एक नौकरी मिलती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि दूध की कीमतों में में गिरावट से न केवल किसानों की आय कम होगी, बल्कि अर्थव्यवस्था में इस क्षेत्र का समग्र योगदान भी कमजोर होगा। चारा, ईंधन, परिवहन और अवैतनिक पारिवारिक श्रम जैसे इनपुट की लागत को शामिल करने के बाद,अनुमानित जीवीए हानि लगभग 0.51 लाख करोड़ रुपये होगी। हालाँकि, रिपोर्ट में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया है कि अगर भारत और अमेरिका अन्य क्षेत्रों में व्यापार संबंधों को मजबूत करते हैं तो इससे संभावित लाभ हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, भारत वर्तमान में अमेरिका को जैविक खाद्य और मसालों जैसे उच्च मूल्य वाले कृषि उत्पादों का 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर से कम मूल्य का निर्यात करता है, लेकिन अमेरिकी मांग के आधार पर इसे 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक तक बढ़ाने की संभावना है।

# जून में खुदरा मुद्रास्फीति छह साल के निचले स्तर 2.10% पर पहुंची



**नई दिल्ली।** जून में खुदरा मुद्रास्फीति छह साल के निचले स्तर 2.10त्र पर पहुंच गई। सरकार की ओर से सोमवार को इससे जुड़े आंकड़े साझा किए गए। आंकड़ों के अनुसार जून में खुदरा मुद्रास्फीति कई वर्षों के निम्नतम स्तर 2.1 प्रतिशत पर पहुंच गई है। खुदरा मुद्रास्फीति जून में छह साल से अधिक के निचले स्तर 2.1 प्रतिशत पर आ गई। मुख्य कारण सब्जियों, दालों, मांस और दूध सहित खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति मई में 2.82 प्रतिशत और जून 2024 में 5.08 प्रतिशत थी। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने एक बयान में कहा कि जून, 2024 की तुलना में जून, 2025 के लिए सीपीआई पर आधारित वर्ष-दर-वर्ष मुद्रास्फीति दर 2.1 प्रतिशत है। इसमें कहा गया है, ÷मई 2025 की तुलना में जून 2025 की हेडलाइन मुद्रास्फीति में 72 आधार अंकों की गिरावट है। यह जनवरी 2019 के बाद साल-दर-साल सबसे कम मुद्रास्फीति है।÷ इससे पहले जनवरी 2019 में 1.97 प्रतिशत की न्यूनतम दर दर्ज की गई थी। एनएसओ ने कहा कि जून 2025 में हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से अनुकूल आधार प्रभाव और सब्जियों, दालों और उत्पादों, मांस और मछली, अनाज और अन्य उत्पादों, चीनी और मिष्ठान्न, दूध और उत्पादों और मसालों की कीमतों में नरमी के कारण कारण है।

# भारत के पास अमेरिकी रसायन बाजार में हिस्सेदारी बढ़ाने का सुनहरा मौका, एसबीआई की रिपोर्ट में दावा

**नई दिल्ली।** एसबीआई की एक ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर भारत 25 प्रतिशत से कम टैरिफ पर बातचीत करने में सफल हो पाए, तो देश के पास अमेरिका को रासायनिक उत्पादों का निर्यात बढ़ाने का बड़ा अवसर मिल सकता है। इससे सकल घरेलू उत्पाद में 0.3 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है। भारत के पास अमेरिका को रासायनिक निर्यात बढ़ाने का महत्वपूर्ण अवसर है, अगर भारत अमेरिका के साथ 25त्र से कम टैरिफ पर बातचीत करने में सफल हो पाए। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार चीन और सिंगापुर के वर्तमान बाजार के एक हिस्से पर भारत कब्जा कर सकता है और अमेरिकी रासायनिक निर्यात में अपनी हिस्सेदारी बढ़ा सकता है। इसमें कहा गया कि अगर भारत इन दोनों देशों के रासायनिक निर्यात का मात्र 2 प्रतिशत हिस्सा हासिल कर लेता है, तो अपनी जीडीपी में 0.2 प्रतिशत की वृद्धि कर सकता है।



इसके अलावा रिपोर्ट में कहा गया कि भारत को जापान, मलेशिया और दक्षिण कोरिया जैसे अन्य देशों से भी लाभ मिल सकता है। इन्हें अभी भारत की तुलना में अधिक टैरिफ का सामना करना पड़ रहा है। अगर भारत इन तीन देशों से अमेरिकी रासायनिक आयात बाजार का 1 प्रतिशत हिस्सा भी हासिल कर लेता है, तो भारत के जीडीपी में 0.1 प्रतिशत की अतिरिक्त वृद्धि हो सकती है। अमेरिका द्वारा आयात किए जाने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत को केवल रसायन क्षेत्र में ही तुलनात्मक लाभ (आरसीए) प्राप्त है। आरसीए यानी प्रकटन तुलनात्मक लाभस एक आर्थिक संकेतक है। यह बताता है कि कोई देश किसी विशेष वस्तु या क्षेत्र में अन्य देशों की तुलना में कितना प्रतिस्पर्धी है। हालांकि, अमेरिका को रासायनिक निर्यात में चीन और सिंगापुर की हिस्सेदारी भारत से ज्यादा है।

कुल मिलाकर, रिपोर्ट में सुझाव दिया गया है कि अगर भारत रणनीतिक रूप से अमेरिकी रसायन आयात बाजार में चीन और सिंगापुर से 2 प्रतिशत। वहीं जापान, मलेशिया और दक्षिण कोरिया से 1 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर लेता है, तो उसके सकल घरेलू उत्पाद में 0.3 प्रतिशत की वृद्धि होने की संभावना है।

## क्रिकेट की तर्ज पर एक्टिव मोमेंटम निवेश से अच्छा लाभ, सरकारी शेयरों से मिला ज्यादा मुनाफा

**नई दिल्ली।** अगर आप क्रिकेट के बारे में समझते हैं और देखते हैं तो निश्चित तौर पर आप इससे निवेश के बारे में भी समझ सकते हैं। म्यूचुअल फंड में मोमेंटम निवेश को कुछ इसी तर्ज पर विकसित किया गया है। इसका गणित बताती रिपोर्ट क्रिकेट की दुनिया में हम अक्सर खिलाड़ियों के फॉर्म में रहने या आउट ऑफ फॉर्म होने के बारे में सुनते हैं। फॉर्म में रहने वाला खिलाड़ी वह होता है, जो अच्छा प्रदर्शन कर रहा हो। स्वाभाविक रूप से, टीम की जीत की संभावना बढ़ाने के लिए इन खिलाड़ियों को 11 की सूची में चुना जाता है। जो खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाते, उन्हें आमतौर पर तब तक आराम दिया जाता है, जब तक वे फॉर्म वापस नहीं पा लेते। एक्टिव मोमेंटम निवेश भी इसी सिद्धांत पर चलता है। यह अच्छा प्रदर्शन करने वाले या फॉर्म में रहने वाला स्टॉक चुनता है और पिछड़ने वाले स्टॉक को छोड़ देता है। जीतने वाले स्टॉक का समर्थन करने और खराब प्रदर्शन करने वालों को छोड़ देने की यह रणनीति पोर्टफोलियो को बाजार की गति का लाभ उठाने में सक्षम बनाती है। किसी शेयर को बाजार में मूल्य या आय में किसी भी तरह की गति मिल सकती है। मूल्य गति विभिन्न समयावधियों में अनुकूल मूल्य रुझानों और जोखिम समायोजित रिटर्न पर आधारित होती है। आय गति वाले शेयर वे होते हैं, जो आय वृद्धि की तेज गति प्रदान करते हैं या आय की दीर्घावधि में योगदान करते हैं या आम सहमति के अनुमानों को पीछे छोड़ देते हैं। आईसीआईसीआईस म्यूचुअल फंड का एक्टिव मोमेंटम एनएफओ कुछ इसी तरह के शेयरों का पालन करता है, जिसमें आप 22 जुलाई तक निवेश कर सकते हैं। बाजार में तेजी का एक हालिया उदाहरण 2023-2024 में घरेलू सरकारी कंपनियों के शेयरों में देखा गया। भारत सरकार ने सड़क, रेलवे, रक्षा और ऊर्जा पर पूंजीगत खर्च बढ़ाया था और इन क्षेत्रों के सरकारी शेयरों को इसका सीधा लाभ मिला। मेक इन इंडिया पहल ने भी इनके रणनीतिक आकर्षण को बढ़ाया और निवेशकों को आकर्षित किया। वर्षों तक लोकप्रियता से बाहर रहने के बाद ये शेयर कम मूल्यांकन पर कारोबार कर रहे थे, जिससे लाभ की संभावना बन रही थी। बाजार ने 2024 के आम चुनावों के बाद नीतिगत निरंतरता को भी ध्यान में रखा, जिससे इन शेयरों को बढ़ावा मिला। भारत का इक्विटी बाजार विविध है जिसमें अलग-अलग समय पर शेयर और सेक्टर अलग-अलग आय का रुझान प्रदर्शित करते हैं। एक्टिव मोमेंटम का उद्देश्य इन रुझानों का लाभ उठाना है। घटनाएं किसी कंपनी की आय और मूल्य के रुझानों पर महत्वपूर्ण सकारात्मक या नकारात्मक प्रभाव डाल सकती हैं। एक विशेषता के रूप में एक्टिव मोमेंटम बाजार के रुझानों के आधार पर खुद अपनी स्टाइल बदल लेता है। इसमें लार्जकैप के साथ स्मॉल और मिडकैप में भी मोमेंटम पाया जा सकता है। -एस नरेन, मुख्य निवेश अधिकारी, आईप्रू म्यूचुअल फंड

## छोटे उद्योगों को आर्थिक झटकों से बचाकर रफ्तार देने में मददगार, कॉन्ट्रैक्ट दिलाने में भी सहायक

**नई दिल्ली।** व्यापक कवर वाली बीमा पॉलिसी का अभाव छोटे उद्योगों के टिकाऊ बने रहने और आगे बढ़ने की राह में बड़ा रोड़ा है। वह भी तब, जब देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार में इनकी बड़ी भूमिका है। ऐसे में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाकर कारोबार को रफ्तार देने में संपत्ति बीमा छोटे उद्योगों के लिए मददगार साबित हो सकती है। एक सर्वे में पता चला है कि 70 फीसदी छोटे एवं मध्यम उद्यमों (एसएमई) ने पिछले तीन साल में कारोबार से जुड़ा कम-से-कम एक जोखिम अवश्य झेला है। लेकिन, इनमें 20 फीसदी से भी कम के पास ही जोखिमों को कवर करने वाली अच्छी बीमा पॉलिसी थी। व्यापक कवर वाली बीमा पॉलिसी का अभाव छोटे उद्योगों के टिकाऊ बने रहने और आगे बढ़ने की राह में बड़ा रोड़ा है। वह भी तब, जब देश की अर्थव्यवस्था और रोजगार में इनकी बड़ी भूमिका है। ऐसे में प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से बचाकर कारोबार को रफ्तार देने में संपत्ति बीमा छोटे उद्योगों के लिए मददगार साबित हो सकती है। 2013 में चक्रवात फैलिन और पुरी जिले में आई बाढ़ से एसएमई को 1.48 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। यानी हर उद्यम को औसत 1.26 लाख का झटका लगा। यही कारण है कि संपत्ति बीमा महत्वपूर्ण हो जाता है, जो सुनिश्चित करता है कि औद्योगिक इकाइयों, गोदामों, शैक्षणिक संस्थानों और होटलों जैसे विभिन्न संपत्ति जोखिमों के लिए व्यापक कवरेज मिले। संपत्ति बीमा आग लगने, बिजली गिरने, विस्फोटों, दंगों, हड़तालों, तूफानों, आंधी, सुनामी और भूस्खलन से होने वाले नुकसान के लिए कवरेज देता है। अगर व्यवसाय के मालिक ने संपत्ति बीमा का विकल्प चुना है तो उसे भवन, संपत्ति या उपकरण के नुकसान की भरपाई मिलेगी।

अगर बीमित व्यक्ति का व्यवसाय बाधित होता है, तो उन्हें कारोबार बंद होने के कारण हुई आय या लाभ की हानि की भरपाई मिलेगी। एक बार जब व्यवसाय मालिक को इन सबके लिए मुआवजा मिल जाता है, तो उसके लिए अपने छोटे उद्यम को फिर से पटरी पर लाना आसान हो जाता है।

यह पॉलिसी छोटे उद्यमों को कानूनी देनदारियों का सामना करने पर सुरक्षा प्रदान करती है। अगर उनके उत्पादों के कारण किसी थर्ड पार्टी को शारीरिक नुकसान पहुंचता है या उनके परिसर में किसी थर्ड पार्टी को चोट पहुंचती है, तो बचाव लागत के अलावा यह पॉलिसी पीड़ित पक्षों को दिए गए हर्जाने को भी कवर करती है।। होटल, कार्यक्रम स्थल, शोरूम, रेस्तरां या कार्यालय जहां आगंतुकों की अधिक संख्या होती है, वे भी इस पॉलिसी से लाभान्वित हो सकते हैं।

यह पॉलिसी न सिर्फ थर्ड पार्टी को चोट लगने/मृत्यु होने की स्थिति में सुरक्षा प्रदान करती है, बल्कि प्राथमिक इलाज के लागत की भरपाई भी करती है। हर बीमा पॉलिसी व्यवसाय की जरूरतों के अनुसार तैयार की जाती है। इसका निश्चित प्रीमियम नहीं होता। कई ग्राहक और व्यावसायिक सहयोगी तभी कान्ट्रैक्ट करना चाहते हैं, जब वह व्यवसाय देयता बीमा पॉलिसी से लैस हो। इसलिए, अगर किसी एसएमई के पास पहले से ही यह बीमा कवरेज है, तो इससे उसके व्यवसाय को बढ़ावा मिलता है।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने ग्लैंजा में मानक और नए एक्सेसरी पैकेज के रूप में छह एयरबैग वाले प्रेस्टीज एडिशन की घोषणा की

**बरेली।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने अपनी हैचबैक, टोयोटा ग्लैंजा में दो महत्वपूर्ण अपडेट की घोषणा की। इसका उद्देश्य सुरक्षा को और मजबूत करना तथा समग्र ग्राहक मूल्य को बढ़ाना है।सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को मज़बूत करते हुए, टोयोटा ग्लैंज़ा के सभी वेरिएंट अब मानक तौर पर छह एयरबैग से युक्त होंगे, जो चालक और यात्रियों, दोनों के लिए व्यापक सुरक्षा प्रदान करेंगे। अपनी प्रीमियम स्टाइलिंग और पूरी तरह से तकनीकी विशेषताओं से भरपूर, टोयोटा ग्लैंज़ा पहली बार कार खरीदने वालों, युवा पेशेवरों और शहरी यात्रियों के बीच एक पसंदीदा विकल्प बनी हुई है। अपने स्टाइलिश डिज़ाइन, ईंधन दक्षता और परेशानी मुक्त स्वामित्व के लिए दिल जीतने वाली, ग्लैंजा में छह एयरबैग मानक तौर पर होने से इसकी अपील और मज़बूत होने




की उम्मीद है, साथ ही हर ग्राहक के लिए मानसिक शांति सुनिश्चित होगी।स्वामित्व के अनुभव को और समृद्ध बनाने के लिए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने सीमित अवधि के लिए एक प्रेस्टीज पैकेज भी पेश किया है, जो सोच-समझकर तैयार किया गया एक्सेसरी बंडल है। इसे ग्लैंज़ा की स्टाइल, आराम और रोज़मर्रा की सुविधा को और बेहतर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। 20 जून से 31 जुलाई 2025 तक उपलब्ध, प्रेस्टीज पैकेज में डीलर द्वारा फिट की गई एक्सेसरीज़ शामिल हैं, जिनमें शामिल हैं प्रीमियम डोर वाइज़र,क्रोम और काले एक्सेंट के साथ बॉडी साइड मोल्डिंग, रियर लैंप गार्निश,ओआरवीएम और फेंडर के लिए क्रोम गार्निश, रियर स्किड प्लेट, प्रबुद्ध दरवाज़े की चौखट,निचली ग्रिल गार्निश,भारत में दो लाख से ज़्यादा यूनिट्स की बिक्री के साथ छह साल पूरे होने का जश्न मनाते हुए, टोयोटा ग्लैंज़ा भारतीय परिवारों के बीच एक पसंदीदा विकल्प बनकर उभरी है, जो गतिशील स्टाइलिंग, ईंधन दक्षता, उन्नत सुविधाओं और टोयोटा की प्रशंसित विश्वसनीयता का एक बेहतरीन संयोजन प्रदान करती है। 1.2-लीटर के-सीरीज़ पेट्रोल इंजन द्वारा संचालित, ग्लैंज़ा 22.94 किमी/लीटर (एएमटी) और 30.61 किमी/किलोग्राम (सीएनजी) तक का प्रभावशाली माइलेज प्रदान करती है, साथ ही इसमें 9-इंच इंफोटेनमेंट सिस्टम, हेड-अप डिस्प्ले (एचयूडी), 360-डिग्री कैमरा और 45+ कनेक्टेड सुविधाओं के साथ टोयोटा आई-कनेक्ट जैसे सेगमेंट-अग्रणी फीचर्स भी हैं।टोयोटा ग्लैंज़ा को न केवल सड़क पर प्रभावशाली प्रदर्शन के लिए, बल्कि मन की पूर्ण शांति के लिए भी डिज़ाइन किया गया है। 3 साल/100,000 किमी–जिसे 5 साल/220,000 किमी तक बढ़ाया जा सकता है– की मज़बूत वारंटी के साथ यह एक सुखद स्वामित्व अनुभव सुनिश्चित करती है।

## भारत को हरित ऊर्जा में मिली बड़ी सफलता,समय से पहले हासिल किया 50% गैर-जीवाश्म ईंधन लक्ष्य



**नई दिल्ली।** केंद्रीय नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को कहा कि भारत ने कुल 484.8 गीगावाट स्थापित क्षमता में से 242.8 गीगावाट यानी गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित बिजली उत्पादन क्षमता हासिल कर लिया है। यह उपलब्धि भारत ने अपने निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2030 से पूरे पांच साल पहले हासिल कर ली है।

भारत ने अपनी कुल स्थापित बिजली उत्पादन क्षमता का 50 प्रतिशत अब गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से प्राप्त कर लिया है। केंद्रीय नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि देश ने कुल 484.8 गीगावाट की स्थापित क्षमता में से 242.8 गीगावाट अब गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा स्रोतों से प्राप्त की है। यह उपलब्धि भारत ने अपने निर्धारित लक्ष्य वर्ष 2030 से पूरे पांच साल पहले हासिल कर ली है। देश में गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित विद्युत उत्पादन बढ़ाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत की प्रतिबद्धता को देखते हुए यह महत्वपूर्ण है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा आधारित बिजली उत्पादन का लक्ष्य रखा है जोशी ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के दूरदर्शी नेतृत्व में एक बड़ी जलवायु प्रतिबद्धता पूरी हुई है। भारत की कुल स्थापित बिजली क्षमता अब 484.8 गीगावाट है, जिसमें 242.8 गीगावाट गैर-जीवाश्म ईंधन स्रोतों से आती है, जो हमारी हरित प्रगति का एक शक्तिशाली प्रमाण है। यह केवल एक मील का पत्थर नहीं है।

## अवीवा इंडिया ने अवीवा भारत बालविकास योजना लॉन्च की, अर्ध-शहरी परिवारों को बच्चों का भविष्य सुरक्षित करने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली।** भारत में निजी क्षेत्र की अग्रणी जीवन बीमा कंपनी अवीवा इंडिया नेअवीवा भारत बाल विकास योजना लॉन्च करने की घोषणा की है। यह एक नॉन-लिंक्ड नॉन पार्टिसिपेटिंग लाइफ इंश्योरेंस सेविंग्स प्लान है, जिसका लक्ष्यअपने बच्चों के लिए सुरक्षित भविष्य के निर्माण मेंग्रामीण एवं अर्ध-शहरी (सेमी अर्बन) भारत के परिवारों की मदद करना है। मात्र 1,000 रुपये मासिक के शुरुआती प्रीमियम के साथ इस प्लान में गारंटीड मैच्योरिटी बेनिफिट एवं लाइफ कवर मिलता है। इससे परिवारों को आत्मविश्वास के साथ बच्चों की उच्च शिक्षा, कौशल विकास या कोई छोटा बिजनेस शुरू करने जैसे खास मौकों की प्लानिंग करने में मदद मिलती है। प्लान के लिए न्यूनतम उम्र 3 साल और अधिकतम उम्र 50 साल रखी गई है। पॉलिसी टर्म 12 से 30 साल और मैच्योरिटी 80 साल की उम्र तक होगी। इससे यह जीवन के अलग-अलग पड़ाव एवं वित्तीय लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पूरी तरह से अनुकूल है। मासिक, तिमाही, छमाही और सालाना के रूप में प्रीमियम पेमेंट के फ्लेक्सिबल ऑप्शन से यह विभिन्न परिवारों के बजट में आसानी से फिट हो जाने वाली योजना है। पॉलिसी टर्म के दौरान इंश्योर्ड व्यक्ति के साथ किसी तरह की अप्रिय घटना की स्थिति में नॉमिनी को निम्नलिखित में से अधिकतम वैल्यू मिलेगी÷कमृत्यु की तारीख के समय तक सरेंडर वैल्यू (गारंटीड सरेंडर वैल्यू या स्पेशल सरेंडर वैल्यू में से अधिकतम) या इस लॉन्चिंग को लेकर अवीवा इंडिया के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर विनीत कपाही ने कहा, 'अवीवा भारत बाल विकास योजना को मेट्रो शहरों से बाहर रहने वाले परिवारों की वास्तविक एवं दैनिक जीवन की महत्वाकांक्षाओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह ऐसे परिवारों के लिए सरल एवं लक्ष्य आधारित योजना है, जो फाइनेंशियल प्रोडक्ट्स के साथ जुड़ी जटिलताओं के बिना अपने बच्चों के सपनों को संजोना चाहते हैं और उन्हें पूरा करना चाहते हैं।'

प्लान में पॉलिसी टर्म के अंत में गारंटीड सम एश्योर्ड के रूप में मैच्योरिटी बेनिफिट मिलता है, जिससे बच्चों के भविष्य के लिए फाइनेंशियल सपोर्ट सुनिश्चित होता है। इससे कानूनी प्रावधानों के तहत टैक्स बेनिफिट भी मिलता है, जिससे यह ऐसे परिवारों के लिए व्यावहारिक विकल्प है, जो फाइनेंशियल सिक्योरिटी और फ्यूचर फोकस्ड सेविंग्स चाहते हैं। यह लॉन्चिंग वित्तीय समावेश को लेकर अवीवा की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इसके तहत हमारा लक्ष्य केवल मेट्रो शहरों तक नहीं, बल्कि असली भारत तक पहुंचना है, जहां इस तरह के प्रोटेक्शन की सबसे ज्यादा जरूरत है।

## जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम 2025 का सफल समापन किया

**लखनऊ।** जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊ ने अपने दो सप्ताहीय ओरिएंटेशन एवं इंडक्शन कार्यक्रम (ओआईपी) 2025 का सफल समापन 12 जुलाई को किया। ÷शिक्षा के माध्यम से आत्मबल÷ विषय पर आधारित इस कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित विद्यार्थियों को प्रबंधन शिक्षा की ओर सहज व प्रेरणादायक रूप से अग्रसर करना था। इस दौरान विचारोत्तेजक सत्रों के साथ-साथ विद्यार्थियों की भागीदारी से भरपूर गतिविधियाँ आयोजित की गईं। संस्थान ने यह पुनः सिद्ध किया कि वह विद्यार्थियों को न केवल व्यावसायिक रूप से दक्ष बना रहा है, बल्कि उन्हें नैतिकता व सामाजिक उत्तरदायित्व से युक्त संपूर्ण व्यक्तित्व की दिशा में भी अग्रसर कर रहा है। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और समाज ÷ भविष्य की रूपरेखा , ओआईपी 2025 की विशेष उपलब्धि रही। अर्न्स्ट एंड यंग के वरिष्ठ भागीदार श्री



परमोद कमलानी ने अपने भाषण में कहा कि ÷कृत्रिम बुद्धिमत्ता अब केवल तकनीकी कंपनियों तक सीमित नहीं रही है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक प्रभावशाली साधन बन चुकी है। AI केवल स्वचालन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह मानवीय क्षमताओं को विस्तार देने और समाज के हर वर्ग के लिए नए अवसरों का निर्माण करने का साधन है। आने वाले समय का कार्यबल तभी सफल होगा जब वह तकनीक को समाजोपयोगी बनाने की दिशा में कार्य करेगा,÷ लखनऊ जैसे शहर, जहाँ परंपरा और प्रगति का समन्वय है, वहाँ यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक रहा। जयपुरिया छात्रों को इस बदलाव का नेतृत्व करने हेतु संवेदनशीलता, नवाचार एवं सामाजिक दृष्टिकोण से प्रशिक्षित कर रहा है।

डॉ. कविता पाठक, निदेशक, जयपुरिया इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, लखनऊने कहा कि जैसे-जैसे कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल बदलाव उद्योगों को रूपांतरित कर रहे हैं, एक बी-स्कूल के रूप में हमारी जिम्मेदारी है कि हम ऐसे नेता तैयार करें जो तेज व्यावसायिक समझ के साथ गहरी मानवीय संवेदनाओं से भी युक्त हों।

# फ्लिपकार्ट ने सफलतापूर्वक फूड फेस्ट 2025 के दूसरे संस्करण का आयोजन किया

**नई दिल्ली।** भारत के घरेलू ई-कॉमर्स मार्केटप्लेस फ्लिपकार्ट ने सफलतापूर्वक फूड फेस्ट 2025 के दूसरे संस्करण का आयोजन किया है। यह भारत की बदलती खाद्य संस्कृति का उभरता हुआ उत्सव है। कार्यक्रम का आयोजन 8 और 9 जुलाई को बेंगलुरु के फ्लिपकार्ट कैंपस में किया गया। 5 से 10 जुलाई के बीच क्यूरेटेड सेल के माध्यम से ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर भी इस फूड फेस्ट का जश्न मनाया गया। इस दौरान ग्राहकों को गॉमे फूड कलेक्शन, नई लॉन्चिंग एवं टॉप ब्रांड्स पर लिमिटेड टाइम ऑफर्स पाने का मौका मिला। इस इवेंट में देशभर से सेलेब्रिटी शेफ, टॉप क्रिएटर्स, आइकॉनिक ब्रांड्स और स्वाद के दीवानों ने हिस्सा लिया। इससे भारत में गॉमे फूड डिस्कवरी एवं कॉमर्स के भविष्य को आकार देने की फ्लिपकार्ट की प्रतिबद्धता मजबूत हुई है। फ्लिपकार्ट के सीनियर डायरेक्टर कंज्यूमेबल्स (ब्यूटी, एफएमसीजी एवं



हेल्थकेयर) निशांत दलाल ने कहा फूड फेस्ट 2025 के साथ हम सिर्फ खाने का जश्न नहीं मना रहे हैं, बल्कि गॉमे फूड डिस्कवरी, स्टोरीटेलिंग और कम्युनिटी-लेड कॉमर्स के नए युग की शुरुआत कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य फ्लिपकार्ट को हर भारतीय के लिए पसंदीदा ठिकाना बनाना है, फिर चाहे उन्हें प्रेरणा, लगाव और इनोवेशन, जिसकी भी तलाश हो। इस फेस्ट में क्रिएटर्स, शेफ, सेलेब्रिटी, ब्रांड एवं ग्राहक एक मंच पर आए और स्वाद एवं टेक्नोलॉजी का जश्न मनाया। टेक्नोलॉजी, एंटरटेनमेंट एवं लाइफस्टाइल को साथ लाते हुए फ्लिपकार्ट लगातार ई-कॉमर्स को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है और हम एक ऐसा प्लेटफॉर्म बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जहां ग्राहकों का जुड़ाव बढ़े और कैटेगरी इनोवेशन व हमारे पार्टनर्स के लिए सतत विकास का रास्ता बने।' हैप्पिलो के संस्थापक एवं सीईओ विकास नाहर ने कहा, 'फूड फेस्ट 2025 के लिए फ्लिपकार्ट के साथ साझेदारी ने हमें एक वाइब्रेंट एवं क्रिएटर्स द्वारा संचालित इकोसिस्टम में अपनी खास ऑफरिंग्स को पेश करने का मौका दिया। इस कार्यक्रम की भव्यता, विशेष रूप से तैयार जोन और उपस्थित लोगों के उत्साह ने इसे प्रभावी ब्रांड मूमेंट बना दिया। हमने यहां अपने उत्पादों के लिए भरपूर प्यार देखा। साथ ही ऑनलाइन एवं ऑन-ग्राउंड दोनों तरह के उपभोक्ताओं से सीधे जुड़ते हुए हमें महत्वपूर्ण जानकारियां भी मिलीं।'जायडस वेलनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट सेल्स ललित आहूजा ने कहा, 'फ्लिपकार्ट फूड फेस्ट 2025 ने हमें अपने उत्पादों को इस तरह से पेश करने का मौका दिया, जो एंगेजिंग भी था और सीख देने वाला भी था। पैनल चर्चा, ब्रांड इंटरैक्शन एवं लाइव डेमो के माध्यम से हम सीधे उपभोक्ताओं से जुड़े पाए और विज्ञान आधारित अपने वेलनेस सॉल्यूशंन को लेकर अपनी प्रतिबद्धता को साझा किया।

## क्रैनबेरी जूस आपके पेट को प्राकृतिक रूप से आराम पहुंचा सकता है



**लखनऊ।** अगर आप भोजन के बाद बार-बार अपच, सूजन या पेट में असहजता का सामना करते हैं, तो अपनी दैनिक दिनचर्या में एक सरल बदलाव वास्तव में बड़ा फर्क ला सकता है÷ क्रैनबेरी जूस। जहाँ क्रैनबेरी पहले से ही मूत्र मार्ग के स्वास्थ्य को समर्थन देने के लिए जानी जाती हैं, अब उभरते हुए प्रमाण यह भी दर्शाते हैं कि यह पेट के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने में भी सहायक हो सकती हैं। अमेरिकी क्रैनबेरी में प्रचुर मात्रा में प्रोएन्थोसाइनिडिन्स पाए जाते हैं–ये प्राकृतिक यौगिक होते हैं जो शरीर की सतहों पर कुछ हानिकारक बैक्टीरिया को चिपकने से रोकने में मदद करते हैं। जब बात पेट की हो, तो इसका मतलब है कि ये अवांछित बैक्टीरिया को पेट की परत पर बसने से हतोत्साहित कर सकते हैं, जो अक्सर पाचन संबंधी परेशानियों का कारण बनते हैं। हर दिन केवल आधा गिलास 100त्र क्रैनबेरी जूस पीने से, आप अपने शरीर की इन सूक्ष्म जीवों से स्वाभाविक रूप से निपटने की क्षमता को बेहतर बना सकते हैं–वो भी बिना दवाओं या कठोर उपचारों पर पूरी तरह निर्भर हुए। हालाँकि हर व्यक्ति का अनुभव अलग हो सकता है, लेकिन कई लोग नियमित रूप से क्रैनबेरी जूस पीने पर कम सूजन और आंत में अधिक संतुलन महसूस करने की बात कहते हैं। यह एक छोटा-सा बदलाव है, जो समय के साथ अधिक आराम और बेहतर स्वास्थ्य की ओर ले जा सकता है। चाहे आप कभी-कभी अपच से जूझते हों या बस अपनी आंत का प्राकृतिक रूप से ध्यान रखना चाहते हों, क्रैनबेरी जूस एक समझदारी भरा और सरल विकल्प है।

# प्रेमी को नागवार गुजरी दोस्त से प्रेमिका का बात करना, दोनों ने ले ली जान

- हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, दोनों आरोपी भेजे गए जेल
- देवरिया जिले के रामपुर कारखाना क्षेत्र में युवती की मिली थी लाश

**शकील अहमद**



हत्याकांड का खुलासा करती पुलिस हाटा पुलिस

**कुशीनगर (अवधनामा ब्यूरो)।** करीब पांच दिन पूर्व किशोरी की हुई हत्या का पुलिस ने सोमवार को खुलासा कर दिया। युवती का शव देवरिया जिले के रामपुर कारखाना क्षेत्र से बरामद हुई थी। खुलाशे में जो तथ्य सामने आया है वह बेहद चौंकाने वाला है। युवती का गांव के ही एक लड़के से प्रेम प्रसंग था, इस बात को युवक का दोस्त जानता था। लड़की अपने प्रेमी के दोस्त से बातचीत करने लगी जो प्रेमी को नागवार लगा, और दोनों ने मिलकर युवती की हत्या कर दिया। पुलिस हो हत्यारोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

हत्याकांड का खुलासा करते हुए अपर पुलिस अधीक्षक विनेश कटियार ने बताया कि बीते 11 जुलाई को विश्राम पुत्र परमा हजाम निवासी पिपरा कपूर कोतवाली हाटा ने अपने नाबालिग नातिन के घर से चले जाने के संबंध में अभियोग पंजीकृत कराया गया था। 12 जुलाई को थाना रामपुर कारखाना जनपद देवरिया क्षेत्र के नहर में एक लड़की का शव मिलने की सूचना प्राप्त हुई, जिसके संबंध में जांच की गई तो पहचान पीड़िता के रूप में हुई। 13 जुलाई को देवरिया में शव का पंचायतनामा, पैनल पीएम एवं वीडियो ग्राफी की कार्यवाही कराया गया था। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर संतोष कुमार मिश्रा द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर निवेश कटियार के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी कसया कुन्दन कुमार सिंह नेतृत्व में घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया था। जिसके क्रम में आज 14 जुलाई को थाना कोतवाली हाटा व स्वाट की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा घटना का खुलासा करते हुए घटना में शामिल सैफ अली पुत्र मोहम्मद सरफुद्दीन निवासी पिपरा कपूर, इम्तियाज अहमद उर्फ टिंकु पुत्र मोहम्मद मैनुद्दीन निवासी वार्ड नं.10 अम्बेडकरनगर नगर पालिका हाटा थाना हाटा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक रामसहाय चौहान थाना हाटा, स्वाट प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, उ.नि. संतराज यादव, गजानन पाठक, चन्द्र भूषण पाण्डेय, ओमप्रकाश गुप्ता, सनातन सिंह, संतोष सिंह, वीरेन्द्र कुमार, रणजीत यादव, राहुल सिंह शामिल रहे।

### हत्या का मुख्य कारण

पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि मृतका का सैफ अली पुत्र मोहम्मद सरफुद्दीन निवासी पिपरा कपूर, थाना कोतवाली हाटा, से बातचीत एवं मिलना जुलना था। इसकी पुष्टी सीडीआर के माध्यम से भी हुई है। इसी बीच इम्तियाज अहमद उर्फ टिंकू पुत्र मोहम्मद मैनुद्दीन, निवासी वार्ड नं.10, अंबेडकर नगर, थाना कोतवाली हाटा भी मृतका से बातचीत करने लगा था। इस बात को लेकर सैफ अली व टिंकू का आपस में झगड़ा भी हुआ था। बीते 10 जुलाई 2025 को इसी विवाद के कारण पुनः इनके बीच में झगड़ा हुआ और सैफ अली इसी बात को लेकर मृतका को थप्पड़ मार दिया। टिंकू अन्य लोगों के साथ मृतका के घर जाकर उसके परिजनों को यह बात बता दी। जिसको लेकर परिजनों द्वारा मृतका को डांटा गया, जिससे नाराज होकर मृतका घर से निकल गई और रात के अंधेरे में चकरी पट्टी नहर के पास चली गई। जहां पर सैफ और टिंकू पहले से मौजूद थे और इसी बात को लेकर इन लोगों का आपस में वहां पर विवाद हो गया। विवाद के दौरान सैफ अली और टिंकू ने मृतका का मुंह दबा कर हत्या कर शव को हाटा रजवाहा नहर में फेंक दिया।

# आस्था का केन्द्र बना पुर्वांचल का प्रसिद्ध कुबेर स्थान शिव मंदिर

- श्रावण माह के प्रथम सोमवार को श्रद्धालुओं का लगा तांता
- हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गुंज उठा क्षेत्र

**अवधनामा ब्यूरो**



**कुशीनगर।** जनपद के कुबेर स्थान स्थित पुर्वांचल का प्रसिद्ध शिव मंदिर जो शास्त्रों और पुराणों में काफी महिमा बताई गई है। यहां पर श्रावण मास के महिने में दुर-दुर से श्रद्धालु भक्त हर-हर महादेव बोल बम नारे के साथ भगवान शिव का रूद्राभिषेक कर अपनी मनोकामना पुरी करने के लिए मन्नते मांगते है और सावन के महिने में हर सोमवार व शुक्रवार को श्रद्धालुओं का भारी भींड लगा रहता है।

श्रावण मास शुरू होते ही शिव भक्तो में काफी हर्ष और खुशी देखी जा रही है। श्रावण मास में जहां देशभर में श्रद्धालुओं की भींड उमड़ पड़ी है वहीं कुशीनगर के प्राचीन शिव मंदिर जिसके बारे में मान्यता है कि स्वयं भगवान कुबेर ने शिव अराधना की थी और उनके अराधना से भगवान शिव ने उन्हे वरदान दिया था धन के स्वामी कुबेर द्वारा इस स्थान की पुजा किए जाने के कारण इस स्थान का नाम कुबेर स्थान पड़ा। इस शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए सुबह से ही भक्तो का तांता लगा रहता है। श्रद्धालुओं का ऐस मानना है कि इस शिवलिंग पर पुजा करने से सभी मनोकामनाएं पुरी होती है। इस प्राचीन शिव मंदिर के बारे में शास्त्रों में यह वर्णन है कि लंकापुरी को स्थापित करने वाले भगवान कुबेर से जब रावण ने युद्ध कर लंका जीत ली तो अपने पुष्पक विमान पर सवार हो कर कुबेर लंका से भागते समय जंगल था उसी जंगलों के बीच दिव्य ज्योतिर्मयी शिवलिंग को देखकर विमान सहित नीचे उतर गये और बैठ कर इस दिव्य शिवलिंग की तपस्या करने लगे जिससे प्रसन्न होकर भगवान शिव प्रकट हो गये और कुबेर के व्यथा को दुर करते हुए वरदान दिसा कि तुम प्रजा सहित अल्कापुरी में राज्य स्थापित करो। रावण का बध विष्णु के अवतार राम के द्वारा होना निश्चित है।

## केन्द्रीय जल आयोग ने चार गांवों में किसानों के साथ सर्वे किया

**अमेठी/जामों।** नहरों और? नलकूपों से फसलों की सिंचाई करने से किसानों को होने वाले लाभ और नुकसान की जानकारी लेने और नहर कमांड एरिया और नान कमांड एरिया के किसानों की समस्यायों के अध्ययन के लिए केन्द्रीय जल आयोग के फील्ड एक्जीक्यूटिव सुनील कुमार ने जिले का भ्रमण कर रिपोर्ट तैयार की।दो दिन के दौरे के बाद सोमवार को सुनील कुमार वापस दिल्ली लौटे हैं।

सुनील कुमार ने सिंहपुर विकास खंड के कुकहारामपुर और नौखेडा तथा जामों विकास खंड के बरौलिया और बघैया कमालपुर में किसानों के साथ बैठक कर केंद्र सरकार की कृषि और सिंचाई योजनाओं के बारे में जानकारी दी और सर्वेक्षण भी किया। जामों संवाद के अनुसार विकास खंड के बघैयाकमाल पर में केंद्रीय जल आयोग की टीम ने किसानों का सर्वे किया। टीम के अधिकारी सुनील ने बैठक में आए हुए किसानों से विस्तृत जानकारी लिया।

## अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण होने पर शिक्षकों की भावभीनी विदाई



**अवधनामा संवाददाता**

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** संविलयन विद्यालय फर्दमुंडेरा विकास खंड मोतीचक में कार्यरत काजल सिंह सहायक अध्यापिका एवं धनंजय कुमार सिंह सहायक अध्यापक का अंतर्जनपदीय स्थानान्तरण होने पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसमें शिक्षकों व छात्रों ने भावभीनी विदाई दी। इस दौरान सबकी आंखें नम हो गई थी।

बता दें कि उक्त शिक्षक पिछले पांच वर्षो से विद्यालय के प्रति समर्पित थे, बच्चों से काफी लगाव था। काजल सिंह व धनंजय कुमार सिंह नहीं बल्कि छात्र/छात्राओं के सपने विदा हो रहे हैं। सहायक अध्यापक रामवीर सिंह ने कहा कि मैं एआरपी पद की जिम्मेदारी के साथ साथ विद्यालय में भी मैं पूरा सहयोग करूंगा और विषम परिस्थिति में आवश्यकता पड़ने पर मैं पद से इस्तीफा देकर आपके बच्चों के भविष्य को बनाने में सहयोग करूंगा। इस विद्यालय में स्थानांतरण लेकर आए कार्तिकेय द्विवेदी, अजीत पांडे व नूर आलम के शिक्षण कार्यों की रामवीर सिंह ने प्रशंसा की और प्राइवेट से नाम कटाकर छात्र/छात्राओं से पुनः इसी विद्यालय में वापस लौटने की अपील की। राजकुमार सिंह, मोतीचक के ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश कुमार सिंह, मंत्री राधेश्याम वर्मा, मोलई प्रसाद प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शिवमंदिरों में उमड़ा सैलाब डीएम व एसपी ने लिया व्यवस्थाओं का जायज़ा

**अवधनामा संवाददाता**



**देवरिया।** श्रावण मास के प्रथम सोमवार को जनपद देवरिया में शिवभक्तों की भारी भीड़ प्रमुख शिवालयों में उमड़ी। इस अवसर पर जिलाधिकारी देवरिया श्रीमती दिव्या मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर द्वारा जनपद के तीन प्रमुख शिवमंदिरों ङ्क सोमनाथ मंदिर (मुख्यालय), श्री दीर्घेश्वरनाथ मंदिर (मझौलीराज) एवं दुग्धेश्वरनाथ मंदिर (रुद्रपुर) में पहुंचकर पूजा-अर्चना की गई और सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मंदिर परिसर की साफ-सफाई, श्रद्धालुओं के लिए छायादार पंडाल, पेयजल, प्राथमिक चिकित्सा, बैरिकेडिंग, लाइनिंग व्यवस्था, प्रवेश एवं निकास मार्ग आदि की स्थिति का बारीकी से जायज़ा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं को कतारबद्ध और सुगम दर्शन का अवसर सुनिश्चित किया जाए। इसके साथ ही, आपातकालीन सेवाओं की त्वरित उपलब्धता, सफाई व्यवस्था और मंदिर प्रबंधन समिति के साथ समन्वय पर विशेष बल दिया।

पुलिस अधीक्षक श्री विक्रांत वीर ने मौके पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए पुलिस बल की तैनाती, भीड़ प्रबंधन, यातायात नियंत्रण, महिला सुरक्षा, सीसीटीवी कैमरों से निगरानी, ड्रोन से सर्वेक्षण इत्यादि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिवरात्रि और श्रावण मास जैसे अवसरों पर श्रद्धालुओं की संख्या अत्यधिक बढ़ जाती है, ऐसे में हर स्तर पर सुरक्षा और सुविधा की तैयारियां चाकचौबंद होनी चाहिए।

जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक दोनों ने मंदिर में उपस्थित श्रद्धालुओं से संवाद भी किया और उनकी सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने श्रद्धालुओं को प्रशासन की ओर से हर संभव सहयोग और सुरक्षा का भरोसा दिलाया। श्रद्धालुओं ने भी प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

इस दौरान संबंधित उपजिलाधिकारी गण , क्षेत्राधिकारी गण , नगर निकाय के प्रतिनिधिगण, मंदिर प्रबंधन समिति के सदस्य, पुलिस बल के अधिकारी, स्वास्थ्य विभाग एवं नगर निकाय की टीम मौके पर मौजूद रही।

जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि श्रावण मास के प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं की भीड़ को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। श्रद्धा, सुरक्षा और सेवा ङ्क यही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।

## विद्युत करंट के चपेट में आने से 40 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के ग्राम नरचोचवा के टोला धर्मपुर निवासी एक युवक की विद्युत करंट के चपेट में आने से मौत हो गई। परिजन आनन फानन में सीएचसी ले गए जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत मृत्यु घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेज दिया। सोमवार को धर्मपुर निवासी मोती लाल चौहान उम्र 40 वर्ष अपने घर में विद्युत तार जोड़ रहा था। इसी दौरान करंट के चपेट में आ गया जिससे मौके पर ही उसकी मृत्यु हो गई। परिजनों को विश्वास नहीं हो रह था इस लिए स्थानीय सीएचसी ले गए जहां चिकित्सको ने जांचोपरांत मृत्यु घोषित कर दिया। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची नेबुआ नौरंगिया थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया।

# वाराणसी के सिंगरा थाने में दर्ज एफ आई आर रद्द करने को कांग्रेस ने दिया ज्ञापन



- श्रावण मास में श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की

**अवधनामा संवाददाता**

**अमेठी।** दस जुलाई को वाराणसी में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरुद्ध दर्ज की रिपोर्ट से कांग्रेस के कार्यकर्ताओं में गहरी नाराजगी है। सोमवार को रिपोर्ट को रद्द करने के लिए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल की अगुवाई में कांग्रेस नेताओं ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन डीएम के प्रतिनिधि अतिरिक्त एस डी एम मो असलम को दिया। ज्ञापन में कानून व्यवस्था और विपक्षी दलों के प्रति रवैए को लेकर योगी आदित्यनाथ की सरकार को निशाने पर लिया गया है। कांग्रेस ने श्रावण मास में श्रद्धालुओं के लिए समुचित व्यवस्थाएं करने की भी मांग की है।

दस जुलाई को प्रदेश अध्यक्ष अजय राय वाराणसी में जलभराव,जाम, दुकानदारों की समस्यायों एवं जनमुद्दों को लेकर पदयात्रा निकाली थी। कांग्रेस का आरोप है कि प्रदेश सरकार के इशारे पर अजय राय सहित दस कांग्रेस नेताओं के विरुद्ध सिंगरा थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई है।

इस एफ आई आर को रद्द करने के लिए कांग्रेस ने सोमवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट को राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन देते समय मीडिया से बातचीत में जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने प्रदेश सरकार को गूंगी,बहरी सरकार की संज्ञा दी और कहा कि सरकार की अलोकतांत्रिक कार्रवाइयों के विरुद्ध कांग्रेस लोकतांत्रिक तरीके से संघर्ष करती रहेगी। उत्तर प्रदेश की जनता कांग्रेस के साथ खड़ी है।

फरहान वारसी, परमानंद मिश्र, जिला प्रवक्ता अनिल सिंह, वीरेंद्र मिश्र, राजीव सिंह,रमाकांती अशोक शुक्ला, सर्वेश कुमार सिंह, डॉ अरविन्द चतुर्वेदी, ममता पांडेय, हनुमंत सिंह, कलावती मौर्य, गीता सिंह, फिरोज आलम, महावीर कोरी,अजीत यादव,अजहरूल हक आदि तमाम कांग्रेसी मौजूद रहे।

## एक दिवसीय रोजगार मेले में 330 अभ्यर्थियों को मिली नौकरी



**अवधनामा ब्यूरो**

**कुशीनगर।** उप्र कौशल विकास मिशन योजनान्तर्गत सोमवार को एक दिवसीय वृहद रोजगार मेला का आयोजन राजकीय आईटीआई पडरौना के परिसर में उप्र कौशल विकास मिशन व जिला सेवायोजन कार्यालय के संयुक्त तत्वाधान में किया गया है।

मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष पडरौना विनय जायसवाल द्वारा फीता काटकर रोजगार मेला का शुभारम्भ किया गया है एवं अपने सम्बोधन में रोजगार मेला को रोजगार आपके द्वार व युवाओं के लिए अत्यन्त ही लाभप्रद बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। रोजगार मेला में अधिक से अधिक युवाओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किए है। रोजगार मेला में कुल 14 नियोक्ता कम्पनी वैष्णवी लिमिटेड, टीवीएस क्रेडिट सर्विस, टाटा मोटर्स, समावेशी फाइनेंस, डिक्सन इलेक्ट्रिक एप्लायन्स, मदरर्सन, उत्कर्ष स्माल फायनेन्स, फ्लूयेन्ट ग्रीड, एए रेड हिल्स, टाटा मोटर्स क्वीक क्रॉप्स, मार्क एक्सजस्ट सिस्टम, सासा ग्रुप, टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स, मैंगो रेंज शेल्टर आदि ने प्रतिभाग किया। उक्त रोजगार मेला में 810 अभ्यर्थियों ने विभिन्न नियोक्ता कंपनियों में साक्षात्कार दिए, साक्षात्कार के माध्यम से कुल 330 अभ्यर्थियों का रोजगार हेतु चयन किया गया है।

## जमीनी विवाद में कटरा हुलासी में मारपीट थाने में शिकायत

**अमेठी।** कोतवाली अंतर्गत कटरा हुलासी में जमीनी विवाद में दो परिवारों के बीच मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

कटरा हुलासी में सुनील कुमार के घर के पास आबादी की जमीन है।इस जमीन पर सुनील कुमार का मकान निर्माणाधीन है। गांव के ही हृदय राम यादव निर्माणाधीन मकान के पास जबरन कूड़ा फेंक रहे हैं। सुनील कुमार की पत्नी ने सोमवार को कूड़ा फेंकने से मना किया तो हृदय राम यादव के परिवार की महिलाएं सुनील की पत्नी लक्ष्मी से भिड़ गई, शोर होने पर हृदय राम के परिवार के पुरूष भी आ गये और सबने लक्ष्मी को बुरी तरह पीट दिया।झगड़े में लक्ष्मी के कपड़े फट गये हैं, उसके गले की लाकिट गायब हो गई है। लक्ष्मी ने कोतवाल और सी ओ को प्रार्थना पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज करने का अनुरोध किया है। उधर हृदय राम की पुत्री गुंजन ने भी सुनील और उसके भाईयों द्वारा मारपीट करने की शिकायत की है।

## पीड़िताओं के सुरक्षा व अधिकारों का न हो हनन : अपर जिला जज



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के तत्वावधान में माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया श्री राम मिलन सिंह के निर्देशानुसार वन स्टाप सेण्टर में पीड़िताओं के सुरक्षा व उनके अधिकारों हेतु अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया श्री मनोज कुमार तिवारी द्वारा औचक निरीक्षण किया गया।

सचिव द्वारा बताया गया कि पीड़िताओं के सुरक्षा एवं उनके अधिकारों का संरक्षण किया जाना चाहियें। समाज को उनके सुरक्षा एवं अधिकारो के प्रति सजग रहना चाहिए। सचिव द्वारा केंद्र पर उपस्थित पीड़िताओं से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनके अधिकारों के बारें में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने वन स्टाप सेण्टर पर साफ-सफाई, सुरक्षा व आमजनमानस को विधिक साक्षरता हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया। उन्होंने वन स्टाप सेण्टर के केन्द्र प्रबन्धक नीतु भारती को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन महिलाओं को विधिक सहायता की आवश्यकता हो, उनके मामले को चिन्हित कर अधिक से अधिक संख्या में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण देवरिया के कार्यालय में संदर्भित करें।

# शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**सावन का पहला सोमवार**

**अवधनामा संवाददाता**



**अमेठी।** सावन मास के पहले सोमवार को जिले के सभी शिव मंदिरों और शिवालयों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। जलाभिषेक का क्रम सुबह से दोपहर तक चलता रहा।ताला के मुकुट नाथ मंदिर के कपाट सुबह चार बजे ही खुल गये। जगेसरन धाम में भी श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भगवान भोलेनाथ को बेलपत्र और जल चढ़ाएं और पूजा अर्चना की।

स्वामी परमहंस आश्रम टीकरमाफी में श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक के बाद स्वामी जी की समाधि के दर्शन किए और संतों से आशीर्वाद प्राप्त किया।

ताला के महादेवन गांव स्थित बाबा मुकुटनाथ धाम शिवभक्तों की अटूट आस्था का प्रतीक है। अमेठी-गौरीगंज राजमार्ग पर स्थित यह प्राचीन शिवधाम पांडवों से जुड़ी मान्यता, दिव्य शिवलिंग और सावन में उमड़ती आस्था के कारण विशेष पहचान रखता है। सावन के पहले सोमवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही

पुजारी हरिहर गिरि महाराज ने बताया कि यह स्थान द्वापर युग से भी पहले का माना जाता है। महाभारत काल में वनवास के दौरान पांडवों ने यहां शिवलिंग की पूजा कर अपना मुकुट अर्पित किया था, तभी से यह स्थल बाबा मुकुटनाथ नाम से प्रसिद्ध हुआ। शिवलिंग की पुनः स्थापना के बाद 255 वर्ष पूर्व चबूतरा निर्मित किया गया। इस मंदिर की विशेषता यह भी है कि यहां का शिवलिंग जमीन से करीब बारह फीट ऊंचा है और दक्षिण भारत के रामेश्वरम शिवलिंग जैसा आकार लिए हुए है।

मान्यता है कि जब कभी क्षेत्र में सूखा पड़ता है तो शिवलिंग को पानी से पूरी तरह डुबो दिया जाता है, जिससे शीघ्र ही वर्षा होती है। शिवधाम परिसर में हनुमान मंदिर, नवनिर्मित मंदिर, नंदी महाराज समेत अन्य धार्मिक स्थल भी हैं। मलमास, महाशिवरात्रि और सावन में यहां दर्शनार्थियों की भारी भीड़ रहती है। ग्रामीणों के अनुसार कई बार इस मंदिर पर विदेशी आक्रमण भी हुए और अंग्रेजों ने इसकी खोदाई करवाई, लेकिन शिवलिंग बाहर नहीं निकला।

## कौशल विकास मिशन के तहत 12 कंपनियों ने किया साक्षात्कार



**अवधनामा संवाददाता**

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अन्तर्गत जिला कार्यक्रम प्रबंधन इकाई, देवरिया द्वारा राजकीय आई0टी0आई0 परिसर में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इस मेले का उद्घाटन देवरिया सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी द्वारा किया गया।

रोजगार मेले में जनपद व आस-पास के क्षेत्रों से आए बेरोजगार युवाओं को विभिन्न निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनियों में रोजगार प्रदान करने हेतु साक्षात्कार की व्यवस्था की गई थी। कुल 12 प्रतिष्ठित कंपनियों ने प्रतिभाग किया तथा मौके पर ही साक्षात्कार लिए।

मेले में कुल 1032 अभ्यर्थियों ने साक्षात्कार में प्रतिभाग किया, जिनमें से 387 अभ्यर्थियों का चयन विभिन्न पदों के लिए किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय, जिला समन्वयक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन देवरिया कृष्ण कुमार राम सहित अन्य अधिकारीगण आदि उपस्थित रहे।

# सुबह चार बजे से शुरू हो गया जलाभिषेक

- महाभारत काल में वनवास के दौरान पांडवों ने की थी शिवलिंग की पूजा

**संजीव भारती**



**अमेठी।** राजनीति के साथ-साथ धर्म और अध्यात्म की दुनिया में भी अमेठी ने अपनी पहचान बनाई है। अमेठी विकासखंड के ताला गांव में भगवान शिव का प्राचीन मंदिर स्थित है। प्राचीन मंदिर मुकुट नाथ धाम का काफी पुराना इतिहास है जबकि इस मंदिर से लोगों की दिली आस्था जुड़ी है। यही नहीं, तमाम बड़े नेता इस मंदिर में माथा टेक चुके हैं. इस मंदिर में काफी प्राचीन मूर्तियां भी मंदिर के प्राचीनता और इतिहास की गवाही देती हैं।

शताब्दी वर्ष पूर्व जब राजाओं का शासन काल था तो राजा अपने भ्रमण के दौरान अपना मुकुट यहां पर रख देते थे, तभी से इस मंदिर का नाम मुकुट नाथ धाम पड़ गया। इसके साथ ही कौरवों और पांडवों ने भी इस मंदिर में पूजा अर्चना की थी। मंदिर में रखी प्राचीन मूर्तियां सैकड़ों वर्ष पुरानी है. इस मंदिर में मूर्तियों की स्थापना नहीं की गई बल्कि खुद ही यहां पर मूर्तियां खुदाई के दौरान मिली हैं. कहा जाता है कि इस मंदिर में जो कोई आता है। भगवान भोलेनाथ उसकी हर मनोकामना पूरी करते हैं। शिवरात्रि पर मंदिर में बड़ा मेला भी आयोजित होता है। इसके साथ ही सावन माह में 3 सालों के अंतराल पर कथा भी आयोजित की जाती है। मंदिर में अमेठी सांसद स्मृति ईरानी के साथ कई बड़े नेताओं ने आशीर्वाद लिया है और अपने भ्रमण के दौरान इस मंदिर के दर्शन भी किए हैं।

### पुजारी ने कही ये बात

मंदिर के पुजारी कामतानाथ ने बताया कि यह मंदिर काफी ही पुराना है। मंदिर से लोगों की दिली आस्था जुड़ी है. बादशाहों के समय में इस मंदिर में पूजा-पाठ हुआ करते थे। मंदिर में मूर्ति स्थापित नहीं की गई बल्कि स्वयं ही मूर्ति प्रकट हुई है। गांव के विकसित होने के बाद इस मंदिर की स्थापना की गई और आज मंदिर ने विस्तार रूप ले लिया है। यहां पर रखी प्राचीन मूर्तियों से मंदिर की प्राचीनता दिखाई देती है।

# शाहजहांपुर कलेक्ट्रेट में सपा का प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट परिसर में सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान के नेतृत्व में सैकड़ो लोग एकत्रित हुए जहां जोरदार धरना प्रदर्शन करने के बाद जिला अधिकारी को संबोधित ज्ञापन नगर मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है की कावड़ यात्रा के नाम पर पुलिस प्रशासन द्वारा जहां कावड़ रोड नहीं है लाइसेंसी शाकाहारी व मांसाहारी होटल और लाइसेंसी मांस की दुकानों को बंद करवाया जा रहा है जो गलत है जिस पर पाबंदी लगनी चाहिए। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष तनवीर खान ने कहा कि पुलिस कावड़ यात्रा के नाम पर गरीब लोगों की रोजी-रोटी से खिलवाड़ कर रही है जो लोग सिर्फ होटल पर रोटी लगा रहे हैं या शाकाहारी भोजन बना रहे हैं उनके खिलाफ भी पुलिस कार्रवाई कर रही है उन्होंने कहा जो कावड़ यात्रा के रोड नहीं है अगर वहां होटल या मांस की दुकाने नहीं खुलवाई गई तो समाजवादी पार्टी आंदोलन शुरू करेगी इस मौके पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि जो कावड़ रोड नहीं है जहां पर खाने के होटल व मांस की दुकानें हैं जिला प्रशासन द्वारा सप्ताह में जो तीन दिन बंदी के तय किए गए हैं रविवार, सोमवार, मंगलवार यह तीन दिन बंद करवाना चाहिए और चार दिन खुला रहना चाहिए उन्होंने कहा पुलिस आनावश्यक रूप से गरीबों की रोजी-रोटी से खिलवाड़ ना करें प्रदर्शन के दौरान सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा अल्पसंख्यक सभा के प्रदेश प्रमुख महासचिव सैयद रिजवान अहमद, सपा अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव विकास चंद्र एडवोकेट,सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा के जिला उपाध्यक्ष संजीव कुमार वर्मा सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश कुमार पाल, सत्येंद्र यादव, संतोष कुमार पाल, नसीम खान, तनवीर हसन, पार्थ यादव, मोनू कुरैशी, आकाश यादव, त्रिशूल कुमार कनौजिया, मुजम्मिल खान, नौशाद नॉनबाई, फराज खान, मोहम्मद फैसल, भानु सिंह चौहान एडवोकेट, अभिषेक दिनकर एडवोकेट, मोहसिन खान, श्यामलाल जाटव, आरिफ खान, यश मौर्य, महफूज़ कुरैशी, राजा कुरैशी, सैयद शकील मियां, अरशद खान, गुलजार अंसारी उर्फ मुन्ना, अब्दुल कय्यूम, असलम परवेज पूर्व मेंबर, सरताज इदरीसी, आसिफ कुरेशी, देवेंद्र कुमार एडवोकेट, मुकेश यादव एडवोकेट, गुफरान खान, सुबहान खां, रानू खान अफरोज खान, रफत खां, मो. ज़की, अमन गुर्जर, अखिलेश यादव, असलम खान, विनोद कुमार मास्टर, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।

# यूनाइटेड इदरीसी फ्रंट के जिला सदर बने डाक्टर शाहिद इदरीसी

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** युनाइटेड इदरीसी फंट के राष्ट्रीय अध्यक्ष हाजी अब्दुल समद इदरीसी, अब्दुल हमीद इदरीसी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं हाजी शमीम इदरीसी राष्ट्रीय महासचिव, मो0 वसीम इदरीसी राष्ट्रीय सचिव ने संयुक्त रूप से मुंबई से चलकर शहीदों की नगरी शाहजहाँपुर में पहुंचकर एक प्रेस वार्ता की और बताया कि युनाइटेड इदरीसी फंट का मुख्य उद्देश्य अपने समाज को जागरूक करना, शिक्षित करना और संगठित करना है जिससे हमारे समाज के युवक एवं युवतियां देश व समाज की सेवा करके अपने समाज का नाम रोशन करें। हमें भारत के अमर सपूत परमवीर-चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद के बलिदान और साहस की गौरवमई गाथा को जन जन तक पहुंचाना है ताकि वीर अब्दुल हमीद के साहस और वीरता से प्रेरित होकर देश की नई पीड़ी में ऊर्जा का संचार किया जा सके। उनमें देश की प्रेम भावना जागृत हो। जिले के वरिष्ठ अधिवक्ता मेंराज अहमद को राष्ट्रीय कार्यकारिणी में शामिल किया गया साथ ही जिले की कार्यकारिणी की भी घोषणा की गई जिसमें डा0 शाहिद अहमद इदरीसी जिला अध्यक्ष, मो0 यासीन इदरीसी जिला महासचिव, डाक्टर नुसरत हुसैन, डाक्टर इश्तियाक अहमद जिला उपाध्यक्ष, दिलशाद अहमद एडवोकेड कोषाध्यक्ष, आसिम एडवोकेट संयुक्त सचिव, हसरुद्दीन, मो0 शमशाद वरिष्ठ सदस्य, अब्दुल वाहिद अली संगठन सचिव की जिम्मेदारी दी गई। संगठन के सभी वरिष्ठ नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाकर शुभकामनाएं दी और अपेक्षा की कि अपने समाज के लिए हर संभव मदद करेंगे। जिला सदर डाक्टर शाहिद ने कहा कि हमारे समाज के सभी लोग शिक्षित हो संगठित हो और इसके लिए हमारे संगठन से जुड़े क्योंकि यह संगठन आपकी सेवा के लिए ही है।

# त्रिस्तरीय मतदाता सूची के पुनरीक्षण जारी की गई समयसारिणी जारी

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत एवं नगरीय निकाय) मोनिका रानी ने बताया कि त्रिस्तरीय पंचायतों की निर्वाचक नामावली के पुनरीक्षण हेतु राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित की गई समयसारिणी के अनुसार किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में समाहित होने की स्थिति में विलोपन एवं मतदाता सूची के प्रिन्ट करने की कार्यवाही 18 जुलाई से 13 अगस्त 2025 तक की जाएगी। जबकि 14 अगस्त से 29 सितम्बर 2025 तक बीएलओ द्वारा घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण एवं हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने की अवधि (01 जनवरी, 2025 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी अर्ह व्यक्तियों के नाम सम्मिलित किए जाएंगे)। डीएम ने बताया कि ऑनलाइन आवेदन करने की अवधि 14 अगस्त से 22 सितम्बर 2025 तक निर्धारित है। ऑनलाइन प्राप्त आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जाँच करने की अवधि 23 से 29 सितम्बर 2025 तक, निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की अवधि 30 सितम्बर से 06 अक्टूबर 2025 तक, निर्वाचक नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैंपिग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटोप्रतियों कराने आदि 25 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2025 तक तथा अनन्तिम मतदाता सूची के आलेख का प्रकाशन 05 दिसम्बर 2025 को किया जायेगा। आलेख्य के रूप में प्रकाशित अनन्तिम मतदाता सूची का निरीक्षण 06 से 12 दिसम्बर 2025 तक, दावे एवं आपत्तियाँ प्राप्त करने का कार्य 06 से 12 दिसम्बर, 2025 तक किया जायेगा इस दौरान 01 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले सभी निर्वाचकों के भी दावे स्वीकार किये जाएंगे। दावे एवं आपत्तियों का निस्तारण की तिथि 13 से 19 दिसम्बर 2025 तक तथा दावे/आपत्तियों के निस्तारण के उपरान्त हस्तलिखित पाण्डुलिपियाँ तैयार करना, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के कार्यालय में जमा करने की अवधि 20 से 23 दिसम्बर, 2025 तक, पूरक सूचियों की कम्प्यूटरीकरण के उपरान्त मतदान केन्द्र/ स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांकन, मतदेय स्थलों के वार्डो की मैपिंग मतदाता सूची की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने आदि का कार्य 09 जनवरी से 14 जनवरी 2026 तक एवं निर्वाचक नामावलियों का जनसामान्य के लिए अन्तिम प्रकाशन 15 जनवरी, 2026 तक किया जाएगा।

## श्रावण माह के प्रथम सोमवार को भ्रमणशील रहे डीएम व एसपी



**बहराइच।** श्रावण के प्रथम सोमवार के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह तथा जिले के अन्य प्रशासनिक व पुलिस अधिकारी निरन्तर भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं का जायज़ा लेते रहे। नगर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान डीएम व एसपी ने पौराणिक सिद्धनाथ मन्दिर पहुंचकर महामण्डलेश्वर श्री रवि गिरि जी महाराज के नेतृत्व में जलाभिषेक कर विधिवत पूजा अर्चना भी की। डीएम ने बताया कि श्रावण के दृष्टिगत जिले के शिवालयों एवं घाटों पर साफ-सफाई एवं सुरक्षा के माकूल बन्दोबस्त किये गये है। इस अवसर पर डीएम व एसपी ने जनपदवासियों को पवित्र श्रावण मास की बधाई दी है।

## पंचायत राज सेवा परिषद, बहराइच के पत्र में अंकित तथ्यों का जिला विकास अधिकारी ने किया खण्डन

**बहराइच।** जिला विकास अधिकारी राज कुमार ने बताया कि विगत 12 जुलाई 2025 को बिभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के सम्बन्ध में पंचायत राज सेवा परिषद, बहराइच द्वारा जारी पत्र संख्या 01 दिनांक 12 जुलाई 2025 में उनके सम्बन्ध में अंकित किये गये तथ्यों का जिला विकास अधिकारी द्वारा खण्डन किया गया है। जिला विकास अधिकारी ने बताया कि जिलाधिकारी द्वारा बैठक में सूचना न लाने पर मात्र यह कहा गया था कि यदि सूचना नहीं लाये हैं तो बैठक से जाइये। इस प्रकार मेरे साथ किसी प्रकार के आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया है।

## पंचायत राज सेवा परिषद के पत्र में अंकित तथ्यों का डीपीओ ने किया खण्डन

**बहराइच।** जिला कार्यक्रम अधिकारी निहारिका विश्वकर्मा ने बताया कि विगत 12 जुलाई 2025 को बिभिन्न बिन्दुओं की समीक्षा हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक के सम्बन्ध में पंचायत राज सेवा परिषद, बहराइच द्वारा जारी पत्र संख्या 01 दिनांक 12 जुलाई 2025 के सम्बन्ध में लिखित बयान जारी कर अवगत कराया है कि जिलाधिकारी मोनिका रानी द्वारा बैठक में सूचना न लाने पर यह कहा गया था कि यदि सूचना नहीं लाये हैं तो बैठक से जाइये। इस प्रकार डीएम द्वारा बैठक में किसी प्रकार के आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग नहीं किया गया है।

## भ्रमण कर लोगों से मिले विधायक सुल्तानपुर एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह ने लोगों से की मुलाकात--



**सुल्तानपुर।** विधायक एवं पूर्व मंत्री विनोद सिंह आज भी आवास पर क्षेत्रवासियों से मिले। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं सुनी और निस्तारण भी किया। वहीं कैंप कार्यालय पर पहुंचे उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के लोगों ने तमाम मांगों को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन विधायक विनोद सिंह को सौंपा। इस ज्ञापन में उन्होंने विद्यालय के मर्ज होने पर आपत्ति जताई। इसके बाद वे क्षेत्रभ्रमण के लिए रवाना हो तमाम कार्यक्रमों में शामिल हुए। शुरुआत उन्होंने ढखवा गांव से की, जहां महेंद्र प्रसाद पांडेय के घर पहुंचे और उनके भाई भगवती प्रसाद पांडेय ( भूतपूर्व सैनिक) के निधन पर परिवार वालों से मिले और शोक संवेदना व्यक्त किया। इसके बाद वे इसी गांव के सूरज तिवारी के घर पहुंचे और उनके माता जी के तेरहवीं कार्यक्रम में शामिल हुए और चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं बैजापुर गांव में शिव प्रसाद चौरसिया के पुत्र के आकस्मिक निधन पर परिवार वालों से मिले और शोक संवेदना व्यक्त की। वहीं भ्रमण के दौरान उन्होंने तमाम लोगों से मुलाकात कर हालचाल लिया। लोगों की समस्याओं को सुना और निस्तारण भी किया।

# नवागत खंड शिक्षा अधिकारी बल्दीराय ने कार्यभार किया ग्रहण, शिक्षकों नें किया स्वागत



अवधनामा संवाददाता

**बल्दीराय,सुल्तानपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी उपेन्द्र गुप्ता द्वारा अनेकों विकास खण्ड के कई खंड शिक्षा अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया गया था। धनपतगंज के खंड शिक्षा अधिकारी श्याम बिहारी का स्थानांतरण बल्दीराय हुआ है। नवीन तैनाती स्थल पर सोमवार को खंड शिक्षा अधिकारी ने अपना कार्य भार ग्रहण किया। बीआरसी बल्दीराय पहुंचने पर उनका फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया गया। श्याम बिहारी अपने विकास खण्ड में निपुण भारत अभियान को सफल बनाने, मिशन कायाकल्प और शिक्षकों के बीच अच्छे सामंजस्य के लिए जाने जाते हैं। शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण में वे अग्रणी भूमिका में नजर आते हैं। बातचीत में कई शिक्षकों ने बीईओ की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा के उन्नयन के लिए श्याम बिहारी का हमेशा सहयोग मिलता रहा है। शिक्षा क्षेत्र में शिक्षकों के मध्य बीईओ श्याम बिहारी चहेते खंड शिक्षा अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। उन्होंने संकुल के नोडल शिक्षक एवं एआरपी की एक बैठक में कहा कि शासन की ओर से लागू विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कुशलता पूर्वक किया जाय. इस दौरान उ. प्र. प्राथमिक शिक्षक संघ के राज बख्श मौर्य अध्यक्ष, विपिन तहसील प्रभारी बल्दीराय, उपाध्यक्ष अवधेश तिवारी, वीरेंद्र कुमार यादव, शैलेन्द्र कुमार मिश्र, ऋषिराज, सुनील दत्त, महेश वर्मा, राकेश सिंह, लालू प्रसाद, राजनाथ यादव, बजरंग कुमार मौर्य, राजेश यादव,अखिलेश कुमार, रोहित रमण यादव, जाकिर, राममूर्ति यादव, संतोष कुमार, कृष्ण कुमार सहित न्यूज़ वर्ल्ड /नया भारत दर्पण समाचार जिला संवाददाता राजदेव यादव मौजूद रहे।

## काबड़यात्रा मार्ग पर पुलिसफोर्स रही तैनात



**टूंडला।** कावड़ यात्रा को लेकर प्रशासन काफी सचेत है। कावड़ मार्ग को लेकर एसएसपी व जिलाधिकारी पूर्व में ही निरीक्षण कर चुके हैं। कावड़ लाने वाले भक्तों के लिये विभिन्न प्रकार की व्यवस्थायें की गई हैं। ज्ञात रहे नगर के एटारोड पर कावड़ लेकर भक्त बड़ी संख्या में आते हैं। जिसमें उत्तर प्रदेश के अलावा कुछ कावड़यात्री मध्य प्रदेश के भी शामिल रहेते हैं। मार्ग पर लगभग एक दर्जन चौकियां बनाई गई हैं। जहां पर कावड़यात्रियों के लिये जलपान के साथ ही उनके ठहरने तथा चिकित्सा की भी सुविधा होगी। प्रत्येक चौकी पर पुलिस के साथ ही एक चिकित्सक की भी तैनाती की गई है। जिससे किसी कावड़यात्री को कोई परेशानी हो तो उसको तुरन्त की स्वास्थ्य लाभ मिल सके। कावड़ मार्ग पर सम्बंधित थाना प्रभारी गस्त भी करेंगे।

## एक तमंचा व जिन्दा कारतूस सहित एक गिरफ्तार

**टूंडला।** थाना नगला सिंघी पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त को एक तमंचा व एक जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी रमित कुमार के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छारी जाने वाले रास्ते पर एक अभियुक्त खड़ा हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब पूछताछ की घवरा गया। पुलिस गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उसकी तलाशी लेने पर एक तमंचा 315 बोर, एक जिन्दा कारतूस बरामद किया है।

# मेला आयोजकों की खुली लूट

अवधनामा संवाददाता

■ 20 रुपये एंट्री व 50 रुपए पार्किंग से जनता से की जा रही अवैध वसूली

**टूंडला।** नगर के ठा. बीरी सिंह कॉलेज प्रांगण में आयोजित दुबई कार्निवल मेले में आयोजकों द्वारा खुली लूट की जा रही है। जिसमें दर्शकों से एंट्री फीस 20 रुपए व वाहन पार्किंग 70 से 50 रुपए वसूले जा रहे है। आखिर किसके इशारे और संरक्षण में मेला आयोजक अवैध वसूली कर रहे, क्या प्रशासन को इनकी खुली अवैध वसूली दिखाई नहीं दे रही यह बात नगर निवासी हर एक नागरिक की जुबान पर है। मेला आयोजकों द्वारा इस अवैध वसूली से मेला मॉल से भी महँगा हो गया है। जिस कारण मेला आम आदमी की पहुँच से दूर हो गया है। वहीं देखा जाए तो अभी शैक्षिक सत्र की शुरुआत हुई है,बच्चे स्कूल जाना शुरू हुए हैं,ऐसे में स्कूल कॉलेज प्रांगण में इस तरह के मेला आयोजन का कोई औचित्य नहीं बनता क्या यह बात प्रशासन नहीं जानता जो उन्होंने सत्र आरंभ होने पर कॉलेज प्रांगण में मेला आयोजन की अनुमति दे दी। जिससे बच्चों की पढ़ाई भी डिस्टर्ब होगी। अनुमति दे भी दी तो क्या मेला आयोजकों को इस तरह अवैध वसूली की भी छूट दे दी है, जो मनमानी अवैध वसूली कर रहे है,जो मेला आम आदमी गरीब माध्यम वर्गीय परिवार के लोगों के लिए मुसीबत बन गया है,अमीर परिवारो के बच्चे स्कूल में मेले की साथी बच्चों के साथ चर्चा करते हैं, फिर वे गरीब परिवारों के बच्चे घर आकर अपने मां बाप से मेला देखने की जिद करते हैं, बच्चों की जिद पर जैसे तैसे गरीब मां बाप बच्चों को मेला देखने की बात मान लेते है, और जब वह बच्चों को मेला में लाते हैं, तो यहां की अवैध वसूली का न चाहते हुए भी बच्चों की जिद के कारण शिकार हो रहे हैं। मेला आयोजक तो खूब मुनाफा कमा रहे हैं,मगर इनकी अवैध वसूली से आम आदमी पिस रहा है, मेला आयोजकों की इस अवैध वसूली की चर्चा पूरे नगर में हो रही है, और नगर निवासी प्रशासन पर इसका ठीकरा फोड़ रहे हैं। और कोस रहे हैं। नगर के संभ्रांत लोगों ने प्रशासन से मेला आयोजकों की अवैध वसूली पर लगाम लगाए जाने की मांग की है।

## बारिश में भीगते होमगार्ड ड्यूटी करने को मजबूर

**सुल्तानपुर।** मानसून की पहली बारिश जहां आम लोगों के लिए राहत बनी, वहीं जिलाधिकारी कार्यालय के मुख्य द्वार पर तैनात होमगार्ड जवानों के लिए यह एक बड़ी परेशानी बन गई। बिना किसी शेड या सुरक्षा साधन के, ये जवान लगातार बारिश में भीगते हुए ड्यूटी कर रहे हैं। यह दृश्य प्रशासन की संवेदनहीनता को उजागर करता है और यह सवाल खड़ा करता है कि क्या सुरक्षा कर्मियों के स्वास्थ्य और गरिमा का कोई मूल्य नहीं बचा है?

दूसरी ओर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में खेतों में काम कर रहे 13 लोग आकाशीय बिजली की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दर्दनाक घटना जिले की आपदा प्रबंधन व्यवस्था की सच्चाई को उजागर करती है। सवाल यह है कि क्या प्रशासन ने ऐसी आपदाओं से निपटने के लिए कोई ठोस योजना तैयार की थी, और अगर थी भी, तो वह जमीन पर क्यों नहीं दिखती? इन घटनाओं के बाद भारतीय चमार महासभा ने प्रशासन से मांग की है कि होमगार्डों के लिए वॉटरप्रूफ शेड, रेनकोट और अन्य सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएं। साथ ही, ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली गिरने जैसी घटनाओं से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन तंत्र को सशक्त और सक्रिय किया जाए। घायलों को त्वरित इलाज, उचित मुआवजा और भविष्य के लिए एक स्पष्ट और कारगर योजना की आवश्यकता है। यह मांग सिर्फ संगठनों की नहीं, बल्कि हर उस आम नागरिक की है जो हर बारिश में जान का जोखिम उठाता है।

# किसान फसलों की संतुलित मात्रा में करें उर्वरकों का प्रयोगः जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता

■ समितियों और निजी दुकानों पर लगाए गए उर्वरकों की वैज्ञानिक संस्तुतियों के बैनर

**फिरोजाबाद।** जनपद मे खरीफ मे मुख्य रूप से धान, मक्का, बाजरा आदि फसलों की बुबाई का कार्य तेजी से किया जा रहा है, जिसके लिए किसानों को एन.पी.के. आदि उर्वरकों की आवश्यकता रहती है 'किसानों द्वारा मुख्य रूप से वुबाई के समय डीएपी का प्रयोग किया जाता है सामान्यतः किसानों द्वारा उर्वरकों की वैज्ञानिकों द्वारा संस्तुत मात्रा से अधिक यूरिया व डी.ए.पी. लगायी जाती है यूरिया और डी.ए.पी. से मात्र नत्रजन और फॉस्फोरस ही पौधों को प्राप्त होता है,' अतः अन्य पोषक तत्व यथा पोटास, कैल्शियम, सल्फर, मैगनीसियम और सूक्ष्म पोषक तत्वों का भी वैज्ञानिक संस्तुतियों के अनुसार प्रयोग किया जाना चाहिए, अच्छे परिणाम प्राप्त करने के लिए अपने खेतों की मिट्टी की जाँच अवश्य करानी चाहिए और मृदा स्वास्थ्य कार्ड के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करना चाहिए। किसानों और उर्वरक विक्रेताओं को जनपद की मुख्य फसलों मे उर्वरकों की वैज्ञानिक संस्तुतियों की जानकारी के लिए जिलाधिकारी द्वारा सभी सहकारी समितियों और निजी विक्री केन्द्रो पर बैनर लगाने के निर्देश दिए गए हैं, जिलाधिकारी ने सभी किसान भाइयों से फसल की संतुलित मात्रा के अनुसार ही उर्वरकों का प्रयोग करने की अपील की है, साथ ही साथ उन्होने यह भी अपील की है कि समितियों और निजी दुकानों पर खादों की खरीददारी करते समय आधार और जोतवही अथवा खतौनी लेकर अवश्य जायें। खड़ी फसलों मे नैनो यूरिया और नैनो डीएपी भी नत्रजन और फॉस्फोरस पोषक तत्वों का सस्ता श्रोत उपलब्ध है जब पौधों पर पर्याप्त संख्या मे पत्तियां हों तब नैनो यूरिया और नैनो डीएपी का छिड़काव किया जाना चाहिए। इफको द्वारा जनपद मे किसानों के खेतों पर नैनो यूरिया और नैनो डीएपी के छिड़काव की सुविधा के लिए 3 ड्रोन उपलब्ध कराये गए हैं जिससे किसानों को श्रमिक ना मिलने की समस्या का समाधान हुआ है और बहुत बड़े खेतों मे भी आसानी से कम समय मे छिड़काब हो जाता है। प्रगतिशील कृषक सत्येंद्र कुमार पथरिया ग्राम बिल्टीगढ़ ने बताया कि मेरे द्वारा पिछले वर्ष खरीफ मे बाजरा की फसल और रबी मे नैनो यूरिया और नैनो का प्रयोग किया गया फसल की पैदाबार अच्छी हुयी और लागत भी कम आयी,' इसी प्रकार प्रगतिशील कृषक कैलाश चंद्र ग्राम,नगला लाभौआ शिकोहाबाद ने बताया कि मेरे द्वारा अपने खेत में मक्का की डी.ई.सी.ए.एल.बी.9108 प्रजाति लगाई गई इस फसल में सिर्फ नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का प्रयोग किया फसल अच्छी थी मेरे खेत का निरीक्षण केंद्रीय लवणीय मृदा एवं जल अनुसंधान सी.एस.एस.आई. आर. छलेसर के कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर आनंद गुप्ता केवीके फिरोजाबाद के कृषि वैज्ञानिक डॉ नौशाद आलम द्वारा भी किया गया। बिना दानेदार उर्वरक के सिर्फनैनो तरल के प्रयोग से फसल उत्पादन अच्छा प्राप्त हुआ।

## महिला जनसुनवाई कल

**फिरोजाबाद।** शासन के निर्देशों के क्रम में सर्वसाधारण को यह अवगत कराया जाता है कि सदस्या राज्य महिला आयोग श्रीमती मीना कुमारी महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा व जनपद की पीड़ित महिलाओं की महिला जन सुनवाई 16.07.2025 पूर्वाहन 11 बजे से निरीक्षण भवन सभागार कक्ष में करेंगी, जिसमें महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु श्रीमती मीना कुमारी सदस्या राज्य महिला आयोग उ0प्र0 द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से वंचित महिलाओं तथा पीड़ित महिलाओं हेतु महिला जनसुनवाई करेंगी। जिला सूचना अधिकारी फिरोजाबाद शासन के निर्देशों के क्रम में सर्वसाधारण को यह अवगत कराया जाता है कि सदस्या राज्य महिला आयोग श्रीमती मीना कुमारी महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा व जनपद की पीड़ित महिलाओं की महिला जन सुनवाई 16.07.2025 पूर्वाहन 11 बजे से निरीक्षण भवन सभागार कक्ष में करेंगी, जिसमें महिला उत्पीड़न की रोकथाम व महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने हेतु श्रीमती मीना कुमारी सदस्या राज्य महिला आयोग उ0प्र0 द्वारा विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से वंचित महिलाओं तथा पीड़ित महिलाओं हेतु महिला जनसुनवाई करेंगी।

# यूपीपीसीएल की यूनिट 13ः सुस्त रफ्तार, अधूरे काम, गायब ठेकेदार आखिर जवाबदेह कौन?

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** देर आए दुरुस्त आए कहावत को झुठलाता, 'सुस्त आए और अधूरा छोड़ गए' जैसा उदाहरण बन गई है यूपी पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड की यूनिट-13।करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से अलीगंज स्थित रामलीला मैदान के सौंदर्यीकरण और इंटरलॉकिंग कार्य की शुरुआत ढाई वर्ष पहले हुई थी, जिसकी समयसीमा महज 6 माह निर्धारित थी। लेकिन हकीकत यह है कि 3 साल बाद भी कार्य अधूरा पड़ा है और ठेकेदार नदारद है। स्थानीय लोगों का भरोसा और प्रशासन की साख दोनों ही मिट्टी में मिल चुके हैं।

**गायब ठेकेदार, बिना मानक इंटरलॉकिंग-** सूत्रों के मुताबिक, अब ठेकेदार की लापता स्थिति के बाद यूनिट-13 खुद इस अधूरे कार्य को अंजाम तक पहुंचाने की कोशिश में है। लेकिन सवाल यह है कि मानक विहीन, बिना इंजीनियरिंग सुपरविजन के इंटरलॉकिंग क्या स्थायीत्व दे पाएगी? शुक्रवार सुबह शुरू हुए इस काम पर न कोई बोर्ड, न कार्य योजना की जानकारी और न ही कोई जवाबदेह अधिकारी नजर आया।

कारीगर राजू निषाद ने बताया कि उन्हें ठेकेदार नहीं, बल्कि यूनिट के एक अभियंता ने काम पर भेजा है। इससे साफ है कि ठेके की प्रक्रिया और सुपरविजन की पारदर्शिता पर बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं।

**3 साल में तीसरी बरसात -काम अब भी अधूरा-** स्थानीय लोगों ने बताया कि जब सदर विधायक की पहल पर रामलीला मैदान में काम शुरू हुआ था, तो उम्मीद थी कि मैदान को एक नया स्वरूप मिलेगा। लेकिन वक्त के साथ ये उम्मीदें हसीं में उड़ गईं। तीन सालों में दो बरसातें बीत गई, और तीसरी बारिश से पहले फिर से काम की खानापूरी चालू कर दी गई है।

**जनता सवालों के घेरे में-** क्या बिना किसी सख्त कार्रवाई के यूं ही ठेकेदारों को काम अधूरा छोड़कर भाग जाने दिया जाएगा? UPPCL यूनिट 13 आखिर किस जवाबदेही के तहत खुद निर्माण कार्य करवा रही है? क्या जनता के करोड़ों रुपयों की बर्बादी का कोई लेखा-जोखा लिया जाएगा? अधूरी और मानकहीन इंटरलॉकिंग से क्या आने वाले दिनों में जान-माल की कोई दुर्घटना नहीं होगी?

**राजनीति की आड़ में बर्बादी का खेल-** रामलीला मैदान के कायाकल्प का सपना भ्रष्ट सिस्टम की चपेट में इस कदर उलझ गया कि अब लोग इसे मज़ाक में लेने लगे हैं। आरोप-प्रत्यारोपों की बरसात, मानकविहीन सामग्री का उपयोग और विभागीय ढुलमुल रवैये ने इस परियोजना को एक मूर्त उदाहरण बना दिया है सरकारी सुस्ती और असफलता का। अब देखना यह है कि तीन साल से लटकते इस प्रोजेक्ट की तस्वीर आगे कैसी बनती है—या फिर ये भी कई अधूरे वादों की तरह कहीं 'फाइलों में दफन' न हो जाए।

कार्यालय : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी अयोध्या

पत्रांक : C-353/जि0दि0स0अ0/मो0ट्रा0/2025-26 दिनांक : 14/07/2025

विज्ञापन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, अयोध्या द्वारा जनपद में 10 मोटराईज्ड ट्राईसाईकिल क्रय किये जाने हेतु जेम पोर्टल पर बिड संख्या-GEM/2025/B/6377053 दिनांक 24.06.2025 के माध्यम से बिड प्रकाशित की गयी है। जिसमें प्रतिभाग करने की अन्तिम 19.07.2025 तिथि है।

जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, अयोध्या।

कार्यालय : ग्राम पंचायतःगाय घाट विकास खण्ड-बर्डपुर, जनपद-सिद्धार्थनगर

सूचना

सर्व साधरण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गाय घाट ताप्पा घोष विकास खण्ड बर्डपुर तहसील- शोहरतगढ़, जनपद-सिद्धार्थनगर के भू.प.स. की बैठक पंचायत भवन पर दिनांक 20.07.2024 को समय 11 बजे निश्चित किया गया है। जिसमें ग्राम सभा में उपलब्ध भूमि गाटा सं0 571, 338, 328, 726 क, 1070 क, 1064 ख, 675 क का कृषि आवटन पात्र व्यक्तियों में किया जाना है।

सोनिया (ग्राम प्रधान)
भू.प.स. ग्राम पंचायत- गाय घाट,
ताप्पा-घोष, सिद्धार्थनगर

# हरसुंडी गांव में बिना कार्य हुए लाखों का फर्जी भुगतान

**ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, तहसील में किया प्रदर्शन**

अवधनामा संवाददाता



**सरीला/हमीरपुर।** हमीरपुर जनपद के सरीला विकासखंड स्थित हरसुंडी गांव में सरकारी धन के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार का बड़ा मामला सामने आया है। गांव में बिना सीसी रोड निर्माण कराए ही ग्राम प्रधान और सचिव पर एक लाख बानवे हजार आठ सौ तिरेपन रुपये का फर्जी भुगतान कराने का आरोप लगा है। इस खुलासे के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। दर्जनों ग्रामीणों ने तहसील पहुंचकर उपजिलाधिकारी बलराम गुप्ता को ज्ञापन सौंपकर जांच व कार्रवाई की मांग की।

**सड़क नहीं, दलदल और भ्रष्टाचार की गहराई-** ग्रामीण बाबूलाल यादव, महेश, रामजीवन, स्वतंत्र गुप्ता, बालेन्द्र राजपूत, गया यादव और भैयालाल राजपूत समेत अन्य लोगों ने आरोप लगाया कि अबलेश राजपूत के बाड़े से पानी की टंकी तक की सड़क पर आज तक सीसी रोड नहीं बनी, लेकिन कागजों में पूरा भुगतान दिखाकर पैसा निकाल लिया गया। गांव की यह सड़क कीचड़ और दलदल में तब्दील हो चुकी है, जिससे न केवल ग्रामीणों को मंदिर और अमृत सरोवर आने-जाने में दिक्कत होती है, बल्कि नमामि गंगे योजना के तहत बनी पानी की टंकी का संचालन करने वाले ऑपरेटर को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। 70 वर्षीय गया प्रसाद ने बताया कि वह इस दलदल में दो बार फिसल चुके हैं, जिससे उन्हें चोटें भी आई हैं।

**शौचालय, हैंडपंप की मरम्मत भी कागजों में पूरी-** ग्रामीणों का कहना है कि यह मामला केवल सीसी रोड के भुगतान तक सीमित नहीं है, बल्कि शौचालय और हैंडपंपों के रखरखाव के नाम पर भी धन की बंदरबांट की गई है। गांव में धरातल पर कोई विकास कार्य नहीं दिखता, लेकिन सरकारी अभिलेखों में सब कुछ 'पूर्ण' और 'संतोषजनक' दिखाया गया है।

**जनपद में पहले भी उठ चुके हैं ऐसे मामले-** गौरतलब है कि हमीरपुर जनपद में विकास कार्यों में भ्रष्टाचार की शिकायतें नई नहीं हैं। हाल ही में मौदहा ब्लॉक के एक गांव में फर्जी शौचालय निर्माण की जांच में लाखों रुपये के गबन का मामला सामने आया था। वहीं, राठ क्षेत्र में भी जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने में घटिया सामग्री प्रयोग और कागजी भुगतान का मामला जांच के दायरे में है।

**खंड विकास अधिकारी ने दिए जांच के आदेश-** खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) दिव्या त्रिपाठी ने बताया कि हरसुंडी गांव के मामले की उन्हें जानकारी है। पूरे प्रकरण की जांच कराई जा रही है और दोषियों के विरुद्ध नियमानुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी। अब सवाल यह है कि क्या यह कार्रवाई फाइलों तक सिमट कर रह जाएगी या फिर इस बार वाकई ग्राम विकास की आड़ में फल-फूल रहे भ्रष्टाचार पर लगाम कसेगी? ग्रामीणों को अब प्रशासनिक निष्पक्षता और न्याय की प्रतीक्षा है।

# लेखपालों ने कार्य बहिष्कार कर किया प्रदर्शन



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** हापुड़ जिले में जिलाधिकारी द्वारा निलंबित लेखपाल सुभाष मीणा की हुई मौत से खफा लेखपालों ने सोमवार को सदर तहसील में विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी सदर को सौंपा। लेखपालों ने बताया कि हापुड़ जिले में जिलाधिकारी के द्वारा बगैर जांच-पड़ताल कराए लेखपाल सुबाष मीणा को निलंबित कर दिया गया था। डीएम के इस कार्रवाई से आहत होकर सुबाष मीणा की अवसाद व तनाव में जाने से मौत हो गई। मृतक लेखपाल के समर्थन में लेखपालों ने सोमवार को कार्य बहिष्कार कर सदर तहसील में विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस दौरान उन्होंने प्रदेश सरकार से मृतक लेखपाल के परिजन को मुआवजा व एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने की मांग किया। इस मौके पर सुबोध सिंह, साजिद खान, संजय सिंह, सिंह, भगवान, मनोज, पंकज, रत्नेश, अरविंद, संजीव कुमार, मनीष, रेशमा, कंचन, श्वेता सिंह, निशा, मनीष सिंह, अनिता रूबी, प्रियंका, प्रिया आदि मौजूद रहे। इसी तरह घोरावल तहसील में उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ के जिलाध्यक्ष गोपेन्द्र पांडेय के नेतृत्व में लेखपालों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मृतक आश्रितों को आर्थिक सहायता देने, मृतक आश्रित कोटा से परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने आदि मांग किया। इस मौके पर तमाम लोग मौजूद रहे।

# पंचायत सहायकों ने खंड विकास अधिकारी को सौंपा शिकायती पत्र



अवधनामा संवाददाता

**समस्याओं के समाधान की मांग**

**कुरारा (हमीरपुर)** कुरारा विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में कार्यरत पंचायत सहायकों ने अपनी समस्याओं को लेकर खंड विकास अधिकारी राजीव कुमार सिंह को शिकायती पत्र सौंपा। सहायकों ने ग्राम सचिवालयों में मूलभूत सुविधाओं की कमी और कार्य करने में आ रही दिक्कतों को उजागर करते हुए तत्काल समाधान की मांग की। पंचायत सहायकों ने बताया कि उनकी नियुक्ति को चार वर्ष बीत चुके हैं, लेकिन शासन के निर्देशों के बावजूद ग्राम सचिवालयों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। ऑनलाइन कार्य करने में नेटवर्क की कमी और उपकरणों का अभाव प्रमुख समस्याएं हैं। सहायकों ने कहा कि वे पिछले चार वर्षों से अपने निजी मोबाइल फोन से सरकारी कार्य कर रहे हैं, लेकिन पंचायत भवनों में नेटवर्क की कोई व्यवस्था नहीं है।

पंचायत सहायकों ने मांग की कि ग्राम निधि से प्रत्येक सहायक को एक मोबाइल फोन और एक वर्ष का रिचार्ज प्रदान किया जाए। साथ ही, पंचायत भवनों में स्टेशनरी और अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था की जाए। इस अवसर पर देवीगंज से चंद्रदेव, पंचखुरा से धर्मेंद्र, चकोठी से पंकज, जल्ला से सुनील, पारा से शिवम, पतारा से जयचंद्र, कुतुबपुर से प्रहलाद यादव, कनौटा से वीरेश, खरोंज से शिवशंकर, भोली से अभिनव, बचरौली से राजकुमार, जमरेही से शिवचंद, डामर से आरती, लहरा से इच्छा, सिकरोडी से खुशबु, शंकरपुर से आरती सहित कई पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# खेत जुताई के दौरान मारपीट, हथियार लहराने का वीडियो वायरल

अवधनामा संवाददाता



**सुमेरपुर, हमीरपुर।** सुमेरपुर कस्बे के केंद्रीय विद्यालय के पास एक खेत में जुताई के दौरान मारपीट और तोड़फोड़ की घटना सामने आई है। इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें पुलिस की मौजूदगी में मारपीट और तोड़फोड़ करते दिखाया गया है। ग्राम कैथी निवासी रामपाल ने सीओ सदर राजेश कमल को शिकायत दी कि 22 जून को वह अपने खेत में तारबाड़ी और जुताई करा रहे थे। तभी सुमेरपुर कस्बा निवासी मानसिंह अपने बेटों आशीष सिंह, विकास सिंह और करीब 10 अन्य लोगों के साथ वहां पहुंचे। आरोपियों ने गालियां दीं, हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी, खेत की तारबाड़ी उखाड़ दी और ट्रैक्टर व पास की मड़ैया में तोड़फोड़ की। घटना के समय गुलबदन सिंह समेत कई ग्रामीण मौजूद थे।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों का शांति भंग में चालान किया था। सीओ सदर के निर्देश पर बीएनएस की धारा 191 (2), 191 (3), 115(2), 352, 351 (3), 324(4) के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि दो हथियार बरामद किए गए हैं और मामले की जांच जारी है।

# दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा में डिस्ट्रिक्ट टॉपर्स हुए सम्मानित

वहाज अली निहाल



**इटावा।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में मेधावी छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। स्वागत भाषण में प्रिंसिपल भावना सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। इटावा सहोदय स्कूल कॉम्पलेक्स के अध्यक्ष फादर शीजू जार्ज ने सभी अतिथियों को संबोधित किया इसी क्रम में इटावा सहोदय स्कूल संगठन के अध्यक्ष एवं सीबीएसई सिटी कोर्डिनेटर, डॉ आनंद मुनि ने भी सभी प्रिंसिपल को संबोधित किया।

कार्यक्रम में डॉ कैलाश यादव प्रिंसिपल पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल एवम सीबीएसई ट्रेनिंग कॉर्डिनेटर, इटावा, डॉ धर्मेंद्र शर्मा प्रिंसिपल नारायण कालेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स अनूप मिश्रा प्रिंसिपल थिओसोफिकल इंटर कालेज, अभिषेक सक्सेना प्रिंसिपल पुलिस मॉडर्न स्कूल सौरभ दुबे प्रिंसिपल सेवन हिल्स इंटर कालेज इटावा, वेद पाठी प्रिंसिपल एरिस्टोटल वर्ल्ड स्कूल जसवंतनगर मनोज एम एस डिवाइन लाइट पब्लिक इंटर कालेज चंचल सिंह आर्मी पब्लिक स्कूल, कौशल किशोर प्रिंसिपल किड्स वैली स्कूल भी उपस्थित रहे। जनपद के विभिन्न विद्यालयों के क्लास 10 और क्लास 12 के टॉपर छात्र छात्राओं को भव्य समारोह में सम्मानित किया गया जिसमे ए पी एस कॉलेज इटावा क्लास 10 से सोमेश शर्मा एवम क्लास 12 से सत्यम सम्मानित हुए इसी प्रकार एरिस्टोटल वर्ल्ड स्कूल से शिवांग तिवारी और एंजिल, अवध इंटरनेशनल एकेडमी , इटावा से तान्या एवम कार्तिकेय चौधरी, दिल्ली पब्लिक स्कूल से आयुष कृष्ण यादव एवम अदिति सिंह, डिवाइन लाइट पब्लिक इंटर कॉलेज से मो0हम्माद खान एवम सौम्या पांडेय, जी सी जीनियस पब्लिक स्कूल से आदित्य तिवारी एवम रागी दुबे, होली प्वाइंट एकेडमी, इटावा से कृष्णा एवम जूही विष्णानी, जायोत्री एकेडमी भरथना से प्रतीक शर्मा और श्रेष्ठ गुप्ता, किड्स वैली स्कूल बसरेहर से अतुल शाक्य, लॉर्ड मदर सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, बकेवर अर्णव पाठक एवम हर्षित कुमार, माउंट लिट्रा जी स्कूल (एमनीव विजन स्कूल, इटावा)से देवांश तिवारी एवम सिद्धि भदौरिया , नारायण कालेज ऑफ साइंस एंड आर्ट्स इटावा से अभिनव राजौरिया एवम ध्रुविका शर्मा, पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल से श्रेयांशी, पुलिस मॉडर्न पालिक स्कूल इटावा से मृत्युंजय चतुर्वेदी एवम अक्षरा सक्सेना, रॉयल ऑक्सफोर्ड इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल से आर्यन कुमार एवम श्वेता राजपूत, सेवन हिल्स इंटर कॉलेज आकांक्षा यादव एवम अनुभव राजपूत, शकुंतलम इंटरनेशनल स्कूल से नवनीत एवम अर्जुन राजपूत, एस एस मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल सैफई इटावा से गोल्डी यादव एवम जैना आदिल, संत विवेकानंद सीरियस सेकेंडरी पब्लिक स्कूल से शुभी गौतम एवम सिद्धांत सिंह, सेंट मेटी इंटर कॉलेज से अग्रिमा सिंह एवम अर्णव सिंह, सेंट पीटर्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल इटावा से आराध्य जैन एवम केशव अग्रवाल, मुस्कान गुप्ता, सेंट जेवियर्स स्कूल से अभय प्रताप सिंह एवम, सुदीति ग्लोबल एकेडमी से प्रखर गुप्ता एवम यश, सुदिती ग्लोबल अकैडमी नगला लल्लू फूलरई इटावा से प्रियांशी एवम प्राची, थियोसोफिकल इंटर कॉलेज से ओम तिवारी एवम इशिता अग्रवाल को मंच से विभिन्न सम्माननीय अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। कक्षा 12 के प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन के साथ ही डीपीएस की छात्राओं द्वारा मंच से सुंदर क्लासिकल डांस प्रस्तुत किया गया।

## संक्षिप्त समाचार

### यमुना पुल बंद होने से बीमार बुजुर्ग को व्हीलचेयर पर 700 मीटर पैदल ले गए परिजन



**हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** यमुना पुल पर मरम्मत कार्य के कारण वाहन आवागमन बंद होने से एक 86 वर्षीय बीमार वृद्धा को व्हीलचेयर पर 700 मीटर पैदल ले जाया गया। दुर्भाग्यवश, कानपुर के हैलट अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। रेमेडी मुहाल निवासिनी फूल कुंवर ने गलती से इलेक्ट्रॉल समझकर सलफास खा लिया था। हालत बिगड़ने पर उन्हें जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें कानपुर रेफर किया गया। लेकिन यमुना पुल पर मरम्मत कार्य के चलते शनिवार और रविवार को वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद रहता है। परिजनों ने 40 किलोमीटर का वैकल्पिक रास्ता न चुनकर वृद्धा को व्हीलचेयर पर बैठाकर 700 मीटर लंबा पुल पैदल पार किया और फिर वाहन से उन्हें कानपुर पहुंचाया। तमाम प्रयासों के बावजूद उनकी जान नहीं बचाई जा सकी। उल्लेखनीय है कि यमुना पुल पर 14 जून से मरम्मत कार्य चल रहा है, जो 21 जुलाई तक चलेगा। इस दौरान प्रत्येक शनिवार सुबह 6 बजे से सोमवार सुबह 6 बजे तक पुल बंद रहता है। कार्यदाई संस्था पीएनसी के अनुसार, 19 और 20 जुलाई को भी मरम्मत कार्य शेष है।

### मौदहा के मोहम्मद इकराम बने दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य



**मौदहा, हमीरपुर, अवधनामा संवाददाता।** कस्बा मौदहा के मोहम्मद इकराम को दूरसंचार सलाहकार समिति उत्तर प्रदेश का सदस्य मनोनीत किया गया है। भारत सरकार के संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के निर्देश पर राज्यसभा सांसद गीता शाक्य द्वारा प्रमाण पत्र जारी कर मोहम्मद इकराम, निवासी पूर्वी तरौस, को इस पद के लिए मनोनीत किया गया। जानकारी के अनुसार, दूरसंचार सलाहकार समिति एक सरकारी संस्था है, जिसमें सांसदों और संचार मंत्रालय द्वारा नामित सदस्य शामिल होते हैं। यह समिति दूरसंचार क्षेत्र से जुड़ी समस्याओं पर विचार कर सुधार के सुझाव देने का कार्य करती है। नवनियुक्त सदस्य मोहम्मद इकराम ने कहा कि वे इस जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निभाएंगे।

### अरुणा सिंह ने ग्राम सकरौली में महिला किसानों के साथ की बैठक



**इटावा,अवधनामा ब्यूरो।** अखिल भारतीय किसान संघ की महिला प्रमुख श्रीमती अरुणा सिंह ने ग्राम सकरौली में महिला किसानों के साथ बैठक की और उनकी समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि पहले जनपद के बढ़पुरा विकासखंड के किसानों के साथ वार्ता का कार्यक्रम है जिसमें किसानों से बातचीत की जाएगी । गांव-गांव चलकर किसानों की समस्याओं की जानकारी लेते हुए निस्तारण कराया जाएगा। साथ ही ग्राम स्तर पर सदस्यों की संख्या बढ़ाते हुए संगठन को मजबूत किया जाएगा। उन्होंने सदस्यों से किसानों को जोड़ने की भी अपील की। इस दौरान वीनस सिंह, राजेश्वरी, दीपक बाबू तथा ग्रामीण महिलाएं उपस्थित रही।

### सोनभद्र के बाल गृह बालिका में 33 बालिकाएं मिली आवासित



**सोनभद्र/अवधनामा ब्यूरो।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र के आदेशानुसार शैलेन्द्र यादव, अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सोनभद्र ने सोमवार 14 जुलाई 2025 को राबर्ट्सगंज स्थित बाल गृह बालिका पूर्वासी ग्रामीण उत्थान सेवा समिति, इन्द्रपुरी कालोनी का औचक निरीक्षण किया। मौके पर बाल गृह (बालिका) की अधीक्षिका नीलम सिंह एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में कुल 33 बालिकायें आवासित मिली। जिसमें से क्रमशः सोनभद्र की 17, मीरजापुर की 09, भदोही की 01 बालिका आवासित मिली। आवासित बालिकाओं को मीनू के अनुसार नाश्ता एवं भोजन आदि की स्थिति संतोषजनक मिला। सचिव न्यायाधीश शैलेंद्र यादव ने बालिकाओं सामुदायिक भाव से नैतिक व्यापार निवारण अधि0 1956, घरेलू हिसां से महिला संरक्षण अधि0 2005, दहेज प्रतिषेध अधि0 1961, गर्भ का चिकित्सीय समापन अधि0 1971, मातृत्व लाभ अधि0 1961- 26 सप्ताह तक, कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधि0 20।

# सीबीएसई पूर्वी ज़ोनल जूडो चैम्पियनशिप 2025 का समापन समारोह संपन्न

अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** पूर्वी भारत की खेल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हुए सीबीएसई पूर्वी ज़ोनल जूडो चैम्पियनशिप 2025 का सोमवार को भव्य समापन समारोह एमनीव विजन स्कूल, इटावा के भव्य सभागार में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया। पाँच दिवसीय प्रतियोगिता में प्रतिभागी खिलाड़ियों ने अनुशासन, समर्पण और संघर्ष की भावना का अद्वितीय परिचय दिया, जिसने दर्शकों और खेल प्रेमियों के मन में जूडो के प्रति नया उत्साह पैदा किया। समारोह के मुख्य अतिथि विक्रम सिंह राघव(पीसीएस), उप जिलाधिकारी सदर ने अपने प्रेरणास्पद उद्बोधन में कहा कि खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि जीवन के मूल्य अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास का निर्माण करता है। उन्होंने कहा कि युवाओं की यह ऊर्जा और समर्पण देश के उज्ज्वल भविष्य की गारंटी है।

गेस्ट ऑफ ऑनर रहे सुंदर सिंह, रीजनल मैनेजर, बैंक ऑफ बड़ौदा, आगरा। विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। हिमांशु पिल्लई, चीफ मैनेजर, बैंक ऑफ बड़ोदा, इटावा, समारोह में साथ ही, अमित मिश्रा (सीनियर एडवाइज़र, एमनीव विजन स्कूल), सीबीएसई के अधिकारीगण – श्री अभिषेक (पर्यवेक्षक), आकिब जावेद खान(आईटी डेलीगेट), राहुल राणा(इवेंट मैनेजर), दिनेश कुमार(मुख्य अधिकारी), हिमांशु यादव(इवेंट कोऑर्डिनेटर)और रेफरी पैनल जिसमें अजय कुशवाह, आकाश यादव, श्रीयांश यादव, विक्रम सैनी, पुष्कर ग्वाला, श्रीमती ईशा ढंगर और आयुष ठाकुर शामिल थे। चेयरमैन



**खेल सिर्फ प्रतिस्पर्धा नहीं बल्कि जीवन के मूल्य अनुशासन, धैर्य और आत्मविश्वास का निर्माण करता है: विक्रम सिंह राघव**

डॉ.कैलाश चंद्र यादव पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल, डॉ.आनंद मुनी (डायरेक्टर एवं प्रिंसिपल, सेंट विवेकानंद पब्लिक स्कूल तथा सिटी कोऑर्डिनेटर, औरैया, कन्नौज, फर्रुखाबाद)के साथ-साथ क्षेत्र के अन्य प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के प्रमुखजन भी उपस्थित रहे। इनमें शामिल थे प्रधानाचार्य मनोज एम.एस., डिवाइन लाइट पब्लिक इंटर कॉलेज, प्रधानाचार्य वेद पाठी, अरिस्टॉटल वर्ल्ड स्कूल, डॉ. प्रमोद, प्रधानाचार्य, ज्ञान स्थली एकेडमी, इटावा तथा अभिषेक सक्सेना, प्रधानाचार्य, पुलिस मॉडर्न स्कूल।

प्रतियोगिता में एमजीएम बोकारो ने सर्वाधिक 16 स्वर्ण, 14 रजत और 20 कांस्य पदकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। दूसरे स्थान पर जीजीएस पब्लिक स्कूल, सेक्टर-5क्क(12 स्वर्ण, 5 रजत, 3 कांस्य)और तीसरे स्थान पर आर्मी पब्लिक स्कूल, कुनरघाट(8 स्वर्ण, 6 रजत, 9 कांस्य) रहा। एमनीव विजन स्कूल के चेयरमैन अतीवीर सिंह यादव ने प्रतियोगिता को विद्यालय के लिए गौरव का विषय बताया और खिलाड़ियों के समर्पण की सराहना की। वाइस चेयरमैन डॉ.विकास यादव ने खेलों को संतुलित जीवन की कुंजी बताया और विद्यालय द्वारा खेलों को बराबरी से महत्व दिए जाने पर बल दिया। प्रिंसिपल पंकज शर्मा ने छात्रों के अनुशासन, मेहनत और खेल भावना की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए इसे विद्यालय की सफलता से जोड़ा।

प्रतियोगिता में एमनीव विजन स्कूल ने कुल 33 पदक प्राप्त किए, जिनमें 4 रजत और 29 कांस्य पदक शामिल हैं।

अन्य उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले विद्यालयों में रेडिएंट सेंट्रल एकेडमी, अम्बेडकर नगर, ओपन माइंड्स, पटना; ग्रिज़ली विद्यालया, कोडरमा, डीपीएस, आगरा रोड, चिन्मया विद्यालय, रायबरेली; ज्ञानोदय गुरुकुल, पटना और सेंट्रल पब्लिक स्कूल, लखनऊ शामिल रहे। पुलिस मॉडर्न स्कूल, गुरुकुल मॉन्टेसरी स्कूल, रामदूत इंटरनेशनल स्कूल, कन्नौज पब्लिक स्कूल, शीतला चिल्ड्रन स्कूल, और श्री अय्यप्पा पब्लिक स्कूल जैसे संस्थानों ने भी पदक जीतकर प्रतियोगिता को विविधता और व्यापकता प्रदान की। कार्यक्रम में विद्यालय के चीफ एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर श्री मनोज श्रीवास्तव, मोहम्मद आरिफ, प्रोग्राम हेड श्री विनय शील पठानियाँ तथा समस्त शिक्षक एवं स्टाफ सदस्यों की सक्रिय भूमिका ने आयोजन को सफल बनाने में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया।

## म्योरपुर एवं बभनी विकासखण्ड में मनाया विश्व जनसंख्या दिवस

**सोनभद्र।** विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर हिण्डाल्को संस्थान प्रमुख समीर नायक एवं क्लस्टर एच.आर. हेड जसबीर सिंह के मार्गदर्शन एवं सीएसआर प्रमुख अनिल झा के नेतृत्व में 20 गांवों में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष विश्व जनसंख्या दिवस की थीम युवाओं को एक निष्पक्ष और आशावादी दुनिया में परिवार बनाने के लिए सशक्त बनाने के अंतर्गत इन गांवों में अधिक से अधिक युवाओं को जागरूकता कार्यक्रम में शामिल किया गया। इन कार्यक्रमों के माध्यम से विश्व एवं देश में जनसंख्या की स्थिति के विषय में अवगत कराते हुए सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। युवाओं को समाज में सशक्त बनने, लैंगिक समानता सुनिश्चित करने एवं महिलाओं में प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा सीमित परिवार के लाभ के बारे में जानकारी प्रदान की गई। विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन म्योरपुर विकास खण्ड के अंतर्गत आदित्य बिड़ला रूरल टेक्नालॉजी पार्क (ए.बी.आर.टी.पी.), ग्राम - देवरी, बभनी तथा दुद्धी विकास खण्ड के कटौंधी, बघाडू, दिघुल, गुलालझरिया, केवाल, धुमा, पकरी ग्राम पंचायत में किया गया।

## जूडो जोनल मुकाबलों में दिखा पूर्वी भारत की खेल प्रतिभा का रंग



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सीबीएसई पूर्वी ज़ोनल जूडो चैम्पियनशिप 2025 का दूसरा दिन भी ऊर्जा, उत्साह और उत्कृष्टता से भरपूर रहा। इटावा के प्रतिष्ठित एमनीव विजन स्कूल के हॉल में गूंजती तालियों और खिलाड़ियों के आत्मविश्वास से भरे प्रदर्शन ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। खिलाड़ियों की आंखों में सपना था पदक जीतने का, गौरव कमाने का और अपने विद्यालय का नाम ऊँचाई तक पहुँचाने का। सबसे अधिक चर्चा में रहा एमजीएम बोकारो, जिसने अब तक कुल 17 पदकों (6 स्वर्ण, 4 रजत, 7 कांस्य) के साथ तालिका में पहला स्थान हासिल किया। कोच राजीव कुमार सिंह के मार्गदर्शन में टीम ने अनुशासन और निरंतरता का जबरदस्त परिचय दिया। वहीं ओपन माइंड्स स्कूल, दानापुर (पटना)ने भी 4 स्वर्ण, 4 रजत और 4 कांस्य पदक जीतकर कुल 12 पदकों के साथ अपनी ताकत दिखाई। कोच राहुल कुमार यादव की टीम संतुलित और आक्रामक रणनीति के लिए सराही गई। रेडियंट सेंट्रल अकादमी, जलालपुर (अंबेडकर नगर)ने 4 स्वर्ण और 6 कांस्य के साथ कुल 10 पदकों के दम पर मजबूती से अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जबकि जीजीएस पब्लिक स्कूल, सेक्टर-5क्कऔर ग्रिज़ली विद्यालय, कोडरमा ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए क्रमशः 6 और 10 पदक अर्जित किए। मेज़बान एमनीव विजन स्कूल, इटावा ने 1 रजत और 6 कांस्य पदकों के साथ कुल 7 पदकों का योगदान दिया।

## नगर निकायों में सुनी गई नगरवासियों की समस्याएं



**सोनभद्र।** नगर निकायों में सोमवार को आयोजित समाधान दिवस सम्भव में नगरवासियों की समस्याएं सुनी गई। नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष रूबी प्रसाद व अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार ने समस्याएं सुनी। इस दौरान प्राप्त शिकायती पत्रों का निस्तारण किया गया।

ईओ ने बताया कि नगर पालिका परिषद सोनभद्र में प्राप्त 5, नगर पंचायत घोरावल में 2, नगर पंचायत चुर्क घुर्मा में 2, नगर पंचायत चोपन में 4, नगर पंचायत ओबरा में 1, नगर पंचायत रेनुकूट में 5, नगर पंचायत पिपरी में 3, नगर पंचायत दुद्धी में 2, नगर पंचायत डाला बाजार में 1, नगर पंचायत अनपरा में 2 शिकायती पत्रों में से मुख्य रूप से साफ-सफाई, पेयजल व मार्ग प्रकाश इत्यादि से संबंधित सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। इस मौके पर जेई राज कुमार, सभासद अनवर अली, मनोज चौबे, राकेश कुमार, अजीत सिंह, विमलेश, संत सोनी आदि मौजूद रहे।

## सरकार के खिलाफ कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन



अवधनामा ब्यूरो

**सोनभद्र।** कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष सहित अन्य कांग्रेसियों पर वाराणसी में दर्ज किए गए मुकदमे से खफा कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहर अध्यक्ष हाजी फरीद अहमद के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट परिसर में विरोध प्रदर्शन कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिला प्रशासन को सौंपा। शहर अध्यक्ष ने कहा कि सनातनी, पावन, आस्था व विश्वास, धार्मिक मान्यता वाले शहर काशी में आम जनता मूलभूत सुविधाओं के लिए तरस रही है। सावन के इस पवित्र मास में भी श्रद्धालुओं की सुविधा का कोई इंतजाम नहीं किया गया है। डबल इंजन की सरकार फर्जी विकास का ढिंढोरा पीट रही है। इस सरकार में सिर्फ लोक लुभावने नारे लगाए जा रहे है। जनप्रतिनिधियों द्वारा आम जनता की तकलीफों की ओर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने पर दमनात्मक कार्यवाही की जा रही है और फर्जी मुकदमा दर्ज करवाकर लोकतंत्र को कुचलने का काम किया जा रहा है। जिसका ताजा उदाहरण 10 जुलाई को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में वाराणसी के जिला एवं शहर अध्यक्ष सहित 10 कांग्रेसजनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया जोकि फर्जी मुकदमा है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस पार्टी प्रदेश सरकार के इस अन्यायपूर्ण और अलोकतांत्रिक कार्यवाही का प्रतिकार करती है। बताया कि प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के साथ वाराणसी के जिला एवं शहर अध्यक्ष सहित तमाम कांग्रेसजनों ने वाराणसी में जलभराव, ध्वस्त सीवर, पीड़ित दुकानदार, रोपवे, जाम से परेशान जनता, कांवर यात्रियों की समस्याओं के निराकरण के लिए सरकार का ध्यान आकृष्ट कराने के लिए पदयात्रा निकाल रहे थे, जिस पर प्रदेश सरकार के इशारे पर वाराणसी के सिगरा थाने में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व मंत्री सहित 10 कांग्रेसनों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है।

# सीएम योगी ने दी केजीएमयू को करोड़ों की सौगात

**सेण्टर फॉर ऑर्थोपैडिक सुपर स्पेशियलिटी, न्यू कॉर्डियोलॉजी विंग, न्यू गेस्ट हाउस के ऊपर अतिरिक्त तल के निर्माण कार्य का लोकार्पण**

- जनरल सर्जरी विभाग के नवीन भवन, 500 बेड की क्षमता के ट्रॉमा सेण्टर
- विस्तार एवं पेशेन्ट यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स, नवीन प्रशासनिक भवन और डायग्नोस्टिक
- सेण्टर एवं पेशेन्ट रिलेटिव एक्मोडेशन फैसिलिटी ब्लॉक का शिलान्यास
- लोकमंगल की कामना के लिए स्थापित के.जी.एम.यू. संस्थान समय के अनुरूप अपने कार्यों को सम्पादित कर रहा : मुख्यमंत्री
- के.जी.एम.यू. प्रदेश का एकमात्र चिकित्सा संस्थान, जिसने पिछली सदी और वर्तमान सदी में दो बड़ी महामारियों का सामना किया
- के.जी.एम.यू. महानगरीय सुविधा से बाहर के क्षेत्रों में अपनी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराए
- प्रदेश सरकार आई.आई.टी. कानपुर के साथ 'मेड टेक कार्यक्रम' को आगे बढ़ा रही,
- आई.आई.टी. कानपुर मेडिकल टेक्नोलॉजी में अपने एक नये सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस को लेकर आगे बढ़ रहा, इस सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस केसाथ के.जी.एम.यू. और एस.जी.पी.जी.आई. जुड़ें
- मेडिकल टेक्नोलॉजी की दिशा में प्रो-एक्टिव होकर बहुत कुछ करने की आवश्यकता गत वर्ष उ.प्र. में 17 मेडिकल कॉलेजों में स्नातक स्तर में नये एडमिशन हुए

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि के.जी.एम.यू. प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश के एक प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थानों में से एक है। आज के.जी.एम.यू. को लगभग 1000 करोड़ रुपये की लागत की विभिन्न सुविधाओं की सौगात प्राप्त हुई है। लोकमंगल की कामना के लिए स्थापित के.जी.एम.यू. संस्थान समय के अनुरूप अपने कार्यों को सम्पादित कर रहा है। मुख्यमंत्री यहां किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (के.जी.एम.यू.) में लगभग 01 हजार करोड़ रुपये लागत की विभिन्न परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे। इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने सेण्टर फॉर ऑर्थोपैडिक सुपर स्पेशियलिटी, न्यू कॉर्डियोलॉजी विंग तथा न्यू गेस्ट हाउस के ऊपर अतिरिक्त तल के निर्माण कार्य का लोकार्पण किया। उन्होंने जनरल सर्जरी विभाग के नवीन भवन, 500 बेड की क्षमता के ट्रॉमा सेण्टर विस्तार एवं पेशेन्ट यूटिलिटी कॉम्प्लेक्स, नवीन प्रशासनिक भवन तथा डायग्नोस्टिक सेण्टर एवं पेशेन्ट रिलेटिव एक्मोडेशन फैसिलिटी ब्लॉक का शिलान्यास किया। उन्होंने लोकार्पित भवनों का निरीक्षण किया और मरीजों की कुशलक्षेम पूछी। मुख्यमंत्री ने कहा कि के.जी.एम.यू. ने अपने 120 वर्ष की शानदार यात्रा



में अनेक मील के पत्थर खड़े किये हैं। के.जी.एम.यू. में पूरे प्रदेश, अगल-बगल के राज्यों व नेपाल राष्ट्र से भी बहुत सारे मरीज इलाज के लिए आते हैं, क्योंकि मरीजों व उनके परिजन को के.जी.एम.यू. के ऊपर विश्वास है कि वह वहां से स्वस्थ होकर वापस जाएंगे। के.जी.एम.यू. प्रदेश का एकमात्र चिकित्सा संस्थान है, जिसने पिछली सदी और वर्तमान सदी में दो बड़ी महामारियों का सामना किया है। पिछली सदी में आई महामारी के समय के.जी.एम.यू. शैशवावस्था में था। इस सदी की कोरोना महामारी में के.जी.एम.यू. पहला संस्थान था, जिसने इस बीमारी से लड़ने के लिए अपने आप को जांच की सुविधा का केन्द्र बनाया। कोविड-19 की जांच की सुविधा के.जी.एम.यू. से ही प्रारम्भ हुई।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद बलरामपुर में के.जी.एम.यू. का एक सैटेलाइट सेण्टर स्थापित किया गया है। अब समय आ गया है कि के.जी.एम.यू. महानगरीय सुविधा से बाहर के क्षेत्रों में अपनी चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराए। गत वर्ष के.जी.एम.यू. ने अपने यहां फैकल्टी मेम्बर्स की बड़े पैमाने पर नियुक्ति की है। बलरामपुर में मेडिकल कॉलेज अगले सत्र से प्रारम्भ करने के लिए युद्ध स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में नये-नये नर्सिंग कॉलेज स्थापित हो रहे हैं। नर्सिंग मेडिकल हेल्थ की बैकबोन है। इसलिए नर्सिंग सेवा जितनी मजबूत होगी, हम उतने बेहतर परिणाम देने में सफल हो पाएंगे। मैनपावर गैप को समय से पूरा करना चाहिए, क्योंकि रिजल्ट देना है तो हमारे पास टीम होनी चाहिए। लोकमंगल के प्रतिनिधि के रूप में चिकित्सकों व सहयोगी स्टाफ की समाज में अपनी एक विशिष्ट प्रतिष्ठा है।प्रदेश सरकार आई.आई.टी. कानपुर के साथ 'मेड टेक कार्यक्रम' को आगे बढ़ा रही है। आई.आई.टी. कानपुर मेडिकल टेक्नोलॉजी में अपने एक नये सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस को लेकर आगे बढ़ रहा है। हमारा प्रयास है कि इस सेण्टर ऑफ एक्सीलेंस के साथ के.जी.एम.यू. और एस.जी.पी.जी.आई. भी जुड़ें। आज दुनिया में मेडिकल टेक्नोलॉजी एडवान्स स्टेज में आ चुकी है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी चुनौतियों का सामना करने के लिए हमें मेडिकल टेक्नोलॉजी की दिशा में प्रो-एक्टिव होकर बहुत कुछ करने की आवश्यकता है। प्रदेश सरकार इस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विगत 11 वर्षों में लोगों ने बदलते भारत को देखा है। नये भारत ने जीवन के हर क्षेत्र में एक नयी प्रगति की है। भारत की प्रगति पूरी दुनिया में सराही जा रही है। डबल इंजन सरकार स्वास्थ्य सेवाओं की उन्नति की दिशा में लगातार कार्य कर रही है। एम्स जैसे संस्थान देश में स्वास्थ्य के बेहतरीन केन्द्र माने जाते हैं। आजादी के बाद से वर्ष 1998-99 तक देश में केवल एक एम्स स्थापित हुआ था। श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के समय देश में .6 नये एम्स स्थापित हुए, जिनकी संख्या विगत 11 वर्षों में बढ़कर 23 हो गयी है।

# सेकुलर शब्द कों संविधान से हटाने की सोच लोकतंत्र विरोधी : शमसुल हसन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** संविधान की प्रस्तावना से सेक्युलर और समाजवादी शब्द हटाना समावेशी भारतीय संस्कृति और स्वतंत्रता आंदोलन के मूल्यों पर हमला है। जिन लोगों को इन शब्दों से दिक्कत है उनकी विचारधारा विभाजकारी है। उक्त बातें शमसुल हसन उमरा ने कही। वह संविधान की प्रस्तावना को लेकर देश में छिड़ी धर्मनिरपेक्षता और समाजवाद पर बहस के बीच आयोजित संगोष्ठी को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रस्तावना ये कहती है कि हम एक नागरिक बनने की तरफ आगे बढ़ रहे हैं और समानता लाना चाहते हैं। हमें ये समझना होगा कि देश की जड़ें बहुत गहरी हैं और उसका आधार यही दो शब्द हैं। कहा कि आरएसएस शुरू से ही देश को साम्प्रदायिक आधार पर बांटने और बराबरी बनाए रखने की कोशिश करता रहा है। सेक्युलर और समाजवादी शब्द इसीलिए उसे खटकता है। जो लोग भी बराबरी और राज्य के धर्मनिरपेक्ष चरित्र के समर्थक होंगे। वह भाजपा के इस साज़िश के खिलाफ खड़े होंगे। संविधान की मूल भावना यानि प्रस्तावना से कुछ शब्दों को हटाना संविधान को कमज़ोर करने के समान है। भाजपा लगातार असंवैधानिक तरीके से धर्म और भाषा की आड़ में संविधान को कमज़ोर करने की कोशिश कर रही है। अंबेडकर समाजवादी और सेक्युलर दृष्टिकोण को अप्रासंगिक बनाने की भाजपा की साजिश को नाकाम करते हुए अपनी बात निडरता से निरंतर कहना होगा।

## उच्च शिक्षा मंत्री ने मुख्यमंत्री को दिया ज्ञापन

**लखनऊ।** प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर आगरा के सर्वांगीण विकास से संबंधित विभिन्न प्रस्तावों को लेकर ज्ञापन सौंपा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी आगरा के पूर्व महानगर अध्यक्ष प्रमोद गुप्ता भी उपस्थित रहें। ज्ञापन में प्रमुख रूप से आगरा में प्रस्तावित नक्षत्रशाला के शीघ्र भूमि पूजन एवं शिलान्यास की तिथि तय करने, वेदान्त मंदिर से हाथी घाट तक यमुना किनारे चौपाटी की तर्ज पर पार्क एवं सार्वजनिक स्थल विकसित करने तथा पालीवाल पार्क परिसर में बाल विहार, लंगड़े की चौकी स्थित हनुमान मंदिर के पास नाले के निर्माण की मांग शामिल रही। मुख्यमंत्री से भेंट के दौरान मंत्री उपाध्याय ने अनुरोध किया कि इस महत्वाकांक्षी परियोजना नक्षत्रशाला के भूमि पूजन एवं शिलान्यास की तिथि शीघ्र तय की जाए ताकि निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा सके।

## दीनबंधु आर्य सरल को अनागत मार्तंड एवं उपमा आर्य सहर को अनागत कविता चंद्रिका सम्मान



**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** अ भा अनागत साहित्य संस्थान के तत्वावधान में योगी नगर त्रिवेणी नगर तृतीय में सरस अनागत काव्य गोष्ठी एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कैप्टन सरोज सिंह,मुख्य अतिथि ज्ञानेंद्र पांडेय अवधी मधुरस, विशिष्ट अतिथि सम्पत्ति कुमार मिश्र भ्रमर वैश्वारी एवं राम मूर्ति सिंह अधीर रहे। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्रवीण कुमार पांडेय आवारा ने किया। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। वाणी वंदना गिरि राज शर्मा ठेठ मलीहाबादी ने किया। इस अवसर पर अनागत आंदोलन के प्रणेता डॉक्टर अजय प्रसून एवं अतिथियों द्वारा द्वारा दीन बंधु आर्य सरल को अनागत मार्तण्ड सम्मान एवं उपमा आर्य सहर अनागत कविता चंद्रिका सम्मान प्रदान किया गया।

## चंदौली में सड़क निर्माण कार्यों के लिए 112.80 लाख रूपये मंजूर

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** प्रदेश सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में त्वरित आर्थिक विकास योजना के अंतर्गत जनपद चंदौली में सड़क निर्माण संबंधी 02 कार्यों के लिए कुल 112.80 लाख रूपये मंजूर किए हैं। इस संबंध में जारी शासनादेश की प्रति जिलाधिकारी, चंदौली को प्रेषित कर दी गई है। मंजूर की गई धनराशि जिलाधिकारी, चंदौली के निवर्तन पर रखी गई है। शासनादेश के अनुसार मंजूर की गई धनराशि से जनपद चंदौली के अमहा-भीना मार्ग पर ग्राम डिग्घी के उत्तर तरफ होते हुए डिग्घी चखनियां होते हुए कम्हरिया तक बिटुमिन सड़क निर्माण कार्य हेतु 90.42 लाख रूपये तथा पं0 दीन दयाल उपाध्याय नगर चकिया मुख्य मार्ग से जगदीशपुर भटरिया पंचायत भवन तक सी0सी0 रोड के निर्माण हेतु 22.38 लाख रूपये मंजूर किए गए हैं। इस संबंध में जिलाधिकारी, चंदौली को निर्देशित किया गया है कि मंजूर की जा रही धनराशि नियमानुसार संबंधित जनपद के जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी द्वारा उनकी अनुमति से कोषागार से आहरित कर कार्यदायी संस्था को उपलब्ध करा दी जाएगी। कार्यों को मानकों के अनुरूप पूर्ण गुणवत्ता के साथ स्वीकृत लागत में ही पूर्ण किया जाएगा और लागत वृद्धि अनुमन्य नहीं होगी।

## कम वर्षा वाले जनपदों को समय पर मिले बिजली व पानी : कृषि मंत्री

**लखनऊ, अवधनामा ब्यूरो।** प्रदेश के कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा विधान भवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में प्रदेश के सभी जनपदों में हो रही वर्षा की स्थिति की समीक्षा की गई तथा कम वर्षा वाले जनपदों में खरीफ की बुआई सुचारू रूप से हो सके इसके लिए सिंचाई तथा विद्युत विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। कृषि मंत्री श्री शाही ने बताया कि प्रदेश के 12 जिलों मे सामान्य वर्षा 190.4 मिमी के सापेक्ष 199.9 मिमी वर्षा हुई है। 28 जनपदों में 120 प्रतिशत से अधिक वर्षा हुई है जबकि 85 जनपदों में 80 से 120 प्रतिशत, 16 जनपदों में 60 से 80 प्रतिशत वर्षा हुई है। 07 जनपदों में 40 से 60 प्रतिशत तथा 09 जनपदों में 40 प्रतिशत से कम वर्षा हुई है।

# भाषा विवि में ट्रेनिंग फॉर ट्रेनर्स कार्यशाला का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में ट्रेनिंग फॉर ट्रेनर्स कार्यशाला का आयोजन 11.00 बजे पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। भाषा विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो अजय तनेजा के संरक्षण में पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग द्वारा ट्रेनिंग फॉर ट्रेनर्स कार्यशाला का आयोजन विभाग के कॉन्फ्रेंस हॉल में किया गया। कार्यशाला के प्रथम सत्र में परिचय देते हुए पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग विभाग के डॉ शचींद्र शेखर ने कहा कि सभी विभागों को अपने स्तर पर सूचनाओं को मीडिया टीम के समन्वय के साथ प्रेषित करना चाहिए। डॉ शेखर ने कहा कि विभाग की सभी गतिविधियों की आवश्यक जानकारी उचित समय पर विश्वविद्यालय की मीडिया टीम को उपलब्ध कराना चाहिए। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में संबोधित करते हुए डॉ काजिम रिज़वी ने प्रेस रिलीज़ से संबंधित सभी आवश्यक फोटोज और वीडियो को लेकर व्यापक चर्चा की। उन्होंने बताया कि हमें फोटो एंगल, प्रकाश, मंच आदि का ध्यान रखना चाहिए।

## राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 35 करोड़ से अधिक की धनराशि की स्वीकृति

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशों के क्रम में उत्तर प्रदेश शासन द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा अनुसूचित जन जाति मद के तहत कुल रु0 5252.69 लाख (रुपया 35 करोड़ 52 लाख 69 हजार) की धनराशि अवमुक्त किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। योजना अंतर्गत 60 प्रतिशत केंद्रांश एवं उसके सापेक्ष 40 प्रतिशत राज्यांश की व्यवस्था है। इस संबंध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन, ग्राम्य विकास विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि शासनादेश में दिए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। उपमुख्यमंत्री द्वारा सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत धनराशि के आहरण एवं व्यय के संबंध में मितव्यियता संबंधी समय-समय पर निर्गत शासनादेशों एवं वित्तीय नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाय।

# मदद सहयोग गाइडेंस एनजीओ द्वारा मेडिकल कैंप का सफल आयोजन

- 150 मरीज़ों की हुई जांच

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** मदद सहयोग गाइडेंस एनजीओ की ओर से 13 जुलाई को सुन्नी इंटर कॉलेज, खैरतखाना में एक निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें करीब 150 मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई।

इस कैंप में विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान किया और उन्हें जरूरी सलाह व उपचार प्रदान किया।

मरीजों को बीपी, शुगर, आंख, स्किन और सामान्य रोगों की जांच के साथ-साथ मुफ्त दवाएं भी दी गईं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री एस. जावेद अहमद (डीजी रिटायर्ड) उपस्थित रहे, जिन्होंने कैंप की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में स्वास्थ्य जागरूकता फैलाने और जरूरतमंदों को राहत देने के लिए बेहद आवश्यक हैं।

शाहिद अब्दी, जो हुसैनी ब्लड डोनर ग्रुप के फाउंडर हैं, उन्होंने भी इस आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाई और मानव सेवा को सर्वोपरि बताया।

एनजीओ के प्रतिनिधियों ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन समय-समय पर किया जाएगा ताकि ज़रूरतमंद लोगों को प्राथमिक चिकित्सा सुविधाएं उनके क्षेत्र में ही उपलब्ध हो सकें। इस मौक़े पर सामरा खान कंटेंट क्रिएटर, शगुफ्ता खान एडवोकेट, और डॉक्टर टीम में डॉ. वसीम फातिमा एमबीबीएस, डॉ. सानिया रऊफ एमबीबीएस, डॉ परवेज अख्तर एमबीबीएस (एमडी) और मोहम्मद अली जफर बेग (एमएके वेलफेयर फाउंडेशन) इस मौक़े पर मौजूद रहे। इस मौके पर द मदद सहयोग फाउंडेशन की टीम में इमरान अली, अंदलीब फातिमा, नबील अहमद, फ़ातिमा नाज़, अतहर हुसैन, ज़मन, मोहम्मद उमैर खान, इफ्फाम और मोहम्मद सादिक मौजूद रहे।

# शहीदान-ए-कर्बला की याद में मजलिसों मातम का सिलसिला जारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शहीदाने कर्बला की याद में मजलिसों मातम का सिलसिला जारी है। मेहदी घाट पीपे वाला पुल पर मजलिस को मौलाना हसन जहीर ने खिताब किया। मौलाना ने कहा कि मोहम्मद (स.) और आले मोहम्मद (स.) से मोहब्बत करना दुनिया की सबसे बड़ी इबादत है। मजलिस के बाद अंजुमन गुलदस्ते हैदरी ने नौहाख्वानी की। रौजाए काजमैन में मौलाना अब्बास इरशाद नकवी ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि मजलिसों में हम मसाएब से पहले फजायल-ए-अहलेबैत कर्बला से पहले गदीर बयान करते हैं। इस्लाम मे फजिलतों की बड़ी अहमियत हैं। मौलाना ने हजरत अली (अ.स) की फजीलत बयान करते हुए कहा कि अली वो शख्सियत हैं जो खाना-ए-काबा में पैदा हुए। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन को मौला अली की अदावत में कत्ल किया गया। मजलिस के बाद अंजुमन मेराजुल इस्लाम ने नौहाख्वानी की।




इमामबाड़ा कसरे हुसैनी बिल्लौचपुरा में मजलिसे अजा व शब्बेदारी का आयोजन किया गया। मजलिस को मौलाना नकी मेहदी ने खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन गुंचाए मजलुमियाँ सहित अनेक अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। कल की मजलिस को मौलाना कल्बे अहमद रात 8.30 बजे खिताब करेंगे। मजलिस के बाद रातभर अंजुमनें नौहाख्वानी व सीनाजनी करेंगी। इमामबाड़ा साजिद हुसैन नक्खास में मौलाना मोहम्मद अस्करी ने मजलिस को खिताब किया। मजलिस के बाद अंजुमन शहीदे फुरात सहित कई अंजुमनों ने नौहाख्वानी की। इमामबाड़ा गुलाम हुसैन बिलग्रामी पुराना तोपखाना बालागंज में मजलिस को मौलाना फिरोज हुसैन ने खिताब किया।

### रौजाए सरकारे हुसैनी में 5 मजलिसें आज से

रौजाए सरकारे हुसैनी कश्मीरी मोहल्ला में मंगलवार से पांच दिवसीय मजलिसों का आगाज होगा। मजलिसों को मौलाना जावेद हैदर जैदी रात 8.30 बजे खिताब करेंगे।

### कर्बला पुत्तन साहेबा में आग पर मातम कल

हजरत इमाम हुसैन (अ.स) और साथियों के दसवें के मौके पर 16 जुलाई को कर्बला पुत्तन साहेबा टूरियागंज में एक मजलिस-ए-अजा व आग पर मातम का आयोजन किया गया है। मजलिस को मौलाना मिर्जा यासूब अब्बास रात 9 बजे खिताब करेंगे। मजलिस के बाद कर्बला परिसर में मुस्लिमों के साथ अनेक हिन्दू ताजियेदार भी दहकती आग पर मातम करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन बाबुल मुराद कमेटी ने किया है।

# दुर्घटना में मृत वरिष्ठ पत्रकार दिलीप सिन्हा को मुआवजे का एलान

- उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा स्व दिलीप सिन्हा के परिवार की यथासंभव सहायता करेगी सरकार

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** बीते सप्ताह मार्ग दुर्घटना में मृत वरिष्ठ पत्रकार दिलीप सिन्हा के परिवार की प्रदेश सरकार यथासंभव मदद करेगी। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने एनेक्सी मीडिया सेंटर में दिलीप सिन्हा के निधन पर हुई शोक सभा में यह बात कही। शोक सभा में परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने दुर्घटना में मृत वरिष्ठ पत्रकार दिलीप सिन्हा को मुआवजे का एलान किया।

स्वर्गीय दिलीप सिन्हा की श्रद्धांजलि सभा में पत्रकारों के जन सैलाब ने साबित कर दिया कि जीवन से मृत्यु के सफर तक लोकप्रियता का असर साफ दिखाई देता है।

वरिष्ठ पत्रकार एवं उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य स्वर्गीय दिलीप कुमार सिन्हा जी को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए एनेक्सी मीडिया सेंटर में सैकड़ों पत्रकारों ने अपने साथी दिलीप भाई की बातों की यादें साझा करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक और परिवहन मंत्री दयाशंकर भी उपस्थित हुए। परिवहन मंत्री ने दिलीप के परिजनों को विभाग की तरफ से आर्थिक सहायता का आश्वासन दिया। उप मुख्यमंत्री श्री पाठक ने कहा कि दिलीप जी पत्रकारिता का विश्वविद्यालय थे, अपने पेशे में सेवाभाव के साथ नई पीढ़ी को पत्रकारिता के सुसंस्कारों से अवगत कराते थे। पारंपरिक पत्रकारिता में पारंगत होने के साथ उनमें आधुनिक डीजिटल पत्रकारिता में दक्ष होने की ललक थी। दिवंगत दिलीप सिन्हा की खूबियां बयां करने के साथ उप मुख्यमंत्री ने कहा कि वो मुख्यमंत्री जी से मिलकर प्रयास करेंगे कि मुख्यमंत्री कोश से उनके परिजनों को आर्थिक सहयोग मिल सके। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने स्व दिलीप सिन्हा के साथ अपने दशकों पुराने संबंधों को याद किया।

उत्तर प्रदेश मान्यता प्राप्त संवाददाता समिति के अध्यक्ष हेमंत तिवारी ने दिलीप सिन्हा को संबंधों का निर्वहन करने वाले और वरिष्ठ के सुख दुख में खड़ा होने वाला पत्रकार बताया। वरिष्ठ पत्रकार अफ़ज़ल अंसारी व

सुरेश बहादुर सिंह ने युवा पत्रकारों को स्व दिलीप सिन्हा की तरह अपने वरिष्ठों का सम्मान करने व उनका ख्याल रखने की सलाह दी। पूर्व सूचना आयुक्त व वरिष्ठ पत्रकार वीरेंद्र सक्सेना, प्रदीप कपूर, श्याम कुमार, शिवराम पांडे, सुल्तान शाकिर हाशमी, प्रद्युम्न तिवारी, राजीव बाजपेई, विजय शंकर पंकज, पीके तिवारी, विश्वजीत बनर्जी ने स्व दिलीप सिन्हा की सदाशयता और हमेशा दूसरों की मदद करने के जज्बे को याद किया। समिति उपाध्यक्ष अविनाश मिश्र, राघवेन्द्र त्रिपाठी, संयुक्त सचिव विजय त्रिपाठी व अनिल सैनी ने दिलीप सिन्हा को श्रद्धांजलि अर्पित की।मान्यता समिति के पूर्व सचिव सिद्धार्थ कलहंस ने दिलीप सिन्हा की सामाजिक पूंजी को अमूल्य बताया। वरिष्ठ पत्रकार, सुरेन्द्र दुबे, प्रमोद गोस्वामी, अंबरीष कुमार, भास्कर दुबे, देवकीनंदन मिश्रा, शिवशरण सिंह, शाश्वत तिवारी, अनिल त्रिपाठी, नवेद शिकोह, सुमन गुप्ता, श्रीधर अग्निहोत्री, शशिनाथ दुबे, आसिफ रजा जाफरी, नीरज श्रीवास्तव, राजीव तिवारी बाबा, मनमोहन, अशोक सिंह राजपूत, अजय त्रिवेदी, अभिषेक रंजन ने स्व दिलीप सिन्हा को याद करते हुए उन्हें ऊर्जा से भरपूर पत्रकार बताया।

शोक सभा में कार्यकारिणी सदस्य अब्दुल वहीद,वेद दीक्षित,एम एम मोहसिन,मोहम्मद नासिर, अविनाश शुक्ल, राजेश मिश्रा,काशी यादव, त्रिनाथ शर्मा, सुल्तान शहरयार खान, विनीत मौर्य, नायला किदवई, कार्यकारिणी सदस्य रेनू निगम सहित सैंकड़ों पत्रकार मौजूद रहे। इस अवसर पर स्व दिलीप सिन्हा के परिवार से उनकी पत्नी व दोनों बेटियां उपस्थित रहीं।